www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com

67 YEARS

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, शुक्रवार, 27 जून 2025 । वर्ष – 67 । अंक –72 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु

प्रेस पंजीयन- 06072/59




### एससीओ के संयुक्त वक्तव्य में पहलगाम का जिक्र नहीं

# भारत ने साझा बयान पर नहीं किए हस्ताक्षर

**शंघाई**, 26 जून (एजेंसियां)। चीन के किंगदाओ में गुरुवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक हुई। इसमें भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और पाकिस्तान के रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ, दोनों शामिल हुए थे। हालांकि, राजनाथ सिंह ने पाकिस्तानी रक्षा मंत्री से मुलाकात नहीं की। उन्होंने एससीओ के साझा बयान पर साइन करने से भी इनकार कर दिया। क्योंकि उसमें जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को शामिल नहीं किया गया था, जबकि पाकिस्तान के बलूचिस्तान में हुई आतंकी घटना का जिक्र था। भारत ने इससे नाराजगी जाहिर की। राजनाथ सिंह ने बैठक में कहा, 'कुछ देश सीमा पार आतंकवाद को अपनी नीति मानते हैं। वे आतंकवादियों को पनाह देते हैं। फिर इसे इनकार करते हैं। ऐसे डबल स्टैंडर्ड के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। उन्हें समझना होगा कि अब आतंकवाद के एपिसेंटर सेफ नहीं हैं। एससीओ को ऐसे देशों की आलोचना करने में संकोच नहीं करना चाहिए।'



- चीन के किंगदाओ में शंघाई सहयोग संगठन के रक्षा मंत्रियों की बैठक हुई
- बलूचिस्तान में हुई आतंकी घटना का जिक्र था
- पाकिस्तानी रक्षा मंत्री से नहीं मिले राजनाथ सिंह

कुछ देश सीमा पार आतंकवाद को अपनी नीति मानते हैं। वे आतंकवादियों को पनाह देते हैं। फिर इसे इनकार करते हैं। ऐसे डबल स्टैंडर्ड के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए: राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री

**उग्रवाद व आतंकवाद सबसे बड़ी चुनौती**–राजनाथ ने आगे कहा, मेरा मानना है कि सबसे बड़ी चुनौतियां शांति, सुरक्षा और विश्वास की कमी से संबंधित हैं। इन समस्याओं की असल वजह कट्टरपंथ, उग्रवाद और आतंकवाद में बढ़ोत्तरी है। इन चुनौतियों से निपटने के लिए निर्णायक कार्रवाई की आवश्यकता है और हमें अपनी सामूहिक सुरक्षा और संरक्षा के लिए इन बुराइयों के खिलाफ अपनी लड़ाई में एकजुट होना चाहिए। राजनाथ ने कहा भारत की आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति आज हमारे एक्शन में भी नजर आती है। इसमें आतंकवाद के खिलाफ स्वयं की रक्षा करने का हमारा अधिकार भी शामिल है। हमने दिखाया है कि आतंकवाद के केंद्र अब सुरक्षित नहीं हैं और हम उन्हें निशाना बनाने में संकोच नहीं करेंगे।

**एक खास देश को भारत की बात मंजूर नहीं थी: जायसवाल**

दिल्ली में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि शंघाई सहयोग संगठन के रक्षा मंत्रियों की दो दिन चली बैठक में सभी देश एक साथ मिलकर साझा बयान पर सहमत नहीं ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨

# साय सरकार तीन दिनों तक मैनपाट में रहेगी

**रायपुर**, 26 जून (देशबन्धु)। प्रदेश भाजपा के विधायक, सांसदो और मंत्रियों के लिए 3 दिवसीय चिंतन शिविर 7 से 9 जुलाई तक मैनपाट में होगा। शिविर का शुभारंभ जेपी नड्डा और समापन अमित शाह करेंगे। शिविर में सरकार और संगठन की गतिविधियों को लेकर अलग अलग विषय पर मंथन होगा। जिसमें सुशासन, संगठनात्मक यात्रा और जन संवाद जैसे विषयों पर मार्गदर्शन मिलेगा। मैनपाट में भारतीय जनता पार्टी द्वारा पहली बार एक बड़ा चिंतन शिविर आयोजित किया जा रहा है।



- विधायक, सांसदो और मंत्रियों के लिए 3 दिवसीय चिंतन शिविर 7 से 9 जुलाई तक

**संगठन और सुशासन की नीतियों से होगा परिचय**

तीन दिन चलने वाले इस शिविर में पार्टी जनप्रतिनिधियों को भाजपा की संगठनात्मक यात्रा, सिद्धांत और रीति-नीति की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। सुशासन, लोकसंवाद और कार्यकर्ताओं के साथ बेहतर समन्वय कैसे स्थापित किया जाए, इस पर भी विशेष सत्र होंगे। प्रत्येक दिन अलग-अलग सत्रों में संगठन से जुड़े वरिष्ठ नेता और सरकार के अनुभवी पदाधिकारी मार्गदर्शन देंगे।

**अमित शाह, नड्डा, साय और डॉ. रमन सिंह देंगे दिशा**

शिविर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तीनों दिन मौजूद रह सकते हैं। वे खुद भी सत्रों को संबोधित करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह अपने अनुभव साझा करते हुए बताएंगे कि एक जनप्रिय और नीतिनिष्ठ जनप्रतिनिधि कैसे बना जाता है। पार्टी के लिए प्रतिबद्धता और सिद्धांतों पर टिके रहना भी मुख्य बिंदुओं में शामिल रहेगा। भाजपा संगठन द्वारा मैनपाट जैसे शांत, सुरक्षित और सुविधाजनक स्थानों को प्राथमिकता दी गई है। साथ ही प्रतिभागियों के ठहरने, भोजन और समस्त आयोजन की व्यवस्थाएं उच्चस्तर पर की जा रही हैं।

**शून्य से शिखर तक की यात्रा को समझाना**

शिविर के माध्यम से यह भी बताया जाएगा कि भाजपा ने किस प्रकार शून्य से शिखर तक की राजनीतिक यात्रा पूरी की। इसका उद्देश्य जनप्रतिनिधियों को भाजपा के मूल सिद्धांतों से जोड़ना और उन्हें जनता के साथ आत्मीय संवाद के लिए तैयार करना है। यह आयोजन न केवल एक प्रशिक्षण का माध्यम है, बल्कि भाजपा की विचारधारा को मजबूत करने का भी प्रयास है। शिविर की तैयारियों का जायजा लेने क्षेत्रीय महामंत्री अजय जामवाल और पवन साय बुधवार को मैनपाट गए थे।

## सार संक्षेप

### मुख्यमंत्री साय ने प्रदेशवासियों को रथयात्रा की दी बधाई

**रायपुर**। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने इस पावन अवसर पर भगवान जगन्नाथ से सभी नागरिकों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की है।

### बद्रीनाथ जा रहा टेंपो ट्रैवलर नदी में गिरा, एक की मौत, कई लापता

**रुद्रप्रयाग**। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में दर्दनाक हादसा हुआ है। बद्रीनाथ हाईवे पर गुरुवार सुबह एक टेंपो ट्रैवलर अलकनंदा नदी में गिर गया। इस घटना में 11 लोगों के लापता होने की जानकारी सामने आई है। 7 लोगों को रेस्क्यू के जरिए निकाला जा चुका है, जिसमें से एक की मौत होने की खबर है। जानकारी के मुताबिक, टेंपो ट्रैवलर ऋषिकेश से बद्रीनाथ की ओर जा रहा था। हादसे के वक्त टेंपो ट्रैवलर में करीब 18 लोग सवार थे। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस हादसे पर दुख व्यक्त किया है।

### जल जीवन मिशन से 15 करोड़ घरों में पहुंचा नल से जल

**नई दिल्ली**। जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल ने गुरुवार को कहा कि जल जीवन मिशन के तहत अब तक 15 करोड़ घरों में नल से जल पहुंचाया जा चुका है और शेष चार करोड़ घरों में इस योजना का लाभ पहुंचाने के लिए मिशन के तहत तेजी से काम चल रहा है और निर्धारित समय तक इसे पूरा कर लिया जाएगा। शेष चार करोड घरों तक यह सुविधा पहुंचाने का काम चल रहा है और वर्ष 2028 तक इस काम को पूरा कर लिया जाएगा।

### ऑपरेशन सिंधु : ईरान से 272 भारतीय, 3 नेपाली दिल्ली पहुंचे

**नई दिल्ली**। ऑपरेशन सिंधु के तहत ईरान से 272 भारतीयों और तीन नेपाली नागरिकों को लेकर एक और विमान कल मध्य रात्रि यहां पहुंचा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने विशेष अभियान के बारे में जानकारी देते हुए एक्स पर पोस्ट किया कि इस उड़ान के साथ अब तक पश्चिम एशिया में तनाव के बीच ईरान से 3,426 भारतीय नागरिकों को वापस लाया जा चुका है।

# हास्य कवि पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे नहीं रहे

### अंतिम संस्कार आज



**रायपुर**, 26 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ ही नहीं, पूरे देश को अपनी हास्य और व्यंग्य से हंसाने वाले वरिष्ठ कवि डॉ. सुरेंद्र दुबे अब इस दुनिया में नहीं रहे। 26 जून को रायपुर के एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट में दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया। वे 72 वर्ष के थे। उनके निधन से साहित्य, संस्कृति और हास्य जगत में शोक की लहर दौड़ गई है।

डॉ. सुरेंद्र दुबे का अंतिम संस्कार शुक्रवार को रायपुर के देवेंद्र नगर स्थित श्मशान घाट में किया जाएगा। आज उनके पार्थिव शरीर को उनके अशोका रत्न स्थित निवास में रखा जाएगा। इस दौरान प्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास के अलावा देश के ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨

**राज्यपाल-मुख्यमंत्री ने जताया शोक**

राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ी साहित्य और हास्य काव्य के शिखर पुरुष पद्मश्री सम्मानित डॉ. सुरेंद्र दुबे के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। राज्यपाल ने कहा कि डॉ. दुबे का निधन साहित्य जगत की अपूरणीय क्षति है। उनकी कविताओं ने समाज को स्वस्थ हास्य के साथ नई सोच की दिशा दी।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि अपने विलक्षण हास्य, तीक्ष्ण व्यंग्य और अनूठी रचनात्मकता के माध्यम से डॉ. दुबे ने न केवल देश-विदेश के मंचों को गौरवान्वित किया, बल्कि छत्तीसगढ़ी भाषा को वैश्विक पहचान दिलाने में भी अहम भूमिका निभाई। जीवनपर्यंत उन्होंने समाज को हँसी का उजास दिया, लेकिन आज उनका जाना हम सभी को गहरे शोक में डुबो गया है।

# मजीठिया को सात दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा

**चंडीगढ़**, 26 जून (एजेंसियां)। 540 करोड़ रुपए से अधिक के ड्रग मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किए गए शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया को मोहाली कोर्ट ने 7 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। गुरुवार सुबह मजीठिया को कड़ी सुरक्षा के बीच मोहाली कोर्ट में पेश किया गया था। बिक्रम मजीठिया के आवास पर बुधवार को पंजाब विजिलेंस की टीम ने छापा मारा था। इसके बाद उन्हें मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार कर लिया गया। मजीठिया की गिरफ्तारी को लेकर शिरोमणि अकाली दल के कार्यकर्ताओं ने भगवंत मान सरकार के खिलाफ नारेबाजी की इसे बदले की कार्रवाई बताया था।

# मुठभेड़ में 2 महिला नक्सली ढेर, हथियार बरामद

**रायपुर**, 26 जून (देशबन्धु)। कोहकामेटा थाना क्षेत्र के अंतर्गत अबूझमाड़ के जंगल में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। मानसून के बावजूद नदी-नालों को पार कर डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड), कोंडागांव और एसटीएफ (स्पेशल टास्क फोर्स) के जवान अबूझमाड़ में ऑपरेशन पर निकले थे। यह ऑपरेशन नक्सलियों के माड़ डिवीजन के बड़े कैडर की सूचना के आधार पर शुरू किया गया था। बीती शाम से शुरू हुई इस मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने दो महिला माओवादियों को मार गिराया।

मुठभेड़ के बाद सर्चिंग के दौरान जवानों ने एक इंसास राइफल, एक .315 हथियार, मेडिकल सामान और अन्य नक्सली सामग्री बरामद की। फिलहाल, मुठभेड़ अभी भी जारी है। जवानों के लौटने के बाद और विस्तृत जानकारी सामने आने की उम्मीद है। स्थानीय प्रशासन और सुरक्षा बल इस ऑपरेशन को लेकर पूरी तरह सतर्क हैं।

# कांग्रेस ने महाराष्ट्र, हरियाणा की वोटर लिस्ट मांगी

**नई दिल्ली**, 26 जून (वार्ता) कांग्रेस ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनाव के मतदाताओं की सूची, मतदान के दिन की वीडियो रिकॉर्डिंग तथा मशीन रीडेबल कॉपी उपलब्ध कराने की मांग की है।

कांग्रेस ने चुनाव आयोग सचिवालय के सचिव अश्विनी कुमार मोहल को 25 जून को लिखे दो पेज के पत्र में कहा है कि महाराष्ट्र तथा हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने जिन सवालों को उठाया है उन्हें लेकर आयोग ने 12 जून को जो जवाब दिया है, उसके मद्देनजर पार्टी मांग करती है कि उसे मतदाता सूची और मतदान के दिन के वीडियो फुटेज एक सप्ताह में उपलब्ध कराएं जाएं।

दरअसल, 12 जून को आयोग ने राहुल को पत्र लिखा था। इसमें राहुल को विधानसभा चुनाव में धांधली के उनके आरोपों पर चर्चा के लिए बुलाया गया था। इसी के जवाब में कांग्रेस ने आयोग को लेटर लिखा है।

- मुख्य विपक्षी पार्टी ने चुनाव आयोग को लिखा पत्र
- आयोग ने राहुल को चर्चा के लिए पत्र लिखा था
- मतदान के दिन की वीडियो रिकॉर्डिंग की भी मांग

**इससे जनता का भरोसा कायम रहेगा**–पत्र में कहा गया है कि कांग्रेस यह मांग लगातार कर रही है और उसकी मांग के अनुरूप वोटर लिस्ट तथा वीडियो फुटेज उपलब्ध कराना आयोग के लिए कठिन काम नहीं है। पार्टी का कहना है कि इससे न सिर्फ राजनीतिक दलों का विश्वास बढ़ेगा, बल्कि जनता में भी चुनावी प्रक्रिया को लेकर भरोसा कायम रहेगा।

पार्टी ने यह भी कहा है कि आयोग इन मांगों पर विचार करता है तो कांग्रेस नेतृत्व आयोग के साथ बैठक कर अपनी तरफ से किए गए विश्लेषण और सबूत आयोग के सामने रखेगा ताकि पूरी प्रक्रिया पर खुली चर्चा हो सके।

**एक सप्ताह के भीतर उपलब्ध कराएं**–कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में पार्टी की तरफ से लिखे गए पत्र के साथ आयोग से आग्रह करते हुए कहा हम आपसे अनुरोध करते हैं कि हमें महाराष्ट्र की मतदाता सूचियों की मशीन-पठनीय, डिजिटल प्रति और महाराष्ट्र और हरियाणा के मतदान दिवस की वीडियो फुटेज इस पत्र की तिथि से एक सप्ताह के भीतर उपलब्ध कराएं।

# वैष्णो देवी रोपवे का जिन्न फिर बाहर आया

### रोपवे परियोजना का संघर्ष समिति व मजदूर कर रहे विरोध, एक जुलाई से बंद व हड़ताल की दी चेतावनी

**सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू**, 26 जून (देशबन्धु)। वैष्णो देवी में बन रही रोपवे का जिन्न एक बार फिर से बाहर आ गया है। पहले भी इस मुद्दे पर कई दिनों तक कटड़ा में हड़ताल और बंद का आयोजन कर चुकी संघर्ष समिति ने एक जुलाई तक रोपवे का काम न रोकने की स्थिति में फिर से कटड़ा में हड़ताल और बंद की धमकी दी है। संघर्ष समिति के सदस्यों ने कटड़ा में शालीमार पार्क में आयोजित बैठक में पत्रकारों के साथ बात करते हुए घोषणा की कि श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए निर्माणधीन महत्वपूर्ण रोपवे परियोजना पर अगर विराम नहीं लगा तो संघर्ष समिति आगामी 1 जुलाई से एक बार फिर आंदोलन की राह पकड़ सकती है।

संघर्ष समिति के सदस्य भूपेंद्र सिंह जमवाल ने कहा कि बीते मंगलवार को कटड़ा में श्राइन बोर्ड की बैठक का आयोजन हुआ जिसके अध्यक्षता उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने की पर बैठक में भी परियोजना को लेकर किसी तरह की बात सुनने को नहीं मिली, जिसको लेकर संघर्ष समिति असमंजस में है। उन्होंने कहा कि अगर आगामी 1 जुलाई तक श्राइन बोर्ड के साथ ही हाई पावर कमेटी द्वारा महत्वपूर्ण रोपवे परियोजना को रद्द करने का निर्णय नहीं लिया तो संघर्ष समिति आगामी 1 जुलाई को कटड़ा में बैठक कर आगे के आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेगी। आयोजित बैठक में भवन मार्ग पर कार्य करने वाले मजदूरों तथा लोगों को संबोधित करते हुए संघर्ष समिति के सदस्यों ने कहां की बीते 2024 दिसंबर माह में रोपवे परियोजना को लेकर बड़े पैमाने पर आंदोलन किया गया था आंदोलन को लेकर उप राज्यपाल द्वारा गठित हाई पावर कमेटी ने आश्वासन दिया था कि जल्दी इस पर उचित निर्णय लिया जाएगा।

**करीब 350 करोड़ की है परियोजना**

याद रहे श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड देशभर से रोजाना हजारों की संख्या में आने वाले श्रद्धालु विशेष कर दिव्यांग, बुजुर्ग तथा मरिज आदि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए करीब 350 करोड़ की महत्वपूर्ण रोपवे परियोजना लगाने जा रहा है ताकि श्रद्धालुओं की मां वैष्णो देवी की यात्रा सुगम हो सके। परंतु इससे परियोजना का संघर्ष समिति तथा मजदूर आदि लगातार विरोध कर रहे हैं। समिति के सदस्यों ने कहा कि करीब 6 माह बीत जाने के बाद भी श्राइन बोर्ड द्वारा सांझी छत क्षेत्र में रोपवे परियोजना का निर्माण कार्य लगातार जारी रखा हुआ है और हाई पावर कमेटी द्वारा भी अभी तक किसी भी प्रकार का निर्णय नहीं लिया है।

# शिबू सोरेन की हालत स्थिर, राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मु मिलीं

**नई दिल्ली**, 26 जून (देशबन्धु)। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को नई दिल्ली में सर गंगाराम हॉस्पिटल पहुंचकर इलाजरत झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक संरक्षक और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली।



उन्होंने शिबू सोरेन के बड़े पुत्र और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और परिवार के अन्य सदस्यों से भी मुलाकात की और उनके इलाज के संबंध में बातचीत की। राष्ट्रपति के आधिकारिक एक्स हैंडल पर इसकी जानकारी दी गई है। राष्ट्रपति के साथ अस्पताल में हेमंत सोरेन से बातचीत की तस्वीर भी साझा की गई है। एक्स हैंडल पर लिखा गया है, भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सर गंगाराम अस्पताल में इलाजरत झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन से मुलाकात की। उन्होंने हेमंत सोरेन से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली।

### उपलब्धि — एक्सिओम-4 मिशन अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन से सफलतापूर्वक जुड़ा

# आईएसएस पहुंचने वाले पहले भारतीय बने शुभांशु शुक्ला

- अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने पुष्टि की

**फ्लोरिडा, 26 जून (एजेंसियां)। एक्सिओम-4 मिशन का स्पेसएक्स ड्रैगन कैप्सूल गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से जुड़ गया और इसके साथ ही, भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने इतिहास रच दिया। वह आईएसएस में पहुंचने वाले पहले भारतीय बन गये।**

*भारतीय अंतरिक्ष आकांक्षाओं के लिए एक बड़ी छलांग लगाते हुए भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला आज इतिहास में तब दर्ज हो गए जब ड्रैगन कैप्सूल आईएसएस पर हार्मनी मॉड्यूल से भारतीय समयानुसार शाम साढ़े चार बजे धीरे-धीरे जुड़ गया। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने इसकी पुष्टि की है।*

*ग्रुप कैप्टन शुक्ला इस मिशन के पायलट हैं। इस मिशन ने कल फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरी थी। मिशन में ग्रुप कैप्टन शुक्ला के साथ पूर्व नासा अंतरिक्ष यात्री पैगी व्हिटसन, पोलैंड के स्लावोज़ उज़्नान्स्की-विस्निएव्स्की और हंगरी के टिबोर कपू गए हैं इस मिशन से भारत ने न केवल अपने अंतरिक्ष सपनों को फिर से जगाया है, बल्कि वाणिज्यिक और सहयोगी अंतरिक्ष शोध के नए युग में अपनी जगह भी बनाई है। एक्सिओम-4 टीम अब आईएसएस पर अपने शोध प्रयोगों और कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू करते हुए विज्ञान की सीमाओं को आगे बढ़ाने के अपने मिशन को जारी रखेगी। नासा और भारतीय एजेंसी इसरो के बीच हुए समझौते के तहत भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को इस मिशन के लिए चुना गया है। ग्रुप कैप्टन शुभांशु आईएसएस पर जाने वाले पहले और अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय हैं। आज से 41 साल पहले भारतीय वायु सेना के विंग कमांडर राकेश शर्मा ने वर्ष 1984 में सोवियत संघ के स्पेसक्राफ्ट से अंतरिक्ष यात्रा की थी। ग्रुप कैप्टन शुभांशु यह अनुभव भारत के गगनयान मिशन में काम आएगा। इसके वर्ष 2027 में लॉन्च होने की संभावना है। इस मिशन* ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨



***एक बच्चे की तरह सीख रहा था : शुक्ला***

*इस बीच शुक्ला ने अंतरिक्ष से दिल को छू लेने वाला संदेश भेजा जिसने लाखों लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अपने संदेश में उन्होंने कहा, अंतरिक्ष से नमस्कार! जब मैं कैप्सूल में बैठा था तो मेरे दिमाग में बस यही विचार था कि 'चलो बस चलते हैं'... और फिर अचानक, कुछ नहीं-आप तैर रहे थे। पृथ्वी के ऊपर तैरते हुए मैं दृश्यों का आनंद ले रहा था, एक बच्चे की तरह सीख रहा था।'*

# देश

## उवाच



मौजूदा समय में महाराष्ट्र में जिस तरह की स्थिति बनी हुई है, उससे यह साफ जाहिर हो रहा है कि कांग्रेस हार की तरफ अपने कदम आगे बढ़ा चुकी है। कांग्रेस की विश्वसनीयता अब जनता के बीच में पूरी तरह खत्म हो चुकी है। कांग्रेस को अब देश प्रदेश की जनता किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करने वाली है: **संजय उपाध्याय, भाजपा नेता**

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 30.0 | 38.0 |
| मुंबई | 30.0 | 28.0 |
| कोलकाता | 32.0 | 28.0 |
| चेन्नई | 34.0 | 29.0 |

### कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने विदेश नीति पर उठाए सवाल, बोले

# मोदी की नीतियों के कारण भारत की वैश्विक छवि कमजोर हुई

**नई दिल्ली,** 26 जून (एजेंसियां)। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने गुरुवार को विदेश नीति को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों के कारण भारत की वैश्विक छवि कमजोर हुई है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा, 'पाकिस्तान को आतंकी करार देने के लिए कोई देश हमारे साथ नहीं खड़ा हुआ। पिछले 10-11 साल से हम कह रहे हैं कि सरेंडर करना बंद करें।' उन्होंने कहा कि आतंकवाद के केंद्र सुरक्षित नहीं हैं। लेकिन, विदेश नीति की कमजोरी के कारण भारत की सेना की ताकत का पूरा फायदा नहीं उठाया जा रहा। देश की मजबूत सेना के बावजूद, विदेश नीति में कायरता के कारण भारत को नुकसान हो रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा। कहा, 'अब पीएम मोदी को सरेंडर करना बंद करना होगा। कभी चीन के आगे सरेंडर कर देते हैं, तो कभी अमेरिका के आगे। हम लगातार प्रधानमंत्री से यही कह रहे हैं कि आप सरेंडर करना बंद कीजिए।' आगे बोले, 'किसी भी देश की छवि को बनाने में उसकी विदेश नीति की भूमिका अहम होती है। इस बात को बिल्कुल भी खारिज नहीं किया जा सकता है कि इस देश की सेना काफी मजबूत है। आज अगर इस राष्ट्र की गरिमा हिफाजत है, तो इसका पूरा श्रेय हमारी सेना को जाता है।'



**'अब पीएम मोदी को सरेंडर करना बंद करना होगा। कभी चीन के आगे सरेंडर कर देते हैं, तो कभी अमेरिका के आगे। हम लगातार प्रधानमंत्री से यही कह रहे हैं कि आप सरेंडर करना बंद कीजिए: पवन खेड़ा, प्रवक्ता कांग्रेस**

उन्होंने कहा, 'जब हमारे राष्ट्र पर किसी भी प्रकार का संकट आता है, तो पक्ष और विपक्ष एक साथ खड़े हो जाते हैं। लेकिन, अगर ऐसी स्थिति में भी पीएम मोदी चीन को क्लीन चिट दे देते हैं, तो इसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता है। यह सब तो नहीं चलेगा।' उन्होंने बताया कि हाल ही में ईगल समूह की बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा हुई। चुनाव आयोग के एक सचिव-स्तरीय अधिकारी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को पत्र लिखा था, जिसका जवाब कांग्रेस ने बुधवार को जारी किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने महाराष्ट्र और हरियाणा के लोकसभा और विधानसभा चुनावों से जुड़ी डिजिटल वोटर लिस्ट और वोटिंग की वीडियो फुटेज की मांग की है।

## कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बिहार को 'छोटा-मोटा' राज्य बताया, एनडीए भड़का



पटना। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बिहार को 'छोटा-मोटा राज्य' बताए जाने वाले बयान के बाद बिहार की सियासत गर्म हो गई है। खड़गे के बयान पर एनडीए नेताओं ने कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए इसे बिहार का अपमान बताया है। वैसे इस बयान को लेकर विपक्ष अभी कुछ नहीं बोल रहा है। भाजपा के नेता और बिहार के मंत्री नितिन नबीन ने खड़गे के बयान पर कहा, 'जिस छोटी मानसिकता से कांग्रेस पार्टी के नेता काम करते हैं, उनके लिए वही राज्य बड़ा है, जिस राज्य में राहुल गांधी और सोनिया गांधी का परिवार हो। बाकी सब को वे छोटी नजरों से देखने का काम करते हैं। कांग्रेस ने इस देश को केवल सोनिया गांधी, राहुल गांधी और इंदिरा गांधी की आंखों के चश्मे से देखा है, आम जनमानस उनको अपने चश्मे से नहीं दिखता है। इसका ताजा उदाहरण उनकी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का बयान है। बिहार के लोग इस अपमान का बदला आने वाले चुनाव में कांग्रेस को धूल चटाकर लेंगे।' राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख और पूर्व मंत्री उपेंद्र कुशवाहा ने कांग्रेस अध्यक्ष के बयान पर कहा कि कांग्रेस की यह मानसिकता पुरानी है, बिहार जैसे राज्य को वे कुछ समझते ही नहीं हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने एक बार फिर से उसी मानसिकता का प्रदर्शन किया है।

# उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने श्रद्धालुओं को दी सुरक्षा की गारंटी

### उपराज्यपाल बोले, सुरक्षा के व्यापक इंतजाम, यात्रा के लिए चले आओ

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 26 जून (देशबन्धु)। जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने गुरुवार को घोषणा की कि वार्षिक अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू होगी, प्रशासन तीर्थयात्रियों की सुरक्षा, रसद, स्वास्थ्य सेवा और पर्यावरण प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने श्रद्धालुओं को को सुरक्षा की गारंटी भी दी है। तीर्थयात्रा से पहले मीडिया को संबोधित करते हुए सिन्हा ने श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड और जम्मू कश्मीर प्रशासन द्वारा किए गए व्यापक इंतजामों पर प्रकाश डाला तथा उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वास्तविक समय की निगरानी की सुविधा के लिए प्रत्येक तीर्थयात्री के लिए आरएफआईडी ट्रैकिंग अनिवार्य होगी। सिन्हा ने कहा कि मार्ग के सभी प्रमुख बिंदुओं पर उच्च गुणवत्ता वाले निगरानी कैमरे लगाए गए हैं। सभी आधार शिविरों और पूरे तीर्थयात्रा मार्ग पर तीन-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था स्थापित की गई है। जबकि उन्होंने कहा कि सुरक्षा कर्मियों की संख्या बढ़ा दी गई है और यात्रा की तैयारी के लिए माक ड्रिल पहले ही आयोजित की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त, इस वर्ष स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी ढांचे में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है, जिसमें प्रत्येक बेस कैंप में 100 बिस्तरों वाले अस्पताल स्थापित किए गए हैं, साथ ही अतिरिक्त आपातकालीन चिकित्सा दल भी स्टैंडबाय पर हैं। पर्यावरण के मोर्चे पर, उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग स्वच्छ और हरित यात्रा गलियारे को बनाए रखने के अपने प्रयासों को जारी रखे हुए है। उपराज्यपाल ने कहा कि पिछले साल से, हमने सफलतापूर्वक शून्य-अपशिष्ट यात्रा सुनिश्चित की है - एक प्रवृत्ति जिसे हम इस वर्ष भी मजबूत करने का लक्ष्य रखते हैं। हालांकि, सिन्हा ने पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद पंजीकरण में गिरावट को स्वीकार किया, जिसमें दुखद रूप से 26 लोगों की जान चली गई थी। उन्होंने कहा कि पंजीकरण में लगभग 10 परसेंट की गिरावट आई है, लेकिन अब संख्या फिर से बढ़ रही है। जनता का विश्वास वापस आ रहा है, और मुझे उम्मीद है कि यह बढ़ता रहेगा। हमले से पहले, 2.36 लाख तीर्थयात्री यात्रा के लिए पहले ही पंजीकरण करा चुके थे। मौजूदा सुरक्षा स्थिति के मद्देनजर, उपराज्यपाल ने निजी वाहनों से यात्रा करने वाले सभी तीर्थयात्रियों से आग्रह किया कि वे जम्मू से आधार शिविरों तक केवल सुरक्षा काफिले के साथ यात्रा करें। उन्होंने यह भी पुष्टि की कि सुरक्षा और रसद कारणों से इस वर्ष हेलीकाप्टर सेवाएं उपलब्ध नहीं होंगी। 2025 की अमरनाथ यात्रा 52 दिनों तक चलेगी, जो 9 अगस्त को पड़ने वाली श्रावण पूर्णिमा को समाप्त होगी। अमरनाथ यात्रा के दौरान सुरक्षा के दृष्टिकोण से, जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) ने तीर्थयात्रा की शुरुआत से लेकर गुफा से वापसी तक एक मजबूत सुरक्षा व्यवस्था स्थापित की है। नई पहल भी लागू की गई हैं। सिन्हा ने जम्मू कश्मीर के सभी निवासियों, विशेष रूप से कश्मीर में रहने वाले लोगों से विशेष अपील की है, जो पारंपरिक रूप से तीर्थयात्रा के दौरान पूरा समर्थन देते हैं।



■ **वार्षिक अमरनाथ यात्रा की तीन जुलाई से होगी शुरू**

## सार संक्षेप

### बिहार में हरियाणा के युवक की हत्या, 5 लाख रुपए बनी मौत की वजह

**जमुई।** बिहार की जमुई जिला पुलिस ने गुरुवार को एक अंतरराज्यीय हनीट्रैप मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इस क्रम में पुलिस ने हरियाणा के हंसी जिला के थाना नरौंद क्षेत्र से लापता युवक प्रवीण उर्फ प्रीत टंडन की गुमशुदगी मामले का भी सफल उद्भेदन करते हुए कहा कि उसकी हत्या कर दी गई है। जमुई के पुलिस अधीक्षक विश्वजीत दयाल ने बताया कि हरियाणा के हांसी जिले के नरौंद थाने में दर्ज कांड संख्या-15/2025 में लापता युवक प्रीत टंडन की गुमशुदगी मामले की जांच में मदद करने को लेकर हरियाणा पुलिस ने 25 जून को एक आवेदन दिया था। इस मामले में सहयोग के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सतीश सुमन के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन किया गया, जिसमें जमुई की जिला तकनीकी टीम और हरियाणा पुलिस के अधिकारी शामिल थे।

### साइबर अपराधियों पर सीबीआई का शिकंजा, 5 राज्यों में छापेमारी, 9 गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने साइबर अपराधों और डिजिटल अरेस्ट स्कैम्स पर शिकंजा कसते हुए एक बड़ी कार्रवाई की। ऑपरेशन चक्र-5 के तहत सीबीआई ने पांच राज्यों (राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश) में 42 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। यह कार्रवाई उन म्यूल बैंक खातों के खिलाफ की गई, जो संगठित साइबर अपराधियों द्वारा यूपीआई धोखाधड़ी, फर्जी विज्ञापनों, निवेश धोखाधड़ी और डिजिटल अरेस्ट स्कैम्स में प्रयोग किए जा रहे थे। सीबीआई की शुरुआती जांच में यह खुलासा हुआ कि देशभर की 700 से अधिक बैंक शाखाओं में लगभग 8.5 लाख म्यूल अकाउंट्स खोले गए थे।

# नफरत की बात करने वालों को मोहब्बत और विकास से हराएंगे : तेजस्वी यादव

**पटना,** 26 जून (एजेंसियां)। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने गुरुवार को कहा कि 2025 में जो पार्टी नफरत और समाज को बांटने की बात करती है, उसे हम लोग मोहब्बत और विकास से हराएंगे। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि ये लोग धर्म को धर्म से और जाति को जाति से लड़ाएंगे। पटना के बापू सभागार में छात्र-युवा संसद में आए युवाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार का युवा वर्ग अब इतिहास लिखेगा। बिहार का युवा अब सिर्फ नौकरी नहीं मांगेगा, बल्कि नीति भी बनाएगा और नेतृत्व भी करेगा। यहां के युवा अब परिवर्तन को लेकर अंगड़ाई ले रहे हैं। अब यहां के युवा सत्ता के फैसले का इंतजार नहीं करेंगे, बल्कि सत्ता का फैसला करेंगे।

उन्होंने कहा कि युवा वर्ग ऐसी सरकार चाहता है जो राज्य को शिक्षा का केंद्र बनाए, इंडस्ट्रियल पार्क विकसित करे और भरपूर रोजगार उपलब्ध कराए, ताकि वे किसी दूसरे राज्य में नौकरी करने की बजाय अपने राज्य के मालिक बन सकें।



**बिहार का युवा वर्ग अब इतिहास लिखेगा। बिहार का युवा अब सिर्फ नौकरी नहीं मांगेगा, बल्कि नीति भी बनाएगा और नेतृत्व भी करेगा: तेजस्वी यादव**

तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लेकर कहा कि अब वह 'अचेत' अवस्था में हैं, उनकी सरकार नकलची है। उनके पास कोई विजन या रोडमैप नहीं है, जिस दिन आठ करोड़ युवा एकजुट होकर आवाज उठाएंगे, उस दिन बिहार बदलेगा। अगर सभी युवा एकजुट हो गए तो जातीय गणित खत्म हो जाएगा और 2025 इसका गवाह बनेगा।

## बिहार में अपराधी निरंकुश, दलित और पिछड़ों को न्याय नहीं मिल रहा : मंडल

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की बिहार इकाई के अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल ने राज्य की गिरती कानून-व्यवस्था को लेकर एक बार फिर सवाल उठाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि अपराधियों पर अंकुश लगाने में पुलिस पूरी तरह विफल साबित हो रही है। मंगनी लाल मंडल ने कहा कि स्थिति यह हो गई है कि इस सरकार में दलितों और पिछड़ों को न्याय नहीं मिल रहा है। राजद प्रदेश कार्यालय में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कई ऐसे मामले प्रदेश में हैं, जिनमें पुलिस ही अपराधियों को बचाती नजर आती है। उन्होंने खगड़िया के खरीक थाना क्षेत्र में एक महिला की हत्या और शव पर तेजाब डालने की घटना का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि खरीक थाना क्षेत्र में गत 14 जून को एक महिला के साथ दुष्कर्म कर उसकी नृशंस हत्या कर दी गई, लेकिन पुलिस आरोपियों को बचाने में जुटी है। राजद प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अति पिछड़ा समाज की एक महिला के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई और शव पर तेजाब डाल दिया गया।

# बिहार में सीट शेयरिंग फाइनल नहीं : तारिक अनवर

**नई दिल्ली,** 26 जून (एजेंसियां)। बिहार में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीति के गलियारों में चर्चा है कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) कांग्रेस को चुनाव लड़ने के लिए 40 सीट ऑफर कर रही है। जब इस बारे में कांग्रेस सांसद तारिक अनवर से जवाब मांगा गया तो उन्होंने इस दावे को खारिज करते हुए अफवाह करार दिया। कांग्रेस सांसद तारिक अनवर ने कहा कि सीट बंटवारे को लेकर जो भी खबरें सामने आई हैं, वो बिल्कुल झूठ है। सीट बंटवारे को लेकर अभी हमारी को-ऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक होगी, जिसमें सबकुछ तय होगा। कमेटी की बैठक में सबकी राय ली जाएगी। हमारा मकसद बिहार चुनाव को लेकर स्पष्ट है कि हमें एनडीए की सरकार को सत्ता से बेदखल करना है। बिहार में बदलाव लाने के लिए हम पूरी ताकत के साथ मैदान में उतरेंगे। बिहार को एक प्रगतिशील सरकार की सख्त जरूरत है। कौन कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगा, जल्द ही इसकी तस्वीर आप सभी के सामने होगी। उन्होंने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों से जुड़े सवाल पर कहा कि इस मामले में पार्टी आगे अध्ययन करेगी। कानूनी तौर पर आगे क्या कर सकते हैं। कांग्रेस पार्टी की ओर से चुनाव आयोग से कुछ चीजों की मांग की गई थी, जब वह मिल जाएंगी तो आगे विचार किया जाएगा। कांग्रेस सांसद ने कहा कि हमारी विदेश नीति फ्लॉप है।



**सीट बंटवारे को लेकर जो भी खबरें सामने आई हैं, वो बिल्कुल झूठ है। सीट बंटवारे को लेकर अभी हमारी को-ऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक होगी, जिसमें सबकुछ तय होगा:तारिक अनवर**

# युवाओं के लिए 'नशा' सबसे बड़ी समस्या सरकार नार्को-कार्टेल पर सख्त: अमित शाह

**नई दिल्ली,** 26 जून (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अंतरराष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस पर कहा कि नशा हमारे युवाओं के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। सरकार नशा तस्करी करने वाले गिरोहों (नार्को-कार्टेल) के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है और नशे की लत में फंसे युवाओं को सामान्य जीवन में वापस लाने के लिए काम कर रही है। 26 जून को अंतरराष्ट्रीय नशा विरोधी और अवैध तस्करी दिवस के अवसर पर अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स हैंडल पर पोस्ट कर यह बात कही। हर साल 26 जून को विश्व स्तर पर नशा विरोधी दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य नशे से मुक्त समाज के लिए कार्रवाई और सहयोग को मजबूत करना है।



शाह ने पोस्ट में कहा, 'ड्रग्स हमारे युवाओं के लिए सबसे बड़ा संकट है। मोदी सरकार इस खतरे से निपटने के लिए अन्य सरकारों के साथ काम कर रही है और नार्को-कार्टेल के लिए काम कर रही है और नशे की लत में फंसे युवाओं को सामान्य जीवन में वापस ला रही है।' इस साल का अभियान 'ब्रेक द साइकल', स्टॉप ऑर्गनाइज्ड क्राइम' है, जो ड्रग ट्रैफिकिंग और संगठित अपराध को रोकने के लिए लंबे समय तक समन्वित कार्रवाई की जरूरत पर जोर देता है। इसके लिए मूल कारणों को दूर करना, रोकथाम में निवेश करना और स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक व्यवस्थाओं को मजबूत करना जरूरी है।

## विधानसभा चुनाव में गड़बड़ी के आरोप को हाईकोर्ट ने नहीं माना, लेकिन जनता की अदालत है महत्वपूर्ण : मनोज झा

**नई दिल्ली,** 26 जून (एजेंसियां)। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सांसद मनोज झा ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में अनियमितताओं के आरोप वाली याचिका को बॉम्बे हाई कोर्ट द्वारा खारिज किए जाने पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि यह मामला यहीं खत्म नहीं होता, इसके ऊपर एक और न्यायिक मंच है, और अंततः 'जनता की अदालत' भी है, जो सबसे महत्वपूर्ण है। मनोज झा ने गुरुवार को समाचार एजेंसी से बातचीत की। उन्होंने कहा, 'कुछ सवाल कभी खत्म नहीं होते, भले ही उन्हें अस्थायी रूप से खारिज कर दिया जाए।' उन्होंने चुनाव आयोग की पवित्रता और विश्वसनीयता पर उठने वाले सवालों को रेखांकित किया, जो उनके अनुसार, लंबे समय तक चर्चा का विषय बने रहेंगे।

### महाराष्ट्र भाषा विवादः शिक्षा मंत्री दादा भुसे ने राज ठाकरे से की मुलाकात

**मुंबई।** महाराष्ट्र में हिंदी भाषा विवाद के बीच शिक्षा मंत्री दादा भुसे ने मनसे प्रमुख राज ठाकरे से मुलाकात की है। सरकार के फैसले के बाद महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) सबसे ज्यादा विरोध करती नजर आई है। राज ठाकरे लगातार राज्य में हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में अनिवार्य किए जाने का विरोध कर रहे हैं। इसी विवाद के बीच शिक्षा मंत्री दादा भुसे अब राज ठाकरे से मिले हैं।
हालांकि मुलाकात बेनतीजा रही है। महाराष्ट्र के शिक्षा मंत्री दादा भुसे गुरुवार को


**HDB FINANCIAL SERVICES**
पंजीकृत कार्यालय : 'राधिका', द्वितीय तल, लॉ गार्डन रोड, नवरंगपुरा, अहमदाबाद, गुजरात-380009
आंचलिक कार्यालय : प्रथम तल, विल्सन हाउस, ओल्ड नागरदास रोड, निकट अम्बोली सबवे, अंधेरी (ई), मुंबई-400069 और महाराष्ट्र तथा छत्तीसगढ़ में इसकी विभिन्न शाखाएं

**सरफासी ऐक्ट, 2002 की धारा 13(2) के तहत मांग सूचना**

आप निम्नलिखित कर्जदारों, सह-कर्जदारों तथा गारंटरों ने अपनी अचल सम्पत्तियां (प्रतिभूतियां) बंधक रखकर एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड शाखा से ऋण/वित्तीय सुविधा (एं) प्राप्त की हैं। आपने अपने वित्तीय अनुशासन का पालन नहीं किया है तथा उनके प्रतिभुगतान में चूक की है। आपकी चूकों के फलस्वरूप आपका ऋण, उसको चुकाने के लिए प्रतिभूतियों के संबंध मे सृजित प्रतिभूति हित सहित, अनार्जक आस्ति के रूप में सूचीबद्ध किया जा चुका है। एचडीबीएफएस को अपनी बकाया राशि वसूल करने का अधिकार है, अतः अब वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (अधिनियम) की धारा 13(2) के तहत मांग सूचना जारी की है, जिसकी विषयवस्तु प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3(1) के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(2) के अनुसार आपको सूचना देने के वैकल्पिक उपाय के रूप में प्रकाशित की जा रही है। कर्जदारों, सह-कर्जदारों, गारंटरों, ऋणों, प्रतिभूतियों, बकाया राशियों, धारा 13(2) के तहत मांग सूचना, सूचना में दावा की गई राशि का विवरण यहां नीचे दिया गया है :

1. कर्जदार एवं सह-कर्जदार : 1. अशोक क्लोथ स्टोर्स, अशोक क्लोथ स्टोर्स, दुकान नंबर 73, कैम्प 1, जवाहर मार्केट, भिलाई- 490001, छत्तीसगढ़, अन्य पता : प्लॉट नंबर एचआर19, जवाहर मार्केट, कैम्प-2, वार्ड नंबर 23, भिलाई- 490001, 2. अशोक कुमार नैथानी, पुत्र कुंवर मल नैथानी, आमदी मंदिर वार्ड 24, गुरू नानक नगर, मालवा होटल गैराज लाइन के पीछे, मोहन नगर, दुर्ग-491001, छत्तीसगढ़, 3. वीरा नैथानी, पत्नी अशोक कुमार नैथानी, आमदी मंदिर वार्ड 24, गुरू नानक नगर, मालवा होटल गैराज लाइन के पीछे, मोहन नगर, दुर्ग-491001, छत्तीसगढ़, 4. नानिक राम नैथानी, पुत्र कुंवर मल नैथानी, आमदी मंदिर वार्ड 24, गुरू नानक नगर, मालवा होटल गैराज लाइन के पीछे, मोहन नगर, दुर्ग-491001, छत्तीसगढ़, 5. कोशी बाई नैथानी, पत्नी नानिक राम नैथानी, आमदी मंदिर वार्ड 24, गुरू नानक नगर, मालवा होटल गैराज लाइन के पीछे, मोहन नगर, दुर्ग-491001, छत्तीसगढ़, (2) ऋण खाता संख्या : 2403668 ; (3) ऋण राशि आईएनआर में : रू. 28,00,000/- (रुपये अठ्ठाईस लाख मात्र) ; (4) प्रतिभूतियों की अनुसूची । - सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : ब्लॉक नंबर एचआर लाइन प्लॉट नंबर एचआर 19, परिमाप कार्पेट एरिया 274.50 वर्ग फीट यानी 25.50 वर्ग मीटर, बिल्ट अप एरिया 549 वर्ग फीट यानी 51.003 वर्ग मीटर, व्यावसायिक दुकान जो नगर पालिका निगम भिलाई, जवाहर मार्केट कैम्प-2, भिलाई वार्ड नंबर 23, जिला दुर्ग (छत्तीसगढ़)-491001 में स्थित है, चौहद्दी - उत्तर : प्लॉट नंबर 18, दक्षिण : प्लॉट नंबर 20, पूरब : रोड, पश्चिम : स्कूल बाउण्ड्री, 5) मांग सूचना तिथि : 16-06-2025 ; (6) बकाया राशि आईएनआर में : रू. 11,47,797.43/- (रूपये ग्यारह लाख सैंतालीस हजार सात सौ सत्तानवे तथा पैसे तेतालीस मात्र) दिनांक 11-06-2025 तक + वास्तविक प्राप्ति तक भावी संविदात्मक ब्याज, आकस्मिक व्यय, लागत और प्रभारों इत्यादि सहित।

1. कर्जदार तथा सह-कर्जदारों/गारंटरों से उपरोक्त पूरी मांग राशि उपरिवर्णित अनुसार ब्याज के साथ इस सूचना की तिथि से 60 दिन के भीतर चुकाने की मांग की जाती है, जिसमें असफल रहने पर अधोहस्ताक्षरी, एचडीबीएफएस का प्राधिकृत अधिकारी, अधिनियम के तहत उपरिवर्णित प्रतिभूतियों के प्रवर्तन हेतु कार्यवाही करने को बाध्य होगा। कृपया नोट करें कि उपरोक्त अधिनियम की धारा 13(13) के अनुसार
2. बंधकदाता एचडीबीएफएस की सहमति के बिना उपर्युक्त प्रत्याभूत आस्तियां बिक्री, पट्टा, अनुमति एवं लाइसेन्स अथवा अन्य प्रकार हस्तांतरित नहीं कर सकते हैं।
3. किसी पूछताछ अथवा पूर्ण एवं अंतिम निपटान के लिए कृपया सम्पर्क करें : श्री समर सिंह पवार मोबाइल नंबर : 9907950450, प्राधिकृत अधिकारी अथवा सय्यद हामिद अली मोबाइल नंबर 9770990614 एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड।

सीन : दुर्ग-भिलाई,
तिथि : 27-06-2025

हस्ता./- वास्ते एचडीबीएफएस
अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता



**बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda** बाजपेयी पवेलियन, गुंबर पेट्रोल पंप सामने, व्यापार विहार रोड, बिलासपुर, छ.ग. - 495001, मो.नं. 8360603813 ई-मेल: rosarb.bilaspur@bankofbaroda.com

**बिक्री सूचना संपत्तियों की ई-नीलामी- "परिशिष्ट- IV - ए (नियम 8(6) और 9(1) देखें)"**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) एवं 9(1) के अंतर्गत चल/अचल संपत्तियों की ई-नीलामी रखी गई हैं। इस सूचना के द्वारा आम जनता और विशेषकर ऋणी, बंधककर्ता(ओं) एवं जमानतकर्ता(ओं) को सूचित किया जाता हैं कि निम्नवर्णित दृष्टिबंधक / गिरवीं / बंधक चल / अचल संपत्तियों जो कि प्रतिभूति लेनदार के पक्ष में, जिनका सांकेतिक / भौतिक कब्जा प्रतिभूत लेनदार बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा चुका हैं कि बिक्री निम्नवर्णित खातों में वसूली के लिए ई-नीलामी द्वारा " जो हैं जहां हैं ", " जो हैं जैसी हैं " एवं " जो कुछ भी हैं " के आधार पर रखी गई हैं। कर्जदारों/जमानतदारों/सिक्योर्ड एसेट्स/बकाया/आरक्षित मूल्य/ई-नीलामी की तारीख, समय, ईएमडी और बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे दिया गया हैं:-

| क्र. | ऋणकर्ता/जमानतदार (ओं) बंधककर्ता (ओं) का विवरण नाम एवं पता | चल/अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण के साथ बैंक की जानकारी में कोई अधिभार नहीं हैं. | कुल बकाया राशि | 1. प्रारक्षित मूल्य 2.बयाना एवं 3.बोली राशि | कब्जे का स्वरूप सांकेतिक/ भौतिक |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | मेसर्स जय दुर्गा एजेंसिज जैन मंदिर परिसर, भाटापारा जिला - बलौदा बाजार छत्तीसगढ़ - 493118 | 1. खुला प्लाट नं.-10, खसरा नं.-65/84 और 70/11, बंदोबस्त नं.- 340, प.ह.नं.-12 (पुराना 7), मौजा धौराभाटा, क्षेत्रफल 2400 वर्गफीट स्थित धौराभाटा आदर्श नगर, भाटापारा, जिला- बलौदा बाजार, छ.ग. सीमाएं: पूर्व- मंधनी, पश्चिम- दिगर, उत्तर- नवीन कुमार, दक्षिण - डब्लूबीएम रोड. | रु. 42,49,623.58 + ब्याज + अन्य प्रभार | रु. 14,79,000.00 रु. 1,48,000.00 रु. 10,000.00 | सांकेतिक कब्जा |
| 02 | श्री हीरानंद मंधानी भगत सिंह वार्ड भाटापारा, जिला- बलौदा बाजार, छ.ग.- 493118 | 2. शॉप नं.-3, स्थित प्लाट नं.- 71/17, प.ह.नं.- 6, बंदोबस्त नं.- 491, खसरा नं.- 324/1, शीट नं.-17 बी, तनवानी कॉम्प्लेक्स, भगत सिंह वार्ड क्रमांक 14, भाटापारा में स्थित हैं जिसका क्षेत्रफल- 510 वर्गफीट, तहसील- भाटापारा, जिला- बलौदा बाजार, छ.ग. सीमाएं: पूर्व- केशवानी, पश्चिम- थारानी, उत्तर- रोड, दक्षिण- सुंदर आर्य. | | रु. 27,54,000.00 रु. 2,75,000.00 रु. 10,000.00 | सांकेतिक कब्जा |

ई-नीलामी की तिथि एवं समय 06.08.2025, दोपहर 2:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक एवं संपत्ति निरीक्षण करने की तिथि एवं समय 30.07.2025 दोपहर 1:00 बजे से अपरान्ह 4:00 बजे तक। बिक्री संबंधित विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm एवं ऑनलाइन ई-नीलामी पोर्टल https://baanknet.com में दिये गये लिंक का संदर्भ लें. भावी बोलीकर्ता प्राधिकृत अधिकारी से फोन 8360603813 पर भी संपर्क कर सकते हैं.

दिनांक : 27.06.2025, स्थान: बिलासपुर (छ.ग.) **प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ़ बड़ौदा**



**Bandhan Bank** रीजनल ऑफिस: नेताजी मार्ग, मीठाखली छः रास्ते के पास, एलिसब्रिज, अहमदाबाद-06. फोन : +91-79-26421671-75

**सांकेतिक आधिपत्य (कब्जा) सूचना**

एतदर्थ सूचना दी जाती है कि वित्तिय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पूर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित प्रर्वतन अधिनियम, 2002 कि धारा 13(12) एवं प्रतिभूतिहित प्रर्वतन नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पढते हुए अधिनियम के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत प्राधिकृत अधिकारी ने खाते(अकाउंट) के सामने उल्लेखित तिथि को डिमांड नोटिस (मांग पत्र) भेजा था व नोटिस प्राप्ति के 60 दिवस के अन्दर राशि की मांग की गई थी। ऋणी द्वारा भुगतान करने में असफल रहने पर कर्जदार और आम जनता को नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है की अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उपरोक्त अधिनियम कि धारा 13 की उपधारा(4) सपठित नियम 8 के तहत नीचे लिखे लोन खातों में वर्णित बंधक सम्पत्ति का सांकेतिक कब्जा ले लिया है। अतः आप कर्जदार और आम जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित संपत्तियों के बारे में कोई व्यवहार न करें और इन संपत्तियों के साथ किसी व्यवहार पर वह राशि, ब्याज, खर्च एवं शुल्क के साथ बैंक को चुकाना होगा। सुरक्षित सम्पत्ति को रिडीम/वापस लेने के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) में उपलब्ध प्रावधानों के तहत ऋणियों का ध्यान आमंत्रित किया जाता है।

| ऋणियों के नाम, गेरन्टर और ऋण खाता सं. | बंधक संपत्ति का विवरण (प्रतिभूती आस्तियां) | मांगपत्र की तिथि | सांकेतिक कब्जे की तिथि | कुल बकाया राशि, मांगपत्र की तारीख तक |
|---|---|---|---|---|
| लकेश्वर सोनी माधुरी सोनी 20008530003695 20008530003705 | सभी चल और अचल संपत्ति, जो एलआईजी एल/304; केएच नंबर 252, दीन दयाल अपार्टमेंट तीसरी मंजिल; खमरिया, भिलाई, जिला: दुर्ग, क्षेत्रफल 590 वर्ग फीट, छत्तीसगढ़ स्थित है और जो आवरित है: उत्तर: फ्लैट नंबर एल/304, पूर्व: सड़क, पश्चिम: फ्लैट नंबर एलआईजी 301, दक्षिण: सड़क | 26.02.2025 | 21.06.2025 | रू.8,30,636.28 |
| प्रभात गांगुली शिखा गांगुली 90000000543098 | सभी चल और अचल संपत्ति, जो खसरा नंबर 127/1, क्षेत्रफल 1305 वर्ग फीट, मौजा खैरा, पीएच नंबर 11, आरएनएम: खेरथा, तहसील: डौंडीलोहरा, जिला: बालोद, सी.जी. स्थित है और जो आवरित है: उत्तर: कुंजलाल की भूमि, पूर्व: राजनु की भूमि, पश्चिम: सोन्से भूमि, दक्षिण: सड़क | 26.02.2025 | 21.06.2025 | रू.30,76,864.85 |
| गायत्री साहू सुरेश कुमार सथू 20008540000563 20008540001052 | सभी चल और अचल संपत्ति, जो प्लॉट नं. एलआईजी-111, पीसी नं. 18, क्षेत्र प्रशासन 501.63 वर्ग. फीट, आरआईसी धमतरी, श्यामतराई गांव, तहसीलंद जिला-धमतरी, छत्तीसगढ़- 493773 स्थित है और जो आवरित है: उत्तर: एलआईजी 100, पूर्व: एलआईजी 110, पश्चिम: सड़क, दक्षिण: सड़क | 26.02.2025 | 23.06.2025 | रू.4,09,504.02 |

स्थानः दुर्ग-बालोद-धमतरी
तारीखः 27/06/2025

प्राधिकृत अधिकारी
बंधन बैंक लिमिटेड






## मैंने हर किरदार से कुछ न कुछ सीखा है : रोहित पुरोहित

**मुंबई।** लोकप्रिय टीवी शो 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' फेम अभिनेता रोहित पुरोहित ने टेलीविजन करियर के शुरुआती दिनों को याद किया। रोहित ने बताया कि जब उन्होंने अभिनय की दुनिया में कदम रखा था, तब वह नए थे, लेकिन समय के साथ वह लगातार सीखते गए और खुद को बेहतर बनाया। अभिनेता का मानना है कि उन्होंने अपने हर एक किरदार से कुछ न कुछ सीखा है। रोहित ने बताया कि जब मैंने अभिनय करियर की शुरुआत की थी, तब मुझे कुछ नहीं पता था। मैं काम में बहुत कच्चा था। अब मैं अपने काम में ज्यादा आत्मविश्वास महसूस करता हूं। मैंने हर किरदार से कुछ न कुछ सीखा है और लगातार सीख रहा हूं। यह बड़ी उपलब्धि की तरह है।

# पर्दे पर 'मां' का किरदार निभाना चुनौतीपूर्ण : काजोल

**नई दिल्ली,** 26 जून (एजेंसियां)। अभिनेत्री काजोल अपनी अपकमिंग हॉरर फिल्म 'मां' को लेकर उत्साहित हैं। हॉरर फिल्म में काजोल 'मां' के किरदार में नजर आएंगी। उन्होंने बताया कि इस फिल्म में काम करना और पर्दे पर मां के किरदार को निभाना काफी चुनौतीपूर्ण रहा।

काजोल ने बताया कि हर सीन में तनाव, चिंता और मां की भावनाओं को दिखाना था, जो आसान नहीं था। इसी वजह से यह किरदार उनके लिए खास और चुनौतीपूर्ण बन गया। काजोल का मानना है कि वह पहले भी कई फिल्मों में मां का किरदार निभा चुकी हैं, लेकिन 'मां' में उनका किरदार अलग है। हॉरर फिल्म होने के कारण इसके हर सीन में एक खास तनाव और भावनात्मक गहराई की जरूरत थी।



काजोल ने कहा कि मुझे हॉरर फिल्में ज्यादा पसंद नहीं हैं, इसलिए मुझे नहीं पता था कि इस तरह की फिल्मों में पूरे समय एक खास भावनात्मक स्तर बनाए रखना पड़ता है। एक एक्टर के तौर पर आपको हर पल, हर शॉट में अलर्ट रहना पड़ता है। यह भावनात्मक रूप से बहुत थका देने वाला था। पूरे दिन उस तनाव को बनाए रखना आसान नहीं था। उन्होंने कहा कि 'मां' हॉरर फिल्म है, लेकिन इसमें इमोशन्स भी हैं। यही वजह है कि मैंने इस फिल्म में काम करने का फैसला लिया। अगर इसमें इतना मजबूत भावनात्मक आधार न होता, तो शायद मैं इस फिल्म को हां नहीं कहती। यह सिर्फ हॉरर नहीं, बल्कि माइथोलॉजिकल हॉरर है, जिसमें कल्चर और थ्रिलर का सही मिश्रण है। माइथोलॉजिकल-हॉरर की दुनिया में कदम रखने जा रहीं काजोल ने फिल्म के टाइटल की तारीफ करते हुए कहा कि इस फिल्म के लिए 'मां' से बेहतर कोई टाइटल नहीं हो सकता था।

# अस्थमा के उपचार के बाद भी रक्त में बनी रहती हैं सूजन वाली कोशिकाएं

- **शोधकर्ताओं ने 40 गंभीर अस्थमा मरीजों के रक्त के नमूनों का विश्लेषण किया**
- **प्रतिरक्षा कोशिकाओं की संख्या में कमी की बजाय देखी गई वृद्धि**

**नई दिल्ली,** 26 जून (एजेंसियां)। बायोलॉजिकल दवाएं या बायोलॉजिक्स गंभीर अस्थमा के मरीजों की जिंदगी को बेहतर बनाती हैं, लेकिन एक नए अध्ययन के अनुसार, इन दवाओं के इस्तेमाल के बाद भी कुछ ऐसी प्रतिरक्षा कोशिकाएं हैं, जो सूजन बढ़ाने वाली होती हैं और पूरी तरह खत्म नहीं होती।

स्वीडन के कैरोलिंस्का इंस्टीट्यूट के शोधकर्ताओं ने एक नए अध्ययन में बताया कि गंभीर अस्थमा के इलाज में इस्तेमाल होने वाली बायोलॉजिक दवाएं भले ही मरीजों की स्थिति में सुधार करती हों, लेकिन ये रक्त में मौजूद सूजन पैदा करने वाली कुछ इम्यून कोशिकाओं को पूरी तरह खत्म नहीं करतीं। यह अध्ययन वैज्ञानिक पत्रिका 'एलर्जी' में प्रकाशित हुआ है। शोध के अनुसार, इन कोशिकाओं की मौजूदगी के कारण इलाज बंद करने पर एयरवे में सूजन फिर से शुरू हो सकती है। शोधकर्ताओं ने 40 गंभीर अस्थमा मरीजों के रक्त के नमूनों का विश्लेषण किया, जो बायोलॉजिक्स दवाएं ले रहे थे। इन दवाओं, जैसे मेपोलिजुमैब और डुपिलमैब ने मरीजों के लक्षणों को नियंत्रित करने में मदद की, लेकिन आश्चर्यजनक रूप से रक्त में सूजन पैदा करने वाली प्रतिरक्षा कोशिकाओं की संख्या में कमी की बजाय वृद्धि देखी गई। कारोलिंस्का इंस्टीट्यूट में टिश्यू इम्यूनोलॉजी की प्रोफेसर जेनी मोज्सबर्ग ने बताया कि बायोलॉजिक्स सूजन की जड़ को पूरी



तरह खत्म नहीं करती। यह दिखाता है कि बीमारी को कंट्रोल करने के लिए इलाज लगातार जारी रखना पड़ सकता है।

शोध में फ्लो साइटोमेट्री और सिंगल सेल सीक्वेंसिंग जैसी हाई टेक्निक का इस्तेमाल किया गया, जिससे प्रतिरक्षा कोशिकाओं के गुणों और कार्यों का पता लगाया गया। शोधकर्ता लोरेंज विर्थ ने बताया कि इलाज के दौरान सूजन पैदा करने वाली कोशिकाएं कम होने की बजाय बढ़ गईं। यह बताता है कि इलाज कम करने या बंद करने पर एयरवे में सूजन क्यों लौट आती है।

बायोलॉजिक्स पिछले एक दशक से गंभीर अस्थमा के इलाज में इस्तेमाल हो रही है। लेकिन, उसके लंबे समय तक के प्रभावों के बारे में अभी बहुत कम जानकारी है। शोधकर्ताओं का कहना है कि इन दवाओं के लंबे समय तक उपयोग के प्रभावों को समझना जरूरी है। रिसर्च टीम अब उन मरीजों के नमूनों का विश्लेषण करने की योजना बना रही है, जो लंबे समय से इलाज करवा रहे हैं। साथ ही, वे फेफड़ों के ऊतकों की जांच करेंगे ताकि एयरवे में प्रतिरक्षा कोशिकाओं पर पड़ने वाले प्रभावों को समझा जा सके। शोधकर्ताओं का मानना है कि इस खोज से भविष्य में अधिक प्रभावी उपचार विकसित करने में मदद मिलेगी।

# बूचड़खाने की जगह खुला 'आयुष्मान आरोग्य मंदिर', लोगों में खुशी की लहर



**वाराणसी,** 26 जून (एजेंसियां)। वाराणसी दक्षिणी विधानसभा में रहने वाले लोगों के लिए एक अच्छी खबर आई है। यहां पर 'आयुष्मान आरोग्य मंदिर' के शुरू होने से लोगों को डॉक्टरों की निगरानी में अच्छा इलाज मिलेगा। वाराणसी दक्षिणी विधानसभा के आदि विशेश्वर वार्ड में पत्थर गली में अवैध बूचड़खाने को हटाकर आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनाया गया है। इस स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण स्थानीय विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी ने किया। इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र

### ओपीडी, दवा वितरण व प्राथमिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध

में पुरुष-महिला के लिए अलग-अलग ओपीडी, दवा वितरण और प्राथमिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हैं। पहले गंदगी और बदबू के लिए बदनाम यह क्षेत्र अब स्वच्छ चिकित्सा इकाई में बदल गया है, जिसका स्थानीय लोग स्वागत कर रहे हैं। स्थानीय विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी ने बताया कि यहां से काफी लोग अपना घर बेचकर दूसरी जगह चले गए। यहां संचालित हो रहे बूचड़खाने से स्थानीय लोग काफी परेशान थे। सरकार के प्रयासों से इस बूचड़खाने को बंद कराया गया। अब यहां पर लोग बिना परेशानी के रह रहे हैं और यहां जो स्वास्थ्य केंद्र बनाया गया है, वहां इलाज करवा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस स्वास्थ्य केंद्र से वाराणसी में हजारों लोगों को लाभ होगा। इसके साथ ही विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी ने बताया कि बहुत जल्द इस आरोग्य केंद्र के प्रथम तल पर प्रसव केंद्र का निर्माण कराया जाएगा। आने वाले दिनों में यहां पर किलकारियां भी गूंजेंगी। स्वास्थ्य केंद्र के मेडिकल स्टाफ गोपाल यादव ने बताया कि यहां पर रोजाना 30 मरीज स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से जूझने के बाद चिकित्सा लेने के लिए आते हैं। इस स्वास्थ्य केंद्र के बारे में लोगों को जानकारी मिलने पर मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है। 19 जून को इस स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन किया गया था।

# 'शर्माजी नमकीन' के एक सीन में ऋषि कपूर ने खुद रुककर की थी मेरी मदद : सुहैल नायर



**मुंबई,** 26 जून (एजेंसियां)। एक्टर सुहैल नायर ने फिल्म 'शर्माजी नमकीन' की शूटिंग से जुड़ा एक किस्सा साझा किया, जिसमें उन्होंने दिवंगत अभिनेता ऋषि कपूर के मिलनसार व्यक्तित्व और उदारता को याद किया। सुहैल नायर ने बताया कि एक इमोशनल सीन की शूटिंग के दौरान, ऋषि कपूर ने कुछ ऐसा किया जो उन्हें आज भी याद है। उन्होंने बताया कि उस दिन ऋषि कपूर शूटिंग खत्म कर चुके थे, फिर भी वह सेट पर रुके रहे। उन्होंने सीन में भावनाएं सही ढंग से दिखाने में उनकी मदद की और खुद सामने खड़े होकर लाइव डायलॉग्स बोले। सुहैल नायर ने कहा कि मुझे याद है कि शर्माजी नमकीन में तनावपूर्ण पिता-पुत्र की बहस वाले सीन में, ऋषि कपूर अपना हिस्सा शूट कर चुके थे और टीम ने पैक-अप का ऐलान कर दिया था, लेकिन उन्होंने पूछा कि क्या मेरा क्लोज-अप शॉट अभी बाकी है। जब टीम ने हां कहा, तो उन्होंने मेरी मदद करने के लिए वहीं रुकने की जिद की और मुझे सीन को सही तरीके से करने में मदद की। यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। अगर आप फिल्म में उस सीन को देखेंगे, तो आपको यह असली और सच जैसा लगेगा।

शर्माजी नमकीन ऋषि कपूर की आखिरी फिल्म थी। इसमें ऋषि कपूर के अलावा, परेश रावल और जूही चावला मुख्य किरदार में थीं।

यह एक हल्की-फुल्की पारिवारिक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है, जो बुढ़ापे के अकेलेपन, परिवार में एक-दूसरे को वक्त देने की अहमियत, दोस्ती और काम की गरिमा जैसी बातों को मजेदार तरीके से दिखाती है।

फिल्म में ऋषि कपूर ने बीजी शर्मा नाम के व्यक्ति का किरदार निभाया, जो दिल्ली के सुभाष नगर में दो बेटों के साथ रहता है। उसे खाना बनाना काफी पसंद है। रिटायरमेंट के बाद वह अमीर महिलाओं की किट्टी पार्टियों में खाना बनाने लगता है। जब यह बात उनके बेटों को पता चलती है, तो घर में काफी तनावपूर्ण माहौल हो जाता है। इसमें संस्कृति और रोजमर्रा की जिंदगी को काफी सहजता से दिखाया गया है। निर्देशक हितेश भाटिया ने फिल्म में दिल्ली की खासियतों को बेहतरीन तरीके से पेश किया। फिल्म 31 मार्च 2022 को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई।

# एक्टिंग के लिए न्यूट्रल रहना जरूरी : कोंकणा सेन शर्मा

**मुंबई,** 26 जून (एजेंसियां)। एक्ट्रेस कोंकणा सेन शर्मा स्टारर फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' रिलीज को तैयार है, जिसे लेकर कोंकणा काफी उत्साहित हैं। उन्होंने बताया कि एक्टिंग से पहले कलाकार को शांत और न्यूट्रल रहना चाहिए। कोंकणा ने कहा कि काम के दौरान बाहरी शोर और निजी भावनाओं से दूरी बनाना एक्टिंग के लिए बेहद जरूरी है। इससे फोकस करने में मदद मिलती है।

कोंकणा ने बताया कि निर्देशक अनुराग बसु के साथ काम करने का अनुभव बेहतरीन रहा और वह अक्सर उनके साथ सीन, किरदार और कहानी को लेकर सेट पर चर्चा करती थीं। उन्होंने बताया, हमने किरदारों और उनकी दुनिया के बारे में थोड़ी बात की। सेट पर सब कुछ मूड पर निर्भर करता है।

कोंकणा ने बताया कि सेट का माहौल निर्देशक से शुरू होता है, जो फिर विभाग प्रमुखों (एचओडी) और एक्टर्स तक पहुंचता है। उन्होंने बताया कि अनुराग के सेट पर होने से निगेटिव, स्ट्रेस या आलोचना का माहौल नहीं बनता। एक एक्टर को न्यूट्रल रहना पड़ता है, क्योंकि आपको किसी और किरदार को जीना होता है। अगर आप तनाव या नकारात्मक भावनाओं से भरे हैं, तो यह आपकी एक्टिंग में भी दिखाई देता है।

कोंकणा ने इस बात पर जोर दिया कि अभिनय से पहले अपनी निजी भावनाओं को पीछे छोड़ना जरूरी है, ताकि किरदार को पूरी तरह जिया जा सके। मेट्रो इन दिनों साल 2007 में रिलीज हुई लाइफ इन मेट्रो का सीक्वल है। लाइफ इन ए मेट्रो



में धर्मेंद्र, नफीसा अली, शिल्पा शेट्टी, के.के. मेनन, शाइनी आहूजा, इरफान खान, कोंकणा सेन शर्मा, कंगना रनौत और शरमन जोशी नजर आए थे।

वहीं, मेट्रो इन दिनों की बात करें तो इसमें कोंकणा सेन शर्मा के साथ पंकज त्रिपाठी के अलावा कई जाने-माने कलाकार हैं, जिनमें आदित्य रॉय कपूर, सारा अली खान, अली फजल, फातिमा सना शेख, अनुपम खेर और नीना गुप्ता भी हैं। यह फिल्म 4 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# नितिन मुकेश का लता मंगेशकर से था खास रिश्ता

**मुंबई,** 26 जून (एजेंसियां)। हिंदी सिनेमा के मशहूर गायक नितिन मुकेश का जन्मदिन 27 जून को है। 1950 को मुंबई में जन्मे नितिन ने अपनी मखमली आवाज और भावपूर्ण गायकी से लाखों दिलों को जीता। उनके पिता, महान गायक मुकेश और मां, सरला, प्लेबैक सिंगर थीं। संगीतमय माहौल में पले-बढ़े नितिन ने संगीत को अपनी आत्मा का हिस्सा बनाया।

नितिन का 'स्वर कोकिला' लता मंगेशकर के साथ खास रिश्ता था। पारिवारिक और पेशेवर रिश्ता उनके करियर का एक महत्वपूर्ण पहलू रहा। नितिन मुकेश के करियर को भी दिवंगत लता मंगेशकर ने उड़ान दी थी। उनकी गायकी में पिता की भावनात्मक गहराई और उनकी अनूठी शैली का मिश्रण देखने को मिलता है। नितिन मुकेश का संगीत के साथ बचपन से ही गहरा रिश्ता था। पिता मुकेश ने गायकी से हिंदी सिनेमा में एक अलग पहचान बनाई और नितिन ने उनकी छाया में संगीत की बारीकियां सीखीं। साल 1978 में फिल्म 'झूठी' से उन्होंने एक प्लेबैक सिंगर के तौर पर शुरुआत की, जहां उनके पहले गीत ने ही दर्शकों का ध्यान खींचा। नितिन ने खय्याम, आर.डी. बर्मन, लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल, बप्पी लहरी और नदीम-श्रवण जैसे संगीतकारों के साथ काम किया। उन्होंने अभिनेता मनोज कुमार, शशि कपूर, जीतेंद्र, अनिल कपूर और जैकी श्रॉफ जैसे सितारों के लिए गीत गाए। उनकी आवाज में रोमांस के साथ दर्द और भक्ति के रंग भी इतने जीवंत थे कि हर गीत श्रोताओं के दिलों को छू जाता था। नितिन मुकेश ने कई सुपरहिट गाने दिए, जो आज भी संगीत प्रेमियों की जुबान पर हैं। 1989 में आई 'राम लखन' फिल्म का गाना 'माय नेम इज लखन' साल 2025 में भी पुराना नहीं हुआ है।

# कंगना रनौत ने की अमेरिकी नेता जोहरान ममदानी की आलोचना

**नई दिल्ली,** 26 जून (एजेंसियां)। बॉलीवुड अभिनेत्री और बीजेपी सांसद कंगना रनौत ने गुरुवार को भारतीय मूल के अमेरिकी नेता जोहरान ममदानी की आलोचना की। जोहरान ममदानी प्रसिद्ध फिल्म निर्माता मीरा नायर के बेटे हैं और न्यूयॉर्क सिटी के मेयर हैं। कंगना ने उन पर हिंदू विरोधी और पाकिस्तान समर्थक विचार रखने का आरोप लगाया। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेत्री कंगना रनौत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने जोहरान ममदानी के भारत को लेकर नफरत भरे विचारों पर हैरानी जताई।

कंगना ने कैप्शन में लिखा कि वह भारतीय कम और पाकिस्तानी ज्यादा लगते हैं। कंगना रनौत ने मीरा नायर के गुजराती मूल के मशहूर लेखक महमूद



- **बोलीं, 'भारतीय कम और पाकिस्तानी ज्यादा लगते हैं'**

ममदानी से शादी का जिक्र किया। उन्होंने सवाल उठाया कि ऐसा क्यों लगता है कि उनका बेटा हिंदू धर्म को खत्म करना चाहता है। कंगना ने तंज करते हुए लिखा कि उनकी मां मीरा नायर हैं, जो भारत की मशहूर फिल्म निर्माता हैं, पद्मश्री से सम्मानित, भारत में जन्मीं और पली-बढ़ीं, अब न्यूयॉर्क में रहती हैं। उन्होंने गुजराती मूल के प्रसिद्ध लेखक महमूद ममदानी से शादी की। उनका बेटा जोहरान ममदानी है, वह भारतीय से ज्यादा पाकिस्तानी लगता है। उन्होंने आगे कहा कि उनकी हिंदू पहचान या वंश के साथ जो कुछ भी हुआ, लेकिन अब वो हिंदू धर्म को मिटाने के लिए तैयार हैं, वाह!! हर जगह एक ही कहानी है।बता दें कि ममदानी कई बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल कर चुके हैं। उन्होंने 2 अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के विरोध में टाइम्स स्क्वायर में प्रदर्शन का नेतृत्व किया था। बीते मई में उन्होंने पीएम मोदी की तुलना इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से की थी।

# कफ दोष संतुलन में प्रभावी हैं सूर्य नमस्कार

**नई दिल्ली,** 26 जून (एजेंसियां)। आयुर्वेद के अनुसार, शरीर में वात, पित्त और कफ का संतुलन स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। कफ, जो पृथ्वी और जल तत्वों से जुड़ा है, शरीर में स्थिरता और चिकनाई प्रदान करता है। लेकिन, असंतुलन होने पर यह कई समस्याओं की वजह भी बन सकता है। इससे आलस्य, बलगम और सर्दी-खांसी के साथ वजन बढ़ने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे में कई योगासन कफ दोष को संतुलित करने में कारगर है।

आयुष मंत्रालय के अनुसार, ये योगासन नियमित करने से कफ दोष संतुलित होता है, जिससे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है। इन्हें खाली पेट और योग विशेषज्ञ की सलाह से करना चाहिए।



एक्सपर्ट बताते हैं कि कफ दोष असंतुलन कोई ऐसी समस्या नहीं है, जिसे दूर न किया जा सके। इस समस्या से पार पाने में कई योगासन प्रभावी हैं। इनमें सूर्य नमस्कार, उत्कटासन, उष्ट्रासन, धनुरासन, त्रिकोणासन, नौकासन, पवनमुक्तासन, मार्जरी-वत्सला, अधोमुख श्वानासन समेत अन्य योग शामिल हैं।

सूर्य नमस्कार 8 आसनों का समूह है, जो पूरे शरीर में ऊर्जा का संचार करता है। यह रक्त संचार को बेहतर करता है, बल्कि आलस्य कम करता है और फेफड़ों को मजबूत कर बलगम की समस्या को दूर करता है। उत्कटासन, जांघों और कूल्हों को मजबूती देता है। यह मेटाबॉलिज्म को भी तेज करता है, जिससे कफ के कारण होने वाली सुस्ती और भारीपन कम होता है। उष्ट्रासन छाती को फैलाता है, जिससे श्वसन तंत्र मजबूत होता है। यह बलगम को कम करने और सांस लेने की प्रक्रिया को बेहतर बनाने में मददगार है। इसके साथ ही त्रिकोणासन शरीर से कफ को निकालने में सहायक है। यह तनाव और चिंता को कम करता है, साथ ही पाचन तंत्र को बेहतर बनाता है।

धनुरासन छाती को फैलाता है और फेफड़ों को खोलता है, जिससे श्वसन संबंधी समस्याएं कम होती हैं। यह पेट की चर्बी घटाने और पाचन सुधारने में भी मदद करता है। वहीं, नौकासन पेट की मांसपेशियों को मजबूत करता है और पाचन तंत्र को सक्रिय कर गैस और कब्ज की समस्या को दूर करता है। वहीं, पवनमुक्तासन शरीर में जमी गैस को निकालता है और कफ के कारण होने वाली पाचन समस्याओं को ठीक करता है। वहीं, मार्जरी-वत्सला रीढ़ को लचीलापन देता है और श्वसन तंत्र को बेहतर बनाकर कफ को नियंत्रित करता है। अधोमुख श्वानासन रक्त संचार को बढ़ाता है, तनाव कम करता है और फेफड़ों को मजबूत कर कफ से राहत दिलाता है।

इसके अलावा, दिनचर्या में व्यायाम, सुबह-शाम वॉक करना, डांस जैसी गतिविधियों को शामिल कर रक्त संचार, गर्मी और ऊर्जा के स्तर को बढ़ाकर कफ दोष को संतुलित करने में मदद मिलती है। इसके साथ ही एक्सपर्ट सही खानपान की भी सलाह देते हैं।

# दोनों मुल्कों के बीच 9 सालों से शक्कर-शर्बत के न बंटने से हुआ मेले का आकर्षण कम

■ सुरेश एस डुग्गर

## इस बार भी चमलियाल मेले में न ही दिल मिले और न ही बंटा शक्कर-शर्बत



- **चर्म रोगों से मुक्ति पाने के लिए सिर्फ हिन्दुस्तानी जनता ही इस दरगाह पर मांगती है मन्नत**
- **सीमा के इस ओर मेले में डेढ़ लाख के करीब लोग शामिल**

**चमलियाल सीमा चौकी (जम्मू सीमा से),** 26 जून (देशबन्धु)। चमलियाल सीमा चौकी पर हर साल सच में यह अद्भुत नजारा होता था जब सीमा पर बंदूकें शांत होकर झुक जाती थीं और दोनों देशों की सेनाएं शक्कर व शर्बत बांटने के पूर्व की औपचारिकताएं पूरी करने में जुट जाती थीं। और जीरो लाइन पर जैसे ही बीएसएफ के अफसर पाक रेंजरों अफसरों को गले लगाते थे तो यूं महसूस होता था कि जैसे समय रुक गया। समय रुकता हुआ नजर इसलिए आता था ताकि इस एतिहासिक क्षण को कैमरों में कैद किया जा सके। पर पाक रेंजरों के अड़ियल रवैये ने इस नजारे से लोगों को लगातार 9वीं बार वंचित रखा है।

यही कारण था कि हिमाचल के धर्मशसाला से आने वाले अरूण ठाकुर और दिल्ली से आए नीतिन शर्मा पहली बार चमलियाल मेले में आए तो सही लेकिन उन्हें निराशा ही हाथ लगी। वे इस मेले के प्रति कई सालों से सुन रहे थे और पहली बार आने पर उन्हें मालूम हुआ कि इस बार भी दोनों मुल्कों के बीच शक्कर और शर्बत का आदान प्रदान नहीं हुआ जो इस मेले का मुख्य आकर्षण हुआ करता था और लगातार 9वें साल यह परंपरा टूट गई। अगर स्पष्ट शब्दों में कहें तो चमलियाल मेला एक साथ खड़े, एक ही बोली बोलने वालों, एक ही पहनावा डालने वालों, एक ही हवा में सांस लेने वालों तथा एक ही आसमान के नीचे खड़े होने वालों को एक कटु सत्य के दर्शन भी करवाता रहा है कि चाहे सब कुछ एक है मगर उनकी घड़ियों के समय का अंतर हमेशा यह बताता था कि दोनों की राष्ट्रीयता अलग अलग है। हालांकि यह कल्पना भी रोमांच भर देने वाली होती थी कि एक ही बोली बोलने, एक ही हवा में सांस लेने वाले अपनी घड़ियों के समय से पहचाने जाते थे जब कि दोनों दोनों अलग अलग देशों से संबंध रखने वाले होते थे जिन्हें अदृश्य मानसिक रेखा ने बांट रखा है। जम्मू से करीब 45 किमी की दूरी पर रामगढ़ सेक्टर में एक बार फिर इस नजारे को देखने की खातिर हजारों की भीड़ को निराशा ही हाथ लगी। मेले की शक्ल ले चुके बाबा चमलियाल के मेले की तैयारी में लोग दो दिनों से जुटे हुए थे। विभिन्न प्रकार के स्टाल और झूले लगे हुए थे उस भारत-पाक सीमा पर जहां पिछले महीने आपरेशन सिंदूर के दौरान गोलों की बरसात हुई थी। आधिकारिक रिकार्ड के मुताबिक आजादी के बाद से ही यह मेला लगता है। इतना ही नहीं रामगढ़ सेक्टर के चमलियाल उप-सेक्टर में चमलियाल सीमा चौकी पर स्थित बाबा दिलीप सिंह मन्हास की समाधि के दशनार्थ पाकिस्तानी जनता भारतीय सीमा के भीतर भी आती रही है। लेकिन यह सब 1971 के भारत-पाक युद्ध तक ही चला था क्योंकि उसके बाद संबंध ऐसे खट्टे हुए कि आज तक खटास दूर नहीं हो सकी। यह दरगाह चर्म रोगों से मुक्ति के लिए जानी जाती है जहां की मिट्टी तथा कुएं के पानी के लेप से चर्म रोगों से छुटकारा पाया जा सकता है। असल में यहां की मिट्टी तथा पानी में रासायनिक तत्व हैं और यही तत्व चर्म रोगों से मुक्ति दिलवाते हैं।

ऐसा भी नहीं है कि चर्म रोगों से मुक्ति पाने के लिए सिर्फ हिन्दुस्तानी जनता ही इस दरगाह पर मन्नत मांगती है बल्कि इस दरगाह की मान्यता पाकिस्तानियों में अधिक है। यह इससे भी स्पष्ट होता है कि सीमा के इस ओर जहां मेला मात्र एक दिन था और उसमें डेढ़ लाख के करीब लोग शामिल हुए थे, वहीं सीमा पार सियालकोट सेक्टर में सैदांवाली सीमा चौकी क्षेत्र में सात दिनों से यह मेला चल रहा था जिसमें हजारों के हिसाब से नहीं बल्कि लाखों की गिनती से श्रद्धालु आए थे। इसी श्रद्धा का परिणाम था कि जब सुश्री बेनजीर भुट्टो पाकिस्तान की प्रधानमंत्री बनीं तो उन्होंने दरगाह क्षेत्र को पाकिस्तानियों को देने का भारत सरकार से आग्रह कर डाला और बदले में छम्ब का महत्वपूर्ण क्षेत्र देने की बात कही थी।

रायपुर, शुक्रवार 27 जून 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# शुभांशु शुक्ला से क्या पूछेंगे मोदीजी

41 साल बाद एक बार फिर भारत के अंतरिक्ष यात्री के कदम अंतरिक्ष की तरफ बढ़े हैं। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अन्य तीन अंतरिक्ष यात्रियों के साथ बुधवार को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की तरफ बढ़े, तो इतिहास रचने के इस पल के करोड़ों लोग साक्षी बने। भारत में कानपुर में जहां शुभांशु शुक्ला की पढ़ाई हुई है, वहां बाकायदा व्योमोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सैकड़ों स्कूली बच्चे शामिल हुए।

इससे पहले 1984 में भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री विंग कमांडर राकेश शर्मा ने अंतरिक्ष यात्रा की थी। तब सोवियत रूस के साथ भारत के एक संयुक्त मिशन के तहत राकेश शर्मा आठ दिनों की अंतरिक्ष यात्रा पर गए थे। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के साथ उनका ऐतिहासिक संवाद आज भी रोमांचित करता है। अंतरिक्ष में बैठे राकेश शर्मा से इंदिरा गांधी ने पूछा था कि अंतरिक्ष से भारत कैसा दिखाई देता है और जवाब में राकेश शर्मा ने कहा था– सारे जहां से अच्छा।

इस अद्भुत संवाद की याद इसलिए भी आई क्योंकि शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष यात्रा पर राकेश शर्मा का एक रिकार्ड किया हुआ पॉडकास्ट रक्षा मंत्रालय ने जारी किया है, जिसमें राकेश शर्मा से पूछा गया कि अंतरिक्ष से दुनिया और भारत को देखकर उन्हें कैसा महसूस हुआ, तो उन्होंने कहा, 'ओह डियर! बहुत सुंदर।' हालांकि राकेश शर्मा ने यह भी कहा कि अंतरिक्ष यात्रा की तकनीक बदल गई है, लेकिन इंसान ज्यादा नहीं बदले हैं। अंतरिक्ष में जाने से सोच बदल जाती है। इंसान दुनिया को एक अलग तरीके से देखने लगते हैं। उन्हें समझ आता है कि ब्रह्मांड कितना बड़ा है।'

वहीं शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष यात्रा पर वायुसेना ने एक्स पर पोस्ट किया है कि 'पृथ्वी से बाहर तिरंगा लहराने वाले स्क्वाड्रन लीडर राकेश शर्मा के मिशन के 41 साल बाद यह भारत के लिए अद्भुत क्षण आया है। यह एक मिशन से कहीं बढ़कर है – यह भारत की निरंतर बढ़ती क्षमताओं की पुष्टि करता है।'

भारत के लिए यह वाकई गर्व की बात है कि एक बार फिर से अंतरिक्ष यात्रियों की सूची में भारतीय का नाम दर्ज हो गया है। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी शुभांशु शुक्ला से बात कर सकते हैं। वैसे हाल में कई ऐसे मौके आए हैं, जिनमें इसरो के अभियानों में श्री मोदी महत्वपूर्ण क्षणों में खुद उपस्थित रहने की कोशिश करते हैं। चंद्रयान सफल हुआ था, तो श्री मोदी के हाथ में छोटा सा तिरंगा लेकर लहराने का दृश्य भी याद है। अब सवाल यह है कि अगर प्रधानमंत्री मोदी शुभांशु शुक्ला से बात करते हैं तो उनका सवाल क्या होगा। क्या वे भी इंदिरा जी की तरह– भारत कैसा दिखाई देता है, यह पूछेंगे, या कोई नया सवाल लाएंगे, जिसमें राष्ट्रवाद की झलक भी दिखे।

बहरहाल, शुभांशु शुक्ला ने अंतरिक्ष से अपना नमस्कार धरतीवासियों को भेजा है और एक संदेश में उन्होंने बताया है कि किस तरह अंतरिक्ष में रहने के लिए बच्चों की तरह उन्हें सारी चीजें फिर से सीखनी पड़ रही हैं। शुभांशु अपने साथ हंस का एक सॉफ्ट टॉय भी लेकर गए हैं। उनका कहना है कि भारतीय संस्कृति में हंस को ज्ञान, शुद्धता और अनुग्रह का प्रतीक माना जाता है। यह माता सरस्वती का वाहन है, जो विद्या और बुद्धि की देवी हैं। हंस में दूध और पानी को अलग करने की अनोखी क्षमता होती है, जो शुद्धता और ज्ञान का प्रतीक है। इस खिलौने को 'जॉय' नाम दिया गया है। शुभांशु शुक्ला का कहना है कि जॉय को साथ ले जाना मुझे मेरे मूल्यों और संस्कृति से जोड़े रखता है। यह मिशन मेरे लिए सिर्फ एक वैज्ञानिक यात्रा नहीं, बल्कि 1.4 अरब भारतीयों की आकांक्षाओं का प्रतीक है। बता दें कि हल्के खिलौनों को अंतरिक्ष में साथ ले जाने की पुरानी रवायत रही है। इनसे पता चलता है कि यान में कब शून्य गुरुत्वाकर्षण हो गया है। हालांकि इस बार खिलौने को भारतीय संस्कृति से अंतरिक्ष यात्री ने जोड़ा है। नीर-क्षीर विवेक की बात कहकर शुभांशु शुक्ला ने बता दिया है कि हमारे पुरखों की सोच और दृष्टि कितनी व्यापक, पैनी और साथ-साथ उदार भी थी। लेकिन अभी जिस तरह से भारतीय संस्कृति का गुणगान किया जाता है, उसमें एक संकीर्णता नजर आती है, जो चिंतित करती है।

ज्ञान और बुद्धि के लिए मां सरस्वती को याद करना, शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष यात्रा को भारत की बढ़ती क्षमताओं का प्रतीक बताना, यह सब तो ठीक है। लेकिन यह वक्त खुद से कुछ सवाल करने का भी है। मसलन, भारत से दूसरे अंतरिक्ष यात्री को जाने में 41 बरस का लंबा वक्त क्यों लगा। क्यों अब भी हमें विदेशी संस्थानों की मदद से अंतरिक्ष यात्रा करनी पड़ रही है। शुभांशु शुक्ला के बाद तीसरे अंतरिक्ष यात्री के लिए भारत को कितना इंतजार करना होगा।

बेशक राकेश शर्मा और शुभांशु शुक्ला के अलावा कल्पना चावला और सुनीता विलियम्स भी अंतरिक्ष में गए हैं, लेकिन वे अमेरिकी नागरिक के तौर पर गए। भारत ने पहली बार सोवियत रूस की मदद से अपने अंतरिक्ष यात्री को भेजा, तब आजादी को 37 साल ही हुए थे, हालांकि नेहरूजी की प्रेरणा और विक्रम साराभाई, होमी जहांगीर भाभा जैसे दूरदृष्टा वैज्ञानिकों के कारण भारत में अंतरिक्ष और विज्ञान अनुसंधान के श्रेष्ठ संस्थानों की स्थापना हो चुकी थी और देश में ज्ञान-विज्ञान की नयी लहर बह रही थी। इस लहर को और ऊंचा उठाने की जगह राजनैतिक स्वार्थों की रूकावटें डाली गईं, संस्कृति और धर्म के नाम पर रुढ़िवादिता को बढ़ावा मिला। उसी का नतीजा है कि दूसरा अंतरिक्ष यात्री 4 दशक के लंबे वक्त के बाद गया और वह भी अमेरिकी निजी संस्थान की मदद से।

अमेरिका की एक्सियोम कंपनी के निजी मिशन का हिस्सा बनकर शुभांशु शुक्ला अंतरिक्ष गए हैं। इस मिशन में 3 अन्य अंतरिक्ष एजेंसियां नासा, इसरो और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी भी शामिल हैं। यह मिशन एक्सियोम कंपनी के व्यावसायिक स्पेस स्टेशन की लॉन्चिंग का हिस्सा है। एक्सियोम कंपनी भविष्य में कमर्शियल स्पेस स्टेशन स्थापित करने की तैयारी में है। इस अभियान की सफलता से अंतरिक्ष पर्यटन के द्वार खुलेंगे। जहां तक भारत की बात है तो 2027 में लॉन्च होने वाले इसरो के गगनयान मिशन पर इस अभियान का असर देखने मिलेगा।

लेकिन अंतरिक्ष कार्यक्रमों में दुनिया के दूसरे देशों से आगे निकलना है तो उसके लिए अकेले इसरो पर सारी जिम्मेदारी नहीं छोड़ी जा सकती। न ही व्योमोत्सव जैसे कार्यक्रम बच्चों में वैज्ञानिक नजरिया भर सकते हैं। इसके लिए फिर से वही तैयारी करने की जरूरत है, जो नेहरूजी ने आजादी के बाद शुरु की थी।

# प्राथमिक छात्रों को सैन्य प्रशिक्षण देने का महाराष्ट्र सरकार का निर्णय अनुचित

■ डॉ. अरुण मित्रा

महाराष्ट्र सरकार द्वारा कक्षा 1 से कक्षा 5 तक के छात्रों को सैन्य प्रशिक्षण देने का निर्णय बेतुका, खतरनाक और शिक्षा के मूल सिद्धांतों के विरुद्ध है। राज्य के शिक्षा मंत्री दादा भूसे ने कहा कि कक्षा एक से बच्चों को सैन्य प्रशिक्षण देने का विचार 'युवा शिक्षार्थियों में कम उम्र से ही देशभक्ति, अनुशासन और शारीरिक फिटनेस' को बढ़ावा देना है। हालांकि यह बच्चे की देखभाल के किसी भी पहलू पर लागू नहीं होता है। यह बाल विकास के प्रति मानवतावादी दृष्टिकोण के विरुद्ध है।

महाराष्ट्र सरकार द्वारा इस तरह से बच्चों के दिमाग को अनुशासित करना कुछ मनोवैज्ञानिकों द्वारा प्रतिपादित इस अवधारणा पर आधारित है कि बच्चों पर सहज प्रेम बरसाने के बजाय उन्हें नियंत्रित, अलग-थलग और प्रशिक्षित किया जाना चाहिए। इस कम उम्र में उन्हें सैन्य प्रशिक्षण में धकेलना अनुशासन के नाम पर उनके दिमाग में बैरक जैसे विचार भरना है।

नैदानिक मनोवैज्ञानिक डॉ. परम सैनी के अनुसार 'ये विचार 18वीं और 19वीं सदी के सामाजिक मानदंडों से प्रभावित थे जिन्हें अब काफी पुराना माना जायेगा। आधुनिक पालन-पोषण स्नेह, गर्मजोशी, पोषण, सहानुभूति, सकारात्मक सुदृढ़ीकरण, सुरक्षित लगाव आदि को महत्व देता हैऔर इन्हें अब स्वस्थ भावनात्मक और सामाजिक कौशल विकसित करने के लिए आवश्यक माना जाता है।' माता-पिता और परिवार द्वारा इन्हें प्रदान किया जाना चाहिए और स्कूलों में शिक्षकों द्वारा सुदृढ़ किया जाना चाहिए। बच्चों को एक-दूसरे के साथ घुलने-मिलने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। साथियों के साथ खेलना, चर्चा करना, बहस करना हमेशा विकास का एक स्वस्थ संकेत है। यही कारण है कि हम कई बार देखते हैं कि बच्चे एक-दूसरे से झगड़ते हैं लेकिन जल्द ही दोस्त बन जाते हैं।

शिक्षा का उद्देश्य एक ऐसे व्यक्ति का विकास करना है जो तर्कसंगत रूप से सोच सके और घटनाओं का विश्लेषण कर सके। उसे समाज, परिवार और राज्य द्वारा बतायी गयी बातों का पालन करने की आवश्यकता नहीं है। बच्चे का दिमाग खाली होता है और उसे सकारात्मक मूल्यों से भरना होता है। इस छोटी उम्र में सैन्य जैसा अनुशासन लागू करने का विचार ही बच्चों में रचनात्मक विचारों, तर्कसंगत सोच और जिज्ञासा को नष्ट कर देगा। सैन्य कर्मियों द्वारा छोटी उम्र में बच्चों को अनुशासित करने से उनकी रचनात्मकता अवरुद्ध हो जायेगी और वे आज्ञाकारी अधीनस्थ की तरह सोचने लगेंगे।

> मनोचिकित्सक डॉ. एस के प्रभाकर ने कहा कि अनुशासन को लागू नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि आर्थिक स्थिति, जाति, पंथ, लिंग और शैक्षिक स्थिति के बावजूद दूसरों के प्रति प्रेम और सम्मान के विचारों के माध्यम से उन्हें विकसित किया जाना चाहिए। सेवानिवृत्त सैन्य कर्मियों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान करना जो बहादुर सैनिक हैं, लेकिन बच्चों को शिक्षित करने के तरीके के बारे में बहुत कम जानते है।

इस उम्र में कोमल मन कई प्रश्नों से भरा होता है जिनका उत्तर उसके व्यक्तित्व के विकास के लिए दिया जाना चाहिए। बच्चे द्वारा उठाये गये किसी भी प्रश्न को अनदेखा करने से विकासशील मन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। चूंकि बच्चे के लिए आस-पास की बहुत सी चीजें या घटनाएं बहुत नयी होती हैं, इसलिए उसे सवाल पूछने और संदेहों को स्पष्ट करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। बच्चे को प्रकृति के प्रति प्रेम विकसित करना, उसका संरक्षण और संवर्धन करना, प्रकृति के उत्पादों के साथ खेलना सिखाना चाहिए। जिज्ञासा को शांत करना और तर्कसंगत विश्लेषणात्मक सोच विकसित करना माता-पिता और शिक्षकों का कर्तव्य है। स्कूली छात्रों के प्रारंभिक वर्षों के लिए दुनिया भर में कई शिक्षा कार्यक्रम पहले से ही तैयार किये गये हैं।

मनोचिकित्सक डॉ. एस के प्रभाकर ने कहा कि अनुशासन को लागू नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि आर्थिक स्थिति, जाति, पंथ, लिंग और शैक्षिक स्थिति के बावजूद दूसरों के प्रति प्रेम और सम्मान के विचारों के माध्यम से उन्हें विकसित किया जाना चाहिए। सेवानिवृत्त सैन्य कर्मियों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान करना जो बहादुर सैनिक हैं, लेकिन बच्चों को शिक्षित करने के तरीके के बारे में बहुत कम जानते हैं, बच्चे के व्यवहार के लिए जोखिम भरा होगा। बच्चे कल्पनाओं और एक काल्पनिक दुनिया में रहते हैं। धीरे-धीरे वे वास्तविक दुनिया के मामलों के बारे में सीखते हैं। सैन्य प्रशिक्षण के तहत वे काल्पनिक दुश्मन के विचारों के साथ रहते हैं और कैसे उन्हें पराजित करें या मारें इसकी योजना बनाते हैं। ऐसे बच्चे अपने साथियों के प्रति भी हिंसक चरित्र विकसित कर सकते हैं।

कुछ दशक पहले बच्चे जानवरों, पेड़ों, पहाड़ों आदि जैसे प्रकृति पर आधारित खिलौनों से खेलते थे। पुराने खेल बच्चों को बंदूक संस्कृति से दूर रखती थीं। परन्तु आजकल के खिलौने, यहां तक कि होली खेलने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले रंग भी बंदूक की तरह काम करते हैं। वीडियो गेम जिसमें बच्चे गोली चलाना और मारना सीखते हैं, खतरनाक भूमिका निभा रहे हैं। इससे समाज में हिंसा में वृद्धि हुई है। अमेरिका में जहां बंदूकें खुलेआम उपलब्ध हैं, वहां स्कूली बच्चों द्वारा गोली चलाने के कई मामले देखने को मिलते हैं।

शिक्षा का उद्देश्य बच्चे को मौलिक विचार, तर्क, विवेक और अवलोकन विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस तरह बच्चा अपना व्यक्तित्व विकसित करता है। कम उम्र में सैन्य प्रशिक्षण इन सब में बाधा डालेगा। हालांकि यह शासक वर्ग के उद्देश्य को पूरा कर सकता है ताकि बच्चे में घृणा, हिंसा और बदले की भावना से भरा एक विशिष्ट मन विकसित हो सके। हमारे वर्तमान समाज में जहां पहले से ही सांप्रदायिक घृणा, जाति और लिंग पूर्वाग्रह को हाल के वर्षों में बढ़ावा दिया गया है, बच्चे की ऐसी मानसिकता सामाजिक सद्भाव को और खराब करेगी। दुनिया भर में चल रहे युद्धों के संदर्भ में बच्चों में प्रेम, देखभाल, सहानुभूति और सामूहिकता के विचारों को विकसित करना और भी महत्वपूर्ण है।

# प्रकृति का पर्यावरण

■ संदीप जोशी

जनता सत्ता के राष्ट्रवाद में सराबोर है, लेकिन क्या वह उतना ही समाज में किए जाने वाले रचनात्मक कार्यों के प्रति भी सजग है? समाज ने अपने रचनात्मक कार्य भी सत्ता के भरोसे छोड़ दिए हैं। आज हमारा धर्म, हमारा व्यवहार व व्यापार और हमारे पर्यावरण तक को सत्ता ही परिभाषित कर रही है। यहां तक कि हम अपने हर विचार व व्यवहार के लिए सत्तानीति पर आश्रित हैं। 'डबल इंजन' सरकार का सिंगल अजेंडा यही है कि सत्ता कायम कैसे रखी जाए। क्यों हर साल एक बार 'विश्व पर्यावरण दिवस' मनाकर साल भर प्रकृति के साथ सहजीवन का तिरस्कार होता रहता है?

इस साल भी यही हुआ। समाज में विकास की तेज रफ्तार के लिए जनता द्वारा किए जाने वाले रचनात्मक कार्यक्रमों को फिर भुलाया गया। सत्ता तेज रफ्तार के विकास का स्वांग तो जनता को भरमाने या हैरान करने के लिए रचती है। आज हर तरफ मंडराते युद्ध के कारण जो जीवन, धन व वन का क्षय हो रहा है उसमें सत्ता के कुछ सिरफिरों के लिए हमारा पर्यावरण नगण्य हो गया है और हमने भी पर्यावरण के प्रति अपने उत्तरदायित्व को भुला दिया है। हम भी तेज विकास की रफ्तार में अपनी गाड़ी को दौड़ाते हुए पर्यावरण की अनदेखी और उत्तरदायित्व की नासमझी कर रहे हैं। उसे ही विकास मान रहे हैं। जो भी हमारे इस तेज रफ्तार विकास के आड़े आ रहा है उसको हम जलवायु परिवर्तन के बहाने से छुपाने, ढांकने में लगे हैं।

> हमारे शहरों को 'ड्रीम सिटी' बनाने का सपना दिखाया गया। भारत में ही लंदन, पेरिस, न्यूयॉर्क व सिंगापुर बनाने का वादा किया गया। इसके लिए हर बड़े शहर के मुहाने पर कचरे के पहाड़ खड़े कर दिए गए। मानें या न मानें, सपनों के शहर की आकांक्षा में हमारे पर्यावरण का संकट हमने ही रचा है। हमारे द्वारा किए गए कचरे से हमारी सेवा करने वाले हमारे लिए नए पहाड़ बना रहे हैं।

खबर आई कि हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय पर्यटन स्थल कसौल के जंगलों में पर्यटन से उपजा, आसपास के कई सौ होटलों का कचरा जंगल के मुहाने पर डाला जा रहा था। सवाल उठे तो उस कचरे को कई ट्रकों में भरकर संरक्षित जंगल के और अंदर बेशर्मी से ले जाकर छुपाया गया। उस पर मिट्टी डाल दी गयी। शहरों में तो ऐसे कचरे के पहाड़ बन ही रहे हैं, मगर अब पहाड़ों में भी कचरे के शहर बनने की शुरुआत हो गयी है। सुविधा संपन्न सत्ता ऐसे ही विकास के नाम पर समाज को ठगती व लूटती है। हम आज इतना कचरा पैदा कर रहे हैं जितना सहेज नहीं सकते। कचरा हम कर रहे हैं और उसको सहेजने का जिम्मा दूसरों पर डाल रहे हैं। क्या सत्ता के लिए पर्यटन ही एक मात्र विकास का पैमाना हो गया है?

हमारे शहरों को 'ड्रीम सिटी' बनाने का सपना दिखाया गया। भारत में ही लंदन, पेरिस, न्यूयॉर्क व सिंगापुर बनाने का वादा किया गया। इसके लिए हर बड़े शहर के मुहाने पर कचरे के पहाड़ खड़े कर दिए गए। मानें या न मानें, सपनों के शहर की आकांक्षा में हमारे पर्यावरण का संकट हमने ही रचा है। हमारे द्वारा किए गए कचरे से हमारी सेवा करने वाले हमारे लिए नए पहाड़ बना रहे हैं। हम उन पहाड़ों को अनदेखा कर, छोड़कर हिमाचल, उत्तराखंड, कश्मीर व अन्य जगहों के पहाड़ों पर पर्यटन करने जा रहे हैं।

हम एक तरफ अपनी नदियों में औद्योगिक कचरा जाने दे रहे हैं और दूसरी तरफ, पहाड़ों की नदियों का सौंदर्य भोगना चाहते हैं। वहां के तालाब, ताल व झरने देखने जाते हैं और अपने यहां इन्हीं में कचरा भरने व इन पर मॉल बनने दे रहे हैं। सत्ता ने भी इन्हीं दूरदराज के स्थानों को पर्यटन के पैसे व आय से देखना शुरू कर दिया है। आज प्रतिवर्ष 6.2 करोड़ टन कचरा पैदा करते हैं जिसमें से मुश्किल से 20 प्रतिशत को ही वैज्ञानिक तरीके से सहेजा जा रहा है। इसी तेज रफ्तार विकास के सपने के कारण हम अपनी समस्याओं को जलवायु परिवर्तन के बहाने से छुपाते हैं।

सृष्टि के इतिहास में ऐसा कोई समय दर्ज नहीं है जब जलवायु परिवर्तन नहीं हो रहा हो या न हुआ हो। परिवर्तन ही सृष्टि की परंपरा रही है। आज बस उसकी गति हमारी लालसा के कारण तेज हो गयी है। यही तेज रफ्तार लालसा या आकांक्षा सृष्टि के हर पहलू को प्रभावित कर रही है। सांस लेने वाली हवा से लेकर बदलते मौसम तक को हम देख रहे हैं, मगर क्या समझ भी पा रहे हैं? सबसे पहले महात्मा गांधी ने ही आगाह किया था, 'धरती पर सभी की जरूरत के लिए पर्याप्त है, मगर एक के भी लालच के लिए कम है।' क्या इस विचार पर 'विश्व पर्यावरण दिवस' मनता है?

वर्षों पहले प्रकृति के प्रति संवेदना व आभार प्रकट करने का यह धार्मिक मंत्र मन में चलता व बना रहा है। 'अगर हम ऐसे जीते हैं कि हमारे जीने के मायने हैं और उससे कोई अहित नहीं हो रहा, तो कोई चिंता की बात नहीं, लेकिन अगर हम ऐसे जीते हैं कि हमारे जीने के कोई मायने नहीं हैं और अहित भी हो रहा है, तो निश्चित रूप से समाज में डर और गहन चिंतन होना ही चाहिए।ज्ज गांधीजी के लिए आजादी का आंदोलन यह मायने भी रखता था कि अहिंसा और सत्य के रास्ते राष्ट्र की सबसे छोटी इकाई को सम्मान के साथ ऊपर उठाते हुए विकास करना। समभाव के समाज के लिए व्यक्ति का वैचारिक, व्यवहारिक विकास करना। सत्ता को समाज के लिए और अधिक सार्थक बनाना।

एक छोटी किताब – 'रचनात्मक कार्यक्रम : उसका रहस्य और स्थान' – भी सेवाग्राम से बारडोली तक की रेलयात्रा में गांधीजी ने लिखी। काशीनाथ त्रिवेदी द्वारा किया गया इसका अनुवाद पहली बार सन् 1941 में छपा। स्वतंत्रता आती दिख रही थी इसलिए ये कांग्रेस की सत्तानीति के लिए और स्वतंत्रता के आंदोलन में लगे लोगों के लिए अपील थी। उस किताब में समाज कार्य के अठारह मूल विचार थे। 1. सांप्रदायिक एकता, 2. अस्पृश्यता निवारण, 3. निषेध, 4. खादी, 5. ग्रामोद्योग, 6. ग्राम स्वच्छता, 7. बुनियादी शिक्षा, 8. वयस्क शिक्षा, 9. महिलाएं, (10) स्वास्थ्य और सफाई का ज्ञान, 11. प्रांतीय भाषाएं, 12. राष्ट्रीय भाषा, 13. आर्थिक असमानता, 14. किसान, 15. मजदूर, 16. आदिवासी, 17. कुष्ठ रोगी और 18. छात्र।

सत्ता के करने के लिए और समाज की सेवा से जुड़े ये रचनात्मक कार्यक्रम गांधीजी ने नए स्वतंत्र भारत के विकास की रूपरेखा के तौर पर गढ़े थे। ये वो कार्यक्रम हैं जो समाज का हर व्यक्ति अपने स्तर पर, कहीं भी रहते हुए कर सकता है। आज कांग्रेस अपने अहिंसक आंदोलन की विरासत को और गांधी को भूल गयी है। भाजपा अपने विकास का इतिहास रचने के चक्कर में गांधी को भुला देना चाहती है। सभी को गांधी सिर्फ चुनावी वादों में याद आते हैं। जनता ही है जो अपने गांधी को सत्ता से पूछे जाने वाले सवालों के लिए अपनी अहिंसक लाठी बना सकती है। आजादी के 78 साल बाद भी इन्हीं रचनात्मक कार्यक्रमों में लगकर अपन विश्वगुरु भी बन सकते हैं। इन्हीं से अपना पर्यावरण संरक्षित रहकर संवर भी सकता है। सत्ता के राष्ट्रवाद में यही जनता का रचनात्मक धर्म होगा।

**( लेखक सामाजिक कार्यकर्ता हैं। )**

## ललित सुरजन की कलम से



### कोयला घोटाला : कुछ प्रश्न

*'एनडीटीवी पर भले ही मध्यावधि चुनाव के लिए जनमत सर्वेक्षण का प्रपंच रच रहा हो, हमें नहीं लगता कि भाजपा सहित कोई भी पार्टी और कोई भी लोकसभा सदस्य मध्यावधि चुनाव के लिए उत्सुक या तैयार हैं। भाजपा के सामने यह दुविधा भी है कि 2014 में उसकी ओर से प्रधानमंत्री पद का दावेदार कौन होगा? भारत का कारपोरेट जगत शायद नरेन्द्र मोदी को आगे लाना चाहेगा, संघ परिवार की पहली पसंद शायद नितिन गडकरी होंगे, लेकिन फिर आडवानी जी का क्या होगा? क्या नरेन्द्र मोदी उन्हें गांधीनगर से जीतने देंगे? भाजपा ही नहीं, अन्य दलों में भी एक असमंजस की स्थिति उभरेगी। एनडीए के संयोजक और गंभीर संसदवेत्ता शरद यादव क्या नीतीश कुमार के लिए अपना दावा छोड़ देंगे? क्या मुलायम सिंह चुपचाप बैठेंगे? ऐसे बहुत से प्रश्न हैं, लेकिन फिलहाल इतना कहकर बात खत्म करना होगी कि कांग्रेस के पास स्पष्ट बहुमत का अभाव, वाणिज्यिक घरानों की राजनीति में निरंतर बढ़ती दिलचस्पी और अनियंत्रित पूंजीवादी नीतियों के चलते ही यह अवांछनीय और अस्वस्थ वातावरण निर्मित हुआ है।'*

**( देशबन्धु में 6 सितम्बर 2012 को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2012/09/blog-post.html

## पावन प्रसंग

### नशा नाश की जड़ है

नशा करने की आदत यद्यपि प्राचीन काल से समाज में चली आ रही है, पर उसका कारण सदैव अज्ञान और मानसिक दुर्बलता रहा है। नशा कैसा भी हो शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डालता है। अधिक दिनों तक तंबाकू का सेवन करने से या शराब का प्रयोग अधिक बढ़ जाने से मनुष्य की मानसिक शक्ति को भी बहुत हानि पहुंचती है। मनुष्य का चरित्र दृढ़ता, धैर्य, साहस आदि बहुत कुछ मनोबल पर निर्भर होता है। जब उनकी कोमलता और लचक कम पड़ जाती है, तो इसका कुप्रभाव मनुष्य की मेधा, बुद्धि, प्रतिभा पर पड़ता है और उसका स्वभाव दूषित होता जाता है। शास्त्रों में प्रत्येक नशे को तमोगुण का वृद्धिकर्ता और पाप का उत्पादक बतलाया है। उसका कारण यही है कि नशे के प्रभाव से मन की हीन प्रवृत्तियां जोर पकड़ती हैं और मनुष्य अधर्म की तरफ झुकने लगता है। वासना की अधिकता के साथ ही उसका क्रोध भड़कने लगता है और दया, कोमलता, करुणा की वृत्तियां क्षीण होने लगती हैं।

इस प्रकार नशेबाज लोगों का स्वभाव ऐसा रूखा और स्वार्थी हो जाता है कि अनेक बार वे छोटे-मोटे कारणों पर मरने-मारने को उतारू हो जाते हैं। समाचारपत्रों में प्राय: ऐसी घटनाएं पढ़ने में आया करती हैं कि नशे के वशीभूत आत्मिक दंड आत्मा की अवनति है। शारीरिक दंड, होकर लोगों ने अपने स्त्री-बच्चों की ही हत्या कर डाली या किसी जान-पहचान वाले से जरा-सी बात पर बिगड़कर खून-खच्चर कर बैठे। इस तरह नशा मनुष्य को मानवीय गुणों से गिराकर एक हिंसक पशु के समकक्ष पहुंचा देता है। उससे किसी की भलाई या समाज के हित की कोई आशा नहीं रहती। अपने व्यसन की पूर्ति के लिए वह बुरे-से-बुरा काम करने में भी संकोच नहीं करता।

नशा से होने वाले नैतिक, चारित्रिक, मानसिक पतन को दृष्टिगत रखकर धर्मशास्त्रों ने भी उनकी बड़ी निंदा की है और जगह-जगह यही कहा है कि नशा करना एक बड़ा दुष्कर्म है, जिसके फल से मनुष्य को अवश्य ही नरक जाना पड़ता है। कहा गया है कि यदि भूल से, धोखे से मदिरा पी ली जाए तो उसका प्रायश्चित करने से मनुष्य शुद्ध हो सकता है, पर जो जान-बूझकर उसका उपयोग करता है, उसका प्रायश्चित प्राणत्याग के सिवाय और कुछ नहीं है।

जब हम शास्त्रों के इन वचनों को पढ़ते हैं और उसके साथ ही हिंदू समाज में धर्म के नाम पर जीवन-निर्वाह करने वाले कुछ 'साधु' और 'बाबा' नामधारी व्यक्तियों के आचरणों को देखते हैं, तो हमारे आश्चर्य का ठिकाना नहीं रहता। शास्त्र जिस चीज को पाप का मूल बतलाकर रोकते हैं, उसी काम को ये धर्म के रक्षक बनने वाले कुछ बाबाजी खुल्लम-खुल्ला करते हैं। वे स्वयं ही ऐसा नहीं करते, वरन उनके पास जो गृहस्थ, युवक, प्रौढ़ व्यक्ति आते है, उनको भी नशा की प्रेरणा देते हैं। वे नशे को भी धर्म का एक अंग बताकर सीधे-साधे लोगों में उसका प्रचार करते हैं। ऐसे लोगों के यहां प्राय: गांजा का दम लगा करती है और सर्वसाधारण को इसकी लत वहीं से लगती है। जहां तक हो सके किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहना चाहिए।

**–युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

### भारतीय अंतरिक्ष यात्री ने दुनिया में देश का नाम किया रोशन

अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन शुभांशु शुक्ला की उड़ान ने भारत का सीना चौड़ा कर दिया है। यह भारत के स्वाभिमान की यात्रा है। जो 41 साल बाद अंतरिक्ष में तिरंगा लहराया जा रहा है। देश के 140 करोड़ जनता के गौरव की बात है। भारत पिछले सालों से लगातार कामयाबी की चौखट चूम रहा है। सफलता कदम चूम रही है। यह हौसलों की उड़ान है। भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा के बाद शुभांशु शुक्ला दूसरे भारतीय अंतरिक्ष यात्री बने है।शुभांशु शुक्ला के परिवार को बधाई और शुभकामनाएं दी जा रही है। यह छोटी कामयाबी नहीं है। अथक मेहनत के बाद यह स्थान प्राप्त करने के लिए शुक्ला ने रात-दिन एक किया है। यह देशवासियों की कामयाबी है,जो सपने संजोए रहते हैं और आखिरकार सपने सफल भी होते दिखाई दे रहे है। ऐक्सिओम के चार अंतरिक्ष यात्रियों ने उड़ान भरी है। अंतरिक्ष यात्री पूर्व मिशन ऐक्सिओम का हिस्सा है। यह पल रोमांचित करने वाला है जिस स्कूल में शुभांशु शुक्ला ने प्राथमिक शिक्षा ग्रहण की,लखनऊ के उसी स्कूल से अपने अभिभावकों से आशीर्वाद ग्रहण किया। ऐतिहासिक उड़ान के गवाह बने शुक्ला ने लखनऊ का नाम ही रोशन नहीं किया है। पूरे भारतवर्ष का नाम देदीप्यमान किया है। जिसके लिए फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस से उड़ान भरी है। अपने पुत्र को अंतरिक्ष यात्रा के लिए रवाना कर मां के आंसू नहीं थम रहे। शुभांशु शुक्ला ने गांव ,स्कूल माता-पिता और अपने शिक्षकगण को भी गौरव प्रदान किया है। जिसकी उनको कभी कल्पना भी नहीं थी। एमटेक की डिग्री प्राप्त शुभांशु शुक्ला 2006 में भारतीय वायुसेना का हिस्सा बने थे। आज पूरी दुनिया में इनका नाम जुबान पर है। भारत के गौरवशाली अतीत का वो सपना आज साकार होता दिखाई दे रहा है।

**– कांतिलाल मांडोत, सूरत**

# देश विदेश

## लॉरेंस बिश्नोई गिरोह को आतंकी संगठन घोषित करे सरकार : ब्रेंडा लॉक

**नई दिल्ली,** 26 जून (एजेंसियां)। कनाडा के सरे शहर की मेयर ब्रेंडा लॉक ने संघीय सरकार से अपील की है कि वह लॉरेंस बिश्नोई गिरोह को आतंकी संगठन घोषित करे। उन्होंने उन सभी आपराधिक गिरोहों को भी आतंकवादी संगठन घोषित करने की मांग की है, जो दक्षिण एशियाई मूल के कनाडाई नागरिकों को निशाना बनाकर जबरन वसूली और हिंसा में शामिल हैं। कनाडाई मीडिया के अनुसार, मेयर ब्रेंडा लॉक ने कहा कि बिश्नोई गिरोह को आतंकी संगठन घोषित करने से कानून प्रवर्तन एजेंसियों को संगठित अपराध के नेटवर्क से लड़ने और स्थानीय नागरिकों व व्यवसायों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

डोनाल्ड ट्रंप ने नेतन्याहू के खिलाफ चल रहे मुकदमे को खत्म करने की उठाई मांग, कहा

# राजनीति से प्रेरित मामले 'हॉरर शो' को तुरंत खत्म होना चाहिए

■ **ट्रंप ने नेतन्याहू को महान नायक बताकर माफी देने पर दिया जोर**

**बिबी नेतन्याहू और मैंने एक साथ नरक जैसी स्थिति का सामना किया है, वो भी इजरायल के पुराने दुश्मन ईरान से लड़ते हुए : डोनाल्ड ट्रंप**



**वाशिंगटन,** 26 जून (एजेंसियां)। ईरान-इजरायल के बीच युद्धविराम की घोषणा के बाद भी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार बयान दे रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू के खिलाफ भ्रष्टाचार के मुकदमे को खत्म करने की मांग की है।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर लिखा कि मुझे यह जानकर झटका लगा कि इजरायल, जिसने हाल ही में अपने इतिहास के सबसे महान क्षणों में से एक देखा और जिसका नेतृत्व बिबी नेतन्याहू मजबूती से कर रहे हैं, अपने युद्धकालीन महान प्रधानमंत्री के खिलाफ विच हंट जारी रखे हुए है। बिबी और मैंने एक साथ नरक जैसी स्थिति का सामना किया है, वो भी इजरायल के पुराने दुश्मन ईरान से लड़ते हुए, और अविश्वसनीय पवित्र भूमि के लिए बीबी का प्यार इससे बेहतर, तेज या मजबूत नहीं हो सकता था।

उन्होंने कहा कि कोई और होता तो हार, शर्मिंदगी और अराजकता का सामना करता। बिबी नेतन्याहू एक योद्धा थे। शायद इजरायल के इतिहास में कोई और योद्धा ऐसा नहीं था, और परिणाम कुछ ऐसा था जिसे कोई संभव नहीं मानता था। दुनिया के सबसे बड़े और शक्तिशाली परमाणु हथियारों में से एक का पूर्ण उन्मूलन, जो जल्द ही होने वाला था। हम इजरायल के अस्तित्व के लिए लड़ रहे थे।

## वेस्ट बैंक में इजराइली के हमले में 3 फिलिस्तीनी की मौत

**रामल्लाह।** वेस्ट बैंक के मध्य रामल्लाह के पूर्व में काफ़र मलिक शहर पर इजराइली बसने वालों के हमले में तीन फिलिस्तीनी मारे गए और सात अन्य घायल हो गए। स्थानीय स्रोतों का हवाला देते हुए डब्ल्यूएएफए ने कहा कि दर्जनों बसने वालों ने काफ़र मलिक शहर पर हमला किया और शहर में नागरिकों के वाहनों और घरों को जला दिया, जबकि शहर और आस-पास के गांवों के निवासियों ने उनका सामना करने का प्रयास किया। डब्ल्यूएएफए ने कहा कि इजरायली बलों ने बसने वालों को सुरक्षा प्रदान की, फिलिस्तीनियों पर गोलियां चलाईं और एंबुलेंस को घायलों तक पहुंचने और उन्हें ले जाने से रोका।

## ईरान में इजरायली हमलों में अब तक 627 लोगों की हुई मौत



**तेहरान।** ईरान में 13 जून से अब तक इजरायल के हवाई हमलों में कम से कम 627 लोग मारे गये हैं और 4,870 अन्य घायल हुए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के जनसंपर्क प्रमुख हुसैन करमनपुर ने 'एक्स' पर अपनी पोस्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राजधानी तेहरान और पश्चिमी ईरान के करमनशाह में सबसे अधिक लोगों की मौत हुई है और लोग घायल हुए हैं। अन्य प्रभावित प्रांतों में खुज़ेस्तान, लोरेस्तान, इस्फ़हान, मरकज़ी, पूर्वी अज़रबैजान, हमेदान, ज़ांजन और गिलान शामिल हैं।

ईरान की समाचार एजेंसी 'मेहर' ने श्री करमनपुर के हवाले से अपनी रिपोर्ट में बताया कि इजरायली हमलों में अबतक मारे गए लोगों में से 86.1 प्रतिशत की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 13.9 प्रतिशत लोगों की मौत अस्पताल ले जाते समय या वहां पहुंचने के बाद हुई। रिपोर्ट के मुताबिक इजरायली हवाई हमलों में शीर्ष सैन्य कमांडर और परमाणु वैज्ञानिक मारे गए। इनमें ईरानी परमाणु वैज्ञानिक सेदिघी सबर भी शामिल हैं, जो सोमवार को देर रात ईरान-इजरायल युद्धविराम लागू होने से कुछ समय पहले इजरायली हमले में अपने परिवार के 11 सदस्यों के साथ मारे गए। यह हमला कैस्पियन सागर के पास उत्तरी ईरानी शहर अस्तानेह अशरफीह में हुआ।

## सुडोकू 6956

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | 7 | | | | 8 | 3 |
| | 6 | 9 | 2 | | | | 7 | |
| | | | | 1 | 3 | | 2 | |
| | | | | | 1 | 2 | | |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | 2 | 9 | | | | | |
| | 5 | | 8 | 4 | | | | |
| | 4 | | | | 6 | 7 | 9 | |
| 2 | 3 | | | | 9 | | | 8 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शुक्रवार 27 जून, 2025 आषाढ़ शुक्ल पक्ष 1

### राशिफल

मेष - भावनाओं का अतिरेक आपके मन को संवेदनशील बना देगा, इसलिए किसी की वाणी और व्यवहार से आपको जल्द बुरा महसूस होगा। माता की अस्वस्थता के कारण आपको चिंता होगी। आपके सम्मान को ठेस पहुंचेगी।

वृषभ - आपकी चिंता कम होने से राहत का अनुभव होगा। आपका मन प्रेम से परिपूर्ण रहेगा। आपकी सृजनशीलता और कल्पना शक्ति में भी वृद्धि होगी। कला और साहित्य में आप अपनी कुशलता बता सकेंगे।

मिथुन - आपके निर्धारित काम पूरे होने में विलंब होगा। वित्तीय योजनाएं अच्छी तरह पूरी कर सकेंगे। स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेंगे। विद्यार्थियों की पढ़ाई के लिए दिन मध्यम रहेगा।

कर्क - आप शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। आपका आज का दिन मित्रों और स्नेहियों के साथ मौज-मस्ती में गुजरेगा। आप अत्यधिक इमोशनल रहेंगे।

सिंह - मन में अस्थिरता और भावना की दुर्बलता के कारण आप अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। गलत वाद-विवाद या चर्चाओं में न पड़ें। कानूनी मामलों में सावधानी रखें। वाणी और व्यवहार पर अंकुश रखें।

कन्या - आपकी शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहने से आपको लाभ होगा। व्यापार और नौकरी करने वाले लोगों को आर्थिक लाभ हो सकेगा। अधिकारी आपसे खुश रहेंगे इसलिए आपकी पदोन्नति हो सकती है।

तुला - आज घर और ऑफिस में अच्छा वातावरण मिलने के कारण आप खुश होंगे। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। नौकरी करने वाले लोग उच्च पद प्राप्त कर सकेंगे। अधिकारी आपके काम की कद्र करेंगे।

वृश्चिक - आज आप नकारात्मक विचारों में रह सकते हैं। भय का अनुभव होगा, थकान लगेगी, स्फूर्ति का अभाव महसूस होगा। नौकरी या व्यवसाय में कठिनाई हो सकती है। अधिकारी के साथ वाद-विवाद ना करें।

धनु - कुछ खराब प्रसंग, बीमारी या उग्र स्वभाव के कारण आप मानसिक अस्वस्थता अनुभव करेंगे। आपको क्रोध पर नियंत्रण में रखने की सलाह दी जाती हैं। अवैध प्रवृत्ति तथा नए संबंध के कारण आपकी परेशानी बढ़ सकती है।

मकर - आपको काम की चिंता रहेगी। सगे- सम्बंधियों के साथ दिन मौज-मस्ती में दिन व्यतीत होगा। आप दोस्तों के साथ बाहर घूमने-फिरने का आनंद ले पाएंगे। सुखी दांपत्यजीवन गुजार सकेंगे। आपके व्यापार में वृद्धि हो सकेगी।

कुंभ - आप जो काम करेंगे, उसमें आपको सफलता मिलेगी। परिवार में मेल-जोल बना रहेगा। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ अनुभव करेंगे। नौकरी में सहकर्मियों का सहयोग मिलता रहेगा।

मीन - आपकी सृजनशक्ति में वृद्धि होने के कारण आप कला और साहित्य में रुचि लेंगे। आप अत्यधिक भावनाशील बनेंगे और स्नेहीजनों के साथ सम्बंध प्रगाढ़ बनेंगे। काफी मस्ती के मूड़ में रहेंगे। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## पाकिस्तान में बर्फ की झील के फटने की चेतावनी

■ **नदी के किनारों व ग्लेशियल क्षेत्रों से बचने की अपील**

**इस्लामाबाद,** 26 जून (एजेंसियां)। पाकिस्तान के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने देश के उत्तरी पहाड़ी क्षेत्रों में बढ़ते तापमान के कारण बर्फ की झील (जीएलओएफ) के फटने के खतरे को लेकर अलर्ट जारी किया है।

बुधवार को जारी चेतावनी में तेजी से बढ़ते तापमान और पश्चिमी मौसम प्रणाली के प्रभाव का हवाला दिया गया है। एनडीएमए ने कहा कि प्रमुख घाटियों में ग्लेशियरों के तेजी से पिघलने से बर्फ की झीलों के फटने का खतरा बढ़ गया है जिससे अचानक बाढ़ आ सकती है और सड़कों और पुलों सहित बुनियादी ढांचे को नुकसान हो सकता है।

प्राधिकरण ने निवासियों और यात्रियों से अत्यधिक सावधानी बरतने,नदी के किनारों और ग्लेशियल क्षेत्रों से बचने और बाढ़ के पानी को पार करने से परहेज करने का आग्रह किया। स्थानीय समुदायों को जिला प्रशासन द्वारा जारी निकासी निर्देशों और अन्य दिशा निर्देशों का सख्ती से पालन करने की भी सलाह दी गई है।

पाकिस्तान जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के प्रति सबसे अधिक संवेदनशील देशों में से एक है, जिसके उत्तरी क्षेत्रों में 7,000 से अधिक ग्लेशियर हैं।

## मेक्सिको में स्ट्रीट फेस्टिवल के दौरान गोलीबारी, 12 की मौत, 20 घायल

■ **फेडरल एंड स्टेट सिक्योरिटी फोर्सेज हमलावरों की पहचान में जुटी**

**मेक्सिको सिटी,** 26 जून (एजेंसियां)। मेक्सिको के गुआनाजुआतो राज्य में स्थित इरापुआटो में सेंट जॉन द बैपटिस्ट के सम्मान में आयोजित एक उत्सव के दौरान बंदूकधारियों ने गोलीबारी की, जिसमें 12 लोगों की मौत हो गई। इनके अलावा 20 लोग घायल हुए हैं। स्थानीय अधिकारियों ने इस घटना की पुष्टि की है।

यह वारदात बुधवार रात को हुई। उस समय लोग कम्युनिटी हाउसिंग कॉम्प्लेक्स में डांस करने और शराब पीने के लिए एकत्र हुए थे। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में वारदात से ठीक पहले लाइव बैंड की धुन पर लोग नाचते नजर आ रहे हैं।

इरापुआटो के एक स्थानीय अधिकारी रोडोल्फो गोमेज सर्वेंट्स ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुष्टि की है कि 12 लोग इस घटना में मारे गए हैं, जबकि 20 घायलों का इलाज चल रहा है।

मेक्सिकन राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने इस घटना की निंदा करते हुए जल्द से जल्द न्याय का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि जो हुआ, वह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। मामले की जांच चल रही है। फेडरल एंड स्टेट सिक्योरिटी फोर्सेज हमलावरों की पहचान में जुटी है। मेक्सिको सिटी के उत्तर-पश्चिम में स्थित गुआनाजुआटो राज्य हाल के वर्षों में मेक्सिको के सबसे हिंसक इलाकों में से एक बन गया है। अपराधी गिरोह ड्रग्स, वसूली नेटवर्क और अन्य अवैध कारोबारों पर कंट्रोल हासिल करने के लिए जानलेवा गैंगवार जारी है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, राज्य में इस साल जनवरी से मई के बीच 1,435 हत्याओं के मामले दर्ज किए गए है। यह किसी भी अन्य मेक्सिकन राज्य में हुई ऐसी वारदातों से दोगुनी से भी अधिक है।

स्टेट अटॉर्नी जनरल ऑफिस के अनुसार, इरापुआटो की यह घटना गुआनाजुआटो में अलग-अलग हिंसक घटनाओं में पांच लोगों की हत्या के ठीक एक दिन बाद हुई है।

पिछले महीने भी कुछ इसी तरह की घटना हुई थी। उस समय सैन बार्टोलो डे बेरियोस शहर में एक कैथोलिक चर्च के कार्यक्रम में बंदूकधारियों ने हमला किया था।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**भारत ने साझा बयान पर...**

हो सके, इसलिए उस दस्तावेज को अंतिम रूप नहीं दिया जा सका। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, भारत चाहता था कि इस बयान में आतंकवाद और उससे जुड़ी चिंताओं को साफ तौर पर शामिल किया जाए, लेकिन एक खास देश को यह बात मंजूर नहीं थी। भारत के रक्षा मंत्री ने अपने भाषण में सभी 11 देशों से आतंकवाद के हर रूप और तरीके के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने की अपील की। रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि जो लोग आतंकवाद फैलाते हैं, चाहे वे सीमा पार से हमला कराएं, पैसा दें, समर्थन करें या उसका आयोजन करें, उन्हें सजा मिलनी चाहिए और कानून के सामने लाया जाना चाहिए।

**शंघाई सहयोग संगठन क्या है**

शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) एक क्षेत्रीय अंतरराष्ट्रीय संगठन है जिसकी स्थापना 2001 में चीन, रूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान ने मिलकर की थी। बाद में भारत और पाकिस्तान 2017 में इसके सदस्य बने और 2023 में ईरान भी सदस्य बन गया। इसका उद्देश्य सदस्य देशों के बीच सुरक्षा, आर्थिक और राजनीतिक सहयोग को बढ़ाना है। संगठन आतंकवाद, उग्रवाद, ड्रग तस्करी और साइबर अपराध जैसे मुद्दों पर साझा रणनीति बनाता है।

**हास्य कवि पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे...**

अन्य बड़े कवि भी शामिल होंगे। डॉ. सुरेंद्र दुबे पेशे से एक आयुर्वेदिक डॉक्टर थे, लेकिन पहचान उन्हें एक हास्य कवि के रूप में मिली। उनका जन्म 8 जनवरी 1953 को छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में हुआ था। उन्होंने पांच किताबें लिखीं और देश के कई प्रमुख कवि सम्मेलनों एवं टीवी कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। उनकी कविताएं व्यंग्य के साथ गहरे सामाजिक संदेश भी देती थीं। वे ऐसे कवि थे जो चुटकुलों और हल्के लहजे में गंभीर बातें कह जाते थे। उन्होंने अपनी कविताओं से लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम किया।

**कोरोना में लिखी कविता बनी लोगों की उम्मीद**

कोरोना काल में जब पूरा देश तनाव और डर के माहौल से गुजर रहा था, तब डॉ. दुबे ने एक प्रेरणादायक हास्य कविता लिखी थी जिसमें उन्होंने कहा हम हंसते हैं, लोगों को हंसाते हैं, इम्यूनिटी बढ़ाते हैं, चलिए एंटीबॉडी बनाते हैं।

वर्ष 2010 में भारत सरकार ने डॉ. सुरेंद्र दुबे को पद्मश्री से सम्मानित किया था। इसके अलावा अमेरिका में भी उन्हें छत्तीसगढ़ रत्न से नवाजा गया था। उन्होंने अमेरिका में एक दर्जन से अधिक स्थानों पर हिंदी काव्य पाठ कर छत्तीसगढ़ और भारत की संस्कृति को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत किया।

**मंचों पर नहीं, दिलों में जिंदा रहेंगे डॉ. दुबे**

उनकी कविताओं का अंदाज ऐसा था जो हर पीढ़ी को जोड़ता था। वे जब मंच पर आते थे तो केवल ठहाके नहीं, बल्कि सोचने की दिशा भी दे जाते थे। अब जब वे नहीं हैं, उनकी रचनाएं और यादें हमेशा लोगों को प्रेरित करती रहेंगी। प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी और रायपुर कलेक्टर गौरव सिंह और परिवार समेत कई लोगों ने अस्पताल पहुंचकर उनके अंतिम दर्शन किए।

**आईएसएस पहुंचने वाले पहले ...**

का मुख्य उद्देश्य अंतरिक्ष में शोध करना और नई तकनीक का परीक्षण करना है। एक्सिओम मिशन -4 एक निजी उड़ान मिशन है। अमेरिका की प्राइवेट स्पेस कंपनी एक्सिओम स्पेस और नासा के सहयोग से इसे अंजाम दिया गया है। एक्सिओम स्पेस का यह चौथा मिशन है।

## आज का इतिहास

1693 –लंदन में महिलाओं की पहली पत्रिका लेडीज मरकरी का प्रकाशन शुरू हुआ।

1838 –बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय का जन्म हुआ था, बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ही राष्ट्रगीत के रचयिता हैं।

1867 –बैंक ऑफ कैलिफार्निया का संचालन शुरू।

1893 –पंजाब के महाराज रणजीत सिंह का निधन। महाराज रणजीत सिख साम्राज्य के संस्थापक थे।

1914 –अमेरिका ने इथियोपिया के साथ वाणिज्य संधि पर हस्ताक्षर किए गए।

1940 –रोमानिया पर सोवियत सेना ने हमला किया।

1957 –ब्रिटेन की मेडिकल रिसर्च काउंसिल ने 25 वर्ष के रिसर्च के आधार पर एक रिपोर्ट जारी की थी। रिपोर्ट में बताया गया था कि धूम्रपान के कारण फेफड़ों का कैंसर होने का खतरा रहता है।

1964 –भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का संग्रहालय तीन मूर्ति भवन को बनाया गया।

1967 –विश्व का पहला एटीएम लंदन के एनफील्ड में स्थापित किया गया।

1967 –भारत में निर्मित प्रथम यात्री विमान एसएच 748 को इंडियन एयरलाइंस को सौंपा गया।

1991 –युगोस्लाविया की सेना ने स्लोवेनिया पर हमला किया था। इस देश को मात्र स्वतंत्र हुए 48 घंटे ही हुए थे। इसी अवधि के भीतर इस छोटे से देश पर हमला कर दिया गया।

2002 –जी-8 देश परमाणु हथियार नष्ट करने की रूसी योजना पर सहमत हुआ।

**मामला** एक ही दिन में ईरान से वापस लौटे 30 हजार से ज्यादा अफगान शरणार्थी

## वर्तमान में विदेश में रह रहे हैं लगभग 7 मिलियन अफगान रिफ्यूजी

■ **तालिबान शासन अफगान रिफ्यूजियों से अपने देश के पुनर्निर्माण में योगदान देने के लिए लगातार कर रहा लौटने की अपील**



काबुल, 26 जून (एजेंसियां)। पश्चिमी हेरात में इस्लाम कला बॉर्डर क्रॉसिंग के रास्ते 30,000 से ज्यादा अफगान शरणार्थी ईरान से स्वदेश लौट आए हैं। यह हाल ही में सबसे बड़ी सामूहिक वापसी में से एक है।

सूचना एवं संस्कृति विभाग के प्रांतीय निदेशक मावलवी अहमदुल्ला मुत्ताकी ने बताया कि वतन लौटने वालों को पानी, भोजन और मेडिकल केयर सहित सभी जरूरी सुविधाएं मुहैया करवाई गई हैं। अफगानिस्तान, ईरान के साथ दो प्रमुख क्रॉसिंग पॉइंट साझा करता है। एक पश्चिमी हेरात प्रांत में और दूसरा निमरोज प्रांत में।

हाल ही में, दोनों क्रॉसिंग पर लौटने वाले शरणार्थियों की संख्या में तेज वृद्धि देखी गई है।

रिफ्यूजी एंड रिपेट्रिएशन के प्रोविंशियल डायरेक्टर ने पिछले सप्ताह सिन्हुआ को बताया कि निमरोज प्रांत में पुल-ए-अब्रेसहम बॉर्डर क्रॉसिंग के रास्ते हर दिन 2,000 से 3,000 लोग और लगभग 300 परिवारों के अफगानिस्तान लौटने का अनुमान है।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, लगभग 7 मिलियन अफगान रिफ्यूजी, जिनमें से अधिकांश अवैध प्रवासी हैं, वह वर्तमान में विदेश में रह रहे हैं। इनमें सबसे ज्यादा ईरान और पाकिस्तान में हैं।

अफगानिस्तान के उच्चायोग ने कहा कि बुधवार को कुल 1,685 अफगान परिवार, पड़ोसी ईरान और पाकिस्तान से अपने वतन लौट आए हैं। इनमें 7,474 लोग थे।

रिपोर्ट में कहा गया है कि शरणार्थी तोरखम बॉर्डर के रास्ते पूर्वी नंगरहार प्रांत, स्पिन बोलदक सीमा के रास्ते दक्षिणी कंधार प्रांत, इस्लाम कला बॉर्डर के रास्ते पश्चिमी हेरात प्रांत, पुल-ए-अबरेशम बॉर्डर के रास्ते पश्चिमी निमरोज प्रांत से होकर अपने घर लौटे। आयोग लौटने वाले लोगों को अस्थायी आश्रय, खाना-पानी, मेडिकल केयर और उनके संबंधित प्रांतों तक ट्रांसपोर्ट सर्विस प्रदान करता है।

दोनों देशों के अधिकारियों ने बिना दस्तावेज के विदेशी नागरिकों से अपने अवैध प्रवास को खत्म करने और अपने घर लौटने के लिए कहा है।

तालिबान शासन लगातार अफगान रिफ्यूजियों से विदेश में रिफ्यूजी के रूप में रहना बंद करने और अपने युद्धग्रस्त देश के पुनर्निर्माण में योगदान देने के लिए घर लौटने की अपील कर रहा है। इससे पहले, 22 जून को स्थानीय मीडिया आउटलेट टोलोन्यूज ने बताया था कि मिडिल ईस्ट में संघर्ष और असुरक्षा के बीच रोजाना लगभग 10,000 अफगान रिफ्यूजी ईरान छोड़कर अपने वतन लौट रहे हैं।

## वर्ग पहेली 6956



**बायें से दाये:-**

१. तमिलनाडु सुप्रसिद्ध सांड को नियंत्रित करने का प्रदर्शन जिस न्यायालय ने प्रतिबंधित कर दिया था
३. पत्नी
५. विरोधी, दूसरे पक्ष का
६. कुल, वंश
७. कंगाल, खाली हाथ
९. स्वर्ग (उर्दू)
१०. अपने श्रम का प्रतिफल लेने या तनख्वाह लेने वाला
१३. लिए, हेतु, कारण
१४. श्रीराम
१६. मैला, गंदा
१८. शरणागत
२०. बाइज्जत
२१. मुसलमानों का एक पवित्र माह
२३. सुल्तान, सम्राट

**ऊपर से नीचे:-**

१. भीड़, मजमा
२. जिसकी कल्पना न की जा सके
३. लिखित, लिपिबद्ध
४. जेब, पाकिट, गांठ
५. अलग-अलग खंडों में बांटने या विभक्त करने वाला
८. अनिमेष दृष्टि
१०. कानूनी तौर पर या नियमत:
११. प्रारब्ध, भाग्य
१२. बढ़िया, उम्दा, श्रेष्ठ
१३. दक्ष, कुशल
१४. भोलापन
१५ चरणरज
१७. अतएव (उर्दू)
१८. शौर्य, तेज
१९. भांति, भेद
२२. गगन

### वर्ग पहेली-6955

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ दु | ष्प | २ रा | ज | ३ य | ■ | ४ वि | भा | ५ ज | न |
| ख | ■ | ज | ■ | ६ म | स्त | क | ■ | न | ■ |
| ७ दा | ड़ि | म | ■ | या | ■ | ८ ल | प | क | ९ ना |
| यी | ■ | ह | ■ | १० त | र्ज | न | ■ | ■ | मु |
| ■ | ११ ब | ल | १२ आ | ना | ■ | ■ | १३ घ | प | ला |
| ■ | हु | ■ | तं | ■ | १४ पिं | ज | रा | ■ | य |
| १५ वै | धा | १६ नि | क | ■ | ज | ■ | १७ ना | १८ का | म |
| त | ■ | रू | ■ | १९ दू | र | २० स्थ | ■ | हि | ■ |
| २१ नि | ष्पा | प | ■ | भ | ■ | २२ ल | ह | रा | २३ ना |
| क | ■ | २४ म | नो | र | थ | ■ | ■ | ■ | ना |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### चीन ने बनाया दुनिया का सबसे छोटा मच्छर वाला ड्रोन

**बीजिंग,** 26 जून (एजेंसियां)। चीन ने मिलिट्री ऑपरेशन्स के लिए एक छोटे से मच्छर के आकार का ड्रोन विकसित किया है। इस माइक्रो ड्रोन को सेंट्रल चीन के हुनान प्रांत में स्थित नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ डिफेंस टेक्नोलॉजी की रोबोटिक्स प्रयोगशाला ने विकसित किया है।

साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक, माइक्रो ड्रोन छोटे और कॉम्पैक्ट ड्रोन होते हैं जिनका इस्तेमाल सैन्य और रक्षा के अलावा अलग-अलग चीजों के लिए किया जा सकता है। रिपोर्ट में बताया गया है कि इस प्रोटोटाइप को शोधकर्ताओं की ओर से सीसीटीवी 7 (चीन सेंट्रल टेलीविजन के सैन्य चैनल) पर प्रसारित किया गया।

एनयूडीटी के एक छात्र लियांग हेक्सियांग ने अपने हाथ में छोटा सा ड्रोन पकड़ते हुए सीसीटीवी को बताया कि मेरे हाथ में मच्छर जैसा एक रोबोट है। इस तरह के छोटे बायोनिक रोबोट विशेष रूप से सूचना टोही और युद्ध के मैदान में विशेष मिशनों के लिए उपयुक्त हैं। मच्छर के आकार के इस ड्रोन में कथित तौर पर दो छोटे पंख थे, जिनके दोनों ओर पत्ती जैसी संरचनाएं थीं। इसमें तीन बाल जितने पतले पैर भी थे। इसे स्मार्टफोन से नियंत्रित किया जाता था।

# खेल जगत

## क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने सऊदी क्लब अल-नासर के साथ किया नया करार



**लिस्बन।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने सऊदी क्लब अल-नासर के साथ दो साल का नया करार किया है जिसके बाद वह अपने 42वें जन्मदिन के बाद तक सऊदी प्रो लीग क्लब के साथ बने रहेंगे। पुर्तगाल के 40 वर्षीय कप्तान मैनचेस्टर यूनाइटेड को खराब परिस्थितियों में छोड़ने के बाद दिसंबर 2022 में रियाद स्थित टीम में शामिल हुए थे। उनका पिछला अल-नासर करार जून के अंत में समाप्त होने वाला था। एक्स पर एक पोस्ट में, रोनाल्डो ने लिखा एक नया अध्याय शुरू होता है। वही जुनून, वही सपना। आइए साथ मिलकर इतिहास बनाएं।

# भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराया

## अंडर-21 पुरुष हॉकी टूर्नामेंट



■ भारत की जू टीम के लिए रोहित व अजित यादव ने दागा एक एक गोल

**नई दिल्ली,** 26 जून (देशबन्धु)। रोहित और अजित यादव के एक एक गोल से भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने पिछड़ने के बाद वापसी कर ऑस्ट्रेलिया की जूनियर हॉकी टीम को बर्लिन में चार देशों के अंडर 21 पुरुष हॉकी टूर्नामेंट में 2-1 से हराकर तीसरा स्थान पाया। टॉबी मालोन ने तीसरे क्वॉर्टर में गोल कर ऑस्ट्रेलिया की जूनियर हॉकी टीम का खाता खोला। रोहित (45 वें मिनट) और अजित यादव (52 वें मिनट) तीसरे और चौथे व अंतिम क्वॉर्टर में गोल कर भारत की जूनियर टीम को जीत दिला दी। शुरू के दो क्वॉर्टर में भारत और ऑस्ट्रेलिया की जूनियर टीम के बीच जोरदार संघर्ष देखने को मिला लेकिन कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई। भारत की जूनियर टीम ने अपनी दोनों जीत ऑस्ट्रेलिया की जूनियर टीम के खिलाफ हासिल की। दोनों ही टीमें मजबूत रक्षात्मक और अनुशासित खेल दिखाया और इसीलिए शुरू के दो क्वॉर्टर में कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई। ऑस्ट्रेलिया की जूनियर टीम के कप्तान टॉबी मालोन ने तीसरा क्वॉर्टर खत्म होन से पांच मिनट पहले मैदानी गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। ड्रैग फ्लिकर रोहित ने तीसरा क्वॉर्टर खत्म होने से ठीक पहले पेनल्टी कॉर्नर पर ड्रैग फ्लिक से गोल कर भारत की जूनियर टीम को एक एक की बराबरी दिला दी। अजित यादव ने चौथे व अंतिम क्वॉर्टर के अधबीच बढ़िया मैदानी गोल कर भारत की जूनियर टीम को 2-1 से आगे कर दिया और उनका यह गोल विजयदाई साबित हुआ। भारत की जूनियर टीम ने चार देशों के इस टूर्नामेंट में पूल चरण में अपना अभियान मेजबान जर्मनी की जूनियर टीम के हाथों 1-7 से हार से शुरू किया और फिर ऑस्ट्रेलिया की जूनियर टीम को 3-1 से हराया लेकिन स्पेन की जूनियर टीम से 1-5 से हार गई।

# एफआईई जू.पुरुष हॉकी विश्व कप 2025 का ड्रॉ 28 जून को निकाला जाएगा

■ भारत चौथी बार करेगा जू.पुरुष हॉकी विश्व कप की मेजबानी
■ 14 वें संस्करण में सबसे ज्यादा 24 टीमें शिरकत करेंगी



■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 26 जून (देशबन्धु)। भारत में इस साल के आखिर में 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नै और मदुरे में होने वाले 14 वें एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप तमिलनाडु 2025 का ड्रॉ 28 जून शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय हॉकी संघ (एफआईएच) के लुसाने (स्विटजरलैंड) स्थित मुख्यालय में निकाला जाएगा। यह घोषणा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी संघ (एफआईएच) ने बुधवार रात की। पहले यह ड्रा 24 जून को निकाला जाना था लेकिन टल गया था। आमतौर पर किसी भी एफआईएच हॉकी विश्व कप का ड्रॉ इसकी मेजबानी करने वाले देश में निकाला जाता है। एफआईएच के मौजूदा अध्यक्ष तेयब इकराम मूलतः पाकिस्तान है लेकिन अब मकाउ की नागरिकता ले चुके हैं। पहलगाम में आतंकी घटना के बाद भारत ने पाकिस्तान से अपने सभी राजनीतिक और राजनयिक रिश्ते तोड़ दिए और इसीलिए भारत नहीं चाहता था कि तैयब इकराम भारत आए। पहली बार जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप में 24 टीमें शिरकत करेंगी, जो कि पिछले संस्करण से आठ ज्यादा हैं और इसमें आने वाले समय के नए सितारों को अपनी चमक दिखाने का मौका मिलेगा। अब तक हुए 13 संस्करणों में मौजूदा चैंपियन जर्मनी (तीन बार पश्चिम जर्मनी और चार बार जर्मनी) ने सबसे ज्यादा सात बार जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप जीता है जबकि भारत (2001 में होबार्ट (ऑस्ट्रेलिया) में अर्जेंटीना को फाइनल में 6-1 से तथा 2016 में अपने घर लखनउ में बेल्जियम को फाइनल में 2-1 से हरा कर दो बार खिताब जीता। अर्जेंटीना ने भी दो बार खिताब जीता तथा पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया ने एक एक बार चैंपियन बनने का गौरव पाया। भारत ने अब तक 2013 में नई दिल्ली में, 2016 मे लखनउ में और 2021 में भुवनेश्वर मे लगाता तीन बार जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप की मेजबानी और इकलौती ऐसी टीम जिसने अपने घर मं 2016 में खिताब जीतने का गौरव पाया। भारत चौथी बार एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप की मेजबानी करेगा। मेजबान भारत (पूल बी) सहित सीधी वरीयता प्राप्त छह टीमों जर्मनी (पूल ए), अर्जेंटीना (पूल सी),स्पेन (पूल डी), नीदरलैंड (पूल ई) और फ्रांस (पूल एफ) के पूल घोषित कर दिए गए हैं। हर पूल में एक वरीयता प्राप्त टीम के साथ हर तीनों पॉट से एक एक टीम होगी और इसका फैसला इसके ड्रॉ से होगा। बाकी 18 टीमें को छह छह टीमों के तीन पाट -पॉट 1, पॉट 2 और पॉट 3- में बांटा गया है।

**पॉट 1** : बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान, द अफ्रीका, मलयेशिया व न्यूजीलैंड।
**पॉट 2** : द कोरिया, कनाडा, मिस्र, इंग्लैंड, जापान व चिली।
**पॉट 3** : ऑस्ट्रिया, बांग्लादेश, आयरलेंड, स्विटजरलेंड, चीन व नामिबिया।
**सभी छह पूल** : ए, बी, सी, डी, ई व एफ में चार चार टीमें होंगी।

# ईशा, विदर्सा और पार्थ राष्ट्रीय चयन ट्रायल्स में जीते



**देहरादून,** 26 जून (एजेंसियां)। ओलंपियन और मौजूदा मिक्स्ड टीम पिस्टल वर्ल्ड चैंपियन ईशा सिंह ने ग्रुप ए राइफल और पिस्टल निशानेबाजों के लिए चल रहे राष्ट्रीय चयन ट्रायल्स 3 और 4 के तीसरे दिन जीत हासिल की। यह ट्रायल्स उत्तराखंड की राजधानी देहरादून स्थित त्रिशूल शूटिंग रेंज में आयोजित हो रहे हैं। ईशा ने जहां तेलंगाना का प्रतिनिधित्व करते हुए महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल टी3 स्पर्धा में जीत दर्ज की, वहीं केरल की विदर्सा विनोद ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन (3पी) टी4 का खिताब अपने नाम किया और महाराष्ट्र के पार्थ राकेश माने ने पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टी4 स्पर्धा में जीत हासिल की। यह दिन भारत के बेहतरीन राइफल और पिस्टल निशानेबाजों के बीच कड़े मुकाबले से भरपूर रहा। ईशा ने क्वालिफिकेशन में 580 का स्कोर करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया था, लेकिन फाइनल के अंतिम चरणों में उन्होंने अपना दमखम दिखाते हुए महाराष्ट्र की अभिध्न्या अशोक पाटिल को पीछे छोड़ते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। तमिलनाडु की निवेदिता नायर तीसरे स्थान पर रहीं। क्वालिफिकेशन में 585 का शानदार स्कोर करके टॉप करने वाली अभिध्न्या, फाइनल की सातवीं सीरीज तक पहुंची ईशा से दो अंक आगे थीं, लेकिन ईशा ने अंतिम दो सीरीज में एकदम परफेक्ट प्रदर्शन करते हुए पहले पांच हिट और फिर चार हिट दर्ज किए और कुल 41 अंक के साथ विजेता बनीं। अभिध्न्या ने अंतिम तीन सीरीज में कुल 7 अंक बनाए और 36 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि निवेदिता ने नौवीं सीरीज के बाद तीसरे स्थान पर रहते हुए प्रतियोगिता से बाहर हुईं, उनका स्कोर 30 रहा। पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टी4 स्पर्धा में अंतरराष्ट्रीय स्तर की तरह क्वालिफिकेशन में आठवां स्थान पाने के लिए 630.6 अंक की आवश्यकता रही। दो बार के ओलंपियन और 3पी विशेषज्ञ ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने 633.5 अंकों के साथ टॉप किया, जबकि पार्थ ने 631.9 अंकों के साथ चौथा स्थान हासिल किया।

# भारत ने इंग्लैंड को दो विकेट से हराया

**लंदन,** 26 जून (एजेंसियां)। भारत की मिश्रित दिव्यांग टीम ने ऐतिहासिक लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए मिश्रित दिव्यांग विटालिटी टी20 सीरीज के तीसरे मुकाबले में इंग्लैंड को आखिरी ओवर में दो विकेट से हराकर रोमांचक जीत दर्ज की। यह अवसर इसलिए भी ऐतिहासिक रहा क्योंकि पहली बार कोई भारतीय दिव्यांग टीम इस मैदान पर खेल रही थी।तारीख, मैदान और नतीजा तीनों ने 1983 की यादें ताजा कर दीं, जब कपिल देव की कप्तानी में भारत ने 25 जून को लॉर्ड्स में ही विश्व कप जीता था। जीत के बाद भारतीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद (डीसीसीआई) के महासचिव रवि चौहान ने कहा कि, हम अपनी टीम की इस ऐतिहासिक जीत को कपिल देव सर की 1983 की विश्व कप विजेता टीम को समर्पित करते हैं। मुकाबले के दौरान दोनों टीमों ने भारत के पूर्व बाएं हाथ के स्पिनर दिलीप दोषी के लंदन में निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए काली पट्टियाँ बाँधी थीं। इसके अलावा इस दिन यहां 25 जून को ही विश्व मिश्रित दिव्यांग दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। लॉर्ड्स में यह मुकाबला क्रिकेट डिसएबिलिटी डे का हिस्सा था। सही समय पर शुरू हुए इस मैच के दौरान तेज गेंदबाज विवेक कुमार (3 ओवर में 16 रन देकर 3 विकेट) और कप्तान व बाएं हाथ के स्पिनर रविंद्र शांते (4 ओवर में 8 रन देकर 3 विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने इंग्लैंड को 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 123 रनों पर रोक दिया।

## सार संक्षेप

### जीत का सूखा खत्म करने उतरेगी जिम्बाब्वे

**नई दिल्ली।** जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के बीच 28 जून से टेस्ट सीरीज की शुरुआत होने जा रही है। सीरीज का पहला मैच बुलावायो के क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में खेला जाएगा, जबकि दूसरा मुकाबला इसी मैदान पर 6-10 जुलाई के बीच खेला जाएगा। दक्षिण अफ्रीका को आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025 का खिताब जिताने वाले कप्तान टेंबा बावुमा बाएं हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के चलते जिम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं। उन्हें डब्ल्यूटीसी के खिताबी मुकाबले की दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते हुए चोट लगी थी। यह बावुमा की दो साल से भी कम समय में तीसरी हैमस्ट्रिंग चोट है। टेंबा बावुमा की गैर-मौजूदगी में केशव महाराज रेड-बॉल सीरीज के लिए कप्तान की भूमिका निभाएंगे। वहीं, दूसरी ओर जिम्बाब्वे की कप्तानी क्रेग एर्विन के हाथों में है। सीन विलियम्स और ब्लेसिंग मुजरबानी जैसे अनुभवी खिलाड़ी इस टीम में हैं।

### वेस्टइंडीज ने दबदबा बनाया मगर ऑस्ट्रेलिया ने की वापसी

**ब्रिजटाउन (बारबाडोस)।** जेडन सील्स और शमर जोसेफ की घातक गेंदबाजी की मदद से वेस्टइंडीज ने पहले टेस्ट के पहले दिन आस्ट्रेलिया की पहली पारी को 180 रन पर समेट दिया। 1995 के बाद से कैरेबियाई क्षेत्र में आस्ट्रेलिया का सबसे कम पहली पारी का स्कोर है। टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला ऑस्ट्रेलिया के लिये कठिन जान पड़ा जब उसके तीन अहम बल्लेबाज मात्र 22 रन पर पवेलियन लौट गये। हालांकि उस्मान ख्वाजा (56) और ट्रैविस हेड (59) ने 89 रनों की साझेदारी करके पारी को कुछ हद तक संभाला, लेकिन यह वापसी ज़्यादा देर तक नहीं टिक पाई और निचले क्रम के बल्लेबाजी ताश के पत्तों की तरह ढह गयी। जोसेफ ने 43 रन पर चार विकेट झटके जबकि सील्स ने 50 रन पर पांच विकेट हासिल किये। यह उनका तीसरा टेस्ट पांच विकेट लेने का कारनामा है। जोसेफ़ के चार कैच छूटे नहीं होते तो वे और भी कैच पकड़ सकते थे, जिनमें से दो कैच उन्होंने अपनी गेंदबाजी से छोड़े थे।

# जिम्बाब्वे-न्यूजीलैंड के साथ ट्राई सीरीज में ड्यूसेन को दक्षिण अफ्रीका की कमान



■ बर्गर और गेराल्ड अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने के लिए तैयार

**नई दिल्ली,** 26 जून (एजेंसियां)। जिम्बाब्वे, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच 14 जुलाई से 'ट्राई सीरीज' की शुरुआत होगी, जिसका फाइनल 26 जुलाई को खेला जाना है। इस सीरीज के लिए रासी वैन डेर ड्यूसेन को दक्षिण अफ्रीकी टीम की कमान सौंपी गई है। दक्षिण अफ्रीकी टीम में कॉर्बिन बॉश, लुआन-ड्रे प्रीटोरियस, रुबिन हरमन और सेनुरन मुथुसामी के रूप में चार ऐसे खिलाड़ी हैं, जो पहली बार टीम में शामिल हुए हैं। तेज गेंदबाज नंद्रे बर्गर और गेराल्ड कोएत्जी भी टी-20 टीम में शामिल होने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने के लिए तैयार हैं। बर्गर, 'लम्बर स्ट्रेस फ्रैक्चर' से उबरे हैं। वह सितंबर के बाद पहली बार नेशनल टीम में वापस लौटे हैं। दूसरी ओर, कोएत्जी अब कमर की चोट से पूरी तरह से फिट हैं। उन्होंने नवंबर 2024 में प्रोटियाज के लिए आखिरी मैच खेला था। यह ट्राई सीरीज शुकरी कॉनराड के लिए ऑल-फॉर्मेट हेड कोच के रूप में नियुक्त होने के बाद पहला टी20 असाइनमेंट भी है। 11 जुलाई को हरारे के लिए रवाना होने से पहले, टीम 9-10 जुलाई को प्रिटोरिया के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' में एसए-ए के हेड कोच वांडिले ग्वावु के मार्गदर्शन में दो दिवसीय शिविर के लिए एकत्रित होगी। न्यूजीलैंड को रॉब वाल्टर प्रशिक्षित कर रहे हैं, जिन्होंने हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के पूर्व व्हाइट-बॉल कोच के रूप में काम किया है। दक्षिण अफ्रीका 14 जुलाई को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में जिम्बाब्वे के खिलाफ मुकाबले के साथ इस ट्राई सीरीज की शुरुआत करेगा। इसके बाद टीम 16 जुलाई को न्यूजीलैंड से भिड़ेगी। दक्षिण अफ्रीकी टीम 20 और 22 जुलाई को क्रमशः जिम्बाब्वे और न्यूजीलैंड को एक बार फिर चुनौती देगी।

# रिवर प्लेट पर 2-0 से जीत के साथ ग्रुप-ई में टॉप पर इंटर

**सिएटल,** 26 जून (एजेंसियां)। फ्रांसेस्को एस्पोसिटो और एलेसेंड्रो बस्टोनी के गोल की मदद से एफसी इंटरनेशनल मिलान फीफा क्लब विश्व कप 2025 के अंतिम-16 में पहुंच चुकी है। इंटर ने गुरुवार को रिवर प्लेट के खिलाफ 2-0 से जीत दर्ज की है। इसी के साथ टीम ग्रुप-ई में शीर्ष पायदान पर पहुंच गई।

क्लब विश्व कप 2025



इंटर ने 26वें मिनट में अपना पहला मौका बनाया, लेकिन इसे भुनाया नहीं जा सका। उसके पास 32वें मिनट पर गोल करने का एक और अच्छा मौका था, लेकिन टीम यह चांस भी चूक गई। रिवर के मजबूत डिफेंस ने ब्रेक तक मुकाबले को गोल रहित बनाए रखा। हाफ-टाइम से ठीक पहले, इंटर के फेडेरिको डिमार्को ने नियर पोस्ट पर एक खतरनाक क्रॉस फायर किया, लेकिन सेंटर-बैक पाउलो डियाज ने एस्पोसिटो को गेंद पर कब्जा जमाने से रोकने के लिए लंजिंग क्लीयरेंस किया। 49वें मिनट में रिवर ने इंटर को खतरे में डाल दिया, लेकिन गोल नसीब नहीं हुआ। इंटर ने इसके बाद दबाव बनाना शुरू किया। इतालवी टीम ने कई मौके बनाए। सबसे शानदार मौका 52वें मिनट में आया, जब डियाज ने हेनरिक मिखितारयान के शॉट को ब्लॉक किया। 55वें मिनट में गोलकीपर फ्रेंको अरमानी ने मार्टिनेज के क्लोज-रेंज प्रयास को नाकाम कर दिया। 65वें मिनट में रिवर की टीम 10 खिलाड़ियों पर सिमट गई थी। इंटर को पहली सफलता 72वें मिनट पर मिली।

# तेलंगाना में मुक्केबाजी टूर्नामेंट में लवलीना, निखत करेंगी शिरकत



मुक्केबाज दस भार वर्गों में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

**तेलंगाना,** 26 जून (एजेंसियां)। दो बार की विश्व चैंपियन निखत ज़रीन, ओलंपिक गेम्स टोक्यो 2020 की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन और पूर्व विश्व युवा चैंपियन अंकुशिता बोरो, 27 जून से एक जुलाई तक तेलंगाना के सरूरनगर इंडोर स्टेडियम में खेले जाने वाले एलीट महिला मुक्केबाजी टूर्नामेंट में राष्ट्रीय शिविर में जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा करने वाली शीर्ष भारतीय महिला मुक्केबाजों में शामिल होंगी।

भारतीय मुक्केबाजी महासंघ और तेलंगाना खेल प्राधिकरण के तत्वावधान में तेलंगाना मुक्केबाजी महासंघ द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में 15 इकाइयों की मुक्केबाज़ भाग लेंगी, जिसमें आठवीं एलीट महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप की शीर्ष 12 टीमें रेलवे, हरियाणा, अखिल भारतीय पुलिस, सेवाएँ, पंजाब, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और सिक्किम शामिल हैं। इस प्रतियोगिता में विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता मनीषा मौन, ओलंपियन प्रीति, विश्व युवा चैंपियन अरुंधति चौधरी और 100 से अधिक अन्य शीर्ष दावेदार शामिल हैं। मुक्केबाज दस भार वर्गों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। प्रत्येक में स्वर्ण और रजत पदक विजेता को पटियाला में विशिष्ट राष्ट्रीय शिविर में शामिल होने का अवसर मिलेगा। सभी टीमें अधिकतम 10 मुक्केबाजों को मैदान में उतार सकती हैं, बशर्ते उनका जन्म 1 जनवरी 1985 और 31 दिसंबर 2006 के बीच हुआ हो। चैंपियनशिप विश्व मुक्केबाजी तकनीकी और प्रतियोगिता नियमों के अनुसार आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रत्येक मुकाबले में तीन मिनट के तीन राउंड होंगे, जिनके बीच में एक मिनट का आराम होगा। दस-अंक-अनिवार्य स्कोरिंग प्रणाली का पालन किया जाएगा, जबकि समीक्षा प्रणाली का उपयोग नहीं किया जाएगा। भारत की महिला मुक्केबाजों ने थाईलैंड ओपन 2025 में एक रजत और पांच कांस्य पदक हासिल करते हुए महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। इस सफलता के आधार पर, बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया अब आगामी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय आयोजनों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।


**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SANT RAM S/O THANWAR resident of 227, WARD 11, DURGA CHAUK BANDHWA PARA, REEWA, REWA LAKHOLI, RAIPUR, (C.G.) 493441 have changed my old name SANT RAM S/O THANWAR so in future I should be recognized by my new name that is SANT RAM SAHU S/O THANWAR in all Government and other documents.

**SANT RAM SAHU**
227, WARD 11, DURGA CHAUK BANDHWA PARA,REEWA, REWA LAKHOLI, RAIPUR, (C.G.) 493441

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, KANHIYALAL KESHRWANI S/O HIRA LAL KESHRWANI resident of MAKAN NO 288/2, IN FRONT OF SHANI DEV MANDIR, GURUNANAK DEV WARD, BALODA BAZAR, (C.G.) 493332 have changed my old name KANHIYALAL KESHRWANI S/O HIRA LAL KESHRWANI so in future I should be recognized by my new name that is KANHAIYA LAL KESHARWANI S/O HIRA LAL KESHRWANI in all Government and other documents.

**KANHAIYA LAL KESHARWANI**
MAKAN NO 288/2, IN FRONT OF SHANI DEV MANDIR, GURUNANAK DEV WARD, BALODA BAZAR, (C.G.) 493332

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर 02**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भः- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00038 खमतराई ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440723500121

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00038 के अंतर्गत ग्राम खमतराई के वर्तमान भूमिस्वामी जसविन्दर सिंग पिता/पति स्व. मोहन सिंग चावला पता सा. स्टेशन रोड के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 255/7 0.0077 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता प्रभात शुक्ला पिता/पति स्व.रविशंकर शुक्ला पता शिवानंद नगर रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 07.07.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर 02 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26.06.2025 को जारी किया जाता है।

**मुहर** **नायब तहसीलदार रायपुर**

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, Rukmani Devi Paryani W/o Karampal Paryani resident of H.NO A-07 Sant shadani Nagar Dhamtari Road Boriyakala Mana RAIPUR. CG, PIN- 492016 (Before Married i known by Bhanu Sachdev D/o Chhangamal Sachdev) have changed my old name Rukmani Devi Paryani W/o Karampal Paryani, so in future I should be recognized by my new name that is Bhanu Devi Paryani W/o Karampal Paryani in all Government and other documents.

**BHANU DEVI PARYANI**
H.NO A-07 SANT SHADANI NAGAR DHAMTARI ROAD BORIYAKALA MANA RAIPUR. CG, PIN- 492016

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, Roohi D/o Veerbhan resident of Flat No. 05 second floor A K building Sant shadani Nagar Dhamtari Road Boriyakala Mana RAIPUR. CG, PIN-492016, I have changed my old name Roohi D/o Veerbhan, so in future I should be recognized by my new name that is Ruhi Sawlani D/o Veerbhan Sawlani in all Government and other documents.

**RUHI SAWLANI**
**Flat No. 05 second floor A K building Sant shadani Nagar Dhamtari Road Boriyakala Mana RAIPUR. CG, PIN- 492016**

**शपथ पत्र**

मै, संजू टंडन उम्र 39 वर्ष, पिता-भागीरथी टंडन निवासी वार्ड नं.-02 छोटा अशोक नगर प्रायमरी स्कुल के पास गुढियारी तह. व जिला रायपुर छ.ग. शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूँ कि-

1. यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य व सही है।
2. यह कि, मेरी पुत्री के नाम से जारी आधार कार्ड के 5537 5975 5283 है जिसमें मेरी पुत्री का नाम सोना टंडन अंकित है जो कि त्रुटिपूर्ण है।
3. यह कि, मेरी पुत्री के संपूर्ण मार्कशीट, जन्म प्रमाण पत्र, राशन कार्ड में चांदनी टंडन अंकित है जो कि सत्य एवं सही है एवं इसी नाम से जाना व पहचाना व पुकारा जाता है।
4. यह कि, मेरी पुत्री के नाम से जारी उक्त आधार कार्ड में सुधार करवाते हुये सोना टंडन के स्थान पर चांदनी टंडन अंकित करवाना चाहता हूँ। जिसके जो भी नियम एवं शर्ते होगी वह मुझे मान्य है।
5. यह कि, उक्त कथनों की सत्यता के समर्थन में यह शपथपत्र रापपत्र में प्रकाशित करने के संबंध में संबंधित अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ।

**शपथकर्ता**


### पाक के खिलाफ तीन टी20 की मेजबानी करेगा बांग्लादेश

**ढाका।** बांग्लादेश 20 जुलाई से मीरपुर में तीन टी20 मैचों की सीरीज के लिए पाकिस्तान की मेजबानी करेगा। इस महीने की शुरुआत में पाकिस्तान में इतने ही टी20 मैच खेलने वाले दोनों देश एक बार फिर सबसे छोटे प्रारूप में एक दूसरे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगे। पाकिस्तान में सीरीज में क्लीन स्वीप के बाद बांग्लादेश आगामी मुकाबले में जीत की राह पर लौटना चाहेगा। जुलाई में होने वाले सभी तीन मैच

**सुडोकू 6956 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 1 | 7 | 9 | 4 | 6 | 8 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 2 | 5 | 8 | 1 | 7 | 4 |
| 7 | 8 | 4 | 6 | 1 | 3 | 9 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 3 | 8 | 1 | 2 | 6 | 9 |
| 6 | 9 | 3 | 4 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 8 | 1 | 2 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 7 |
| 9 | 5 | 7 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 4 | 8 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 | 5 | 4 | 8 |

# [अर्थ जगत]

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| टाटा स्टील | 2.62 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 2.50 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 2.48 प्रतिशत |
| अडानी पोर्ट्स | 2.46 प्रतिशत |
| इटरनल | 2.45 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| ट्रेंट | 0.40 प्रतिशत |
| एसबीआई | 0.39 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 0.39 प्रतिशत |
| मारुति | 0.36 प्रतिशत |
| टीसीएस | 0.12 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| दिल्ली | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 99,500 |
| बिटुर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,09,412 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.85 | 90.26 |
| पौंड स्टर्लिंग | 105.22 | 122.04 |
| यूरो | 88.88 | 103.09 |
| चीन युआन | 8.4 | 13.63 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 5700-5900 |
| दाल चना | 6700-6800 |
| मसूर काली | 7500-7600 |
| उड़द दाल | 9200-9300 |
| मूंग दाल | 9500-9600 |
| अरहर दाल | 8600-8700 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत : आरबीआई

**नई दिल्ली,** 26 जून (एजेंसियां)। हाल ही में जारी भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के मासिक आर्थिक बुलेटिन के अनुसार मई 2025 के लिए वैश्विक अनिश्चितता के बीच अलग-अलग हाई-फ्रिक्वेंसी इंडीकेटर्स भारत में औद्योगिक और सेवा क्षेत्रों में मजबूत आर्थिक गतिविधि की ओर इशारा करते हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि कृषि ने 2024-25 के दौरान अधिकांश प्रमुख फसलों के उत्पादन में व्यापक आधार पर वृद्धि दर्ज की। घरेलू कीमतों की स्थिति सौम्य बनी हुई है और मई में लगातार चौथे महीने हेडलाइन मुद्रास्फीति लक्ष्य से नीचे रही। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि वित्तीय स्थितियां ऋण बाजार में दरों में कटौती के ट्रांसमिशन की सुविधा के लिए अनुकूल बनी हुई हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था अस्थिर स्थिति में है, जो व्यापार नीति अनिश्चितताओं और भू-राजनीतिक तनावों में वृद्धि के दोहरे झटकों से जूझ रही है। हालांकि, घरेलू मोर्चे पर, मई में जारी अनंतिम अनुमानों ने 2024-25 में भारत की वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने की पुष्टि की है, जिसमें चौथी तिमाही में महत्वपूर्ण क्रमिक वृद्धि होगी। मई के लिए अलग-अलग हाई-फ्रिक्वेंसी इंडिकेटर्स औद्योगिक और सेवा क्षेत्रों में मजबूत आर्थिक गतिविधि के संकेत देते हैं।



- मई में लगातार चौथे महीने हेडलाइन मुद्रास्फीति लक्ष्य से नीचे रही
- मई-जून के दौरान इक्विटी बाजारों में मामूली वृद्धि दर्ज

परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) के लिए सर्वे किए गए देशों में भारत में गतिविधि में समग्र विस्तार सबसे अधिक रहा, जिसमें मई में देखे गए नए निर्यात ऑर्डर में विस्तार अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में देखे गए कॉन्ट्रैक्शन के बीच एक अपवाद था।

मई के लिए कुल मांग के हाई-फ्रिक्वेंसी इंडिकेटर्स ने भी ग्रामीण मांग में वृद्धि का सुझाव दिया। कंज्यूमर सेंटीमेंट के दूरदर्शी सर्वेक्षण वर्तमान अवधि के लिए स्थिर उपभोक्ता विश्वास और भविष्य के बारे में बेहतर आशावाद दिखाते हैं।

आरबीआई बुलेटिन में कहा गया है कि वैश्विक आर्थिक, व्यापार और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बावजूद ये सभी भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती को दिखाते हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, घरेलू मुद्रास्फीति सौम्य बनी हुई है और मई में लगातार चौथे महीने हेडलाइन मुद्रास्फीति लक्ष्य से नीचे रही। 2024-25 के कृषि सत्र में रिकॉर्ड घरेलू फसल उत्पादन खाद्य मूल्य मुद्रास्फीति में तेज और निरंतर कमी का संकेत दे रहा है।

रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि इकोनॉमिक आउटलुक, टैरिफ संबंधी समाचार और विकसित होते घरेलू परिदृश्य पर वैश्विक संकेतों के कारण उतार-चढ़ाव के बावजूद मई-जून के दौरान इक्विटी बाजारों में मामूली वृद्धि दर्ज की गई। रिपोर्ट के अनुसार, अस्थिर और ऊंचे सोने और चांदी की कीमतों के प्रभाव को छोड़कर कुछ नरमी के संकेतों के साथ स्थिर कोर मुद्रास्फीति यह दर्शाती है कि अंतर्निहित मुद्रास्फीति दबाव शांत बना हुआ है। मध्य पूर्व में भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने के साथ ही इक्विटी बाजार में कुछ समय के लिए तेज गिरावट दर्ज की गई, लेकिन 20 जून को इसमें शानदार उछाल देखने को मिला।

## सीतारमण ने की गिफ्ट सिटी व आईएफएससीए के बाजार सहभागियों के साथ बैठक



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुजरात में गिफ्ट सिटी और आईएफएससीए में बाजार सहभागियों के साथ बैठक की। श्रीमती सीतारमण की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में बैंकों, बीमा कंपनियों, वित्त कंपनियों, फंड प्रबंधन, पूंजी बाजार, एजेंट और भुगतान सेवा प्रदाताओं, आईटीएफएस, विमान पट्टे, जहाज पट्टे, बीएटीएफ सेवाओं, टेकफिन कंपनियों और उच्च शिक्षा सहित 20 से अधिक बाजार सहभागियों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में वित्त सचिव और आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव, राजस्व सचिव, विशेष कार्य अधिकारी और आर्थिक मामलों के विभाग के नामित सचिव, आईएफएससीए के अधिकारियों तथा गिफ्ट सिटी के अध्यक्ष भी शामिल हुए।

## फिनटेक के साथ फास्टैग इकोसिस्टम का विस्तार करने का लक्ष्य : गडकरी

**नई दिल्ली,** 26 जून (एजेंसियां)। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि फास्टैग इकोसिस्टम में न केवल टोलिंग के लिए, बल्कि पूरे देश में निर्बाध डिजिटल यात्रा अनुभवों के आधार के रूप में अपार संभावनाएं मौजूद हैं।



केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा कि फिनटेक और अन्य हितधारकों के साथ सहयोग के माध्यम से हमारा लक्ष्य फास्टैग की उपयोगिता को एक मजबूत मंच में विस्तारित करना है, जो उपयोगकर्ता की सुविधा को बढ़ाएगा, परिवहन और गतिशीलता सेवाओं को सुव्यवस्थित करेगा और इस क्षेत्र में अधिक दक्षता लाएगा। 98.5 प्रतिशत टोल पेमेंट के साथ, नेशनल इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन (एनईटीसी) फास्टैग प्रोग्राम 1,728 टोल प्लाजा (1,113 राष्ट्रीय राजमार्ग, 615 राज्य राजमार्ग) पर संचालित होता है।

इसके अलावा, 38 से अधिक बैंकों ने डिजिटल भुगतान का समर्थन करते हुए 11.04 करोड़ फास्टैग जारी किए हैं। केंद्र सरकार ने पिछले सप्ताह कारों के लिए 3,000 रुपए की कीमत वाले फास्टैग आधारित वार्षिक पास की शुरुआत की घोषणा की, जो इस साल 15 अगस्त से प्रभावी होगा। फास्टैग सिस्टम के इनोवेटिव एप्लीकेशन का पता लगाने के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा प्रमोटेड कंपनी इंडियन हाईवेज एंड मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (आईएचएमसीएल) द्वारा राष्ट्रीय राजधानी में फिनटेक कंपनियों के साथ एक वर्कशॉप आयोजित की गई थी।

## पीएलआई योजना में 1.76 लाख करोड़ रुपए का निवेश : गोयल

**नई दिल्ली,** 26 जून (एजेंसियां)। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि पीएलआई योजना 14 प्रमुख क्षेत्रों में कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में है। उन्होंने जानकारी दी कि इस योजना में 1.76 लाख करोड़ रुपए का निवेश हुआ है, जिससे मार्च 2025 तक 16.5 लाख करोड़ रुपए से अधिक का उत्पादन/बिक्री और 12 लाख से अधिक (प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष) रोजगार सृजित हुए हैं।

केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि भारत को उन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए जिनमें भारत को अन्य देशों के मुकाबले प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त हासिल है और विभिन्न हितधारकों के सामने आने वाली समस्याओं का समाधान करना चाहिए ताकि देश का निर्यात बढ़ सके।



- मार्च 2025 तक 12 लाख से अधिक रोजगार हुए पैदा

केंद्रीय मंत्री ने यह विचार उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना की समीक्षा बैठक के दौरान व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि यह योजना विनिर्माण क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बेहतरीन पहलों में से एक है।

## भारत में बागवानी फसलों का उत्पादन 3.7 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान

**नई दिल्ली,** 26 जून (एजेंसियां)। केंद्रीय कृषि मंत्रालय द्वारा जारी दूसरे एडवांस अनुमानों के अनुसार, फलों और सब्जियों के अधिक उत्पादन के कारण भारत में फसल वर्ष 2024-25 (जुलाई-जून) में बागवानी फसलों का उत्पादन 3.66 प्रतिशत बढ़कर 367.72 मिलियन टन (एमटी) होने का अनुमान है। 2023-24 में बागवानी फसलों का उत्पादन 354.74 मिलियन टन रहा। 2024-25 में बागवानी फसलों के अंतर्गत आने वाला रकबा पिछले वर्ष के 290.86 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 292.67 लाख हेक्टेयर हो गया।



- लगभग 320.48 मिलियन टन बागवानी उत्पादन कर रहा भारत
- जीवीए में लगभग 33 प्रतिशत का योगदान दे रहा बागवानी

आंकड़ों से पता चलता है कि 2024-25 में फलों का उत्पादन 1.36 प्रतिशत बढ़कर 1,145.10 लाख टन होने का अनुमान है, जबकि सब्जियों का उत्पादन 6 प्रतिशत बढ़कर 2,196.74 लाख टन होने का अनुमान है। 2024-25 में मसालों का उत्पादन 123.70 लाख टन होने का अनुमान है, जबकि पिछले वर्ष यह 124.84 लाख टन था। सब्जियों की श्रेणी में प्याज का उत्पादन 242.67 लाख टन से बढ़कर 307.73 लाख टन होने का अनुमान है।

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि उत्पादन में यह वृद्धि किसानों और कृषि वैज्ञानिकों के प्रयासों के साथ-साथ सरकार द्वारा की गई पहलों के कारण हुई है। भारतीय बागवानी क्षेत्र कृषि ग्रॉस वैल्यू एडेड (जीवीए) में लगभग 33 प्रतिशत का योगदान देता है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था में बहुत महत्वपूर्ण योगदान देता है। राष्ट्र की पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने के अलावा, यह वैकल्पिक ग्रामीण रोजगार के अवसर, कृषि गतिविधियों में विविधता और किसानों को बढ़ी हुई आय प्रदान करता है।

**सार संक्षेप**

### फॉक्सकॉन की भारत में बड़े निवेश की तैयारी

**नई दिल्ली।** ताइवानी दिग्गज कंपनी होन हाई प्रेसिजन इंडस्ट्री कंपनी लिमिटेड (फॉक्सकॉन) को ताइवान की सरकार से भारत और अमेरिका में 2.2 अरब डॉलर की राशि निवेश करने की मंजूरी मिल गई। फॉक्सकॉन को मंजूरी ऐसे समय पर मिली है, जब वह चीन से बाहर अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं का तेजी से विस्तार कर रहा है। भारत सरकार की मेक इन इंडिया और पीएलआई जैसी पहल बड़ी संख्या में विदेशी इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों को आकर्षित करने में सफल रही हैं और इससे देश में तेजी से मैन्युफैक्चरिंग बढ़ी है और रोजगार के अवसर भी पैदा हुए हैं। फॉक्सकॉन को भारत और अमेरिका में 2.2 अरब डॉलर से अधिक की दो महत्वपूर्ण निवेश योजनाओं के लिए विनियामक अनुमोदन प्राप्त हुआ है।

### पल्स कैंडी बनी 750 करोड़ की उपभोक्ता ब्रांड

**नई दिल्ली।** एफएमसीजी समूहों में से एक धर्मपाल सत्यपाल ग्रुप (डीएस ग्रुप) की लोकप्रिय पल्स कैंडी वित्त वर्ष 2024-25 में उपभोक्ता मूल्य पर 750 करोड़ रुपए का ब्रांड बन गया। कंपनी ने कहा कि एक साल में 750 करोड़ पल्स कैंडीज़ बिकीं जिससे यह भारत की सबसे ज़्यादा वितरित हार्ड बॉयल्ड कैंडी बन गई है। यह उपलब्धि पिछले 9 वर्षों से पल्स की मज़बूत मार्केट लीडरशिप और उपभोक्ताओं के बीच इसकी स्थायी लोकप्रियता को दर्शाती है। पिछले तीन वित्त वर्षों में पल्स ने 15 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की है, जोकि पूरे हार्ड बॉयल्ड कैंडी उद्योग में 9 प्रतिशत की तुलना में कहीं अधिक है। इस निरंतर वृद्धि ने ब्रांड की शहरी और ग्रामीण दोनों बाज़ारों में मज़बूत पकड़ को सिद्ध किया है, खासकर ऐसे समय में जब समग्र बाज़ार की स्थितियां उतनी अनुकूल नहीं रहीं। बाज़ार आंकड़ों के अनुसार, वर्तमान में पल्स कैंडी की भारत के हार्ड बॉयल्ड कैंडी बाजार में 19 प्रतिशत बाज़ार हिस्सेदारी है और लगातार बढ़ रही है।

### अडाणी ग्रुप पुरी रथ यात्रा में भी करेगा श्रद्धालुओं की सेवा

**भुवनेश्वर।** प्रयागराज में लगे महाकुंभ मेले में करोड़ों श्रद्धालुओं की सेवा के बाद अडाणी ग्रुप ने गुरुवार को ऐलान किया है कि वह ओडिशा के पुरी की प्रसिद्ध रथ यात्रा में भी श्रद्धालुओं की सेवा करेगा। भारत के सबसे पवित्र धार्मिक आयोजनों में से एक के रूप में जानी जाने वाली पुरी रथ यात्रा में हर साल देश और विदेश से लाखों भक्त आते हैं। चेयरमैन गौतम अदाणी के विश्वास 'सेवा ही साधना है' के मार्गदर्शन को ध्यान में रखते हुए अदाणी ग्रुप ने 26 जून से 8 जुलाई तक चलने वाले नौ दिवसीय उत्सव के दौरान तीर्थयात्रियों और अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं को समर्थन देने के लिए बड़े पैमाने पर स्वयंसेवी पहल शुरू की है। इस वर्ष रथ यात्रा में अदाणी ग्रुप श्रद्धालुओं और अधिकारियों को लगभग 4 मिलियन निःशुल्क भोजन और पेय उपलब्ध कराएगा।

# शेयर बाजार नौ महीने के उच्चतम स्तर पर

**मुंबई,** 26 जून (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के ब्याज दरों में अधिक कटौती के लिए फेडरल रिजर्व में संभावित नेतृत्व परिवर्तन करने को लेकर जारी अटकलों से यूरोपीय बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार में तूफानी तेजी रही। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1000.36 अंक अर्थात 1.21 प्रतिशत की छलांग लगाकर करीब नौ महीने के उच्चतम स्तर 83 अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 83755.87 अंक पर पहुंच गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 304.25 अंक यानी 1.21 प्रतिशत उछलकर 25549 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.56 प्रतिशत मजबूत होकर 46,362.77 अंक और स्मॉलकैप 0.12 प्रतिशत बढ़कर 53,960.57 अंक हो गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4153 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2097 में लिवाली जबकि 1900 में बिकवाली हुई वहीं 156 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2975 कंपनियों के शेयरों में से 1474 में तेजी जबकि 1397 में गिरावट रही वहीं 104 में टिकाव रहा।

विश्लेषकों के अनुसार, गुरुवार को डॉलर तीन साल के निचले स्तर पर आ गया जबकि वैश्विक शेयर बाजारों ने बीते तीन दिनों में दूसरी बार नया रिकॉर्ड उच्च स्तर हासिल किया। इसकी वजह अमेरिकी फेडरल रिजर्व में संभावित नेतृत्व परिवर्तन को लेकर अटकलें बताई जा रही हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति श्री ट्रम्प फेडरल रिजर्व के मौजूदा अध्यक्ष जेरोम पॉवेल की जगह जल्द ही नया चेहरा नियुक्त करने पर विचार कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि श्री ट्रम्प फेड से ब्याज दरों में तेजी से कटौती करने की मांग कर रहे हैं और इसी दिशा में अगले कुछ महीनों में पॉवेल का विकल्प चुनने की योजना बना रहे हैं। इस अटकल के बाद निवेशकों ने अमेरिकी ब्याज दरों में संभावित कटौती पर दांव लगाना शुरू कर दिया, जिससे डॉलर में भारी बिकवाली देखी गई। वहीं, वैश्विक शेयर बाजारों में तेजी का रुख बना रहा और बाजार नई ऊंचाइयों पर पहुंच गए। इससे बीएसई में फोकस्ड आईटी, आईटी और रियल्टी में 1.04 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर अन्य 18 समूहों में तेजी रही।




- सेंसेक्स 1.21 प्रतिशत की छलांग लगाकर 83755.87 अंक पर
- निफ्टी 1.21 प्रतिशत उछलकर 25549 अंक पर बंद

अंतरराष्ट्रीय स्तर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.26, जर्मनी का डैक्स 0.84 और जापान का निक्केई 1.65 प्रतिशत उछल गया। हालांकि हांगकांग का हैंगसेंग 0.61 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.22 प्रतिशत उतर गया।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में टाटा स्टील 2.62, बजाज फाइनेंस 2.50, भारती एयरटेल 2.48, अदानी पोर्ट्स 2.46, इटरनल 2.45, एचडीएफसी बैंक 2.16, बजाज फिनसर्व 2.09, एनटीपीसी 1.92, रिलायंस 1.90, अल्ट्रासिम्को 1.80, एक्सिस बैंक 1.78, टाटा मोटर्स 1.28, एलटी 1.17, टाइटन 1.14, बीईएल 1.06 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, ट्रेंट 0.40, एसबीआई 0.39, टेक महिंद्रा 0.39, मारुति 0.36, टीसीएस 0.12, सन फार्मा 0.07 और इंफ़ोसिस के शेयर 0.03 प्रतिशत नुकसान में रहे।

## एयरटेल ने 10.6 करोड़ ग्राहकों को साइबर धोखाधड़ी से बचाया

**नई दिल्ली,** 26 जून (एजेंसियां)। टेलीकॉम कंपनी भारती एयरटेल ने बढ़ती ऑनलाइन धोखाधड़ी के खिलाफ अपने मिशन के तहत मात्र 43 दिनों में ही पूरे देश में 1.88 लाख से ज़्यादा खतरनाक लिंक को ब्लॉक किया गया है और 10.6 करोड़ से अधिक ग्राहकों को ऑनलाइन धोखाधड़ी से सुरक्षित किया है।




कंपनी ने कहा कि देशभर में एआई-आधारित फ्रॉड डिटेक्शन सिस्टम के लॉन्च के तहत यह अत्याधुनिक सुरक्षा प्रणाली सभी एयरटेल मोबाइल और ब्रॉडबैंड ग्राहकों के लिए ऑटोमैटिक रूप से एक्टिवेट होती है। यह एसएमएस, व्हाट्सऐप, टेलीग्राम, फेसबुक, इंस्टाग्राम, ईमेल और अन्य ब्राउज़रों पर भेजे गए लिंक को स्कैन और फ़िल्टर करती है। यह तकनीक रियल टाइम थ्रेट इंटेलिजेंस (साइबर ख़तरों की तात्कालिक जानकारी) का इस्तेमाल करती है और रोज़ाना एक अरब से ज़्यादा यूआरएल का विश्लेषण करती है। किसी भी खतरनाक साइट पर पहुंचने से पहले यह सिस्टम महज 100 मिलीसेकंड में उसे ब्लॉक कर देता है।

दिल्ली एनसीआर में 43 दिनों के भीतर 35 लाख से अधिक यूज़रों को सफलतापूर्वक ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाया गया है। दिल्ली-एनसीआर को देश के सबसे अधिक डिजिटल रूप से विकसित राज्यों में गिना जाता है, लेकिन इसके साथ ही यहां ऑनलाइन धोखाधड़ी की घटनाएं भी तेज़ी से बढ़ रही हैं।

## तेलों में टिकाव, गेहूं महंगा, गुड़ और मूंग दाल सस्ती व अन्य जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 26 जून (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि गेहूं महंगा हो गया वहीं गुड़ और मूंग दाल के भाव गिर गए।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा ×6 रिंगिट बढ़कर ×975 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.20 सेंट की गिरावट के साथ 51.62 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में मिलाजुले रुख रहा। इस दौरान गुड़ 50 रुपए प्रति क्विंटल गिर गया जबकि चीनी के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में मूंग दाल में 150 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**अनाज :** अनाज मंडी का रुझान मिश्रित रहा। इस दौरान गेहूं 50 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया जबकि चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 5600-5700, दाल चना 6600-6700, मसूर काली 7900-8000, मूंग दाल 9×00-9400, उड़द दाल 9500-9600, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

## स्टील उत्पादन वृद्धि में भारत ने चीन को पछाड़ा

**मुंबई,** 26 जून (एजेंसियां)। भारत की स्टील इंडस्ट्री वित्त वर्ष 2030-31 तक 300 मिलियन टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) क्रूड स्टील की क्षमता हासिल करने के सरकार के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रही है। यह जानकारी गुरुवार को जारी एक निजी क्षेत्र की रिपोर्ट में दी गई।



- 205 एमटीपीए की स्थापित क्षमता हासिल कर ली है भारत
- भारत की स्टील की खपत में तेजी से वृद्धि होने की उम्मीद

रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत में स्टील उत्पादन की वृद्धि दर चीन और वैश्विक औसत दोनों से आगे निकल गई है। 2016 और 2024 के बीच, भारत ने लगभग 5 प्रतिशत की सीएजीआर दर्ज की, जबकि चीन के लिए यह 2.76 प्रतिशत और वैश्विक स्तर पर 1.77 प्रतिशत थी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि विशेष रूप से, जबकि चीन का स्टील उत्पादन 2020 से घट रहा है, भारत ने इस अवधि के दौरान 8 प्रतिशत की त्वरित सीएजीआर दर्ज की। यह वृद्धि ग्लोबल स्टील इंडस्ट्री में भारत के बढ़ते महत्व को रेखांकित करती है। एमपी फाइनेंशियल एडवाइजरी सर्विसेज एलएलपी (एमपीएफएएसएल) की रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 तक, भारत ने 205 एमटीपीए की स्थापित क्षमता हासिल कर ली है, इसके बाद प्रमुख स्टील कंपनियों द्वारा 2031 तक 167 एमटीपीए की प्रस्तावित क्षमता विस्तार योजनाएं हैं। हालांकि, इस क्षेत्र को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा हैkरिपोर्ट में आगे कहा गया है कि भारत की स्टील की खपत में तेजी से वृद्धि होने की उम्मीद है, क्योंकि भारत इंफ्रास्ट्रक्चर, किफायती आवास और विनिर्माण में निवेश में तेजी ला रहा है। भारत की स्टील की खपत वर्तमान में वैश्विक औसत 219 किलोग्राम की तुलना में प्रति व्यक्ति 93.4 किलोग्राम है।

इस खपत अंतर को पाटने के लिए स्टील बनाने की क्षमता में पर्याप्त वृद्धि की आवश्यकता होगी, जिससे 300 मिलियन टन कच्चे स्टील की क्षमता के लक्ष्य को प्राप्त करने की रणनीतिक आवश्यकता को बल मिलेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि हालांकि चुनौतियां हैं, लेकिन 2030-31 तक 300 एमटीपीए स्टील क्षमता का लक्ष्य बहुआयामी रणनीति के माध्यम से हासिल किया जाएगा, जो पांच महत्वपूर्ण लीवरों पर निर्भर है।

तेजी से बढ़ते औद्योगीकरण और इंफ्रास्ट्रक्चर के नेतृत्व वाली वृद्धि से प्रेरित होकर भारत का इस्पात उत्पादन हाल के वर्षों में बढ़ा है, जिससे देश दुनिया भर में चीन के बाद दूसरे सबसे बड़े स्टील उत्पादक के रूप में स्थापित हुआ है, जो दुनिया के उत्पादन का 50 प्रतिशत से अधिक हिस्सा है। वर्तमान में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा स्टील उत्पादक, भारत मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर की मांग और नीति समर्थन के बीच इस परिवर्तन को आगे बढ़ा रहा है।

## न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर ( छ.ग. )
### ईश्तहार

रा.मा.क्र./202506110800098/ब-121/2024-25
ग्राम-भनपुरी, प.ह.नं. 39
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 26.06.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक रामाधार साहू पिता जगत राम साहू निवासी भनपुरी रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में डुप्लिकेट ऋण पुस्तिका बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है कि, ग्राम भनपुरी, प.ह.नं. 39, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 220/69 रकबा 0.0130हे. अर्थात 1384 वर्गफुट भूमि रामाधार साहू पिता जगत राम साहू के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका आज दिनांक तक आवेदक को प्रदान नहीं किया गया है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने का निवेदन किया गया है।

अत: आवेदक का द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति /संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 09.07.2025 तक स्वत: या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

## न्यायालय तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर ( छ.ग. )
### ईश्तहार

ई.कोर्ट क्रं./ब-121/2025
ग्राम-रायपुरखास प.ह.नं. 62
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 24.06.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती प्रमिलेश अग्रवाल पति रामकृपाल अग्रवाल निवासी पुरानी बस्ती रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदक द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य में ग्राम रायपुरखास प.ह.नं. 62 तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 1339/8 रकबा 0.0300 हे. भूमि वर्तमान अभिलेख में श्रीमती प्रमिलेश अग्रवाल पति रामकृपाल अग्रवाल के नाम से दर्ज है। आवेदक को उक्त भूमि को क्रय करने के पश्चात से ऋण पुस्तिका प्रदान नहीं किया गया है। जिससे आवेदिका को शासकीय एवं अन्य कार्यों हेतु ऋण पुस्तिका की आवश्यकता है। अत: आवेदिका द्वारा ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 09.07.2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार रायपुर

## न्यायालय तहसीलदार अभनपुर जिला रायपुर ( छ.ग. )
### ईश्तहार

ग्राम-राखी, प.ह.नं. 24 तहसील अभनपुर
रा.प्र.क्र. 202506110500051
ब/121 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुरेश कुमार शर्मा पिता नंद कुमार शर्मा निवासी ग्राम अभनपुर तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम राखी प.ह.नं. 24 रा.नि.मं. व तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि ख.नं. 481 रकबा 0.400 हे. भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में आवेदक के नाम पर दर्ज है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि का मूल ऋण पुस्तिका गुम हो गया है। उक्त भूमि रहन, गहन व बंधक नहीं है। अतएव आवेदक द्वारा उक्त भूमि का द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका जारी किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत पेशी दिनांक 07.07.2025 तक न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से लिखित में पेश कर सकते है। नियत पेशी दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार अभनपुर

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ), अभनपुर, जिला रायपुर ( छ.ग. )
### ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री किरण कुमार बंजारे पिता श्री ठाकुर राम बंजारे निवासी ग्राम सिंगारभाठा तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम सिंगारभाठा पटवारी हल्का नंबर 27, रा.नि.मं. अभनपुर, तहसील अभनपुर जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 461/2 रकबा 0.020 हे. याने 2152 वर्गफुट को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन/पुनर्निधारण बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत पेशी दिनांक 04.07.2025 तक न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से लिखित में पेश कर सकते है। नियत पेशी दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) अभनपुर

## न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर ( छ.ग. )
### ईश्तहार

क्रमांक/202506116400041/अ-6/2024-25
ग्राम सेजबाहर प.ह.नं. 82
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 24.06.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका डिकेश्वरी साहू पिता ब्रम्हलाल साहू निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, चरोदा, भिलाई, तहसील भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है की ग्राम सेजबहार पटवारी हल्का नंबर 82 राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर 18 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसण नंबर क्रमश: 73/1, 73/4, 73/5 13/1, 73/8, 74/9 संविलियन पश्चात् खसरा नंबर 15017/1 रकबा 12648 हे. भूमि आवेदिका की माता श्रीमती तिजीया बाई साहू पति श्री बरहलाल साहू के द्वारा धारित की जाती है। उपरोक्त भूमि भाग रकबा 1425 वर्गफुट भूमि को आवेदिका की माता द्वारा विक्रेता मेसर्स जे. के. बिल्डकॉन भागीदार श्री भागीरथी साहू श्री मोहन साहू, श्री संतोष साहू पिसरान स्व. पुसऊ साहू के द्वारा मुख्तयार आम श्री विष्णु साहू पिता श्री भागीरथी साहू से विक्रय विलेख के आधार क्रय किया गया। आवेदिका की भाता द्वारा क्रय करने के उपरांत भूलवश अपने नाम पर नामांतरण नहीं करवाया गया। जिसके कारण वर्तमान ऑनलाईन राजस्व अभिलेख में विक्रेता का नाम दर्शित हो रहा है। आवेदिका की माता श्रीमती तिजीया बाई साहू पति श्री ब्रम्हलाल साहू का निधन दिनांक 13.05.2025 को तथा पिता ब्रम्हलाल साहू का निधन दिनांक 14.03.2025 को हो चुका है। जिनके विधिक वारिसानों में केवल आवेदिका डिकेश्वरी साहू पिता स्व. ब्रम्हलाल साहू है। इसके अतिरिक्त अन्य कोई वारिसान नहीं है। आवेदिका द्वारा आवेदित भूमि पर मृतिका के नाम के स्थान पर मृतिका के विधिक वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अत: आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 17.07.2025 तक स्वत: अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 24.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

## न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर ( छ.ग. )
### ईश्तहार

रा.प्र.क्र./202506114900033/अ-6/वर्ष 2024-2025
रायपुर, दिनांक 25.06.2025
ग्राम पुरैना प.ह.नं. 67

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक/क्रेता बंशीलाल लुलिया पिता मंशा राम लुलिया निवासी वसुंधरा कॉम्पलेक्स के पीछे न्यू शांति नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा आवेदन-पत्र वास्ते छ.ग.भूरा.सं. 1959 की धारा 110 के तहत प्रस्तुत किया गया है जिसके अनुसार ग्राम पुत्र प.ह.नं. 67 रा.नि.मं. रायपुर-11 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 38, 42, 44 का भाग भूखण्ड क्रमांक 16 रकबा 2400 वर्गफुट भूमि को आवेदकगण के द्वारा पंजीकृत विक्रय विलेख निष्पादन दिनांक 17.04.1985 के माध्यम से विक्रेता/अनावेदक राजीव गृह निर्माण सहकारी समिति द्वारा अध्यक्ष डॉ. सी.जे. बजाज वल्द जेठानंद बजाज निवासी एवं कार्यालय कटोरा तालाब रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) से क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया गया है। अत: उक्त पंजीकृत बैनामा के आधार पर आवेदित प्रश्नाधीन भूमि को आवेदक के नाम पर दर्ज किए जाने का निवेदन किया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 16.07.2025 को इस न्यायालय में पेश करें । नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 25.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार रायपुर

## न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर-02-ए मामले की श्रेणी-राजस्व
### ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00057 रायपुरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440722100269

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00057 के अंतर्गत ग्राम रायपुरा के वर्तमान भूमिस्वामी रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर पिता/पति-पता रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 97/2 0.0130 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता कंचन यादव पिता/पति विजय यादव पता 840 प्रथम तल कारगिल चौक के पास सुंदर नगर रायपुर, विजय श्याम लाल यादव पिता/पति श्याम लाल यादव पता 840, प्रथम तल कारगिल चौक के पास सुंदर नगर रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 10.07.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर-02-ए पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26.06.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

## आम सूचना

ग्राम-मोहंदी, प.ह.नं. 40, रा.नि.मं. बंगोली, तहसील- खरोरा, जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर - 589/2, रकबा 0.1180 हे. भूमि के संबंध में।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकारगण 1. रिया फतनानी पति हर्ष फतनानी, रमेश कुमार थदवानी पिता दौलतराम थदवानी, हितेश कुमार शाह पिता स्व. रमणीक लाल शाह सभी निवासी रायपुर ने विक्रेता श्री हरिश देवांगन पिता श्री भगवती प्रसाद देवांगन, निवासी वार्ड नंबर 03, शास्त्री चौक, केशला, जिला रायपुर छ.ग. से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम-मोहंदी, प.ह.नं. 40, रा.नि.मं. बंगोली, तहसील-खरोरा, जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 589/2, रकबा 0.1180 हे. भूमि स्थित है, को क्रय करने का सौदा पक्का कर बयाना राशि अदा कर दिया है, केवल बैनामा पंजीयन की कार्यवाही होना शेष है।

अत: उपरोक्त संपत्ति के स्वामित्व एवं आधिपत्य के संबंध में किसी भी व्यक्ति बैंक, संस्था, निकाय, बोर्ड, प्राधिकरण, साहूकार आदि को उक्त संव्यवहार पर उजर, बाधा या आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिनों के अंदर मेरे समक्ष मेरे नीचे लिखे पते पर मय दस्तावेज आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा उपरोक्त सम्पत्ति का बैनामा पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा। बाद म्याद की गयी आपत्ति अवैध व शुन्य होगी। जो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी होगी ।

सो सूचना जाने ।

रायपुर छ.ग.
दिनांक-26.06.2025

भवदीय
नीतू गुप्ता, अधिवक्ता
जिला एवं सत्र न्यायालय रायपुर ( छ.ग. )
मो.नं. 8103592946

## आम सूचना

ग्राम-मोहंदी, प.ह.नं. 40, रा.नि.मं. बंगोली, तहसील-खरोरा, जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर - 589/1, रकबा 0.1170 हे. भूमि के संबंध में।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकारगण 1. रिया फतनानी पति हर्ष फतनानी, रमेश कुमार थदवानी पिता दौलतराम थदवानी, हितेश कुमार शाह पिता स्व. रमणीक लाल शाह सभी निवासी रायपुर ने विक्रेता श्री हरिश देवांगन पिता श्री भगवती प्रसाद देवांगन, निवासी वार्ड नंबर 03, शास्त्री चौक, केशला, जिला रायपुर छ.ग. से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम-मोहंदी, प.ह.नं. 40, रा.नि.मं. बंगोली, तहसील-खरोरा, जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 589/1, रकबा 0.1170 हे. भूमि स्थित है, को क्रय करने का सौदा पक्का कर बयाना राशि अदा कर दिया है, केवल बैनामा पंजीयन की कार्यवाही होना शेष है।

अत: उपरोक्त संपत्ति के स्वामित्व एवं आधिपत्य के संबंध में किसी भी व्यक्ति बैंक, संस्था, निकाय, बोर्ड, प्राधिकरण, साहूकार आदि को उक्त संव्यवहार पर उजर, बाधा या आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिनों के अंदर मेरे समक्ष मेरे नीचे लिखे पते पर मय दस्तावेज आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा उपरोक्त सम्पत्ति का बैनामा पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा। बाद म्याद की गयी आपत्ति अवैध व शुन्य होगी। जो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी होगी ।

सो सूचना जाने ।

रायपुर छ.ग.
दिनांक-26.06.2025

भवदीय
नीतू गुप्ता, अधिवक्ता
जिला एवं सत्र न्यायालय रायपुर ( छ.ग. )
मो.नं. 8103592946

## कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-21 रावांभाठा तहसील धरसींवा, जिला रायपुर सीमांकन के संबंध में आम सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका दुधमत बाई ध्रुव पति श्री जगदीश ध्रुव जाति गोड़ निवासी ग्राम मोपका प.ह.नं. 20 तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा के द्वारा अपनी माता धनई बाई ध्रुव पति श्री बुधराम ध्रुव की मृत्यु दिनांक 11/07/2024 (स्थान) ग्राम मोपका के मृत्यु का पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार जन्म/मृत्यु सचिव ग्राम पंचायत मोपका तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़) को जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छ.ग. जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत निर्देश देने हेतु शपथपत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र एवं सरपंच प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीनदिनांक 30-06-2025 को सुनवाई हेतु नियत है।

अंत: उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई 30-06-2025 तारीखन्तक स्वयं या अपने दावा/आपत्ति पेश करना हो तो नियत पेशी तारीख त अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से वावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 03/06/2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय कीमुहर सहित जारी किया ।

सील **कार्यपालिक दण्डाधिकारी भाटापारा ( छत्तीसगढ़ )**

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा), भाटापारा जिलाबलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
### उद्घोषणा

**आनलाईन नं. वर्ष 2024 25अ/2**

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रविशंकर निषाद पिता बुधराम निषाद निवासी ग्राम-नयागंज वार्ड भाटापारा, तहसील भाटापारा जिला - बलौदाबाजार -भाटापारा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम- अवरेठी प.ह.न. 10 तहसील भाटापारा स्थित भूमि खसरा नम्बर 276/1, रकबा 0.0160, हेक्टेयर भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत पुनर्निर्धारण के लिये खसरा, नक्शा, बी-1, एवं विक्रय पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी को आपत्ति/दावा हो तो प्रकरण नियत 04.07.2025 तक आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है । नियत अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील **अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) भाटापारा**

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा), भाटापारा जिलाबलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
### उद्घोषणा

**आनलाईन नं.....अ/2**
**वर्ष 2024 25**

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नुतेश सोनी पिता खेमलाल सोनी निवासी ग्राम-परशुराम वार्ड भाटापारा, तहसील भाटापारा जिला - बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम- हथनी प.ह.न. 40 तहसील भाटापारा स्थित भूमि खसरा नम्बर 216/8, रकबा 0.0096, हेक्टेयर अर्थात 1028 वर्गफुट भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59(2) के तहत पुनर्निर्धारण के लिये खसरा, नक्शा, बी-1, एवं विक्रय पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी को आपत्ति/दावा हो तो प्रकरण नियत 04.07.2025 तक आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है । नियत अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील **अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) भाटापारा**

### न्यायालय नजूल अधिकारी, भाटापारा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
### ईश्तहार

**रा.प्र.क्र.202506211100003**
**अ/20 ( 1 ) वर्ष 2024-25**

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुखदेव गेहाणी पिता दिवानचंद गेहाणी, निवासी बजरंग वार्ड तहसील भाटापारा ने नगर भाटापारा स्थित नजूल भूमि शीट क्रमांक 12डी भूखंड नं 50 क्षेत्रफल 165 वर्गमीटर निर्धारण 33.90 रुपये भूमि जो कि नजूल अभिलेख में प्रकाश उर्फ सुखदेव, सुनीता, अनीता, राखी पिता दीवानचंद गेहाणी के संयुक्त नाम पर दर्ज है। उक्त पट्टे की लीज /अवधि वर्ष 2010 में समाप्त होने का उल्लेख करते हुए पट्टा नवीनीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। आवेदक द्वारा अपने आवेदन पत्र के साथ शपथपत्र, पट्टे की छायाप्रति, मेंटनेंस खसरा की छायाप्रति संलग्न किया है। जिसके सम्बन्ध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: उक्त संबंध में जिस किसी को आपत्ति / दावा करना हो तो अपना आपत्ति दावा प्रकरण सुनवाई हेतु नियत दिनांक 07/07/2025 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त दिनांक पश्चात् प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील **नजूल अधिकारी भाटापारा**

### न्यायालय तहसीलदार गुरूर जिला-बालोद (छ.ग.)
### उद्घोषणा

**क्रमांक/1260/प्र.तह./2025**
**गुरूर, दिनांक 19.06.2025**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्रामवासी बोरीदकला प.ह.नं. 27 एवं आम जनता तहसील गुरूर जिला बालोद को सूचित किया जाता है कि आवेदक अस्तीर राम सिन्हा आ. घासीराम सिन्हा जाति कलार निवासी बोरीदकला तहसील गुरूर जिला बालोद ने आवेदन पेश किया है कि आवेदक के माता सोनई बाई पति घासीराम की मृत्यु 25/01/2020 को ग्राम बोरीदकला में हुई है। मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने बाबत आदेशित किया जावे।

अतएव उपरोक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति संस्था हितबद्ध पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 07/07/2025 तक स्वयं या विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/06/2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं सील मुहर से जारी किया गया।

सील **नायब तहसीलदार गुरूर, जिला-बालोद**

### न्यायालय तहसीलदार आरंग जिला-रायपुर ( छ.ग. )
### ईश्तहार

रा.प्र.क्र./ब-121/2024-25
ग्राम-आरंग प.ह.नं. 29

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, माननीय गुरु खुशवंत साहेब विधायक आरंग विधानसभा आरंग अंतर्गत नगर पालिका परिषद आरंग में स्थित शासकीय ब्रदीप्रसाद लोधी महाविद्यालय हेतु 300 सीटर ऑडिटोरियम भवन निर्माण हेतु बजट मद क्र. 169 प्रावधान राशि 100.00 लाख है। [illegible]

यह ईश्तहार आज दिनांक 12.06.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर **तहसीलदार आरंग**

### न्यायालय तहसीलदार आरंग जिला-रायपुर ( छ.ग. )
### ईश्तहार

रा.प्र.क्र./ब-121/2024-25
ग्राम-रसनी प.ह.नं. 28

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, माननीय गुरु खुशवंत साहेब विधायक, आरंग एवं उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण (कैबिनेट मंत्री दर्जा) का पत्र क्रमांक 2250/25 दिनांक 07.04.2025 के द्वारा विधानसभा क्षेत्र आरंग अंतर्गत छत्तीसगढ़ क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना हेतु [illegible]

अतएव उक्त संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 26.06.25 तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 12.06.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर **तहसीलदार आरंग**

### कार्यालय नगरपालिका परिषद् कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)
### ईश्तहार

क्रमांक/1416/न.पा./राजस्व/2025
कोण्डागांव, दिनांक 26.06.2025

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सुखमती कश्यप पति श्री जगदीश कश्यप निवासी दण्डकारण्य वार्ड-11 जिला कोण्डागांव (छ.ग.) के निवासी द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि दण्डकारण्य वार्ड-11 में बने मकान का सम्पति कर एवं अन्य करों में श्री विजय चौहान पिता श्री तिलेश्वर सिंह चौहान का नाम दर्ज है। चूंकि आपसी सहमति से उक्त मकान का क्रय-विक्रय किया गया है। आगामी से उक्त मकान का नगरपालिका के द्वारा आरोपित किये गये सम्पत्तिकर व अन्य कर आवेदिका श्रीमती सुखमती कश्यप पति श्री जगदीश कश्यप के नाम दर्ज करने हेतु आवेदिका ने आवेदन व शपथ पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है।

उपरोक्त संबंध में सुनवाई दिनांक 11.07.2025 तक कार्यालय में नियत की गई है। जिस किसी व्यक्ति को अथवा संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं अपने अभिभावक के माध्यम से उक्त दिनांक को या उसके पूर्व अपना दावा आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। आज दिनांक 26.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय के मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर **मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद कोण्डागांव जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)**

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं सक्षम अधिकारी गुण्डरदेही जिला-बालोद (छ.ग.)
### ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202506241400019/अ-12 वर्ष 2024-2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुरेशचंद्र सखवार वल्द ग्या प्रसाद सखवार साकिन दुर्ग टिकरी तहसील अर्जुन्दा जिला बालोद छ.ग. के द्वारा ग्राम टिकरी में स्थित अपने भू-स्वामी भूमि खसरा नं. 100/3, रकबा 0.03 हे. में से 0.03 हे. भूमि का आवासीय प्रयोजन के लिये व्यपवर्तन हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है।

उक्त प्रस्तावित व्यपवर्तन में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति है वह पेशी तारीख 30.06.2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति अग्राहय होगी।

आज दिनांक 10.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर **अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) गुण्डरदेही ( बालोद )**

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, RIKHAB CNAD BAID S/O CHAMPA LAL BAID resident of HOUSE NO 184 WARD NO 37 BAL GOVIND CHOWK RAJNANDGAON (C.G.) have changed my old name RIKHAB CNAD BAID S/O CHAMPA LAL BAID so in future I should be recognized by my new name that is RIKHAB CHAND BAID S/O CHAMPA LAL BAID in all Government and other documents.

**RIKHAB CHAND BAID**
HOUSE NO 184 WARD NO 37 BAL GOVIND CHOWK RAJNANDGAON (C.G.)

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, RESHAMA KHATRI W/O MOHAMMAD SARFRAZ KHATRI resident of H.NO - 72/6 HI SCHOOL PARA, BASNA, DISTT - MAHASAMUND (C.G.) have changed my old name RESHAMA KHATRI W/O MOHAMMAD SARFRAZ KHATRI so in future I should be recognized by my new name that is REHANA KHATRI W/O MOHAMMAD SARFRAZ KHATRI in all Government and other documents.

**REHANA KHATRI**
H.NO - 72/6 HI SCHOOL PARA, BASNA, DISTT - MAHASAMUND (C.G.)

### ईस्तहार

इस ईस्तहार के द्वारा सर्व साधारण के लिए सूचनार्थ प्रकाशन कराया जाता है कि विक्रेतागण - परसराम पटेल, खेमराज पटेल, उत्तम पटेल, मीना पटेल पिता स्व. मेहतरू पटेल व बुधबाई पटेल बेवा मेहतरू पटेल सभी जाति मरार की भूमिस्वामी हक की भूमि जो महासमुन्द प.ह.नं. 42, रा.नि.मं. महासमुन्द, तहसील व जिला महासमुन्द की भूमि जो रायपुर रोड महासमुन्द में स्थित है जिसका खसरा नं. 545/1 रकबा 0.079 हे.लगान 0.08 पैसा है। उक्त भूमि को क्रेता हलधर चन्द्राकर पिता कन्हैया लाल चन्द्राकर, जाति कुर्मी, निवासी कौशिक कालोनी से क्रय करने का सौदा हुआ है।

उपरोक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति या संस्था को किसी भी प्रकार की आक्षेप/दावा व अथवा आपत्ति हो तो अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 08/07/2025 तक आपत्ति कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं होगा।

आज दिनांक 26/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**दिनांक:26/06/2025**
**स्थान :महासमुन्द**
**सुरेश नसीने ( अधिवक्ता )**
**जिला न्यायालय महासमुन्द**

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, DEEPAK KUMAR SINGH S/o. Late AWADHESH NARAYAN SINGH , R/o.- 6/A, Street- 7, Sec.- 2, Ward No.- 39, Bhilai - 1, Distt.- Durg ( C.G.) Pin-490001 have Changed my old name DEEPAK SINGH S/o. Late AWADHESH NARAYAN SINGH. So in future I should be recognized by my new name that is DEEPAK KUMAR SINGH S/o. Late AWADHESH NARAYAN SINGH in all Government and other documents.

**DEEPAK KUMAR SINGH**
**R/o.- 6/A, Street- 7, Sec.- 2, Ward No.- 39, Bhilai - 1, Distt- Durg ( C.G.) Pin- 490001**

# गुटखा फैक्ट्री में जीएसटी का छापा

## दस्तावेजों की जांच में टैक्स चोरी के मिले साक्ष्य

**रायपुर,** 26 जून (देशबन्धु)। प्रदेश का स्टेट जीएसटी विभाग एक्शन में है। विभाग ने कर चोरी करने वाले व्यापारियों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। दुर्ग जिले के गनियारी गांव स्थित जालबांधा रोड पर संचालित सितार गुटखा फैक्ट्री में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात विभाग की टीम ने दबिश दी। इस दौरान जीएसटी चोरी से जुड़े अहम साक्ष्य मिलने पर विभाग ने फैक्ट्री संचालक पर 2 लाख रुपये की पेनाल्टी लगाई है।




### बंद फैक्ट्री में चल रहा था गुटखा बनाने का खेल

मिली जानकारी के अनुसार गनियारी की बंद फैक्ट्री में गुटखा बनाया जा रहा था। जीएसटी की टीम को इसकी पुख्ता जानकारी मिली। जिसके बाद एक टीम बनाकर रात को 3 बजे दबिश दी गई। इस दौरान मौके से टीम ने भारी मात्रा में सितार गुटखा के रैपर और गुटखा बनाने का अन्य सामान और मशीन जब्त की है। फिलहाल इस मामले में जांच जारी है।

कुछ दिनों पहले फूड एंड सेफ्टी विभाग ने जिले के चंदखुरी क्षेत्र में एक गोदाम से ?1.5 करोड़ की सुपारी जब्त की थी। उस मामले में भी सैंपल जांच के लिए भेजा गया था।

### राज्यभर में एक्शन मोड में जीएसटी विभाग

जी एस टी विभाग की यह कार्रवाई एक व्यापक अभियान का हिस्सा है। पिछले दो दिनों से कपड़ा और फर्नीचर सेक्टर पर निगरानी के बाद, बुधवार को छत्तीसगढ़ के 6 जिलों ङ्क रायपुर, दुर्ग, रायगढ़, जगदलपुर, बिलासपुर और कोरबा में फुटवेयर सेक्टर पर एक साथ बड़ी कार्रवाई की गई।

टीम ने कुल 17 डीलरों के प्रतिष्ठानों पर छापा मारा और इस दौरान 2.5 करोड़ की टैक्स वसूली की गई। विभागीय सूत्रों के अनुसार, इंटेलिजेंस इनपुट से यह जानकारी मिली थी कि इन डीलरों ने जीएसटी टैक्स जमा नहीं किया है, जिसके चलते ये दबिशें दी गईं।

### सैफ्रॉन कॉर्पोरेट पर भी छापा

इसी अभियान के तहत राजधानी रायपुर में सैफ्रॉन कॉर्पोरेट नामक प्रतिष्ठान पर भी 5 अधिकारियों की टीम ने छापेमारी की थी। यह प्रोजेक्ट बगड़िया ब्रदर्स प्राइवेट लिमिटेड से जुड़ा बताया गया है, जो कि ऐश्वर्या ग्रुप के सह-संस्थापक द्वारा निलय ग्रुप के माध्यम से संचालित होता है।

# आपातकाल स्मृति दिवस पर सम्मानित हुए लोकतंत्र सेनानी

## लोकतंत्र सेनानियों का संघर्ष हम सबके लिए प्रेरणास्त्रोत : साय

**रायपुर,** 26 जून (देशबन्धु)। लोकतंत्र केवल एक शासन प्रणाली नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक पद्धति है। आज हम लोकतंत्र की फिजा में जिस आज़ादी का अनुभव कर रहे हैं, उसकी कीमत आपातकाल के दौरान कुछ लोगों ने यातना, अपमान और जेलों में समय काटकर चुकाई थी। इन लोकतंत्र सेनानियों की पीड़ा और संघर्ष को हर पीढ़ी तक पहुँचाना हमारा कर्तव्य है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज अपने निवास कार्यालय में आयोजित आपातकाल स्मृति दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही।



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने लोकतंत्र विरोधी ताकतों से सावधान रहने और लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले लोकतंत्र सेनानियों को बेड़ियों में जकड़कर शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। यह सब स्वतंत्र भारत में हुआ।

आपातकाल के दौरान असहनीय कष्ट सहने वाले लोकतंत्र सेनानी आज भी हमारे लिए प्रेरणा का स्त्रोत हैं।

मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में उन्होंने सच्चिदानंद उपासने द्वारा लिखित पुस्तक 'वो 21 महीने- आपातकाल' का भी विमोचन किया।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि 25 जून 1975 को भारत के लोकतांत्रिक इतिहास का सबसे काला दिन माना जाता है। आपातकाल में हजारों लोगों को बिना अपराध के जेलों में ठूंस दिया गया, मौलिक अधिकार छीन लिए गए और लोकतंत्र का गला घोंट दिया गया।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने लोकतंत्र सेनानियों को सम्मान राशि देने की शुरुआत की थी, जिसे पूर्ववर्ती सरकार ने बंद कर दिया। हमारी सरकार ने न केवल यह सम्मान राशि पुन: प्रारंभ की, बल्कि पूर्व सरकार द्वारा रोकी गई पिछले पाँच वर्षों की बकाया राशि का भी भुगतान किया।

मुख्यमंत्री ने बताया कि अब लोकतंत्र सेनानियों की अंत्येष्टि राजकीय सम्मान के साथ की जाएगी और उनके परिजनों को ?25,000 की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त, विधानसभा में एक अधिनियम पारित कर यह सुनिश्चित किया गया है कि भविष्य में कोई भी सरकार इस सम्मान योजना को समाप्त न कर सके।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि यह हम सबका सौभाग्य है कि आज मीसाबंदी आंदोलन के सहभागी और उनके परिजन हमारे बीच हैं। उन्होंने आपातकाल को असंवैधानिक करार देते हुए कहा कि उस समय पूरे देश को एक विशाल जेल में बदल दिया गया था। लोकतंत्र के स्तंभ—न्यायपालिका, कार्यपालिका, विधायिका और मीडिया—को निष्क्रिय कर दिया गया था। प्रेस पर सेंसरशिप थोप दी गई थी और सच्चाई बोलने वालों को जेलों में डाल दिया गया था। इस अवसर पर पवन साय और लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

# जांच में मिली अनियमितता, 5 कृषि केंद्र को कारण बताओ नोटिस

**बलौदाबाजार,** 26 जून (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिले में संचालित कृषि आदान विक्रय केंद्रों का लगातार जांच जारी है। उप संचालक कृषि दीपक कुमार नायक के नेतृत्व में निरीक्षकों के द्वारा प्रत्येक विकासखण्ड में संचालित विक्रय केंद्रों का लगातार निरीक्षण कर अनियमितता पर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को निरीक्षण के दौरान अनियमितता पाए जाने पर 5 कृषि केंद्रों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार पलारी विकासखंड के ग्राम भवानीपुर में संचालित पटेल कृषि सेवा केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विक्रय केंद्र में निर्धारित प्रपत्र स्कंध पंजी का संधारण नहीं पाया गया। ग्राम वटगन के चंद्राकर कृषि केंद्र एवं अमेरा के शिवराम कृषि केंद्र का भी निरीक्षण किया गया। इसी तरह बलौदा बाजार विकासखंड के निरीक्षक लोकनाथ दिवान एवं अनुविभागीय कृषि अधिकारी जयइंद्र कंवर द्वारा अंगार मोती कृषि केंद्र, सोनपुरी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में बीज स्कंध एवं मूल्य सूची प्रदर्शित एवं स्कंध पंजी संधारित नहीं था, कीटनाशक का भी स्कंध एवं मूल्य सूची प्रदर्शित नहीं किया गया था। ग्राम लटूआ के दीपक कृषि केंद्र का निरीक्षण किया गया जहां उर्वरक का उपलब्ध स्कंध एवं मूल्य सूची प्रदर्शित नहीं था, स्कंध पंजी संधारित नहीं किया गया था, उपलब्ध कीटनाशक स्कंध एवं मूल्य सूची प्रदर्शित नहीं था तथा विक्रय केंद्र में कालातीत कीटनाशक दवाइयों का नियमानुसार रख रखाव नहीं किया गया था। सभी कृषि के विक्रेताओं को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। तथा कृषि आदान विक्रय केंद्रों को किसी भी परिस्थिति में अनियमितता न बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

# प्रदेश में अब तक 106.3 मिमी औसत वर्षा

**रायपुर,** 26 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में 1 जून से अब तक 106.3 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा स्थापित राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में अब तक जशपुर जिले में सर्वाधिक 245.6 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। राजनांदगांव जिले में सबसे कम 35.1 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है।

राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार सरगुजा में 95.7 मि.मी., सूरजपुर में 119.2 मि.मी., बलरामपुर में 228.2 मि.मी., कोरिया में 188.8 मि.मी. और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 109.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। रायपुर जिले में 71.1 मि.मी. बलौदाबाजार में 107.6 मि.मी., गरियाबंद में 98.9 मि.मी., महासमुंद में 90.1 मि.मी. और धमतरी में 64.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। बिलासपुर में 74.7 मि.मी., मुंगेली में 95.8 मि.मी., रायगढ़ में 162.3 मि.मी., सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 103.2 मि.मी., जांजगीर-चांपा में 138.9 मि.मी., सक्ती में 68.7 मि.मी. कोरबा में 114.4 मि.मी. और गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही 117.0 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड हुई है। दुर्ग जिले में 62.1 मि.मी., कबीरधाम में 63.2 मि.मी., मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 82.1 मि.मी., खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 58.8 मि.मी., बालोद में 68.7 मि.मी. बेमेतरा में 44.0 मि.मी और बस्तर जिले में 141.4 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड हुई है। कोंडागांव में 86.9 मि.मी., कांकेर में 105.0 मि.मी., नारायणपुर में 66.5 मि.मी., दंतेवाड़ा में 144.8 मि.मी., सुकमा में 56.9 मि.मी. और बीजापुर में 198.0 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है।

**NECC**

| 27.06.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 565 | 83 | 165 |
| चिल्हर | 6.75 | 100 | 190 |
| डिलीवरी | 580 सैकड़ा | | |

दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA







प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

चंगू- मैंने अपनी शर्ट साबुन से धोई और वह छोटी हो गई।
मंगू- तुम भी उसी साबुन से नहा लो, वह शर्ट तुम्हें फिट हो जाएगी।

संपादकीय

## अधिकारी दें स्वच्छता को प्राथमिकता

रायपुर नगर निगम के कमिश्नर विश्वदीप ने जोन अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे सुबह 6.30 बजे अपने इलाकों में जाकर सफाई सम्बन्धी सभी कामों का प्रत्यक्ष निरीक्षण करें। उन्होंने स्वच्छता को सर्वोच्च वरीयता देने को भी कहा है। निश्चित रूप से यदि जोन अधिकारी सुबह पहुंचते हैं तो इसका बड़ा फर्क पड़ेगा। सफाई का काम ठेकेदारों द्वारा सुबह-सुबह शुरू किया जाता है। यदि जोन के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर उपस्थित रहते हैं तो काम न केवल वक्त पर प्रारम्भ होगा बल्कि निर्धारित संख्या के अनुरूप सफाईकर्मियों की मौजूदगी तथा उनके द्वारा काम को ठीक से अंजाम दिया जाना भी सुनिश्चित हो सकेगा। घरों से कचरा उठाने का काम भी सही तरीके से हो सकेगा। यदि जोन अधिकारी इस निर्देश का ठीक से पालन करें तो निश्चित रूप से शहर का परिदृश्य बदल सकता है।

रायपुर नगर निगम ही नहीं, कुछेक नगरीय इलाकों को छोड़कर छत्तीसगढ़ के तकरीबन सारे ही शहर और कस्बे गंदगी से अटे पड़े हैं। सभी में साफ-सफाई एक बड़ी चुनौती है। कूड़ों का निपटान कहीं भी संतोषजनक दिखाई नहीं देता। अंबिकापुर ही सुखद एहसास देता है जो तकरीबन हर वर्ष केन्द्रीय शहर विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित स्वच्छता स्पर्धा में पुरस्कार प्राप्त करता है। बाकी किसी भी शहर की उल्लेखनीय रैंकिंग नहीं रहती। इससे ज्ञात होता है कि राज्य के नगरीय निकाय इस दिशा में कितने असफल साबित हुए हैं। राज्य के अन्य छोटे-बड़े शहर कम से कम अंबिकापुर से ही कूड़ा निपटान की प्रक्रिया को सीखकर उसे अमल में ले आयें तो स्थिति काफी बेहतर हो सकती है।

बहरहाल, रायपुर की बात करें तो राजधानी होने के नाते उसे इस दिशा में जो प्रदर्शन करना चाहिये था वह करने में पूरी असफलता मिली है। जब से अलग राज्य के रूप में छग बना और रायपुर राजधानी बना है, उसके कुछ इलाकों को छोड़कर गंदगी एक बड़ी समस्या है। ऐसे में यदि कमिश्नर जोन अधिकारियों को सुबह से ही मैदान में उतरने के लिये कहते हैं तो वह अच्छा कदम होगा। निश्चित ही इसका असर होना चाहिये।

वैसे निगम देखे कि आम तौर पर लालफीताशाही में जिस प्रकार से कष्टप्रद जिम्मेदारियां शनैः शनैः निचले अधिकारियों तथा मातहतों को देने की प्रवृत्ति है, वैसा इस मामले में न होने पाये। ऐसा न हो कि कुछ दिनों तक जोनल या वरिष्ठ अधिकारी निर्देशित वक्त पर प्रत्यक्ष निरीक्षण करने जायें परन्तु बाद में वे ये काम अपने से नीचे के अधिकारियों के जिम्मे करते जायें। इससे वह उद्देश्य कतई पूरा नहीं हो सकेगा जिसके लिये निगम कमिश्नर ने यह निर्देश जारी किया है।

नागरिकों को भी चाहिये कि स्वच्छता बरतें। घरों का कूड़ा-कर्कट व अपशिष्ट नियमपूर्वक कचरा गाड़ियों के सुपुर्द करें। यदि उनके घरों, प्रतिष्ठानों से समय पर कचरा नहीं उठता तो वे निगम को सूचित करें।

## विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा में रथ परिक्रमा के दौरान अब नहीं होगा विद्युत बाधित : किरण देव



**बस्तरवासियों की मांग पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दी भूमिगत विद्युत लाईन बिछाने की स्वीकृति**

**जगदलपुर**, 26 जून (देशबन्धु)। बस्तर के विश्व प्रसिद्ध दशहरा के अवसर पर रथ परिक्रमा के दौरान अब विद्युत सप्लाई बाधित नहीं होगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव के विशेष आग्रह पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विश्व प्रसिद्ध दशहरा में रथ परिक्रमा में भूमिगत विधुत तार बिछाने की स्वीकृति प्रदान किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने विश्व प्रसिद्ध दशहरा पर्व पर रथ परिक्रमा मार्ग पर भूमिगत विद्युत तार बिछाने का आग्रह पत्र प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को देते हुए भूमिगत विद्युत तार बिछाने की मांग रखी थी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव की आग्रह पर उनकी मांग को स्वीकार करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने दशहरा पर्व के दौरान रथ परिक्रमा मार्ग पर भूमिगत विद्युत लाइन बिछाने की स्वीकृति प्रदान की है जिसके लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री देव ने मुख्यमंत्री श्री साय का सहृदय धन्यवाद ज्ञापित किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने बस्तर वासियों की बरसों पुरानी मांग विश्व प्रसिद्ध दशहरा में रथ परिचालन क्षेत्र में भूमिगत विद्युत तार बिछाने की मांग को प्रदेश के मुख्यमंत्री को बस्तर वासियों की मांग पर आग्रह किया था। बस्तर के विश्व प्रसिद्ध दशहरा पर रथ परिचालन के दौरान परिक्रमा मार्ग दंतेश्वरी मंदिर से सिरहासार चौक, गोल बाजार चौक, टेकरी वाले हनुमान मंदिर मार्ग, बाहर रैनी, भीतर रैनी रथ परिचालन स्टेट बैंक चौक से सिटी कोतवाली लालबाग से कुम्हड़ाकोट क्षेत्र तक बस्तर दशहरा का रथ का परिक्रमा होता है। रथ परिक्रमा के दौरान इन मार्गों पर विद्युत सेवा बाधित होती है जिससे रथ परिक्रमा के दौरान हमारे बस्तरवासी, पर्यटकों, व्यापारी बंधु को परिक्रमा के दौरान अत्यधिक कठिनाई उत्पन्न होती है। जिसके लिए भूमिगत विद्युत तार बिछाने की अत्यधिक आवश्यकता है। जिस पर मुख्यमंत्री ने बस्तर वासियों को सौगात देते हुए मांग को पूरी कर भूमिगत विद्युत तार बिछाने की स्वीकृति प्रदान की है। अब लोगों को रथ परिक्रमा के दौरान अंधेरे में रहकर देखने की आवश्यकता नहीं होगी। अब रथ परिचालन के दौरान विधुत सप्लाई चालू रहेगी। रथ परिचालन को अब हम बस्तर वासी बिना विद्युत वाधित के रथ परिचालन का आनंद ले सकेंगे। भूमिगत विद्युत तार बिछाने का कार्य जल्द प्रारंभ होगा। मुख्यमंत्री श्री साय बस्तर के विकास को लेकर लगातार संवेदनशीलता के साथ हमारी मांगों को पूरा कर रहे हैं जिसके लिए सदैव हम उनके आभारी रहेंगे।



## नेत्र उत्सव के बाद श्रद्धालुओं ने किए भगवान जगन्नाथ के दर्शन



**आज भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा**

**जगदलपुर**, 26 जून (देशबन्धु)। बस्तर के ऐतिहासिक गोंचा महापर्व अंतर्गत गुरुवार को स्थानीय जगन्नाथ मंदिर में नेत्र उत्सव कार्यक्रम का आयोजन पूरे विधि विधान और परंपरा के अनुसार किया गया वैदिक मंत्रोचार के बीच पूजा अनुष्ठान और हवन संपन्न हुआ। भगवान जगन्नाथ को श्रृंगार करने के बाद उन्हें दर्पण दिखाया गया। भगवान जगन्नाथ देवस्नान के बाद अनसर पर चले गए थे। इस दौरान श्रद्धालुओं को 15 दिनों तक उनका दर्शन नहीं मिला। आज नेत्र उत्सव अनुष्ठान के बाद श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ के दर्शन किए और उनका आशीर्वाद लिया। 27 जून को भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा आयोजित होगी इसकी पूरी तैयारी अंतिम चरण में है। प्रतिभाषा अनुसार इस वर्ष भी एक नए रथ का निर्माण हो रहा है जो पूर्णता की ओर है। वही अन्य दो रथ को भी सुसज्जित किया गया है। शाम को श्री जगन्नाथ मंदिर के सामने से इन तीन रातों पर भगवान जगन्नाथ बदभद्र और माता सुभद्रा के 22 विग्रहों को रथारूढ़ कर गोल बाजार की परिक्रमा करते हुए सिरहासार भवन जनकपुरी में ले जाकर भगवान जगन्नाथ बदभद्र और सुभद्रा के विद्रोह को स्थापित किया जाएगा जहां पर आगामी 9 दिनों तक श्रद्धालु भगवान के दर्शन कर सकेंगे और विभिन्न प्रकार के सामाजिक अनुष्ठान भी संपन्न किए जाएंगे।

## मां छिंदवाली महाकाली मंदिर में आज से पांच कुंडीय रुद्र चंडी महायज्ञ

**27 जून से 3 जुलाई तक चलेगा अनुष्ठान**



**12 वैदिक आचार्य संपन्न कराएंगे 7 दिवसीय अनुष्ठान**

**जगदलपुर**, 26 जून (देशबन्धु)। मां छिंदवाली श्री महाकाली सेवा समिति द्वारा मोतीतालाब पारा स्थित महाकाली मंदिर में रथ यात्रा के विशेष अवसर पर 27 जून से 3 जुलाई तक सात दिवसीय पंच कुंडीय रुद्र चंडी महायज्ञ आयोजित किया गया है। यह महत्वपूर्ण अनुष्ठान श्री महाकाली मंदिर की प्रतिस्थापना के 27 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित किया गया है। संपूर्ण अनुष्ठान यज्ञ वैदिक आचार्य पं. हेमंत शर्मा और असम से आमंत्रित 10 पंडित दयाराम कटेल, अनुप शर्मा, गोविन्द घिमिरे, हरि घिमिरे, घनश्याम घिमिरे, हरेकृष्ण शर्मा, लखन दास, जय प्रकाश, हिरथ शर्मा, प्रियवर शर्मा के द्वारा विधि विधान से संपन्न होगा। गुरुवार दोपहर मोतीतालाब पारा स्थित महाकाली मंदिर में आयोजित पत्रवार्ता में मंदिर के संरक्षक तथा आयोजन समिति के अध्यक्ष एमआर निषाद ने बताया कि यह महाकाली मंदिर जहां बना है। वहां पर एक छिंद का पेड़ हुआ करता था। वार्डवासी इस पेड़ में महाकाली का वास मान पूजा अर्चना करते रहे हैं। लोगों की मनोकामना भी पूरी होती थी। जब वार्डवासियों के मन में महाकाली मंदिर निर्माण का विचार आया, तभी यह पेड़ अचानक सूख गया। 29 अप्रैल 1998 को अक्षय तृतीया के दिन मंदिर में महाकाली की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी। तब से यह मंदिर हजारों भक्तों की आस्था का केंद्र बना हुआ है। विगत 27 वर्षों से मंदिर में सैकड़ों भक्तों के नाम पर एक अखंडज्योत वासंती और शारदीय नवरात्र पर प्रज्वलित की जाती है। इस मंदिर प्रांगण में छत्तीसगढ़ की जानी-मानी पंडवानी गायिका पंडवानी गायिका पद्मश्री विभूषित तीजन बाई अपनी प्रस्तुति दे चुकी हैं। उन्होंने बताया कि महाकाली मंदिर प्रतिस्थापन के 27 वर्ष पूर्ण होने पर 27 जून से 3 जुलाई तक सात दिवसीय पंच कुंडीय रुद्र चंडी महायज्ञ आयोजित किया गया है। इस पंच कुंडीय रूद्र चंडी महायज्ञ के मुख्य >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## कमिश्नर ने जगदलपुर ब्लॉक के विभिन्न स्कूलों का किया औचक निरीक्षण



- **शिक्षकों की उपस्थिति, शाला प्रवेशोत्सव एवं पाठ्य पुस्तक-गणवेश वितरण की ली जानकारी**
- **शत-प्रतिशत रिजल्ट लाने के लिए बेहतर अध्यापन कार्य सुनिश्चित करने दिए निर्देश**

**जगदलपुर**, 26 जून (देशबन्धु)। कमिश्नर बस्तर संभाग डोमन सिंह ने गुरुवार को बस्तर जिले के जगदलपुर विकासखण्ड अंतर्गत विभिन्न स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण किया और इन स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति, सभी शाला अप्रवेशी एवं शाला त्यागी बच्चों का स्कूलों में दाखिला, शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन सहित पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश वितरण तथा मध्यान्ह भोजन संचालन का संज्ञान लिया। साथ ही ग्राम पंचायत और शिक्षकों एवं अन्य मैदानी अमले के सहयोग से न्यौता भोज का आयोजन किए जाने कहा।

इस दौरान उन्होंने शिक्षकों को शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम लाने के लिए बेहतर अध्यापन कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं बच्चों के समग्र व्यक्तित्व विकास हेतु खेलकूद एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियां आयोजित किए जाने कहा। कमिश्नर बस्तर डोमन सिंह ने जगदलपुर विकासखण्ड के प्राथमिक शाला आसना, प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला कलचा और माध्यमिक शाला मोरठपाल का आकस्मिक निरीक्षण किया और दर्ज संख्या के अनुपात में शिक्षकों की पदस्थापना स्थिति सहित निर्धारित कालखंड की पढ़ाई सम्बन्धी शैक्षणिक कार्ययोजना के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को निर्धारित पाठ्यक्रम की पढ़ाई करवाने सहित देश एवं प्रदेशों की सामान्य भौगोलिक जानकारी यथा देश की राजधानी, राज्यों की राजधानी, प्रमुख नदियों, प्रमुख ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व के स्थलों इत्यादि के बारे अवगत कराने कहा। साथ ही इस सम्बंध में बच्चों के मध्य चर्चा कर उन्हें एक-दूसरे से जानने-समझने के लिए प्रोत्साहित किए जाने कहा। कमिश्नर ने इन सभी स्कूलों में मध्यान्ह भोजन का नियमित तौर पर सुचारू संचालन किए जाने के निर्देश दिए। वहीं न्यौता भोज के लिए गांव के प्रमुख व्यक्तियों तथा पंचायत पदाधिकारियों को भी परिवार के सदस्यों के जन्मदिन या अन्य कोई मौके पर स्वेच्छापूर्वक सहयोग प्रदान करने हेतु अभिप्रेरित किए जाने कहा। कमिश्नर ने इस दौरान कक्षा तीसरी एवं चौथी के बच्चों से बस्तर के प्रमुख नदियों के नाम तथा कक्षा आठवीं के छात्र-छात्राओं से छत्तीसगढ़ के नदियों के नाम पूछा तो बच्चों ने भी त्वरित जवाब दिया। जिससे कमिश्नर ने इन सभी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें मेहनत एवं लगन से पढ़ाई करने की समझाइश दी। उन्होंने प्राथमिक शाला आसना में प्रगतिरत अतिरिक्त कक्ष को सम्बंधित निर्माण एजेंसी से अतिशीघ्र पूर्ण करवाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान सयुंक्त संचालक स्कूल शिक्षा संजीव श्रीवास्तव, जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## कोविड-19 महामारी के कठिन समय में अद्वितीय सेवा देने वाले सूर्या ताम्रकार को मिला सम्मान



**जगदलपुर**, 26 जून (देशबन्धु)। बस्तर (छ.ग.) कोविड-19 वैश्विक महामारी के कठिन समय में जब जनजीवन ठहर गया था, तब बस्तर के समाजसेवी श्री सूर्या ताम्रकार ने अपनी जान की परवाह किए बिना जनजागरूकता, सहायता और सेवा कार्यों में उल्लेखनीय योगदान दिया। उनकी इस सेवा भावना को सम्मानित करते हुए छत्तीसगढ़ शासन के तत्कालीन कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त अध्यक्ष, बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण एवं बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल द्वारा उन्हें च्कोविड योद्धा प्रमाण पत्रज्प्रदान किया गया। यह सम्मान बस्तर अंचल के ग्रामीण अंचलों में संक्रमण से बचाव हेतु उपायों के प्रचार-प्रसार, मास्क वितरण, सामाजिक दूरी बनाये रखने और जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाने जैसे कार्यों के लिए दिया गया है। श्री ताम्रकार ने स्वयंसेवक भावना से समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई और अनेक ग्राम पंचायतों में जाकर कोरोना से बचाव के उपायों की जानकारी दी। इस अवसर पर श्री ताम्रकार ने कहा, कि च्यह सम्मान मेरे लिए नहीं, बल्कि उन सभी ग्रामीणों के लिए है जिन्होंने कोरोना काल में संयम और जागरूकता का परिचय दिया। मैं अपने समाज और क्षेत्र की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहूंगा।ज्ञ उनकी सेवा भावना, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक योगदान को देखकर अब क्षेत्र में उन्हें एक प्रेरणास्रोत के रूप में देखा जा रहा है।

## एनएमडीसी दे रहा आदिवासी छात्रों को स्वास्थ्य क्षेत्र में 100 प्रतिशत नि:शुल्क शिक्षा



- **बीएससी नर्सिंग और मेडिकल टेक्नोलॉजी कोर्सों के लिए आवेदन आमंत्रित**
- **पूर्ण वित्तीय सहायता के साथ सीमित सीटें, आवेदन की अंतिम तिथि 28 और 30 जून**

**जगदलपुर**, 26 जून (देशबन्धु)। भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी लिमिटेड ने अपने दो प्रमुख सीएसआर प्रयासों च्बालिका शिक्षा योजनाज और अपोलो विश्वविद्यालय, चित्तूर के साथ साझेदारी में शुरू किए गए नए च्चिकित्सा प्रौद्योगिकी कार्यक्रमज्के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। ये पूर्णत: प्रायोजित शिक्षा कार्यक्रम छत्तीसगढ़ के आदिवासी युवाओं को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य शिक्षा और करियर के नए अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू किए गए हैं। बालिका शिक्षा योजना -आदिवासी बालिकाओं (एसटी) के लिए इस प्रमुख पहल के तहत, एनएमडीसी बस्तर, दंतेवाड़ा, सुकमा, कोंडागांव, बीजापुर और नारायणपुर की युवा आदिवासी बालिकाओं को अपोलो स्कूल ऑफ नर्सिंग, यशोदा स्कूल ऑफ नर्सिंग और केआईएमएस कॉलेज ऑफ नर्सिंग, हैदराबाद जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में बीएससी (नर्सिंग 4 वर्ष) और जीएनएम (3 वर्ष) पाठ्यक्रम करने के लिए 100 प्रतिशत नि:शुल्क नर्सिंग शिक्षा प्रदान कर रहा है। पाठ्यक्रम में कुल 200 सीटें हैं, जिनमें बीएससी नर्सिंग के लिए 110 सीटें और जीएनएम (जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी) के लिए 90 सीटें शामिल हैं। कार्यक्रम में ट्यूशन, छात्रावास और शैक्षणिक लागत सहित सभी शैक्षिक व्यय को प्रति छात्र ?12 से ?15 लाख के निवेश के साथ कवर किया जाएगा। आवेदक के परिवार की आय प्रति वर्ष ? 72,000 से अधिक नहीं होनी चाहिए। आवेदन विंडो 28 जून 2025 को बंद हो जाएगी।

चिकित्सा प्रौद्योगिकी कार्यक्रम ङ्क वंचित बालक और बालिकाओं के लिए- एनएमडीसी दंतेवाड़ा और बस्तर जिलों के पात्र अनुसूचित जनजाति (एसटी) छात्रों के लिए अपोलो विश्वविद्यालय, चित्तूर के साथ साझेदारी में, पूर्णत: प्रायोजित संबद्ध स्वास्थ्य देखभाल शिक्षा प्रदान कर रहा है।

प्रति छात्र लगभग 12 से 15 लाख के निवेश के साथ पूरी तरह से प्रायोजित इस पहल का उद्देश्य आदिवासी युवाओं को आजीविका के लिए पेशेवर कौशल से युक्त करना है। कार्यक्रम आकांक्षा छात्रों के लिए 90 सीटें प्रदान करेगा (60 प्रतिशत बालिकाओं के लिए और 40 प्रतिशत बालकों के लिए आरक्षित)। इन विशेष बीएससी कार्यक्रमों में शामिल हैं। आपातकालीन चिकित्सा प्रौद्योगिकी, चिकित्सा प्रयोगशाला प्रौद्योगिकी, एनेस्थिसियोलॉजी और ऑपरेशन थियेटर >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग द्वारा 10 प्रकरणों पर की गई सुनवाई



**जगदलपुर**, 26 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक एवं सदस्यगण दीपिका शोरी, ओजस्वी मंडावी, सरला कोसरिया एवं लक्ष्मी वर्मा ने गुरुवार को कलेक्टोरेट बस्तर के सभाकक्ष में महिला उत्पीडन से संबंधित प्रकरणों पर जन सुनवाई की। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के अध्यक्ष डॉ. किरणमयी की अध्यक्षता में आज प्रदेश स्तर पर 333 वीं एवं बस्तर जिला में 9 वीं सुनवाई हुई। जिले में आयोजित जन सुनवाई में 10 प्रकरणों पर सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान एक प्रकरण में दोनो पक्षों के मध्य संपत्ति विवाद का मामला है, जिसको लेकर धरेलू हिंसा का प्रकरण न्यायालय में शुरू हो चुका है। एक शौचालय के विवाद के कारण उभय पक्ष समसौता करने को तैयार नहीं है अत: प्रकरण नस्ती बद्ध किया गया। अन्य प्रकरण में आवेदिका ने जो शिकायत आवेदन लगाया था, उस पर अनावेदक का पक्ष लिया गया कि दोनो के मध्य विवाद जैसा कोई प्रकरण नहीं था। अत: समझाईश के बाद आवेदिका ने प्रकरण वापस लिया। अत: प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। अन्य प्रकरण में आवेदिका 90 वर्षीया वृद्ध महिला है, वह नीचे परिसर में गाड़ी में बैठी है। उसका बड़ा पुत्र उपस्थित, जो शा. हा. स्कूल बड़ाजी में भूगोल के लेक्चरर है, वह उपस्थित हुये। अनावेदक आवेदिका का छोटा बेटा है, जो खेती किसानी करता है। वह शुरू से आवेदिका को अपने साथ रखा था। पारिवारिक संपत्ति का बटवारा में आवेदिका का सवा तीन एकड़ जमीन था और सभी पुत्र को स्वा तीन एकड़ जमीन किसी बटवारा 2014 में हुआ था। पारिवारिक समझौते के तरह यह तय हुआ था कि जो पुत्र आवेदिका का पालन पोषण करेगा, वह अनावेदक के जिम्मे था और वह अपनी माँ की संपत्ति को उपयोग करेगा क्योंकि यह अनावेदक अनपढ़ था। इसको जानते हुये आवेदिका के 89 वर्ष की उम्र तक अनावेदक ने उसका पालन-पोषण किया, पर आवेदिका के मझले पुत्र ने वर्ष पूर्व आवेदिका को अपने साथ ले आया और वर्ष 2017 में आवेदिका बहला फुसलाकर उसके नाम की 01 एकड़ 60 डिसमिल जमीन को अपने नाम रजिस्ट्री करा लिया और गांव के मकान की जमीन को भी अपने नाम करा लिया। इससे स्पष्ट है कि आवेदिका का मंझला पुत्र शा. स्कूल में लेक्चरर है। वह आवेदिका को संपत्ति हड़प करने माँ को अपने साथ रखा है और उसी आड़ में माँ के नाम पर जो संपत्ति है और गाँव का पुश्तैनी मकान को भी अपनेनाम पर रजिस्ट्री करा लिया है और माँ की तहत से आयोग में फर्जी मामला प्रस्तुत किया है। अत: प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया अनावेदक को आज के प्रकरण की नि:शुल्क प्रति प्रदान की जाये ताकि वह इसे न्यायालय में प्रस्तुत कर रजिस्ट्री को शुन्य करा सके। यदि मंझला पुत्र के द्वारा पारिवारिक सुलह में विशेष किया जाता है। तो उनके शासकीय सेवा में आयोग के द्वारा निलंबन की कार्यवाही किया जा सकता है। प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया।

अन्य प्रकरण आवेदिका और अनावेदक क्र. 01 और 02 उपस्थित अनावेदक क्र. 01 को समझाइश दिया गया था कि वह अपने ग्यारह वर्षीय पुत्र को लेकर आयोग में उपस्थित हो कर वो बहाने कर रहा है और अपने दूसरे विवाह को स्वीकार करने के बाद आवेदिका का चरित्र ध्वस्त करने का प्रयास कर रहा है। आयोग की ओर से अनावेदक क्र. 01 मुक्तांजली वाहन जगदलपुर में (डिमरापाल मेडिकल कॉलेज) में कार्य करता है। उसके मेडिकल कॉलेज में कार्य सेवा समाप्त करने का अनुशंसा भेजा जायेगा तथा अनावेदिका 02 जो शास. कोमलदेव हॉस्पिटल ने नर्स के पद पर कार्यरत है। उसकी सेवा समाप्ति की अनुशंसा इसलिये किया जायेगी क्योकि उसने विवाहित व्यक्ति से दूसरा विवाह किया है और आवेदिका का जीवन खराब किया है। इस स्तर पर दोनों अनावेदक ने अपनी गलती स्वीकार किया और दोनों ने प्रस्ताव दिया कि दोनों मिलकर 10,000/- दोनों बच्चों और पत्नी की परवरिश के लिये प्रतिमाह देंगे और अनावेदक क्र. 01 प्रोटेक्शन ऑफिसर के साथ जाकर अपने 11 वर्षिय पुत्र को आवेदिका को देगा। वो उसके सारे गहने, दस्तावेज और सामान आवेदिका को सुपुत्र करेगा तथा अपना आधार कार्ड की कापी दोनों बच्चों के समस्त दस्तावेज आवेदिका को सुपुर्द करेगा और इस बात को भी सुनिश्चित करेगा कि आवेदिका के साथ कोई भी दुर्व्यवहार न करे। इस प्रकरण से पीओ के वीनू हिरवानी को नियुक्त किया जाता हैं कि प्रतिमाह आवेदिका को भरण पोषण माह की 10 तारीख तक मिल रहा है कि नहीं सुनिश्चित करें और इस प्रकरण की नियमित देखरेख सुश्री शोरी और श्रीमती मंडावी करेंगें। अनावेदक गणों के द्वारा कभी भी भरण पोषण में लापरवाही किये जाने पर दोनों अनावेदिकगणों की सेवा समाप्ति की अनुशंसा किया जायेगा। आवेदिकाकों बच्चे व सामान मिलने के पश्चात प्रकरण नस्तीबद्ध किया जायेगा। आवेदिका को आर्डरशीट की नि:शुल्क प्रति पीओ और आवेदिका को दिया जाता है।

# स्कूलों को बंद कर रही शिक्षा विरोधी विष्णु सरकार

- दंतेवाड़ा में युक्तियुक्तकरण को लेकर कांग्रेस का जबरदस्त प्रदर्शन
- रैली निकाल कर किया कलेक्टोरेट का घेराव
- पूर्व विधायक देवती, तुलिका, छबिन्द्र सहित कई कांग्रेसी शमिल



**दंतेवाड़ा**, 26 जून (देशबन्धु)। युक्तियुक्तकरण के विरोध में आज दंतेवाड़ा जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया गया। बरसते पानी के बीच कांग्रेसियों के तेवर बेहद गरम और आक्रामक थे। कांग्रेसियों ने प्रदेश सरकार को शिक्षा विरोधी ठहराया और कहा कि कांग्रेस सरकार बंद स्कूल खोलती है तो भाजपा स्कूलों को बंद करने का काम करती है। दोपहर करीब 2 बजे आंवराभाटा दुर्गा मण्डप से रैली निकाल, कांग्रेसी नारे लगाते हुए कलेक्टोरेट पहुंचे। डीईओ कार्यालय पहुंचने से पहले ही कलेक्टोरेट गेट के सामने पुलिस ने कांग्रेसियों को रोक दिया। इस दौरान पुलिस से हल्की झूमाझटकी भी हुई। घेराव पश्चात राज्यपाल के नाम जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान पूर्व विधायक देवती कर्मा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने 45 हजार शिक्षकों की नई भर्ती का वादा किया था और 10 हजार से अधिक स्कूलों को बंद करने जा रही है। सरकार के इस निर्णय से दूरस्थ क्षेत्रों में स्थित स्कूलों की कमी होगी, वहीं यह सरकार झूठ बोल रही है कि स्कूल बंद नहीं होंगे।

वरिष्ठ कांग्रेसी छविन्द्र कर्मा ने कहा कि सरकार को शिक्षक भर्तियां न करनी पड़े इसलिए वह 45000 शिक्षक पद समाप्त किए जा रहे हैं। जब पद ही खाली नहीं रहेंगे तो भर्ती कहां से होगी यही कारण है कि भाजपा सरकार ने युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के जरिए शिक्षकों के पद ही समाप्त कर दिया है। जिला पंचायत सदस्य तुलिका ने कहा कि भाजपा सरकार बस्तर को विकास की तरफ नहीं बदहाल बस्तर की तरफ मोड़ दिया है। हमारे शिक्षक जो अंदरूनी इलाकों रहकर शिक्षा का अलख जगा रहे थे उन्हें वहां से हटाकर दूसरी जगह फेंक दिया जा रहा है। इस सरकार में शिक्षा व्यवस्था तो बदहाल है कि साथ ही महिलाएं सुरक्षित नहीं है और पूरे प्रदेश में अराजकता का माहौल है। वहीं लंबे समय से सेवा दे रहे अतिथि शिक्षकों को भी निकाल दिया गया है, जिससे उनके सामने रोजी-रोटी की समस्या आ गई है।

जिपं सदस्य सुलोचना कर्मा ने कहा कि ट्रीपल इंजन की भाजपा सरकार प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को तहस-नहस करने में आमादा है। लगातार सरकार की ओर से आदेश निकाले जा रहे हैं और उस आदेश की अवहेलना प्रदेश की जनता देख रही है। सुलोचना ने कहा कि सरकार के नियंत्रण में प्रशासन नहीं है और प्रशासन के नियंत्रण में कर्मचारी नहीं है। जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री विमल सलाम ने कहा कि एक तरफ सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की बात करती है वहीं दूसरी ओर स्कूलों को खाली किया जा रहा है। यह दोहरी नीति बर्दाश्त नहीं जाएगी। भाजपा की साय सरकार शिक्षा व्यवस्था को चौपट करने षडयंत्र रच रही है। युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष गणेश दुर्गा ने कहा कि इस आदेश से सिर्फ ना शिक्षकों का भविष्य संकट में आ गया है बल्कि बच्चों की पढ़ाई पर भी बुरा असर पड़ रहा है। सरकार की इस नीति से ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में शैक्षणिक गतिविधियों प्रभावित हो रही है।

इस दौरान विरेन्द्र गुप्ता, मृणाल राय, भीमसेन मंडावी, बबूल सिद्दकी, प्रवीण राणा, कमलोचन सेठिया, विमल सालम, भास्कर राठौड़, गणेश दुर्गा अजय मरकाम, राजकुमार जायसवाल, मनोज कौरव, अनिल कर्मा, इंदिरा शर्मा, सुमित्रा सोरी, इंदिरा ठाकुर, ज्योति राव, राधा नाग, आशा पार्टीदार, रविश सुराना,मनीष ठाकुर, राहुल महाजन, जीतू कश्यप, धीरू नाग, वीरू ठाकुर, मनोज, सहदेव नाग, लाचू मंडावी, प्रशांत बंसोड़, गायन सिंह, उमेश कश्यप, गौरव गुप्ता, अर्जुन भास्कर, शैलेन्द्र ठाकुर, शैलेन्द्र यादव, रघुवीर यादव, त्रिलोक मंडावी समेत सैकड़ो की संख्या में कांग्रेसी मौजूद थे।

# आपातकाल, भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय- सांसद

- संविधान हत्या दिवस में शामिल हुए महेश कश्यप
- भावी पीढ़ी को लोकतांत्रिक मूल्यों से अवगत कराने पर जोर
- परिचर्चा में वक्ताओं ने बताया संविधान को सर्वोपरि
- मीसाबंदियों का शाल-श्रीफल से सम्मान



**दंतेवाड़ा**, 26 जून (देशबन्धु)। वर्ष 1975 में 25 जून के दिन तत्कालीन सरकार द्वारा सम्पूर्ण देश में आपातकाल (इमरजेंसी) लगाया गया था। इसके 50 वर्ष पूर्ण होने पर आज मुख्यालय के जिला ग्रंथालय में 'संविधान हत्या दिवस' के तौर पर मनाया गया।

इस दौरान जिले के मीसाबंदी और उनके परिजन को सम्मानित किया गया, साथ ही आपातकाल पर परिचर्चा का भी आयोजन हुआ। इस अवसर पर छायाचित्र प्रदर्शनी के माध्यम से 1975 के आपातकाल के दौर को रेखांकित किया गया, जिसका अतिथियों ने अवलोकन किया। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में बस्तर सांसद महेश सांसद तथा विधायक चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। परिचर्चा में सांसद श्री कश्यप ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है, जहां संविधान सर्वोपरि है। वर्ष 1975 में तत्कालीन सरकार द्वारा देशवासियों पर अचानक आपातकाल घोषित कर अपने राजनीतिक हितों को साधने की कोशिश की गई। सांसद श्री कश्यप ने बताया कि इसका विरोध करने वाले जनप्रतिनिधियों, देशवासियों और मीडिया संस्थानों की आवाज को दबाया गया तथा उन्हें जेल में डाल दिया गया।भारत जैसे लोकतंत्र और प्रजातांत्रिक मूल्यों पर चलने वाले देश में 1975 में लोकतंत्र में बड़ा कुठाराघात कर आपातकाल लगाया गया था। देश में संविधान सर्वोच्च है नागरिकों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों का पालन का अधिकार है। इसे किसी सत्तासीन को रोकने का अधिकार नहीं है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस काले सच को सामने लाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य भावी पीढ़ी को लोकतान्त्रिक मूल्यों, नागरिक सुरक्षा और संवैधानिक नैतिकता की सुरक्षा का महत्व से अवगत कराना है, ताकि वे अपने संवैधानिक अधिकारों के प्रति सचेत रहे।

## स्वच्छ माहौल में होगी बच्चों की पढ़ाई डीईओ ने की स्कूलों में 861 स्वीपर की नियुक्ति



**दंतेवाड़ा**, 26 जून (देशबन्धु)। जिले के स्कूलों में अब स्वच्छ माहौल में बच्चों की पढ़ाई होगी। स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते हुए बच्चों के स्वास्थ्य का भी ध्यान रखा जा रहा है।

जिले के प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में सफाई के लिए 861 अंशकालीक स्वीपर की नियुक्ति की गई है। इन्हें 32 सौ रूपए प्रतिमाह का वेतन मिलेगा। इनका कार्य नियत और अल्प समय के लिए है, इसलिए कलेक्टर दर का एक चौथाई वेतन के रूप में दिया जाएगा। इस नियुक्ति पर स्वीपरों ने खुशी जाहिर की। जिला शिक्षा अधिकारी डीके अंबस्ट के प्रति आभार जताते उन्हें मिठाई भी खिलाई। डीईओ श्री अंबस्ट ने भी उन्हें मिठाई खिलाकर बेहतर कार्य के लिए शुभकामनाएं दी और कहा कि निरंतर साफ सफाई से विद्यालयों का वातावरण बेहतर रहेगा, इससे वहां अध्ययनरत बच्चों को पढ़ाई के लिए नई ऊर्जा भी मिलेगी।

## विधायक एवं कलेक्टर ने जिला अस्पताल के स्त्री एवं प्रसूति रोग वार्ड का किया निरीक्षण

**कोण्डागांव** 26 जून (देशबन्धु)। बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी एवं कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने 26 जून को जिला चिकित्सालय पहुंचकर स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग कक्ष का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने प्रसव पश्चात महिलाओं को नवजात शिशु के बेहतर देखभाल के लिए ममता किट का वितरण किया। उन्होंने कहा कि इलाज के लिए पहुंचे महिलाओं को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने वहां पानी की पर्याप्त व्यवस्था, वाटर हीटर और साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने हेतु निर्देशित किया।

# निर्धन परिवार की बेटियों की चिंता कर रही सरकार- महेश

- बस्तर सांसद ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना को बताया महत्वपूर्ण
- रिमझिम बारिश के बीच माँ दंतेश्वरी प्रांगण में 125 जोड़ों का विवाह
- विधायक तथा अन्य जनप्रतिनिधियों ने नवविवाहितों को दिया आर्शीवाद



**दंतेवाड़ा**, 26 जून (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा में स्थित माँ दंतेश्वरी मंदिर परिसर आज एक पावन और भावनात्मक अवसर का साक्षी बना, जहाँ मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत 125 नव विवाहित जोड़ों ने विवाह बंधन में बंधकर अपने नए जीवन की शुरुआत की। रिमझिम बारिश के बीच यह सामुहिक विवाह कई सुखद स्मृतियों के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान बस्तर सांसद महेश कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और सभी नवदंपत्तियों को आशीर्वाद दिया।

इस अवसर पर श्री कश्यप ने कहा, माँ दंतेश्वरी के पवित्र प्रांगण में आज इन नवदंपत्तियों ने अपने जीवन की एक नई यात्रा प्रारंभ की है। विवाह, मानव जीवन की तीन प्रमुख कड़ियों में से एक है और शासन इसकी गरिमा बनाए रखते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के हर वर्ग को सशक्त बना रहा है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा जन्म से लेकर मृत्यु तक जीवन के हर चरण को ध्यान में रखकर योजनाएं चलाई जा रही हैं। महतारी वंदन योजना, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, और मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना जैसी योजनाएँ राज्य की सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत कर रही हैं।

सांसद कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के माध्यम से राज्य सरकार ऐसे परिवारों के साथ खड़ी हो रही है जो अपनी बेटियों के विवाह के समय आर्थिक तंगी से जूझते हैं। उन्होंने कहा कि यह योजना केवल वित्तीय सहायता नहीं, बल्कि सरकार की अभिभावक-समान भावना का प्रतीक है। यह नवदंपत्तियों के जीवन का सबसे सुखद क्षण है और हमें गर्व है कि हम उनकी खुशियों के साक्षी बन रहे हैं।

इस मौके पर विधायक चैतराम अटामी ने नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद देते हुए कहा कि विवाह दो आत्माओं का नहीं, बल्कि दो परिवारों का भी मिलन होता है। उन्होंने कहा कि जीवन के इस नए अध्याय में आप दोनों हमेशा मुस्कुराते रहें, एक-दूसरे का सम्मान करें और हर परिस्थिति में एक-दूसरे का साथ निभाएं। आज यह शुभ अवसर सिर्फ आपके जीवन का ही नहीं, हम सभी के लिए भी एक सुखद स्मृति बन गया है। इस पवित्र बंधन के साक्षी स्वयं पृथ्वी और आकाश हैं, और हम सब गवाह हैं उस प्रेम और विश्वास के जो इस रिश्ते की नींव है। प्रेम, समर्पण और समझदारी से भरा वैवाहिक जीवन ही सच्चे सुख का आधार होता है। उन्होंने कामना की कि ईश्वर नवदम्पति को एक सुखी, समृद्ध और सम्मानित जीवन प्रदान करें।

कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने कहा कि आपकी खुशियों की इस घड़ी में शामिल होकर हमें गहरी खुशी हुई है। जीवन की हर महत्वपूर्ण घड़ी में राज्य शासन की योजनाएँ आपका सहयोग करेंगी। इनका लाभ उठाकर आप उज्ज्वल भविष्य की ओर सतत अग्रसर हो सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान विवाह संस्कार परंपरागत रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न हुए।

# रिमझिम बारिश से खिले किसानों के चेहरे पांच दिनों तक हल्की से मध्यम वर्षा के आसार

- कृषि विभाग ने दी किसानों को कई उपयोगी सलाह
- जैविक खेती और श्री विधि से धान उत्पादन पर जोर



**दंतेवाड़ा**, 26 जून (देशबन्धु)। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी), रायपुर से प्राप्त पूर्वानुमान के अनुसार, दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा जिले में आगामी पांच दिनों के दौरान मध्यम वर्षा, गरज-चमक तथा बिजली गिरने की संभावना है। आज भी सुबह से रिमझिम बारिश होती रही। इससे जिले में किसानी की गतिविधियां तेज होने लगी है। कटेकल्याण ब्लाक में सबसे पहले बोनी हो चुकी है और बाकि जगह तैयारी हो रही है।

इस परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए कृषि विभाग, दंतेवाड़ा द्वारा किसानों को जैविक कृषि, मेडो पद्धति से अरहर की खेती, तथा श्री विधि से धान उत्पादन अपनाने की सलाह दी गई है। अगले 5 दिनों तक मध्यम वर्षा की संभावना है। 100 प्रतिशत बादल छाए रह सकते हैं। विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि जैविक खेती को बढ़ावा दें। रासायनिक उर्वरकों के स्थान पर गोबर खाद, वर्मीकम्पोस्ट, पंचगव्य, एवं नीम अर्क आधारित कीटनाशकों का प्रयोग करें। राइजोबियम, पीएसबी, एजोटोबेक्टर जैसे जैव उर्वरकों से बीज उपचार करें। गुड़ (50 ग्राम/लीटर पानी) घोलकर फोलियर स्प्रे के रूप में प्रयोग करें। इसके साथ ही अरहर की मेडो पद्धति से खेती करें। 45-60 सेमी कतार दूरी और 15-20 सेमी पौध दूरी का पालन करें। बीजों को ट्राइकोडर्मा (5 ग्राम/किग्रा बीज) से उपचारित करें। अत्यधिक वर्षा की स्थिति में जल निकासी हेतु नालियाँ बनाना अनिवार्य है।

श्री विधि से धान उत्पादन की भी सलाह दी गई है। 8 से 12 दिन की एकल पौध को 25 गुणा 25 सेमी अंतर पर रोपित करें। अंतराल सिंचाई का पालन करें। खेतों में ढेंचा, सनई, अजोला जैसी हरी खादों का प्रयोग करें।

# नशा मुक्ति दिवस पर एक दिवसीय संगोष्ठी

## शैक्षणिक संस्थाओं के आसपास कोटपा टास्क फोर्स के द्वारा की गई कार्रवाई

**जगदलपुर** 26 जून (देशबन्धु)। गुरुवार को अंतरास्ट्रीय नशा मुक्त दिवस के दिन सरस्वती शिशु मंदिर कंगोली में ब्रह्म कुमारी संस्था और जिला प्रशासन द्वारा गठित कोटपा समिति द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। विश्व नशा मुक्त दिवस 26 जून गुरुवार को राज्य सरकार के आदेशानुसार जिला प्रशासन की टीम ने सरस्वती शिशु मंदिर कंगोली जगदलपुर में विश्व नशा मुक्त दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें ब्रह्मकुमारी संस्था एवं कोटपा टास्क फोर्स समिति के द्वारा तम्बाकू उत्पाद एवं इसका सेवन से स्वास्थ्य में,समाज और आर्थिक स्थिति पर होने वाले हानिकारक दुष्परिणाम के बारे में बच्चों और शिक्षकों को बताया गया। कार्यक्रम में ब्रह्म कुमारी संस्था से मंजुषा दीदी द्वारा बच्चों को नशा से दूर रहने और शपथ दिलवाया गया। शिक्षा विभाग से जिला नोडल अधिकारी कमलेश रामटेके द्वारा शिक्षा विभाग द्वारा चलाए जा रहे तम्बाकू मुक्त बस्तर और कोटपा एक्ट की जानकारी दे कर गई। आनलाइन शपथ एवं तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम हेतु पोर्टल की जानकारी बच्चों और शिक्षकों को दी गई। स्वास्थ्य विभाग से हनी गाटबिल ने तम्बाकू के सेवन से स्वास्थ्य पर एवं नैतिक जीवन पर होने वाले दुष्परिणाम को विस्तार से समझाया। कार्यशाला में ब्रह्म कुमारी संस्था से राजेंद्र पाण्डे और साथी उपस्थित रहे।



कोटपा गठित सयुक्त टीम टास्क फोर्स समिति के द्वारा कोटपा एक्ट 2003 के तहत गुरुवार को परपा थाना क्षेत्र जगदलपुर शहर धरमपुरा महावीर नगर और सरदार बल्लव भाई पटेल वार्ड में सार्वजनिक स्थानों, हॉट, बाजार,दुकान शैक्षणिक व सरकारी संस्थानों के आस पास तम्बाकू उत्पाद के विक्रय,प्रचार, व खुले आम सार्वजिक जगह पर सिगरेट पीने वाले और पिलाने वाले दुकान संचालक को समझाइश व चालानी कार्यवाही की गई,एवं अनिवार्य रूप से मादक पदार्थों के सेवन पर निषेध,और नुकसान होने वाले वैधानिक चेतावनी वाले स्टीकर लगाने हेतु समझाइश दी गई। जिला प्रशासन द्वारा गठित सयुक्त टीम में मुख्य रूप से परपा थाना से एस के तिवारी सब इंस्पेक्टर, आरक्षक अंजू ताराम स्वास्थ्य विभाग से नोडल यू.एस.साहू जिला तम्बाकू नियंत्रण सेल, शिक्षा विभाग से जिला नोडल अधिकारी कमलेश रामटेके,महिला बाल विकास विभाग से नोडल शैलेन्द्र श्रीवास्तव,आबकारी विभाग से सुरेश पुरैना,नगर निगम जगदलपुर से विनय शर्मा स्वास्थ्य निरीक्षक, समाज कल्याण विभाग से मुकेश वासनिक,दया दास मानिकपुरी उपस्थित हुए। विशेष सहयोग परपा थाना प्रभारी मोहमद तारिक एवम् स्टाफ व नारकोटिक्स विभाग जिला प्रमुख श्रीनिवास वर्मा का रहा।

## प्रादेशिकी का शेष...

### मां छिंदवाली महाकाली मंदिर...

यजमान भूपेश बघेल पूर्व मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन, राजेंद्र धीवर जिला पंचायत सदस्य बिलासपुर, हरि शंकर निषाद जिला पंचायत सदस्य रायपुर, तथा जगदलपुर के नितिन तिवारी, पुखराज राठी, डॉ. व्हीएल सोनी, वैदिक चंदन कारिया, हरीश साहू और श्रीमती विजयलक्ष्मी वर्मा हैं। पत्रवार्ता के दौरान वैदिक आचार्य पंडित उत्तम शर्मा, हरीश साहू, श्रीमती मुकुंदिनी ठाकुर, कमल राम यादव उपस्थित रहे। शनिवार सुबह 11- 36 मिनट पर महादेव घाट से कलश शोभायात्रा प्रारंभ होगी जो नगर के प्रमुख मार्ग से होते हुए छिंद वाली महाकाली मंदिर पहुंचेगी। दोपहर 3 बजे मंडप पूजन, उसके बाद चंडिका पाठ तत्पश्चात यज्ञ में आहुतियां शुरू होगी।

### एनएमडीसी दे रहा आदिवासी...

तकनीशियन, इमेजिंग प्रौद्योगिकी, चिकित्सक सहायक और रीनल डायलिसिस प्रौद्योगिकी। इसके लिए आवेदन 30 जून 2025 तक खुले हैं।

एनएमडीसी ने 60 से अधिक वर्षों से छत्तीसगढ़ के विकास को नई गति दी है, जहां इसके दो प्रमुख खनन परिसर संचालित होते हैं। इन नई शिक्षा पहलों क्षेत्र के आदिवासी युवाओं के लिए नए रास्ते खुलते हैं। पात्रता मानदंड और आवेदन पत्र एनएमडीसी की आधिकारिक वेबसाइट- https://www.nmdc.co.in/career पर देखे जा सकते हैं। किसी भी सहायता और जानकारी के लिए हेल्पलाइ+91,7044599061 पर संपर्क कर सकते हैं, या nmdcnispv}@gmail.com पर ईमेल करें ।

# बिजली संकट से जूझ रहे इन्द्रावती नदीं पार के 25 गांव

- बारसूर की बिजली से बस्तर रौशन, लेकिन वन ग्रामों में अंधेरा
- विष्णु सरकार के सुशासन की असलियत बता रही बिजली की कमी
- स्टाफ की कमी का रोना रो रहे बिजली अफसर, दो साल से परेशानी



**दंतेवाड़ा**, 26 जून (देशबन्धु)। कनिष्ठ अभियंता बारसूर के अन्तर्गत आने वाले मुचनार समेत इंद्रावती नदी पार के लगभग 25 गाँव के रहवासी बिजली संकट से जूझ रहे हैं। बड़ी मुश्किल से 6-7 घंटे ही विद्युत सुविधा मिल रही है। मार्च 2023 से शुरू, यह मुश्किल दौर आज तक जारी है।

बारसूर एचपीडीसी से बस्तर संभाग के लगभग आधे शहर और गांवों को बिजली की आपूर्ति की जा रही है। वहीं बारसूर जेई अपने आफिस से 4 किलोमीटर दूर स्थित मुचनार गाँव में नियमित विद्युत की आपूर्ति नहीं कर पा रहे हैं। 2 साल से उपर हो गया, गाँव वाले प्रत्येक सप्ताह फरियाद लेकर जेई दफ्तर पहुँचते हैं। कभी स्टाफ की कमी, तो कभी विद्युत उपकरणों की अनुपलब्धता बता कर टाल- मटोल किया जा रहा है। पिछले बार जेई से बिजली की अनियमित आपूर्ति का कारण पूछा तो उन्होंने इंसूलेटर की वजह से ऐसा होना बताया। अब इस विद्युत उपकरण की आपूर्ति नहीं हो रही है, इसलिए नए इंसूलेटर विभाग नहीं लगा पा रहा है। या फिर केवल बहाने बाजी है। यह विभाग के अधिकारी ही जाने। बहरहाल मैदानी इलाकों के गाँव में रहने वाले ग्रामीण हों या वनग्राम के रहवासी सब अंधेरे में रहने मजबूर है। आम आदमी की शिकायत पर विभाग तो ध्यान नही दे रहा है।

जानकर हैरानी होगी कि सत्तारूढ़ दल के पदाधिकारियों की बात को भी कोई तव्वजो नहीं दी जाती। बारसूर मंडल के भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व जिला पंचायत सदस्य कई बार उनके गर्हिं ग्राम कोरकोटी के आश्रित ग्राम कैशकुड़ में ट्रांसफार्मर खराब होने की लिखित शिकायत दे चुके हैं। मुचनार के लोगों ने जब बिजली संकट दूर करने मदद मांगी तो उन्होंने खुद अपनी आपबीती सुनाई। मुचनार में 6-7 घंटे ही बिजली रहती है, वह भी जरूरत के समय नहीं। सुबह के वक्त हमेशा बिजली गुल रहती है, जबकि इस वक्त पेयजल से लेकर नहाने- धोने जैसे आवश्यक इंतजाम के लिए बिजली जरूरी है। सुबह 11 बजे बिजली लाईन चालू होने के बाद रात 9 बजे तक ठप हो जाती है। यह सिलसिला दो साल से जारी है। आंधी-तूफान ही नही सामान्य दिन भी बिजली की नियमित आपूर्ति नहीं हो रही है।

बारसूर जेई के पास केवल 3 नियमित विद्युत कर्मचारी, 2 संविदा में कार्यरत हेल्पर और ठेकेदार की ओर से सेवा दे रहे दो श्रमिक कुल 7 का स्टाफ है। वहीं इन कर्मचारियों को बारसूर कस्बा समेत गीदम ब्लॉक और सीमावर्ती जिले बीजापुर, बस्तर व नारायणपुर जिले के लगभग 70 गाँवों में बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी है। बारसूर से लगभग 40 किलोमीटर दूर नारायणपुर जिले के हांदावाड़ा तक बिजली लाईन का मेंटेनेंस करना है।

इंद्रावती नदी पार के बस्तर जिले के एरपुंड, मालेवाही, हराकोड़ेर, बोदली, पाउल हितामेटा,सागमेटा कांचनार पिचीकोड़ेर आदि गाँव दूर्गम और संवेदनशील है। इसी तरह बीजापुर जिले के कोशलनार, मंगनार, कोदाभाटा, गोड़ियापारा तुषवाल, बाकेली आदि पहुँच विहीन गाँव में बिजली की नियमित आपूर्ति बगैर स्टाफ के चुनौती पूर्ण काम है।

# नशामुक्ति एवं यातायात जागरूकता की नई क्रांति कार्यक्रम

## नशे से मुक्ति, सुरक्षित सड़कें कोण्डागांव पुलिस की अनूठी पहल

**कोण्डागांव** 26 जून (देशबन्धु)। कोण्डागांव पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार आईपीएस, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल मार्गदर्शन तथा जिले के कोण्डागांव, फरसगांव, केशकाल और मर्दापाल के अनुविभागीय पुलिस अधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं यातायात प्रभारी के नेतृत्व में 12 जून से 26 जून 2025 तक नशामुक्त भारत और यातायात जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिले में विगत एक पखवाड़े से विशेष जन-जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। यह अभियान जिले के कोण्डागांव, फरसगांव, केशकाल, और मर्दापाल पुलिस अनुविभागों के सभी थाना क्षेत्रों में एक साथ संचालित किए गए। इन अभियानों का उद्देश्य नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों और यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर एक स्वस्थ, सुरक्षित और जिम्मेदार समाज की स्थापना करना है। नशामुक्त भारत अभियान पखवाड़ा का समापन दिवस 26 जून 2025 को कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेण्डी, कलेक्टर



श्रीमती नुपूर राशि पन्ना व पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार की उपस्थिति में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतू उसेंडी, पूर्व विधायक सेवकराम नेताम आदि जनप्रतिनिधियों, समाजसेवी संगठनों, मंदिर समितियों, भूतपूर्व सैनिक संगठन, नशामुक्ति केन्द्र व शहर के समस्त स्कूलों के छात्र-छात्राओं, अभिभावकों व जनता के साथ पुलिस के सहयोग से एक वृहद जनजागरूता रैली का आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों एवं यातायात के प्रति जनता को जागरूक करने का प्रयास किया गया।

### नशामुक्त भारत अभियान कार्यक्रम

नशे की लत से समाज को मुक्त कराने और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए कोण्डागांव पुलिस ने अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करने के क्रम में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाते हुए जिले के 80 से अधिक गाँवों के साप्ताहिक बाजारों, बस स्टैंडों और सार्वजनिक स्थानों पर नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाई गई। वहीं शैक्षिक संस्थानों में गतिविधियों के तहत जिले के 14 थाना चौकी क्षेत्रों के 50 से अधिक स्कूलों में लगभग 2000 छात्र-छात्राओं को नशे के खतरों के प्रति जागरूक किया गया। विशेष सत्रों के माध्यम से नशे से होने वाली बीमारियों और सामाजिक समस्याओं की जानकारी दी गई। सामुदायिक सहभागिता के तहत समाजसेवी संस्थाओं, मंदिर समितियों, नगर पालिका प्रतिनिधियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर 60 से अधिक बैठकों का आयोजन किया गया। इन बैठकों में नशामुक्ति के लिए सामुदायिक स्तर पर रणनीतियाँ बनाई गई। यातायात जागरूकता अभियान कार्यक्रम के तहत सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन को बढ़ावा देने के लिए कोण्डागांव पुलिस ने व्यापक स्तर पर जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की गई। इस अभियान के तहत चलाए गए प्रमुख गतिविधियों में जिले के 59 से अधिक गाँवों के साप्ताहिक बाजारों, बस स्टैंडों, और चौराहों पर यातायात नियमों जैसे हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट का उपयोग और गति सीमा का पालन करने की जानकारी सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता बढ़ाने दी गई। 30 से अधिक शैक्षिक संस्थानों में 1500 से ज्यादा विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के नियमों और दुर्घटना रोकथाम के उपायों के बारे में बताया व प्रशिक्षण दिया गया। चालकों के साथ संवाद के क्रम में बस चालकों, आटो चालकों और टैक्सी चालकों के साथ विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें उन्हें यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित ड्राइविंग के महत्व को समझाया गया।

# नशीली दवाओं के दुरूपयोग व अवैध तस्करी के खिलाफ विधिक साक्षरता शिविर




**कोण्डागांव** 26 जून (देशबन्धु)। 26 जून को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिरकण कोण्डागांव श्रीमती किरण चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव सुश्री गायत्री साय के द्वारा नशीली दवाओं के दुरूपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस (26 जून) का स्मरणोत्सव नालसा योजना डॉन योजना 2025 के तहत जिला शासकिय औद्यानिकी कोपाबेड़ा कोण्डागांव में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन। शिविर का मुख्य उद्देश्य नशीली दवाओं के दुष्परिणामों के प्रति जन-जागरूकता बढाना तथा नशा मुक्त समाज और लोगों को प्रेरित करना था। सचिव ने बताया कि नशीली दवाओं का सेवन न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को हानि पहुंचाता है, बल्कि समाज में अपराध को भी बढ़ावा देता है। यह हमारी नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी है कि हम समाज को नशामुक्त करें। शिविर में उपस्थित प्रतिभागियों को ड्रग्स एवं एनडीपीएस एक्ट तथा संबंधित विधिक प्रावधानों की जानकारी तथा इस अपराधों की सजा, जुर्माना व इससे कैसे बचा जा सके के उपाय बताया गया। इस अवसर पर प्रतिधारक अधिवक्ता कोण्डागांव सुरेन्द्र भट्ट, शासकीय औद्यानिकी रोपण कोपोबेड़ा के अधीक्षक इंन्द्राणी पेगद, अधिकार मित्र रंजन बैध, लोकेश यादव उपस्थित रहे।

# राइस मिल से 5 नाबालिग बालिकाएं रेस्क्यू, बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत



◆ **कलेक्टर के निर्देश पर श्रम विभाग एवं बाल संरक्षण इकाई की संयुक्त कार्रवाई**

**कोण्डागांव** 26 जून (देशबन्धु)। कोंडागांव जिले में स्थित मजीशा एग्रो प्रोडक्ट राइस मिल में नाबालिक बालिकाओं को कार्य पर रखे जाने की सूचना मिलने पर कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देश पर श्रम विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई, चाइल्डलाइन और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा मजीशा एग्रो प्रोडक्ट राइस मिल पर छापामार की कार्यवाही की गई। इस दौरान मिल में 5 नाबालिग बालिकाओं को कार्यरत पाया गया। यह कार्रवाई बाल श्रम निषेध कानून और बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा के तहत की गई।

रेस्क्यू की गई सभी बालिकाओं को तत्काल बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस मामले में बालक एवं किशोर श्रम अधिनियम 1986 के तहत अभियोजन की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। न्यायालय द्वारा उक्त 03 संस्थान को 95000 रुपए जुर्माना से दण्डित किया है तथा वर्ष 2025 मे धारा 12 अंतर्गत बाल श्रम निषेध सूचना का प्रदर्शन नहीं करने पर 26 संस्थान के विरुद्ध अभियोजन प्रस्तुत किया गया है।

# नारायणपुर जिले के अधिकारियों के साथ बैठक

◆ **अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी, ने.लो.अदालत, मॉनिटरिंग सेल एवं हिट एण्ड रन के संबंध में**



**कोण्डागांव** 26 जून (देशबन्धु)। अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी, नेशनल लोक अदालत, मॉनिटरिंग सेल एवं हिट एण्ड रन के संबंध में नारायणपुर जिले के अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न होने के सम्बन्ध में दी गई जानकारी में बताया गया है कि 24 जून को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव श्रीमती किरण चतुर्वेदी के अध्यक्षता एवं उनकी उपस्थिति में अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी एवं मॉनिटरिंग सेल एवं हिट एण्ड रन, नेशनल लोक अदालत की बैठक प्रधान न्यायाधीश के विश्राम कक्ष में आयोजित की गई।

बैठक में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोण्डागांव श्रीमती रेशमा बैरागी पटेल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नारायणपुर सुश्री प्रतिभा मरकाम अपर कलेक्टर नारायणपुर बहादुर पंचभाइ, उप पुलिस अधीक्षक नारायणपुर सुशील कुमार नायक, जिला विधिक सेवा प्राधिरकण के सचिव सुश्री गायत्री साय सम्मलित रहे।

**अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी-** अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी की बैठक में अनुशंसित बंदियों की समीक्षा की गई। विशेष रूप से ऐसे मामलों पर विचार किया गया जिसमें आरोपी अधिक समय से न्यायिक हिरासत में है, जहां पर जमानत संभव है, अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी की समीक्षा के अलावा सजायाफ्ता बंदियों की स्थिति पर भी चर्चा किया गया।

**मॉनिटरिंग सेल-** मॉनिटरिंग सेल की बैठक भी आयोजित की गई सिविल कोर्ट नारायणपुर में महिलाओं एवं दिव्यांगों हेतु पृथक से प्रसाधन कक्ष निर्माण, अधिवक्ताओं की बैठक कक्ष को पूर्ण करने, सिविल न्यायालय में पक्षकारों के लिए कक्ष के निर्माण कार्य प्रारंभ पूर्ण करने हेतु प्रधान न्यायाधीश द्वारा कलेक्टर को निर्देश दिए गए।

**हिट एण्ड रन-** हिट एण्ड रन के संबंध में बैठक ली गई, जिसमें अज्ञात वाहनों द्वारा सड़क दुर्घटनाओं से हुई मौतों और घायलों के क्लेम कम्पन्सेशन की प्रक्रिया को सुनिश्चित करने की चर्चा की गई। पीड़ित पक्षकारों के लिए क्षतिपूर्ति आवेदन प्रक्रिया एक्सीडेंट के परिणामस्वरूप हुई मृत्यु या गंभीर चोटों हेतु मुआवजा निर्धारित करने पुलिस व परिवहन विभाग से संबंधित दस्तावेज तैयार कर एसडीएम को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

## सार-संक्षेप

### खण्ड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव स्वामी आत्मानंद शा.उत्कृष्ट अंग्रेजी विद्यालय दहिकोंगा में आज

**कोण्डागांव** 26 जून (देशबन्धु)। विकास खण्ड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन शुक्रवार 27 जून को कोण्डागांव विकास खण्ड स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय दहिकोंगा में किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 11 बजे मुख्य अतिथि बस्तर विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष एवं विधायक सुश्री लता उसेण्डी द्वारा किया जाएगा।

### प्राकृतिक आपदा पीड़ितों के 4 प्रकरण में वारिसों को रु.16 लाख की आर्थिक सहायता राशि

**कोण्डागांव** 26 जून (देशबन्धु)। कोण्डागांव कलेक्टर श्रीमती नुपुर राशि पन्ना द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा पीड़ित के 4 प्रकरणों में वारिसों को 16 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि प्रदान की गयी। कलेक्टर द्वारा कोण्डागांव तहसील के ग्राम पलारी निवासी बुधराम मरकाम की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पत्नी राजकुमारी मरकाम को, कोण्डागांव तहसील के ग्राम जामपदर निवासी रोहित की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर माता मंगलदई सोरी, पिता कमलुराम सोरी को, कोण्डागांव तहसील के ग्राम चलका निवासी सखाराम कोर्राम की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पत्नी जयमनी कोर्राम को, कोण्डागांव तहसील ग्राम बयानार सोनधर नेताम की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पत्नी रनोती नेताम को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गयी है। उक्त स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि सम्बन्धित वारिस के बैंक खाते में हस्तांतरित करने के निर्देश सम्बन्धित तहसीलदार को दिए गए हैं।

# छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने किया कोण्डागांव दौरा



**कोण्डागांव** 26 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड की अध्यक्ष श्रीमती शालिनी राजपूत अपने एक दिवसीय दौरे पर कोण्डागांव पहुँचीं। इस दौरान उन्होंने जिले के बेलमेटल शिल्पकारों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनीं और सुझाव लिए।

श्रीमती शालिनी राजपूत सबसे पहले शबरी एम्पोरियम पहुंचीं, जहां उन्होंने शिल्पकारों द्वारा निर्मित कलाकृतियों का निरीक्षण किया और उनकी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि बदलते समय के साथ बाजार की मांग के अनुरूप शिल्प में विविधता और नवाचार लाना आवश्यक है। शिल्पकारों को डिजिटल माध्यम से प्रचार-प्रसार बढ़ाने और उत्पादों की बिक्री के लिए प्रदर्शनी में भाग लेने की सलाह दी गई। इसके अलावा, उन्होंने कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों से कार्यप्रणाली तथा सुधार की संभावनाओं पर भी चर्चा की। श्रीमती राजपूत ने शिल्पकारों की आय बढ़ाने और उनके बाजार पहुंच को बेहतर बनाने के लिए प्रभावी मंच उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता जताई।

इस अवसर पर राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त शिल्पी पंचुराम सागर, राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त शिल्पी प्रदीप सागर, शब्बीर नाग, संतोष नाग के साथ ही बोर्ड मुख्यालय के मुख्य महाप्रबंधक शंकरलाल धुर्वे, कोण्डागांव प्रबंधक अनिरूध और अन्य कर्मचारी एवं शिल्पकार भी उपस्थित थे।

# जन्मदिन पर पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**फरसगांव** 26 जून (देशबन्धु)। फरसगांव नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र का यह कदम वाकई प्रेरणादायक है! पौधरोपण के माध्यम से उन्होंने न केवल अपने जन्मदिन को यादगार बनाया, बल्कि पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी भी निभाई।

इस मौके पर फरसगांव नगर पंचायत अंतर्गत मणि कंचन केंद्र में स्वच्छता दीदियों के साथ पौधा रोपण किया और स्वच्छता दीदियों द्वारा मिठाई खिलाते हुए दी गई शुभकामनाएं और बधाई इस आयोजन को और भी विशेष बनाया।

इस पहल से निश्चित रूप से लोगों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और हरित भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र और उनकी टीम को इस सराहनीय कार्य के लिए नगर वासियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। यह पहल न केवल एक उत्सव था, बल्कि एक जागरूक प्रयास भी है, जो आने वाली पीढियों को हरा-भरा और सुरक्षित भविष्य देने की दिशा में प्रेरणादायक कदम कहा जा सकता है। इस दौरान नगर पंचायत उपाध्यक्ष मूलचंद पांडे, पार्षद नरेंद्र गौर, पूर्व उपाध्यक्ष गणेश जायसवाल एवं कर्मचारी गण एवं उपस्थित रहे।

# संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया




**चारामा** 26 जून (देशबन्धु)। संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम 25 जुन नाकापारा स्कूल में धूम धाम से मनाया गया जहां नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर कलम कॉपी ड्रेस देकर स्वागत अभिनंदन किया गया साथ ही विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए संकुल के सभी शिक्षक शिक्षिकाऐ, पालक गण एवं जनप्रतिनिधी नगर पंचायत अध्यक्ष भुनेश्वर नागराज पार्षद उत्तम साहू, संतोष ओझा,बीओ केशव राम साहू उपस्थित रहे।

# जनपद प्राथमिक शाला कोण्डागांव भवन को वापस प्रदान करने कलेक्टर से किया मुलाकात



**कोण्डागांव** 26 जून (देशबन्धु)। कलेक्टर कोण्डागांव से मुलाकात करके अमन सागर पूर्व छात्र समिति जनपद प्राथमिक शाला कोण्डागांव के नेतृत्व में नगर की कई महिला नागरिकों के द्वारा जनपद प्राथमिक शाला कोण्डागांव के भवन को वापस जनपद प्राथमिक षाला संस्था कोण्डागांव को प्रदान करने विषय आवेदन दिया गया है।

कलेक्टर को दिए गए आवेदन पत्र में लेख किया गया है कि जनपद प्राथमिक शाला कोण्डागांव ऐतिहासिक रूप से सन् 1911 से संचालित है। इस विद्यालय को भवनविहीन होने के कारण विगत 3 वर्ष पूर्व केन्द्रीय विद्यालय कोण्डागांव को तत्कालीन कलेक्टर द्वारा दिया गया था। केन्द्रीय विद्यालय कोण्डागांव द्वारा अप्रेल 2025 में भवन को खाली करके चाबी को कलेक्टर कार्यालय में सौंपा गया है। लेकिन कलेक्टर कार्यालय से जनपद स्कूल संस्था को चाबी वापस नहीं दिया जा रहा है। वहीं सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि उक्त भवन को नर्सिंग हॉस्टल कोडागांव को दिए जाने का प्रयास किया जा रहा है। यदि ऐसा हुआ तो सैकडां स्कूली बच्चे प्रभावित होंगे। वर्तमान में 3 कमरों की कक्षाओं में प्राथमिक व मिडील स्कूल का संचालन 2 पालियों में किया जा रहा है। छात्रों के नामांकन संख्या में भवन के अभाव में समस्या हो रही है। इसलिए छात्रहित में कृपया जनपद प्राथमिक शाला कोण्डागांव भवन को पुनः, जनपद प्राथमिक शाला संस्था प्रदान किया जाए। कलेक्टर को आवेदन देने के दौरान संगीता ध्रुव, पुनीता साहू, कांती साहू, वर्षा ध्रुव, सुरुजमति पैकरा, किरण वर्मा, मन्टोरा वर्मा, मनोज, परमल, रीता, अनिल आदि भी उपस्थित रहे।

# 1 जुलाई को होगा खंड स्तरीय एक दिवसीय धरना प्रदर्शन, शत-प्रतिशत तालाबंदी का लक्ष्य

◆ **संकुलवार शिक्षकों ली जाएगी उपस्थिति, अनुपस्थिति शिक्षक होंगे चिन्हांकित**



**कोण्डागांव** 26 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया एवं अन्य मांगों को लेकर 01 जुलाई को प्रदेश के 146 विकास खंड में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन रैली एवं ज्ञापन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। एक जुलाई के खंड स्तरीय धरना प्रदर्शन में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित समस्त प्रकार के प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारियों जिला परियोजना अधिकारी, समन्वयक, विकास खंड शिक्षा अधिकारी, खण्ड स्त्रोत समन्वयक, प्रभारी प्राचार्य की भी शत-प्रतिशत उपस्थिति को लेकर कर सभी विकास खंड में बैठक आयोजित कर रणनीति तैयार की गई। इस कड़ी में जिला कोण्डागांव शिक्षक साझा मंच के जिला संचालक ॠषिदेव सिंह, कौशल कुमार नेताम, शंकर नेताम, रमेश चंद्र सोनवंशी, पवन साहू के निर्देशानुसार जिला के विकास खंड कोण्डागांव, केशकाल एवं बड़ेराजपुर में बैठक आयोजित कर संकुल समन्वयक के सामंजस्य से व्यापक रणनीति तैयार की गई।

कोंडागांव विकास खंड में शिवराज ठाकुर, यशवंत देवांगन, पवन साहू, ॠषिदेव सिंह, नरेश ठाकुर, मन्नाराम नेताम, मदन राठौर, सुकमन नेताम एवं राजूराम दीवान, लिखेश्वर पाण्डेय, मनोज ठाकुर, कपुरचंद देवांगन बड़ेराजपुर में डूमनलाल मरकाम, सुभाऊराम नेताम, मानसाय मरकाम एवं केशकाल में रामसिंह मरावी, अमित मंडावी देवेंद्र कुपाल के नेतृत्व में बैठक आयोजित की गई। इसी क्रम में 27 जून को फरसगांव में सुकूराम नेताम, महेंद्र पटेल, मिठू राम मांझी एवं महेंद्र कश्यप के नेतृत्व में बीआरसी भवन में बैठक आयोजित कर रणनीति तैयार की जाएगी। माकड़ी विकास खंड में शिक्षक साझा मंच का बैठक में आयोजित किया गया। जिसमें रमेश प्रधान, जयलाल पोयाम, महेंद्र नेताम एवं अमिताभ मिश्रा के नेतृत्व में रणनीति तैयार की गई है। उक्त रणनीति के तहत कोंडागांव जिले में जितने भी संकुल केंद्र हैं, उन केन्द्रों के आधार पर संकुल समन्वयक एवं संकूल प्रभारी द्वारा शिक्षकों की उपस्थिति संकुलवार लेकर व्यापक ढंग से स्कूल में तालाबंदी करने एवं जो शिक्षक आंदोलन में नहीं होंगे, उन शिक्षकों को ही चिन्हित कर उनके संदर्भ में अलग से रणनीति तैयार की जाएगी।

## संपादकीय

### अधिकारी दें स्वच्छता को प्राथमिकता

*रायपुर नगर निगम के कमिश्नर विश्वदीप ने जोन अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे सुबह 6.30 बजे अपने इलाकों में जाकर सफाई सम्बन्धी सभी कामों का प्रत्यक्ष निरीक्षण करें। उन्होंने स्वच्छता को सर्वोच्च वरीयता देने को भी कहा है। निश्चित रूप से यदि जोन अधिकारी सुबह पहुंचते हैं तो इसका बड़ा फर्क पड़ेगा। सफाई का काम ठेकेदारों द्वारा सुबह-सुबह शुरू किया जाता है। यदि जोन के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर उपस्थित रहते हैं तो काम न केवल वक्त पर प्रारम्भ होगा बल्कि निर्धारित संख्या के अनुरूप सफाईकर्मियों की मौजूदगी तथा उनके द्वारा काम को ठीक से अंजाम दिया जाना भी सुनिश्चित हो सकेगा। घरों से कचरा उठाने का काम भी सही तरीके से हो सकेगा। यदि जोन अधिकारी इस निर्देश का ठीक से पालन करें तो निश्चित रूप से शहर का परिदृश्य बदल सकता है।*

*रायपुर नगर निगम ही नहीं, कुछेक नगरीय इलाकों को छोड़कर छत्तीसगढ़ के तकरीबन सारे ही शहर और कस्बे गंदगी से अटे पड़े हैं। सभी में साफ-सफाई एक बड़ी चुनौती है। कूड़ों का निपटान कहीं भी संतोषजनक दिखाई नहीं देता। अंबिकापुर ही सुखद एहसास देता है जो तकरीबन हर वर्ष केन्द्रीय शहर विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित स्वच्छता स्पर्धा में पुरस्कार प्राप्त करता है। बाकी किसी भी शहर की उल्लेखनीय रैंकिंग नहीं रहती। इससे ज्ञात होता है कि राज्य के नगरीय निकाय इस दिशा में कितने असफल साबित हुए हैं। राज्य के अन्य छोटे-बड़े शहर कम से कम अंबिकापुर से ही कूड़ा निपटान की प्रक्रिया को सीखकर उसे अमल में ले आयें तो स्थिति काफी बेहतर हो सकती है।*

*बहरहाल, रायपुर की बात करें तो राजधानी होने के नाते उसे इस दिशा में जो प्रदर्शन करना चाहिये था वह करने में पूरी असफलता मिली है। जब से अलग राज्य के रूप में छग बना और रायपुर राजधानी बना है, उसके कुछ इलाकों को छोड़कर गंदगी एक बड़ी समस्या है। ऐसे में यदि कमिश्नर जोन अधिकारियों को सुबह से ही मैदान में उतरने के लिये कहते हैं तो वह अच्छा कदम होगा। निश्चित ही इसका असर होना चाहिये।*

*वैसे निगम देखे कि आम तौर पर लालफीताशाही में जिस प्रकार से कष्टप्रद जिम्मेदारियां शनैः शनैः निचले अधिकारियों तथा मातहतों को देने की प्रवृत्ति है, वैसा इस मामले में न होने पाये। ऐसा न हो कि कुछ दिनों तक जोनल या वरिष्ठ अधिकारी निर्देशित वक्त पर प्रत्यक्ष निरीक्षण करने जायें परन्तु बाद में वे ये काम अपने से नीचे के अधिकारियों के जिम्मे करते जायें। इससे वह उद्देश्य कतई पूरा नहीं हो सकेगा जिसके लिये निगम कमिश्नर ने यह निर्देश जारी किया है।*

*नागरिकों को भी चाहिये कि स्वच्छता बरतें। घरों का कूड़ा-कर्कट व अपशिष्ट नियमपूर्वक कचरा गाड़ियों के सुपुर्द करें। यदि उनके घरों, प्रतिष्ठानों से समय पर कचरा नहीं उठता तो वे निगम को सूचित करें।*

---

**उल्टा पुल्टा**

कल एक शादी में बारात बहुत लेट हो गई।
मैं तो दुल्हन के पिता के आगे पीछे घूमता रहा।
सोचा- शायद कह दे बेटा हमारी इज़्ज़त रख लो।

---

# राजधानी में आज निकलेगी रथयात्रा

## तैयारियां पूरी, छत्तीसगढ में रथयात्रा की संस्कृति एवं परंपरा का लगातार विस्तार

**रायपुर, 26 जून (देशबन्धु)।** राजधानी रायपुर सहित पूरे प्रदेश में शुक्रवार 27 जून को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली जाएगी। पहले छत्तीसगढ में उडीसा से लगे सीमाई इलाकों में रथयात्रा निकलती थी। अब राज्य के प्रायः सभी छोटे बडे शहरों समेत उडिया भाषा बहुल गांवों -कस्बों में धूमधाम के साथ रथयात्रा निकाली जाती है। बस्तर में इसे गोंचा पर्व के नाम से मनाया जाता है। इस तरह से छत्तीसगढ में भगवान जगन्नाथ एवं उनकी रथयात्रा की संस्कृति एवं परंपरा का लगातार विस्तार हो रहा है।

राजधानी रायपुर शहर के सबसे प्राचीन जगन्नाथ मंदिर में से पुरानी बस्ती स्थित प्राचीन जगन्नाथ मंदिर को साहूकार मंदिर के नाम से जाना जाता था। मंदिर में भगवान जगन्नाथ की प्रतिमा स्थापित होने के बाद भी इसे जगन्नाथ मंदिर के रूप में पहचान मिली। इस मंदिर का इतिहास लगभग 500 साल पुराना है। राजधानी रायपुर के गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर की स्थापना के बाद राज्य में रथयात्रा काफी धूमधाम से निकाली जा रही है। रायपुर शहर के पुरानी बस्ती ,गोलबाजार गुढियारी, कोटा में भी रथयात्रा निकाली जाती है। राजधानी में मुख्य रथयात्रा गायत्री नगर जगन्नाथ मंदिर से निकाली जाएगी। इसमें राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे।



बस्तर में रथयात्रा का पर्व बहुत ही अनोखा, मनोरंजक और कई मायनों में दुर्लभ है इसे गोंचा रथ यात्रा कहा जाता है। बस्तर में जगन्नाथ रथयात्रा का इतिहास कई साल पुराना है। बस्तर में भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा देश के अन्य हिस्सों से बिल्कुल अलग तरीके से मनाई जाती है। इस पावन पर्व में तुपकी का अपना अलग महत्व है।बस्तर में भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा के दौरान तुपकी से सलामी देने की परंपरा है।

इस यात्रा का शुभारम्भ ज्येष्ठ पूर्णिमा के दिन स्नान पूर्णिमा से हो जाता है। जिसमें भगवान जगन्नाथ श्री मन्दिर से बाहर निकलकर भक्ति रस में डूबकर अत्यधिक स्नान कर लेते हैं। और जिसकी वजह से वे बीमार हो जाते हैं। पन्द्रह दिनों तक जगन्नाथ मन्दिर में प्रभु की पूजा अर्चना के स्थान पर दुर्लभजड़ी बूटियों से बना हुआ काढ़ा तीसरे पाचवे सातवें और दसवे दिन पिलाया जाता है। भगवान जगन्नाथ को बीमार अवस्था में दर्शन करने पर भक्तजनों को अतिपुण्य का लाभप्राप्त होता है। स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होने के पश्चात् भगवान जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलराम एवं बहन सुभद्रा जी के साथ तीन अलग अलग रथ पर सवार होकर अपनी मौसी के घर अर्थात् गुण्डिचा मन्दिर जाते है, प्रभु की इस यात्रा को रथ यात्रा कहा जाता है।

---

# डीपीआई के आदेश को ठेंगा दिखा रहे डीईओ

**रायपुर, 26 जून (देशबन्धु)।** प्रदेशभर के डीईओ और मॉडल शिक्षक लोक शिक्षण संचालनालय के आदेश को ठेंगा दिखा रहे हैं।सभी डीईओ को आरटीई के अंतर्गत प्राइवेट स्कूलों में सीटों की जानकारी मांगी गई है पर अब तक कोई जानकारी नहीं दी गई है।अब अंतिम रिमाइंडर आदेश जारी किया गया है। इसमें सख्त चेतावनी दी गई है कि अगर आरटीई सीटों की जानकारी नहीं दी गई तो संबंधित डीईओ के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वहीं इस मामले को लेकर शिक्षाविदों और पालक संघ का कहना है कि पोल खुल जाने के डर से डीईओ जानकारी नहीं दे रहे है।

> ■ बार-बार आदेश के बाद भी आरटीई की नहीं दे रहे जानकारी

लोक शिक्षण संचालनालय ने जिले में पंजीकृत विद्यालय, नोडल द्वारा सत्यापित शालाओं की संख्या, डीईओ द्वारा स्वीकृत स्कूलों की संख्या और निरस्त स्कूलों की संख्या की जानकारी मांगी है। इस आदेश का किसी ने गंभीरता से पालन नहीं किया है। लोक शिक्षण संचालनालय से दूसरी बार रिमाइंडर पत्र जारी किया गया। पर 33 जिलों के प्रभारी डी ई ओ अब तक जानकारी नहीं दे पाए है। इस मामले को लेकर पैरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष क्रिष्टोफर पॉल का कहना है कि नोडल प्राचार्य अपने कमरे में बैठकर स्कूलों का सत्यापित करते हैं स्कूलों में आरटीई के तहत कितने बच्चों का एडमिशन हुआ और कितने वर्तमान में अध्ययन कर रहे हैं, इसकी भौतिक सत्यापन नहीं होती पर सभी बच्चों का निर्धारित भुगतान स्कूलों को जरूर होता है। ऐसे में अब सवाल उठाया गया है कि जिला शिक्षा अधिकारियों को डर है कि कहीं जानकारी देने से पोल न खुल जाए।

**डीपीआई का नहीं सुन रहे डीईओ**

शिक्षाविदों ने कहा, लोक शिक्षण संचालनालय से जारी पत्र में स्पष्ट तौर पर कहा गया है कि यदि निर्धारित समय में काम पूरा नहीं होता है और द्वितीय लाटरी में व्यवधान उत्पन्न होता है तो संबंधित जिला अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इससे साफ है कि डीपीआई के आदेश का सभी जिलों के डीईओ को कोई परवाह नहीं है।

---

# रामकी कंपनी की सही मॉनिटरिंग नहीं, ठीक करना पड़ेगा : महापौर

**रायपुर, 26 जून (देशबन्धु)।** महापौर श्रीमती मीनल चौबे का कहना है कि इंदौर में सफाई को लेकर जबरदस्त मॉनिटरिंग सिस्टम है। वहां के सफाई कर्मियों पर नगर निगम का पूरा कंट्रोल रहता है। कचरा लेने से कोई घर छूटा रह गया तो मैसेज पहुंच जाता है। हमारे रायपुर में सफाई के लिए रामकी कंपनी की जो गाड़ियां चल रही हैं, उनकी सही मॉनिटरिंग नहीं हो रही है। मानकी की गाड़ियों में भी जीपीएस सिस्टम लगा है, पर मॉनिटरिंग करने वाला कोई नहीं है। हम जल्द इसमें सुधार करेंगे।



इंदौर अध्ययन दौरे के बाद महापौर श्रीमती मीनल चौबे आज निगम मुख्यालय में मीडिया से रूबरू हुईं। महापौर ने कहा कि इंदौर सफाई के मामले में लगातार आगे रहते आया है। छत्तीसगढ़ सरकार ने अपने यहां के सभी 14 महापौरों को इंदौर भेजा था, ताकि यहां सफाई व्यवस्था में सुधार लाने वहां के सिस्टम का अनुकरण कर सकें। इंदौर भ्रमण में मैंने जाना कि वहां पॉलीथीन व अन्य तरीके के प्लास्टिक सामानों पर रोक है। हमारे यहां नालों की सफाई में जो गाद निकलती है उसमें 70 प्रतिशत पॉलिथिन व डिस्पोजल गिलास मिलते हैं। इसके लिए लोगों को जागरूक करना होगा। इसमें हम स्वच्छता दीदियों की और ज्यादा मदद लेंगे। स्ट्रीट वेंडर और चौपाटी पर लगने वाली दुकानों की तरफ सफाई को लेकर हमें विशेष ध्यान देना होगा। इंदौर में घरों से निकलने वाला कचरा छह भागों में बंटता है जबकि हमारे यहां केवल गीला व सूखा कचरा लेने की व्यवस्था है। हमारे यहां कचरा लेने वाली गाड़ी में दो लोग, ड्रायव्हर व उसका एक सहयोगी रहते हैं।

इंदौर में ड्रायव्हर व सहयोगी के अलावा एनजीओ का भी एक व्यक्ति शामिल रहता है। रायपुर में कचरा गाड़ी मिस हो गई तो बहुत से लोग कचरा नालियों में डाल देते हैं। इंदौर में ऐसा कर पाना इसलिए, संभव नहीं है कि वहां नालियां कवर्ड हैं। कचरा देने से रह गए तो दूसरे दिन का इंतजार करना पड़ता है। इंदौर में निकलने वाले कचरों की री साइकिलिंग के लिए अलग-अलग स्थानों पर व्यवस्था है, रायपुर में इसकी कमी है। इंदौर में कचरे के साथ फेंके जाने वाले कपड़ों की भी री साइकलिंग व्यवस्था है। हमें आगे इस दिशा में काम करना होगा। इंदौर में हमें छोटी सी कमी भी नजर आई। वहां कुछ देर बारिश हुई। नालियां सब तरफ से पेक होने के कारण बरसात का पानी ओवर फ्लो होकर सड़कों पर बहता दिखा।

---

# 1000 करोड़ के राज्य स्रोत निशक्त जन संस्थान घोटाले पर हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी

## कोर्ट ने सुरक्षित रखा फैसला

**रायपुर, 26 जून (देशबन्धु)।** राज्य स्रोत निशक्त जन संस्थान घोटाले को लेकर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में बुधवार को अहम सुनवाई हुई। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच में इस बहुचर्चित घोटाले को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर बहस पूरी हो गई है, जिसमें याचिकाकर्ता, आरोपित अधिकारियों और केंद्रीय जांच ब्यूरो की ओर से पक्ष रखा गया। कोर्ट ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है।

मामले में तत्कालीन मुख्य सचिव की रिपोर्ट के बाद डिवीजन बेंच ने प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए घोटाले की सीबीआई जांच कराने का निर्देश दिया था। हाईकोर्ट के निर्देश पर सीबीआई जबलपुर ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच भी शुरू कर दी थी। इसी बीच घोटाले के आरोप में फंसे आईएएस व राज्य सेवा संवर्ग के अधिकारियों ने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर कर सीबीआई जांच पर रोक की मांग की थी। प्रकरण की सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई जांच पर रोक लगाते हुए सुनवाई के लिए प्रकरण छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट को वापस भेज दिया था। इसके बाद यहां सुनवाई चल रही थी।

रायपुर के कुशालपुर निवासी कुंदन सिंह ठाकुर ने छत्तीसगढ़ के कुछ वर्तमान और रिटायर्ड आईएएस अफसरों पर एनजीओ के नाम पर करोड़ों का घोटाला करने का आरोप लगाते हुए जनहित याचिका लगाई। जिसमें बताया गया कि खुद याचिकाकर्ता को एक शासकीय अस्पताल राज्य स्रोत निशक्त जन संस्थान में कार्यरत बताते हुए वेतन देने की जानकारी पहले मिली। इसके बाद उन्होंने



आरटीआई के तहत जानकारी ली तो पता चला कि नया रायपुर स्थित इस कथित अस्पताल को एक एनजीओ चला रहा है। जिसमें करोड़ों की मशीनें खरीदी गई हैं। इनके रख रखाव में भी करोड़ों का खर्च आना बताया गया।

इस मामले में 2017 में एक याचिका दायर की गई। 2018 में जनहित याचिका के रूप में इसकी सुनवाई शुरू की गई। सुनवाई के दौरान पता चला कि राज्य स्रोत निशक्त जन संस्थान नाम की संस्था ही नहीं है। सिर्फ कागजों में संस्था का गठन किया गया था।

राज्य को संस्था के माध्यम से 1000 करोड़ का वित्तीय नुकसान उठाना पड़ा, जो कि 2004 से 2018 के बीच में 10 साल से ज्यादा समय तक किया गया। इस मामले में राज्य के 6 आईएएस अधिकारी आलोक शुक्ला, विवेक ढांड, एमके राउत, सुनील कुजूर, बीएल अग्रवाल और पीपी सोती समेत सतीश पांडेय, राजेश तिवारी, अशोक तिवारी, हरमन खलखो, एमएल पांडेय और पंकज वर्मा पर आरोप लगाया गया। याचिका में कहा गया कि स्टेट रिसोर्स सेंटर का कार्यालय माना रायपुर में बताया गया, जो समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत है।

याचिका में यह भी बताया गया कि एसआरसी ने बैंक ऑफ इंडिया के अकाउंट और एसबीआई मोतीबाग के तीन एकाउंट से संस्थान में कार्यरत अलग-अलग लोगों के नाम पर फर्जी आधार कार्ड से खाते खुलवाकर रुपये निकाले गए। सुनवाई के दौरान राज्य के तत्कालीन मुख्य सचिव अजय सिंह ने शपथ-पत्र दिया। जिसमें उन्होंने 150-200 करोड़ की गलतियां सामने आने की बात कही। हाईकोर्ट ने कहा कि जिसे राज्य के मुख्य सचिव गलतियां और त्रुटि बता रहे हैं, वह एक संगठित और सुनियोजित अपराध है। कोर्ट ने सीबीआई को जांच के लिए निर्देश दिए थे। साथ ही हाईकोर्ट के निर्देश पर घोटाले में फंसे आधा दर्जन से अधिक आईएएस अधिकारियों ने भी अपना जवाब प्रस्तुत कर दिया है।

---

### कोयला घोटाला

# रानू दिल्ली, सौम्या बैंगलुरु और समीर कानपुर से पेशी में आए

**रायपुर, 26 जून (देशबन्धु)।** प्रदेश के चर्चित 570 करोड़ के कोयला घोटाला मामले में सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद पहली बार बुधवार को निलंबित आईएएस रानू साहू, समीर विश्नोई, सौम्या चौरसिया सहित अन्य आरोपी ई ओ डब्लू की विशेष कोर्ट में पेश हुए। इस दौरान उन्होंने ईओडब्ल्यू के विशेष न्यायाधीश को बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश अनुसार सभी छत्तीसगढ़ से बाहर दूसरे राज्य में रहते हैं।



रानू ने बताया कि वह दिल्ली में अपने भाई के घर रह रही। समीर अपने रिश्तेदार के यहां कानपुर और सौम्या भाई के साथ बैंगलुरु में रहती है।

सुनवाई में उपस्थिति दर्ज कराने के बाद सभी ने आदेश पत्रक पर हस्ताक्षर किया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए सभी को 23 जुलाई को फिर से कोर्ट में उपस्थित होने का आदेश दिया। कोयला लेवी घोटाला मामले में सूर्यकांत तिवारी को अभी जमानत नहीं मिली है। विशेष कारणों से आरोपी सूर्यकांत कोर्ट में पेश नहीं हुए थे।

ईओडब्लू में दर्ज दूसरे मामलों में आरोपी होने के कारण आरोपियों को कोर्ट में उपस्थित होना पड़ रहा है। सभी के पासपोर्ट विशेष अदालतों में जमा है। यह निर्देश दिए गए हैं कि वे अगले आदेश तक छत्तीसगढ़ राज्य में नहीं रहेंगे। आवश्यकतानुसार जांच एजेंसी या ट्रायल कोर्ट के समक्ष उपस्थित होना होगा आरोपियों को जांच एजेंसियों को पूरा सहयोग करना होगा। कोयला लेवी घोटाले में आरोपी सौम्या चौरसिया, रानू साहू, समीर विश्नोई को सुप्रीम कोर्ट ने सशर्त जमानत दे दी है इस मामले में सूर्यकांत तिवारी को अभी जमानत नहीं मिली है। कुछ लोगों ने राज्य के वरिष्ठ राजनेताओं और नौकरशाहों से मिलीभगत के बाद ऑनलाइन मिलने वाले परमिट को ऑफलाइन कर कोयला ट्रांसपोर्ट करने वालों से अवैध वसूली की। जुलाई 2020 से जून 2022 के बीच कोयले के हर टन पर 25 रुपए की अवैध लेवी वसूली गई। 15 जुलाई 2020 को इसके लिए आदेश जारी किया गया था।

खनिज विभाग के तत्कालीन संचालक समीर बिश्नोई ने आदेश जारी किया था। यह परमिट कोल परिवहन में कोल व्यापारियों को दिया जाता है। पूरे मामले का मास्टरमाइंड किंगपिन कोल व्यापारी सूर्यकांत तिवारी को माना गया। इसमें जो व्यापारी पैसे देता उसे ही खनिज विभाग से पीट और परिवहन पास जारी होता था, यह रकम 25 रुपए प्रति टन के हिसाब से सूर्यकांत के कर्मचारियों के पास जमा होती थी. इस तरह से स्कैम कर कुल 570 करोड़ रुपए की वसूली की गई।

---

# अवैध रूप से संचालित फैक्ट्री सीलबंद

**रायपुर, 26 जून (देशबन्धु)।** नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत खाद्य सुरक्षा अधिकारी जिला दुर्ग द्वारा ग्राम कोनारी में अवैध रूप से संचालित फैक्ट्री कोमल फूड प्रोडक्ट्स का औचक निरीक्षण किया गया। उक्त फैक्ट्री में फर्म के संचालक सागर जुमनानी पिता गुरूमुख जुमनानी द्वारा बिना खाद्य अनुज्ञप्ति के मशीनों द्वारा भारी मात्रा में खड़ी सुपाड़ी का कटींग कार्य किया जा रहा था। इस संबंध में फैक्ट्री के मालिक द्वारा भारी मात्रा में कच्ची सुपाड़ी, कटींग सुपाड़ी के प्रोसेसिंग के संबंध में मौके पर संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी जिला दुर्ग द्वारा फैक्ट्री में अवैध रूप से भण्डारित 50 किलोग्राम से भरी 1297 बोरी को जब्त कर नमूना जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा गया। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा 1297 बोरी में कुल 64850 किलोग्राम सुपाडी बरामद की गयी, जिसकी अनुमानित कीमत रूपये 1,54,09,500 (एक करोड़ चौवन लाख नौ हजार पांच सौ रूपये) हैं। विभाग द्वारा बिना खाद्य अनुज्ञप्ति के अवैध रूप से संचालित पाये जाने पर फैक्ट्री को सील कर संचालक के विरूद्ध प्रकरण तैयार किया जा रहा है।

---

# एक के बाद एक तीन कार्डिएक अरेस्ट से हुआ सुरेंद्र दुबे का निधन, आज होगा अंतिम संस्कार

**रायपुर, 26 जून (देशबन्धु)।** पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे के निधन को लेकर मेकाहारा में उनका इलाज कर रहे वरिष्ठ हार्ट सर्जन डॉ स्मित श्रीवास्तव ने बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि अटैक के बाद उन्हें कल सुबह मेकाहारा लाया गया था, इसके बाद एक के बाद एक आए तीन कार्डिएक अरेस्ट से उनका निधन हो गया।

वरिष्ठ हार्ट सर्जन डॉ स्मित श्रीवास्तव ने मीडिया से चर्चा में बताया कि गुरुवार सुबह 3-4 बजे के करीब उन्हें मेकाहारा में लाया गया था। एक्यूट हार्ट अटैक था मुख्य नस सौ प्रतिशत बंद थी, वहीं दूसरी नस 90 प्रतिशत बंद थी। मुख्य नस की एंजियोप्लास्टी सफल रही. उसके बाद वे ठीक थे।

डॉक्टर ने बताया कि आईसीयू में उन्हें विचलित देख आज सुबह वार्ड में शिफ्ट किया गया, ताकि वे परिवार वालों के बीच सहज महसूस करेंगे। लेकिन वार्ड में भी वे विचलित रहे। छटपटाहट के बाद तनाव महसूस किया और गिर गए, जिसके बाद में उन्हें फिर से रिवाइव किया गया। लेकिन फिर से कार्डियक अरेस्ट हुआ, और करीब चार बजे उनका निधन हो गया।



डॉ. सुरेंद्र दुबे का अंतिम संस्कार शुक्रवार को रायपुर के देवेंद्र नगर स्थित श्मशान घाट में किया जाएगा। आज उनके पार्थिव शरीर को उनके अशोका रत्न स्थित निवास में रखा जाएगा। इस दौरान प्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास के अलावा देश के अन्य बड़े कवि भी शामिल होंगे।

**विकास उपाध्याय ने जताया शोक**

पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा कि आज पद्मश्री डॉ. सुरेन्द्र दुबे के निधन का दुखद समाचार सोशल मीडिया से प्राप्त हुआ है। पूरे छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि देशभर में भी अपनी हास्य कविताओं और सामाजिक व्यंग्य के लिए, लोकप्रिय हुए। आपकी साहित्यिक श्रेणी और हास्य कविताओं की यादें हमेशा अविस्मरणीय रहेंगी। आपकी उपस्थिति किसी भी मंच को जीवंत बना देती थी। आपकी लेखनी में समाज की विडंबनाओं पर करारा प्रहार भी रहता था, साथ ही प्रस्तुतिकरण में आपकी सरलता और हास्य का पुट देखने को मिलता था। आपने कई मंचीय कवि सम्मेलनों में भारत का प्रतिनिधित्व किया और छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया। आप अपने पीछे एक भरा-पूरा परिवार और साहित्यिक क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ गये हैं। विकास उपाध्याय ने परम पिता परमात्मा से प्रार्थना किये हैं कि परमात्मा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और डॉ. सुरेन्द्र जी के परिवार को यह दु:ख सहने की शक्ति दे।

**कांग्रेस ने दी श्रद्धांजली**

हास्य कवि, पद्मश्री सुरेन्द्र दुबे के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया है। उन्होंने कहा कि ईश्वर उन्हें अपने चरणों में स्थान दे तथा इस दुख की घड़ी में परिवारजनों को सहनशक्ति एवं पुण्य आत्मा को शांति प्रदान करें।

## सुरेंद्र दुबे के घर पहुंचे सीएम साय, परिजनों को बंधाया ढांढस

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ के प्रख्यात कवि पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे के निधन की खबर मिलते ही उनके घर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने दिवंगत कवि के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाते हुए कहा कि इस कठिन समय में छत्तीसगढ़ सरकार उनके साथ है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि डॉ. सुरेंद्र दुबे की जीवंतता, उनकी ऊर्जा और साहित्य के प्रति समर्पण सदैव प्रेरणा का स्रोत रहेगा. वे मंचीय काव्य परंपरा में हास्य और व्यंग्य को जिस गरिमा और गहराई से प्रस्तुत करते थे, वह विरल है।

मुख्यमंत्री साय ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की और शोक संतप्त परिजनों एवं असंख्य प्रशंसकों को यह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है।



# इंदौर की तर्ज पर रायपुर में जनजागरण अभियान चलाने एनजीओ की भागीदारी सुनिश्चित करेंगे - महापौर चौबे




रायपुर, 26 जून (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे ने छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा प्रदेश के सभी 14 नगर पालिक निगमो के महापौरो, आयुक्तो, अधिकारियों के लिये इंदौर शहर में रखे गये 2 दिवसीय अध्ययन सह भ्रमण कार्यक्रम से वापस रायपुर लौटकर कहा कि इंदौर अध्ययन सहस्त्रमण कार्यक्रम में मिले ज्ञान एवं अनुभव को रायपुर शहर नगर निगम क्षेत्र अपनाकर यहां स्वच्छता विकास को हम नई दिशा देने का कार्य करेंगे।

महापौर ने कहा कि रायपुर में सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण व्यवहारिक प्रतिबंध लगाने प्रयास किया जायेगा। इसमें एनजीओ को जोड़कर आमजनता को सिंगल यूज प्लास्टिक के बारे में जागरूक बनाया जाकर प्रभावी प्रतिबंध लागू किया जायेगा। सभी 10 जोनो में आरआरआर रियूज, रिड्यूज, रिसाइकल केन्द्र को अपग्रेड करते हुए एनजीओ के माध्यम से उनका रायपुर में प्रभावी संचालन किया जायेगा। नगर पालिक निगम रायपुर में उप अभियंताओं को स्वच्छता कार्य की मॉनिटरिंग में लगाया जायेगा। महापौर ने कहा कि रायपुर में शत प्रतिशत डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का प्रभावी क्रियान्वयन करने 20 कर्मचारियों की टीम गठित कर सफाई वाहनों की ट्रेकिंग का कार्य करेंगे।महापौर ने कहा कि इंदौर में पूर्ण रूप से सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबन्ध है एवं इसके उपयोग पर जुर्माना किया जाता है। यहाँ तक की कचरा अलग-अलग करके अगर गाड़ी में डालने जाओ तो कचरा नहीं उठाया जाता है। 6 बिन सेग्रीगेशन- इंदौर में विशेष रूप से जो सबसे प्रभावी लगा, वो है यहां का 6 प्रकार से कचरा अलग-अलग करना एवं शत-प्रतिशत घरो से कचरा संग्रहण। इससे कचरे का प्रबंधन और साइंटिफिक तरीके से उसकी रिसाइकलिंग आसान हो जाती है। इससे पर्यावरण को भी कम नुकसान पहुंचता है।

आत्मनिर्भर वार्ड-इंदौर में वार्ड अपने यहां निकलने वाले कचरा का प्रबंधन अपने वार्ड में ही प्रोसेस और रिसाइकल करते हैं। गीले कचरे से खाद बनाई जाती है। इंदौर का यह आत्मनिर्भर वार्ड का कॉन्सेप्ट बहुत अच्छा है। कपड़े की रिसाइकलिंग -इंदौर में टेक्सटाइल इंडस्ट्री से निकलने वाली कपड़े की कतरन और अन्य वेस्ट को भी प्रोसेस कर रिसाइकल कर रीयूज किया जाता है जो कि बहुत अच्छा मॉडल है। कवर्ड नाली- इंदौर में मुझे देखने में आया कि ज्यादातर नालियां कवर्ड हैं।

## जोन 8 की बड़ी कार्रवाई

# 200 मीटर अवैध सीसी रोड और तालाब की जमीन से कब्जा हटाया




रायपुर, 26 जून (देशबन्धु)। रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेश और नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर रायपुर नगर निगम जोन 8 क्षेत्र अंतर्गत वीर सावरकर नगर वार्ड क्रमांक 1 क्षेत्र अंतर्गत स्थल पर लगभग 200 मीटर क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग करने के उद्देश्य से बिना अनुमति अवैध रूप से निर्मित सी सी रोड सड़क को पूरी तरह से उखाड़कर तोड़ने की कार्यवाही की गयी है। नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 8 के नगर निवेश विभाग की टीम ने जेसीबी और श्रमिकों की सहायता से स्थल पर वार्ड 2 में खसरा क्रमांक 410/1 सोनडोंगरी तालाब को पाट कर किये गए अवैध कब्जे को हटाया गया तथा अवैध रूप से निर्मित सड़क को तोड़कर हटाने की कार्यवाही की गयी है. यातायात पुलिस बल, थाना पुलिस बल एवं टीम प्रहरी के अभियान के अंतर्गत उक्त कार्यवाही करते हुए नगर निगम रायपुर को इस सम्बन्ध में प्राप्त जनशिकायत का जोन के स्तर पर त्वरित निदान किया गया।

## टी गोल्ड जिम का उदघाटन आज सुनील सोनी करेंगे

**रायपुर,** 26 जून (देशबन्धु)। 27 जून को दोपहर एक बजे टी गोल्ड जिम अश्वनी नगर बिन्दा सोनकर स्कूल के सामने गोरख भवन में उदघाटन किया जा रहा है जिम के कोच मानिक ताम्रकार ने बताया कि जिम का उदघाटन दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री सुनील सोनी करेंगे साथ मे मे जोन 5 के अध्यक्ष अम्बर अग्रवाल पार्षद नगर निगम रायपुर एवं सुंदर नगर वार्ड के पार्षद श्री मति सरिता आकाश दुबे और पार्षद श्री सुमन अशोक पांडेय करेंगे जिम का प्रमुख उद्देश्य गरीब बच्चों महिलाओं बालिकाओं को को निशुल्क वेट लिफ्टिंग और बॉडी बिल्डिंग की ट्रेनिंग देना साथ में विकलांग महिला पुरुष को भी खेल के लिए निशुल्क ट्रेनिंग प्रदान किया जाएगा साथ ही दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के आम जनता भी लाभान्वित होगा छग का पहला जिम है जहां गरीब बच्चों बालिका महिला पुरुष एवं विकलांग की शुल्क फ्री है।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने सौंपा वित्त मंत्री को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 2,762 करोड़ के लाभांश का चेक




**रायपुर,** 26 जून (देशबन्धु)। बैंक ऑफ बड़ौदा ने माननीय केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री, श्रीमती निर्मला सीतारमण को 31 मार्च, 2025 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए ?2,762 करोड़ के लाभांश का चेक सौंपा। नई दिल्ली के नॉर्थ ब्लॉक स्थित वित्त मंत्री के कार्यालय में बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी, श्री देबदत्त चांद ने यह चेक सौंपा। इस अवसर पर वित्तीय सेवाएं विभाग (डीएफएस) के सचिव, एम. नागराजू और डीएफएस के संयुक्त सचिव, आशीष माधवराव मोरे एवं बैंक के कार्यपालक निदेशकगण, ललित त्यागी, संजय मुदालियर, लाल सिंह और श्रीमती बीना वाहिद भी उपस्थित रहे। यह लाभांश बैंक के सुदृढ़ और निरंतर उल्लेखनीय वित्तीय प्रदर्शन और भारत के आर्थिक विकास तथा अपने हितधारकों के लिए मूल्य संवर्धन के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 10.1 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 19,581 करोड़ का अब तक का सर्वाधिक स्टैंडअलोन निवल लाभ दर्ज किया है। बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 8.35 प्रति इक्विटी शेयर का लाभांश घोषित किया है जो 2/- रुपये प्रति शेयर अंकित मूल्य के 418 प्रतिशत के बराबर है।

# रायपुरा चौक में 433.37 लाख की अंडरग्राउंड केबलिंग का शुभारंभ



रायपुर, 26 जून (देशबन्धु)। पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने आज रायपुरा चौक में रुपए 433.37 लाख की लागत से होने वाले अंदर ग्राउंड केबलिंग कार्य का श्रीफल फोड़कर शुभारंभ किया । इस अवसर पर रायपुर नगर निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे सभापति सूर्यकांत राठौर मुख्य अभियंता बिजली विभाग मधुकर जमुलकर अधीक्षण अभियंता महावीर विश्वकर्मा कार्यपालन अभियंता वी के तिवारी शिव गुप्ता लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता राजीव नशीने जोन आयुक्त क्रमांक 8 श्रीमती राजपटेल एवं अन्य वके अधिकारी गण उपस्थित थे। अंडर ग्राउंड बिजली केबल का यह कार्य मनुआस रियल्टी मैरिज पैलेस चौक रायपुरा ,राज ट्रेडर्स से प्रतिमा हार्डवेयर तक,गोल चौक के पास डीडी नगर, मंजीत टावर के पास ,कामाख्या रेस्टोरेंट के पास , राजा बैटरी से सन्नी ट्रेडर्स तक किया जाएगा।

विधायक मूणत ने बताया कि जैसे ही यह अंडर ग्राउंड केबल कार्य पूर्ण हो जाएगा इसके शीघ्र बाद यहां पर लोक निर्माण विभाग से चौड़ीकरण का कार्य प्रारंभ करा दिया जाएगा। मूणत ने कहा कि इस चौड़ीकरण का कारण यहां लगने वाले ट्रैफिक जाम को दूर करना है जिससे जनसाधारण को आवागमन में सुविधा हो। मूणत ने बताया कि बिजली वायरों को अंडर ग्राउंड करने का कारण यह है कि इसके बाद यहां लगे बिजली खंभे हट जायेंगे जिससे यह मार्ग और अधिक चौड़ा हो जाएगा। मूणत ने बताया कि इसके बाद उनका प्रयास विवेकानंद आश्रम से अनुपम गार्डन तक के बिजली वायरों को अंडर ग्राउंड करने का रहेगा। मूणत ने बताया कि रायपुर पश्चिम विधानसभा में विकास के कार्य निरंतर जारी है और यह धारा अनवरत बहती रहे इसके लिए वे निरंतर प्रयत्न शील रहते है। मूणत ने बताया कि भेस थान में रिक्त पड़ी भूमि पर वर्किंग वुमन हॉस्टल बनाने के लिए रुपए 17 करोड़ की स्वीकृति भी जारी हो चुकी है और इसके लिए निविदा आमंत्रित की जा रही है। मूणत ने बताया कि ठक्करबापा वार्ड में लंबे समय से पानी की समस्या के दृष्टिगत वहां पर रुपए 19 करोड़ की लागत से पानी टंकी पाइप लाइन निर्माण की स्वीकृति भी मिल चुकी है। मूणत ने बताया कि जल्द ही सरस्वती नगर थाना के पास आमनाका बस डिपो की रिक्त भूमि पर मल्टी परपस स्पोर्ट्स हॉल के बनवाने के लिए भी प्रयास जारी है।

## एमएसएमई महोत्सव का आयोजन

रायपुर, 26 जून (देशबन्धु)। विश्व एमएसएमई दिवस 27 जून के अवसर पर आईसीएआई रायपुर शाखा द्वारा छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के साथ मिलकर 'एमएसएमई महोत्सव' का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन चैंबर भवन, 2ठ्ठस्र फ्लोर, बॉम्बे मार्केट, रायपुर में प्रात= 10 बजे से शाम 5=30 तक होगा । यह आयोजन एमएसएमई क्षेत्र को सशक्त बनाने, उन्हें कानूनी, कर एवं वित्तीय मार्गदर्शन उपलब्ध कराने तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए किया जा रहा है। एमएसएमई महोत्सव के अंतर्गत एक विशेष हेल्प डेस्क की स्थापना की जाएगी जिसमें निम्नलिखित क्षेत्रों में नि:शुल्क परामर्श प्रदान किया जाएगा- जीएसटी(वस्तु एवं सेवा कर), इनकम टैक्स, एमएसएमई पंजीयन एवं योजनाएँ, डीआईसी (जिला उद्योग केंद्र) सहायता, ईसीजीसी (निर्यात ऋण गारंटी निगम), बैंकिंग एवं वित्तीय परामर्श,चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एवं बैंकिंग विशेषज्ञों की टीम द्वारा उद्यमियों को व्यवसाय प्रबंधन, कर नियोजन एवं योजनागत लाभों से संबंधित समुचित सलाह दी जाएगी।

## शासन ने फेडरेशन के अनुरोध पर संघों को कार्यकाल के अनुसार मान्यता देने का आदेश जारी

**रायपुर,** 26 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के मान्यता प्राप्त संगठनों को बड़ी राहत प्रदान करते हुए, शासन ने छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन की मांग पर संगठनों को उनके निर्धारित कार्यकाल के अनुसार मान्यता देने का निर्णय लिया है। फेडरेशन के प्रदेश संयोजक कमल वर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव के प्रति इस कर्मचारी हितैषी निर्णय के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया है।

प्रदेश संयोजक कमल वर्मा, प्रदेश प्रवक्ता जी.आर. चंद्रा एवं चंद्रशेखर तिवारी ने बताया कि फेडरेशन विगत 6 वर्षों से पंजीयक, फर्म्स एवं सोसायटी द्वारा निर्धारित कार्यकाल के अनुसार कर्मचारी संगठनों को मान्यता देने की मांग कर रहा था। इस मुद्दे को लेकर फेडरेशन ने आंदोलन भी किया था।

ज्ञात हो कि कर्मचारी संगठनों के पंजीयन के दौरान पंजीयक, फर्म्स एवं सोसायटी द्वारा कार्यकाल निर्धारित किया जाता है। पूर्व में शासन द्वारा वर्ष 2015 में जारी निर्देशों के अनुसार, प्रत्येक वर्ष दिसंबर तक चार बिंदुओं में जानकारी देने पर ही संगठन को मान्यता प्रदान की जाती थी। इस प्रक्रिया में अत्यधिक समय लगने के कारण कई बार संगठनों को केवल 3 से 4 माह की मान्यता ही प्राप्त हो पाती थी। जटिल प्रक्रिया के कारण कई संगठनों को वर्षों से मान्यता नहीं मिल पाई थी।

वर्मा ने आगे बताया कि वर्तमान सरकार के गठन के बाद, फेडरेशन ने निहारिका समिति के समक्ष भी यह मुद्दा प्रमुखता से उठाया था। समिति ने इसे गंभीरता से लेते हुए प्रक्रिया को आगे बढ़ाया।

# खौली में शराब दुकान खोले जाने के खिलाफ धरना जारी




**रायपुर,** 26 जून (देशबन्धु)। आरंग विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खौली में शासन द्वारा खोले जा रहे शराब भट्ठी के विरुद्ध ग्रामीणों का धरना आज गुरूवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। जिसमें ग्रामीणों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया । धरना में आज खौली के सिवा दूसरे ग्राम के ग्रामीणों ने भी आ अपना समर्थन दिया ।इधर खौली के ग्रामीणों के मुहिम से प्रभावित हो नया राजधानी क्षेत्र में खुलने वाले शराब भट्ठी के खिलाफ पलौद में भी आंदोलन की सुगबुगाहट शुरू हो चला है । वे जनप्रतिनिधियों व प्रशासन को आगाह करने के बाद जल्द ही आंदोलन शुरू करने की तैयारी में हैं । शासन - प्रशासन से लगातार गुहार के बाद भी शराब दूकान खोलने पर आमादा शासन - प्रशासन के रव्वैये से खौली में आक्रोश व्याप्त है। बुधवार से ग्रामीणों ने धरना - प्रदर्शन शुरू कर दिया है जिसे आसपास के ग्रामों के निकटस्थ ग्रामों के ग्रामीणों का भी समर्थन मिल रहा है । आज धरने में ग्राम पंचायत नारा के उपसरपंच ध्रुव चंद्राकर के अगुवाई में आकर नारा के ग्रामीणों ने भट्ठी विरोधी मुहिम को अपना समर्थन दिया वहीं संकरी के सरपंच प्रतिनिधि निखिल वर्मा के साथ भी पहुंचे ग्रामीणों ने शराब दूकान खुलने से आसपास के ग्रामों का वातावरण खराब होने की बात कहते हुये जारी धरना को समर्थन दिया व संघर्ष में साथ देने का आश्वासन दिया ।

## निजी मेडिकल कॉलेजों में अप्रवासी भारतीय कोटे की सीटें बेचने का षड्यंत्र डॉ गुप्ता

रायपुर 26 जून। चिकित्सा शिक्षा भर्ती में सर्वोच्च न्यायालय के आदेशो की अवहेलना और छत्तीसगढ़ के निजी मेडिकल कॉलेजों में अप्रवासी भारतीय छात्रों के कोटे में फर्जीवाड़े का आरोप लगाते हुए प्रदेश कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने कहा है कि सत्ता के संरक्षण में छत्तीसगढ़ में शिक्षा माफिया सक्रिय है। पूरा स्वास्थ्य विभाग मोटे कमीशन के लालच में ठेके पर चलाया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी की साय सरकार में निजी चिकित्सा महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए पात्रता जो माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर और सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा तय किया गया, जिस प्रक्रिया और गाइडलाइन का पालन होना चाहिए, नहीं किया जा रहा है। अप्रवासी भारतीय कोटे में भर्ती प्रक्रिया के संदर्भ में छत्तीसगढ़ चिकित्सा शिक्षा विभाग के 13 अक्टूबर 2024 के पत्र क्रमांक थ् 17-37/2024/55 के द्वारा उक्त संदर्भ में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। महाधिवक्ता कार्यालय से भी अभिमत भेजा गया था, लेकिन सरकार के संरक्षण में फर्जीवाड़ा बंद नहीं हुआ, इस वर्ष फिर वही खेल चालू है। सरकार की मंशा पात्र अभ्यर्थियों को लाभ देने के बजाय गलत तरीके से मेडिकल की सीट बेचने की है।

प्रदेश कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने कहा है कि निजी मेडिकल कॉलेज में अप्रवासी भारतीय छात्रों के कोटे से प्रवेश के संदर्भ में माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने अपने निर्णय में स्पष्ट तौर पर कहा है कि एनआरआई कोटे के संदर्भ में वंशावली के निकटतम रिश्तेदारों को ही निर्धारित आरक्षण का लाभ दिया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा है कि प्रशासन भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी और विश्वसनीय बनाएं । लेकिन छत्तीसगढ़ सरकार की नियत इससे बिल्कुल उलट दिख रही है। डॉ. राकेश गुप्ता ने कहा है कि निजी मेडिकल कॉलेज में प्रवेश के संदर्भ में केंद्रीय अधिनियम ने स्पष्ट किया है कि प्रवासी भारतीयों की श्रेणी की सीटे प्रमाणित करने के लिए समुचित वंशावली, प्रमाण पत्र, परिभाषा एवं श्रेणी के अनुसार प्रवेश देने के निर्धारित तिथि तक गाइडलाइन के अनुसार ही नीट उत्तीर्ण विद्यार्थी मेरिट क्रम में अप्रवासी भारतीय छात्रों को प्रवेश देने की व्यवस्था है।

## निधन

### श्रीमती निराशा बाई ध्रुव



महासमुंद 26 जून (देशबंधु)। ग्राम खैराभाठा निवासी श्रीमती निराशा बाई धुव 75 वर्षीय का बुधवार को निधन हो गया। वे फ्रिंता धुव की धर्मपत्नी, पुनीत धुव, पुनारद धुव की भाभी एवं विश्वनाथ राजू धुव, ईश्वर धुव, वीरेंद्र ध्रुव, गजेंद्र धुव की माता, दिव्यांश, होमेश की दादी थी। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को किया गया।

### परमेश्वरी देवी मध्यानी



रायपुर, 26 जून । सहाय हॉस्पिटल के पास, विजय विहार, प्रियदर्शिनी नगर, रायपुर निवासी श्रीमती परमेश्वरी देवी मध्यानी (धर्मपत्नी - स्व. श्री लालचंद मध्यानी ) का देहावसान हो गया है, ईश्वर उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दे। अंतिम संस्कार न्यू राजेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। शोकाकुल-पुत्र- सेवक कुमार मध्यानी, प्रेम प्रकाश मध्यानी (भाजपा कार्यकर्ता एवं बढ़ते कदम सदस्य), पौत्र- अंश, जतिन मध्यानी, दामाद- राजकुमार दुधानी, दयालदास बजाज, संजय बजाज, संजय मोटवानी, मुकेश कोडवानी, सुरेश गंगवानी एवं समस्त मध्यानी परिवार।

## तहसीलदारों-नायाब तहसीलदारों पर कार्रवाई के खिलाफ कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन



**रायपुर,** 26 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ ने रायपुर कलेक्टर के नाम से एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। संघ की ओर से निलंबित तहसीलदार संजय राठौर सहित अन्य तहसीलदारों-नायब तहसीलदारों के खिलाफ एकपक्षीय निलंबन की कार्रवाई पर आपत्ति जताते हुए बहाली की मांग की है। छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ ने अपने ज्ञापन में कहा कि प्रदेश के समस्त तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार राजस्व प्रशासन के समस्त दायित्वों का निर्वहन अत्यंत कठिन परिस्थितियों में कर रहे हैं। प्रकरणों की सुनवाई के लिए वाचक, कम्प्यूटर ऑपरेटर, एवं तकनीकी सहयोग की आवश्यकता रहती है, जो तहसीलों में उपलब्ध नहीं है। इसके अलावा सामान्य प्रशासनिक कार्य जैसे आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, त्रुटि सुधार, जनदर्शन, जनशिकायत टीएल एवं स्वामित्व योजना आदि सभी पूर्णतः ऑन लाइन है, परंतु निकाराकरण की प्रक्रिया में सहयोग हेतु स्टाफ एवं कम्प्यूटर आपरेटरों की भारी कमी है। यही नहीं अधिकांश तहसीलों में शासकीय वाहन, ईंधन एवं ड्राइवर उपलब्ध नहीं है।

# सीए छात्रों ने किया केएपीएस आइसक्रीम फैक्ट्री का औद्योगिक भ्रमण

◆ शीतल स्वाद के साथ मिला उद्योग जगत का ठोस ज्ञान




**रायपुर,** 26 जून (देशबन्धु)। सिकासा रायपुर चार्टर्ड अकाउंटेंसी के छात्रों के लिए केएपीएस आइसक्रीम फैक्ट्री का औद्योगिक भ्रमण आयोजित किया गया। यह दौरा छात्रों के लिए उद्योग की कार्यप्रणाली को प्रत्यक्ष रूप से समझने का एक बेहतरीन अवसर बना। छात्रों ने केएपीएस की अत्याधुनिक आइसक्रीम निर्माण इकाई का निरीक्षण किया जहाँ उन्हें कच्चे माल की तैयारी से लेकर मिश्रण फ्रीजिंग फ्लेवरिंग और पैकेजिंग तक की पूरी प्रक्रिया को करीब से देखने का अवसर मिला। प्रबंधन ने फैक्ट्री वीजीट के दौरान उत्पादन प्रणाली गुणवत्ता मानक हाइजीन प्रोटोकॉल और विपणन की रणनीतियों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उपस्थित सीए विकास गोलछा चेयरमैन रायपुर ब्रांच एवं सीए ऋषिकेश यादव चेयरमैन सीआईसीएएसए। रायपुर ने छात्रों को इस अनुभव से अधिकतम लाभ उठाने और इसे करियर निर्माण का एक मजबूत आधार बनाने हेतु प्रेरित किया। यह औद्योगिक भ्रमण छात्रों के लिए न केवल ज्ञानवर्धक रहा बल्कि उन्होंने उद्योगों की कार्यप्रणाली को समझते हुए कई व्यावहारिक पहलुओं को भी सीखा।

## नशे के खिलाफ अभियान

# क्राइम ब्रांच ने शहरभर में की छापेमार कार्रवाई





20 से अधिक टीमों ने शहर के करीब 200 से अधिक ठेलो व गुमटी को लिया जांच के दायरे में। 2600 नग गोगो पेपर 400 नग रोल पेपरए 550 नग चिलम प्रतिबंधित हुक्का से संबंधित 10 पैकेट फ्लेवर हुक्का से प्रतिबंधित सिगरेट 04 नग सिगार एवं 200 पाउच प्रतिबंधित गुटखा किया गया जप्त

**रायपुर,** 26 जून (देशबन्धु)। रायपुर क्राइम ब्रांच की टीम द्वारा आज पान ठेला गुमटियों व रोड किनारे दुकान लगाकर गांजा पीने हेतु उपयोग करने वाले गोगो पेपर चिलम प्रतिबंधित हुक्का से संबंधित सामाग्री सिगरेट एवं गुटखा सहित अन्य प्रतिबंधित सामाग्रियों की बिक्री करने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत् रायपुर क्राईम ब्रांच की अलग . अलग 20 से अधिक टीम के सदस्यों द्वारा रायपुर शहर के 200 से अधिक ठेलों गुमटियों व रोड किनारे लगने वाले दुकानों की सघन चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान राजेन्द्र नगर तेलीबांधा पुरानी बस्ती टिकरापारा सिविल लाईन माना गुढियारी, उरला, देवेन्द्र नगर, पंडरी, खम्हारडीह, खमतराई, आजाद चौक एवं सरस्वती नगर के लगभग 50 से अधिक ठेलों, गुमटियों व रोड किनारे लगने वाले दुकानों के संचालकों के कब्जे से गांजा पीने हेतु उपयोग करने वाले लगभग 2600 नग गोगो पेपर 400 नग रोल पेपर 550 नग चिलम प्रतिबंधित हुक्का से संबंधित 10 पैकेट फ्लेवर हुक्का से संबंधित अलग.अलग 25 नग सामान 04 पैकेट प्रतिबंधित सिगरेट 04 नग सिगार 200 पाउच प्रतिबंधित गुटखा जप्त किया गया तथा गोगो पेपर रोल पेपर प्रतिबंधित गुटखा को समक्ष में मौके पर संचालकों से जलवाकर नष्ट करने के साथ ही चिलम को भी नष्ट कराया गया। उक्त सामग्रियों की बिक्री करते पाये जाने पर ऐसे ठेला गुमटी एवं दुकान को बंद कराने के साथ ही लगभग 11 व्यक्तियों के विरूद्ध संबंधित थानों में वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। साथ ही प्रतिबंधित हुक्का से संबंधित सामग्रियों की बिक्री करने वाले संचालकों के विरूद्ध संबंधित थाना में कोटपा एक्ट के तहत कार्यवाही की जा रही है। इसी प्रकार क्राईम ब्रांच रायपुर की टीम द्वारा शंकर नगर रायपुर स्थित गोगो पेपर के डीलर एवं डिस्ट्रीब्यूटर के कन्टेड्रर्स गोदाम में भी छापेमारी कर लगभग 6000 नग गोगो पेपर जप्त कर संचालक व अन्य के विरूद्ध संबंधित थाना में वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। रायपुर पुलिस द्वारा आम जनता से अपील की जाती है कि मादक पदार्थ गोगो पेपर चिलम प्रतिबंधित हुक्का से संबंधित सामान प्रतिबंधित सिगरेट सहित अन्य मादक पदार्थों की बिक्री करने वालों के संबंध में मोबाईल नंबर 94792.16156 94792.11933 एवं 1933 में कॉल कर रायपुर पुलिस को जानकारी देकर जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दे सकते है। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जायेगी।

# फरार तोमर बंधुओं पर ईनाम की घोषणा



**रायपुर,** 26 जून (देशबन्धु)। थाना पुरानी बस्ती के प्रकरण में फरार आरोपी वीरेंद्र सिंह तोमर पिता स्वर्गीय ओमप्रकाश तोमर उम्र 43 वर्ष निवासी ए .01 साईं विला भाटा गांव थाना पुरानी बस्ती रायपुर छत्तीसगढ़ रोहित तोमर पिता स्वर्गीय ओमप्रकाश तोमर उम्र 30 वर्ष निवासी ए .01 साईं विला भाटा गांव थाना पुरानी बस्ती जिला रायपुर जो 5जून को उपरोक्त अपराध घटित कर फरार है अपराध कायमी पश्चात आरोपीगण की गिरफ्तारी हेतु सार्थक प्रयास किया गया जो अभी तक पता नहीं चला है प्रकरण में आरोपीगण स्वयं को पुलिस से बचने के लिए अपने आप को छुपाए हुए है फरार आरोपी द्वारा भविष्य में भी गंभीर किस्म का अपराध कर सकते है ऐसे आरोपिया को स्वच्छंद विचरण करना समाज के लिए घातक है श्रीमान उमनि एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उम्मेद सिंह के द्वारा रेगुलेशन के पैरा 80. में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जो कोई उक्त की सूचना देगा उसे 5000 नगद पुरस्कृत करने हेतु उद घोषणा जारी की गई है।

## हिस्ट्रीशीटर के अड्डे में पुलिस का छापा

**रायपुर,** 26 जून (देशबन्धु)। शहर पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर और कुख्यात जुआरी छोटू मांडुलकर के अड्डे पर छापे मारी की। तीन दर्जन से अधिक अधिकारी जवानों ने छापा मारा। लेकिन जुआरियों को डरानी भनक लग गई। पुलिस के पहुंचते ही सभी जुआरी फरार हो गए। इनकी संख्या आधा दर्जन से अधिक बताई गई है। लेकिन पुलिस ने वहां से आधा दर्जन से अधिक बाइक बरामद कर लिया है। बताया जा रहा है कि छोटू रोजाना रायपुर जिले की सीमा में अलग अलग स्थानों पर फड़ लगाता है। इनमें प्रदेश भर से जुआरी आकर रोजन्र करोड़ों के दांव लगते है। वह शूटर्स की निगरानी में यह जुआ अड्डा चलाता है। पुलिस ने छोटू भाडुलकर सहित बसनद बाइक चालकों के खिलाफ केस दर्ज की

# माना विमानतल में हुआ माकड्रिल



**रायपुर,** 26 जून (देशबन्धु)। अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के बाद देश के सभी विमानतलों मे सुरक्षा.व्यवस्था बढ़ा दी गई है और कोई दूसरा हादसा न हो इसके लिए एयरपोर्ट प्रबंधन के द्वारा माक ड्रिल भी किया जा रहा है। इसी के मद्दनेजर राजधानी रायपुर के स्वामी विवेकानंद टर्मिनल में गुरुवार को माक ड्रिल किया गया। इस दौरान एयरपोर्ट बिल्डिंग, टर्मिनल, विमान के टेकऑफकरने और आग लगने जैसे सारी घटनाएं कर पैसेंजर्स को भी सुरक्षित निकालने का अभ्यास किया गया। इस अभ्यास में सीआईएसएफके अफसर.कर्मचारियों के साथ फायरब्रिगेड की रेस्क्यू टीमें भी शामिल हुए।

# तेंदूपत्ता बोनस घोटाले में ईओडब्ल्यू की कार्रवाई

- 4 वनकर्मी और 7 प्राथमिक वनोपज समिति प्रबंधक गिरफ्तार
- अब तक 12 आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं

**रायपुर,** 26 जून (देशबन्धु)। तेंदूपत्ता बोनस घोटाले में ई ओ डब्लू ने 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तेंदूपत्ता बोनस घोटाले में आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा ईओडब्ल्यू ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें वन विभाग के अधिकारी.कर्मचारी और प्राथमिक लघु वनोपज समितियों के प्रबंधक शामिल हैं। इस मामले में पूर्व में सुकमा के तत्कालीन डीएफओ अशोक कुमार पटेल को भी गिरफ्तार किया जा चुका है। ई ओ डव्लू की जांच में सामने आया है कि अशोक ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए वन विभाग के अन्य अधिकारियों और समिति प्रबंधकों के साथ मिलकर आपराधिक षड्यंत्र रचा। संग्राहकों को मिलने वाला बोनस लाभार्थियों तक पहुंचाने के बजाय वह राशि अपने और निजी व्यक्तियों के काम में खर्च कर दी गई।

**गिरफ्तार किए गए आरोपी:** इस मामले में ईओडब्लू की टीम ने 4 वनकर्मी चैतूराम बघेल देवनाथ भारद्वाज पोड़ियामी हिडमा इडिमा मनीष कुमार बारसे ;वनरक्षक और 7 समिति प्रबंधक पायम सत्यनारायण उर्फशत्र मोण् शरीफसी एच रमना चिट्टी सुनील नुप्पो रवि कुमार गुप्ता आयतू कोरसा और मनोज कवासी को गिरफ्तार किया है। इन सभी के खिलाफ ईओडब्लू ने आईपीसीकी धारा 409 120बी के तहत में मामला दर्ज कर कार्रवाई की है। 17 अप्रैल 2025 को तत्कालीन डीएफओ अशोक पटेल को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। उनसे पूछताछ में हुए खुलासे के आधार पर ये कार्रवाई की गई है। इस मामले में अब तक कुल 12 आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। ईओडब्लूकी जांच जारी है। तेंदूपत्ता बोनस घोटाले में निलंबित डीएफओ् को ईओडब्लू ने गिरफ्तार किया ये न्यायिक रिमांड पर जेल में बंद हैं। सुकमा के वन विभाग अधिकारी अशोक कुमार पटेल और उनके साथियों पर तेंदूपत्ता तोड़ने वाले मजदूरों के बोनस में बड़ा घोटाला करने का आरोप है। यह घोटाला वर्ष 2021 और बड़ा घोटाला करने का आरोप है। यह घोटाला वर्ष 2021 और 2022 के तेंदूपत्ता सीजन से जुड़ा है जिसमें करीब 7 करोड़ रुपए की राशि संग्राहकों को दी जानी थी। अधिकारियों ने आपसी सांठगांठ कर बड़ी रकम खुद रख ली और संग्राहकों तक पैसा नहीं पहुंचा। जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि इस राशि का कुछ हिस्सा पूर्व विधायक मनीष कुंजाम और कुछ पत्रकारों को भी दिया गया था। इस मामले में भ्रष्टाचार निवारण ब्यूरो ने अशोक कुमार पटेल और अन्य लोगों के खिलाफ आपराधिक साजिश और धोखाधड़ी की धाराओं में केस दर्ज किया। 8 अप्रैल 2025 को एफआईआर दर्ज होने के बाद 10 अप्रैल को छापेमार कार्रवाई की गई है।

## अलग-अलग घटनाओं में मोबाइल व बाइक की चोरी

**रायपुर,** 26 जून (देशबन्धु)। अलग.अलग घटनाओं में मोबाइल लूट के साथ बाइक चोरी कर लिए गए। मिली जानकारी के अनुसार खपराभी लोधी पारा पंडरी निवासी धनेश्वर साहू 19 वर्ष सोमवार तड़के पैदल जा रहा था। शक्ति नगर रोड पर विठ्ठल अस्पताल के पास पीछे से आए स्कूटी सवार तीन लड़के धनेश्वर के हाथ से मोबाइल लूट कर भाग गए। धनैश्वर ने कल मोवा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। सोमवार आधी रात अवति विहार कविता नगर निवासी स्वयं जैन के घर दीवार कूदकर धुसे चोरों ने आलमारी में रखा कैमरा चांदी के सिक्केए सीसीटीवी कैमरे हार्ड डिस्क चोरी कर गए। इधर अछोला कुम्हारी निवासी कौशल बादत की बाड़क सोजी 07 पीडी 5280 महोबा बाजार स्थित बिग बास्केट शो रूम के पास से चोरी कर ली गई। उसी तरह से विकास नगर गुढ्डियारी निवासी मनोज कुमार साहू की बाइक सीजी 04 एनके 9130 अशोक गन्नर में राजदीप स्कूल के पास से धोरी कर ली गई। नंतर के वार्ड 17 निवासी विजय कुमार माधी की बाइक सीजी 04.एनताथ 8661 शराब दुकान के सामने से पार कर दी गई।

# स्कूल खुले, नहीं पहुंची किताबें

- पुरानी के भरोसे हो रही पढ़ाई
- पाठ्य पुस्तक निगम की लापरवाही

**रायपुर,** 26 जून (देशबन्धु)। प्रदेश में 16 जून से शैक्षणिक सत्र शुरू हो गया है लेकिन अभी तक सरकारी और निजी स्कूलों में किताबें नहीं पहुंच पाई हैं। कुछ सरकारी स्कूलों में किताबें पहुंचनी शुरू तो हो गई हैं लेकिन वो भी आधी अधूरी। रायपुर के अलावा दूसरे जिलों में भी स्कूलों में किताबें नहीं पहुंची हैं। प्रदेश में पहली से 10वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को सभी किताबें नि: शुल्क दी जाती हैं। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों के विद्यार्थियों को किताबें मुहैया कराई जाती हैं। जानकारी के अनुसार पहली से 10वीं तक लगभग दो करोड़ से ज्यादा पुस्तकें प्रकाशित की जानी है। यह काम अभी भी चल रहा हैए इसी कारण किताबें स्कूल तक नहीं पहुंच पाई हैं।

**रायपुर और दूसरे जिलों में भी एक ही स्थिति:** स्कूलों में अभी तक प्रकाशित पुस्तकें न पहुंच पाने के कारण एक तरफ जहां सरकारी स्कूलों में बच्चों को पुरानी किताबों से ही पढ़ाई कराई जा रही हैए वहीं निजी स्कूल संचालक काफी विलंब और पढ़ाई में हो रहे नुकसान को देखते हुए निजी प्रकाशकों की पुस्तकें भी अपने स्कूलों में पढ़ानी शुरू कर दी है। डिपो में विषयवार प्रकाशित होकर आने के बाद स्कूलों में पुस्तकें पहुंचाई जाएंगी। जानकारों के अनुसार किताबों में गड़बड़ी को देखते हुए डिपो संचालक सीधे स्कूलों तक किताबें पहुंचाने के कार्य में लगे हुए हैं। वहींए अब निजी स्कूल संचालकों को सीधे डिपो से ही किताबों को लेना होगा।

**पाठ यपुस्तक निगम की लापरवाही:** जानकारी के अनुसार रायपुर के भी सरकारी स्कूलों में सभी कक्षाओं की किताबें अब तक नहीं पहुंच पाई हैं। दूसरे जिलों का भी यही हाल है। बागबहरा ब्लॉक में भी अभी तक प्राइमरी और मिडिल स्कूल की कोई भी किताब नहीं पहुंची है। इस कारण काफी परेशानी हो रही है। बच्चों को पुरानी किताबों से ही पढ़ाई कराई जा रही है। वहीं रायपुर के कई स्कूलों के शिक्षकों से बात करने पर पता चला कि यहां भी प्राइमरी और मिडिल स्कूल में किताबों को लेकर परेशानी है।

**पुस्तक निगम की लेटलतीफी कहीं पड़ ना जाए विद्यार्थियों की पढ़ाई पर भारी:** जानकारों की मानें तो पुस्तकों के प्रकाशन में देरी छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम की लापरवाही के चलते हुई है। दरअसल पुस्तकों के प्रकाशन में भ्रष्टाचार रोकने के लिए सरकार ने उन पर बार कोड लगाने के निर्देश दिए। निगम प्रबंधन ने इसे शुरू में अनदेखा किया। बाद में गलती का अहसास हुआ। इसके चलते किताबों के प्रकाशन में देरी हो रही है। इस साल राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद एससीईआरटी की सभी पुस्तकों में बार कोड का उपयोग किया जा रहा है। यह बार कोड आइआइटी भिलाई के सहयोग से तैयार किया गया है। यह सिस्टम पुस्तकों की ट्रैकिंग और वितरण निगरानी करने के लिए है। भ्रष्टाचार को रोकने के लिए यह उपाय किया गया है। प्रशासन छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक वरिष्ठ प्रबंधक जुगनु सिंह ने कहा की निगम अभी सरकारी स्कूलों में किताबें जानी शुरू हो गई हैं। प्रिंटिंग का काम अभी भी जारी है। 4 जुलाई से प्राइवेट स्कूलों में भी किताबें भेजी जानी शुरू हो जाएंगी। डिपो से इसकी जानकारी भी ली जा सकती है।

## महिला का नहाते वक्त बना रहा था वीडियो, आरोपी युवक पकड़ाया

**रायपुर,** 26 जून (देशबन्धु)। राजधानी के आजाद चौक थाना क्षेत्र के गौतम नगर में हिंदू महिला का एक मुस्लिम युवक शेख जफर उर्फ झोल्टू ने उसके नहाने के दौरान वीडियो बनाने का प्रयास किया। पीड़िता ने बताया कि 25 जून को दोपहर वह बाथरूम में नहा रही थी तभी मोबाइल की लाइट देखकर उसे संदेह हुआ। शोर मचाने पर उसके पति और बेटे पहुंच जिन्होंने पीछे मैदान की ओर भाग रहे झोल्टू को पकडने का प्रयास किया। फिलहाल झोल्टू पुलिस की गिरफ्त में है। इस दौरान आरोपी झोल्टू ने अपने भाइयों रेहान और कलाम के साथ मिलकर पत्थर व चाकू से हमला कर दिया। हमले में महिला के घरवालों को चोट आई हैए जहां उन पर पत्थर और बेंत से हमला किया गया है। झोल्टू के खिलाफपहले भी मारपीट के कई मामले दर्ज हैं। मोहल्ले के लोगों और हिंदू संगठनों ने आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। मामले को लेकर थाने में जमकर हंगामा किया गया।

# नशीली दवाओं के कारोबार का भंडाफोड़



- औषधि प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने मेडिकल स्टोर्स पर मारा छापा
- भारी मात्रा में प्रतिबंधित दवाएं की जब्त, लाइसेंस किया गया रद्द

**रायपुर,** 26 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में औषधि प्रशासन और पुलिस विभाग की संयुक्त कार्रवाई में नशीली और प्रतिबंधित दवाओं के अवैध कारोबार का पर्दाफाश हुआ है। जिले की देवभगत फार्मेसी ;दुर्ग शहर और सिन्हा मेडिकल स्टोर ;पाटन क्षेत्रद्ध में औषधि निरीक्षकों की टीम ने पुलिस बल के साथ दबिश दी जिसमें बिना वैध बिल और दस्तावेजों के नारकोटिक दवाओं का बड़ा जखीरा बरामद किया गया। इस कार्रवाई के बाद दोनों मेडिकल स्टोर्स की औषधि अनुज्ञप्तियां लाइसेंस तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी गई हैं। यह कार्रवाई राज्य सरकार द्वारा संचालित अवैध औषधि नियंत्रण अभियान के तहत की गई ह जिसका उद्देश्य समाज में स्वास्थ्य सुरक्षा को सुनिश्चित करना और गैरकानूनी दवा कारोबार पर सख्ती से रोक लगाना है। गौरतलब है कि औषधि निरीक्षकों को सूचना मिली थी कि दुर्ग के कुछ मेडिकल स्टोर्स में नशीली दवाएं बिना पंजीकरण और नियमन के खुलेआम बेची जा रही हैं। इस पर औषधि प्रशासन ने स्थानीय पुलिस विभाग के साथ मिलकर देवभगत फार्मेसी और सिन्हा मेडिकल स्टोर पर छापा मारा। जांच के दौरान इन मेडिकल स्टोर्स से शक्तिशाली दर्द निवारक और नशे के लिए प्रचलित ट्रामाडोल युवा वर्ग द्वारा नशे के तौर पर इस्तेमाल किया जाने वाला कोडीन युक्त कफ सिरप और गैरकानूनी गर्भपात में उपयोग होने वाला एमटीपी किट जैसी दवाएं बरामद कर जब्त की गई हैं। कार्रवाई के बाद प्रशासन ने दोनों मेडिकल स्टोर्स की औषधि अनुज्ञप्तियाँ तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी हैं। इसके साथ ही औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 के तहत विस्तृत कानूनी कार्रवाई जारी है। सूत्रों के अनुसार इन मेडिकल स्टोर्स से जुड़े अन्य व्यापारिक या चिकित्सकीय नेटवर्क की भी जांच की जा रही है। औषधि नियंत्रक विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि श्प्रदेश में किसी भी हाल में नशीलीए प्रतिबंधित या गैरकानूनी दवाओं की बिक्री को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जो भी संस्थान नियमों को ताक पर रखकर जनस्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करेंगेए उन पर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। विशेषज्ञ मानते हैं कि ऐसी दवाएं अक्सर उन क्षेत्रों में खपाई जाती हैंए जहां युवा वर्ग नशे की लत या सस्ती दवाओं की पहुंच के प्रति संवेदनशील होते हैं। ट्रामाडोल जैसी दवाएंए जो सीमित चिकित्सकीय उपयोग के लिए अनुमोदित हैंए यदि बिना नियंत्रण के खुले बाजार में बिकेंए तो यह सामाजिक स्वास्थ्य के लिए खतरे की घंटी है।

# मेकाहारा अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था की खुली पोल

**हफ्तेभर में हुई दूसरी चोरी, गार्ड ने पार किया मरीज का पर्स**




**रायपुर,** 26 जून (देशबन्धु)। प्रदेश के सबसे बडे सरकारी अस्पताल डॉ भीमराव अंबेडकर हॉस्पिटल में एक बार फिर महिला मरीज का पर्स और मोबाइल चोरी का मामला सामने आया है सीसीटीवी फुटेज में सिक्योरिटी गार्ड चोरी करते दिख रहा है यह घटना 25 जून की रात 12 बजे की बताई जा रही है बता दें कि हफ्तेभर में यह चोरी की दूसरी घटना है मेकाहारा में लगातार चोरी से अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे है सीसीटीवी फुटेज के मुताबिक हृदय रोग विभाग के आईसीयू के सामने सिक्योरिटी गार्ड सोती हुई महिला मरीज के पर्स को पार करता नजर आ रहा है महिला के विवाद के बाद प्रशासन जागा तब जांच में पूरी पोल खुली अस्पताल प्रबंधन सिक्योरिटी गार्ड से पूछताछ कर रहा चोरी का वीडियो वायरल होने के बाद अस्पताल में बवाल मचा हुआ है

**हफ्तेभर पहले भी दिनदहाडे अस्पताल में हुई थी चोरी:** मेकाहारा में हफ्तेभर पहले भी दिनदहाड़े चोरी की वारदात हुई थी यहां चोर इलाज कराने आए मरीज के परिजन का पर्स उड़ा ले गया था नवापारा जिला रायगढ़ निवासी केवल साहू ने मौदहापारा थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी प्रार्थी ने बताया था कि मेकाहारा में मौसाजी का इलाज चल रहा है परिवार समेत मेकाहारा आए हैं इस दौरान उनका पर्स चोरी हो गया पर्स में दो मोबाइल और 40 हजार रुपए नगद कैश थे प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी है

**सिक्योरिटी गार्ड और बाउंसरों ने पत्रकारों के साथ किया था दुर्व्यवहार:** कुछ दिन पहले मेकाहारा में कवरेज के लिए पत्रकारों पर सिक्योरिटी गार्ड और बाउंसरों ने दुर्व्यवहार किया था इस मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है इस घटना के बाद हाल ही में स्वास्थ्य विभाग ने सरकारी अस्पतालों में कवरेज को लेकर मीडिया के लिए प्रोटोकॉल जारी किया था पत्रकारों के विरोध के बाद सरकार ने इस आदेश को स्थगित कर दिया है।

# निजी स्कूलों में छात्रों के लिए महंगे ब्रांडेड स्पोर्ट्स शूज अनिवार्य

**जेब पर पड़ेगा अनावश्यक बोझ**

**रायपुर,** 26 जून (देशबन्धु)। प्रदेश के कई हिस्सों में निजी स्कूलों द्वारा यूनिफॉर्म और जूतों को लेकर मनमाने निर्णय थोपने के मामले सामने आ रहे हैं। राजधानी के कई प्रतिष्ठित स्कूलों ने छात्रों के लिए एक अलग ही फरमान जारी कर दिया है। यहां केवल एडिडास व पूमा ब्रांड के ब्लैक स्पोर्ट्स शू को अनिवार्य किया है जो सामान्य ब्रांड के मुकाबले तीन से चार गुना अधिक महंगे हैं। एक बड़े स्कूल की नोटशीट पर लिखा गया है कि मेडिकली बेनीफिशियल एडिडास या पूमा शू ही अनुशंसित हैं। इसी आधार पर छात्रों को नोट लिखकर अन्य ब्रांड के जूतों को अस्वीकृत कर दिया जा रहा है। वहीं यूनिफॉर्म के लिए केवल पंडरी स्थित एकल विक्रेता से ही खरीदने का मौन दबाव परिजनों पर डाला जा रहा है जिससे अभिभावकों की जेब पर अनावश्यक बोझ पड़ रहा है।

**स्कूल और विक्रेताओं के बीच सांठगांठ:** यह मामला स्कूलों और निजी विक्रेताओं के बीच संभावित सांठगांठ की ओर संकेत करता है जिससे पारदर्शिता व अभिभावकों की स्वतंत्रता दोनों पर प्रश्नचिन्ह लगते हैं। प्रशासनिक स्तर पर कोई स्पष्ट निर्देश या हस्तक्षेप नहीं किया गया है जिससे आम लोगों में असंतोष व्याप्त है। जानकारी के अनुसार स्कूल और विक्रेताओं के बीच किताबए ड्रेस जैसे सभी चीजों के लिए आपस में सांठगांठ होता है। इसमें स्कूलों को अलग कमिशन फिक्स होता है। कमिशन का प्रतिशत स्कूल और विक्रेताओं के बीच आपसी सामंजस्य से फिक्स किया जाता है। वहींए कई स्कूलों द्वारा अपने स्टूडेंट्स की सभी डिटेल भी विक्रेताओं को दे दी जाती हैए जिससे वे पैरेंट्स को कॉल करते है। जिला शिक्षा अधिकारी से जब इस विषय पर बात करने के लिए कॉल की गई तो उनके द्वारा कोई भी रिस्पॉन्स नहीं किया गया।

## राहत की बारिश, अब जाकर सक्रिय हुआ मानसून

**रायपुर,** 26 जून (देशबन्धु)। अब लग रहा है कि मानसून छत्तीसगढ़ पहुंच गया है कल शाम से रुक.रुक कर बारिश हो रही है। रायपुर और दुर्ग में देर रात से सुबह तक तेज बारिश हुई है। मौसम विभाग ने कहा है कि आज बारिश होगी आसमान पर अच्छे खासे काले बादल है। कहीं कहीं गरज चमक के साथ बिजली गिरने की चेतावनी भी दी गई है। रात की बारिश से शहर के कुछ निचले इलाकों में जल का भराव हो गया है।

विभाग की माने तो अब कुछ दिन बारिश के आसार हैं। मतलब राहत भरी खबर के बीच ग्रामीण क्षेत्रों में खेती किसानी के काम में भी तेजी आयेगी। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार बंगाल की खाड़ी के उत्तर.पश्चिम और उससे लगे उत्तरी ओडिशा.पश्चिम बंगाल तटों पर एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। यह प्रणाली समुद्र तल से लेकर 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक फैली है जिसके प्रभाव से अगले 24 घंटों में इसी क्षेत्र में एक कम दबाव का क्षेत्र विकसित होने की संभावना है।

उल्टा पुल्टा

कल एक शादी में बारात बहुत लेट हो गई।
मैं तो दुल्हन के पिता के आगे पीछे घूमता रहा।
सोचा- शायद कह दे बेटा हमारी इज़्ज़त रख लो।

संपादकीय

## अधिकारी दें स्वच्छता को प्राथमिकता

*रायपुर नगर निगम के कमिश्नर विश्वदीप ने जोन अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे सुबह 6.30 बजे अपने इलाकों में जाकर सफाई सम्बन्धी सभी कामों का प्रत्यक्ष निरीक्षण करें। उन्होंने स्वच्छता को सर्वोच्च वरीयता देने को भी कहा है। निश्चित रूप से यदि जोन अधिकारी सुबह पहुंचते हैं तो इसका बड़ा फर्क पड़ेगा। सफाई का काम ठेकेदारों द्वारा सुबह-सुबह शुरू किया जाता है। यदि जोन के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर उपस्थित रहते हैं तो काम न केवल वक्त पर प्रारम्भ होगा बल्कि निर्धारित संख्या के अनुरूप सफाईकर्मियों की मौजूदगी तथा उनके द्वारा काम को ठीक से अंजाम दिया जाना भी सुनिश्चित हो सकेगा। घरों से कचरा उठाने का काम भी सही तरीके से हो सकेगा। यदि जोन अधिकारी इस निर्देश का ठीक से पालन करें तो निश्चित रूप से शहर का परिदृश्य बदल सकता है।*

*रायपुर नगर निगम ही नहीं, कुछेक नगरीय इलाकों को छोड़कर छत्तीसगढ़ के तकरीबन सारे ही शहर और कस्बे गंदगी से अटे पड़े हैं। सभी में साफ-सफाई एक बड़ी चुनौती है। कूड़ों का निपटान कहीं भी संतोषजनक दिखाई नहीं देता। अंबिकापुर ही सुखद एहसास देता है जो तकरीबन हर वर्ष केन्द्रीय शहर विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित स्वच्छता स्पर्धा में पुरस्कार प्राप्त करता है। बाकी किसी भी शहर की उल्लेखनीय रैंकिंग नहीं रहती। इससे ज्ञात होता है कि राज्य के नगरीय निकाय इस दिशा में कितने असफल साबित हुए हैं। राज्य के अन्य छोटे-बड़े शहर कम से कम अंबिकापुर से ही कूड़ा निपटान की प्रक्रिया को सीखकर उसे अमल में ले आयें तो स्थिति काफी बेहतर हो सकती है।*

*बहरहाल, रायपुर की बात करें तो राजधानी होने के नाते उसे इस दिशा में जो प्रदर्शन करना चाहिये था वह करने में पूरी असफलता मिली है। जब से अलग राज्य के रूप में छग बना और रायपुर राजधानी बना है, उसके कुछ इलाकों को छोड़कर गंदगी एक बड़ी समस्या है। ऐसे में यदि कमिश्नर जोन अधिकारियों को सुबह से ही मैदान में उतरने के लिये कहते हैं तो वह अच्छा कदम होगा। निश्चित ही इसका असर होना चाहिये।*

*वैसे निगम देखे कि आम तौर पर लालफीताशाही में जिस प्रकार से कष्टप्रद जिम्मेदारियां शनैः शनैः निचले अधिकारियों तथा मातहतों को देने की प्रवृत्ति है, वैसा इस मामले में न होने पाये। ऐसा न हो कि कुछ दिनों तक जोनल या वरिष्ठ अधिकारी निर्देशित वक्त पर प्रत्यक्ष निरीक्षण करने जायें परन्तु बाद में वे ये काम अपने से नीचे के अधिकारियों के जिम्मे करते जायें। इससे वह उद्देश्य कतई पूरा नहीं हो सकेगा जिसके लिये निगम कमिश्नर ने यह निर्देश जारी किया है।*

*नागरिकों को भी चाहिये कि स्वच्छता बरतें। घरों का कूड़ा-कर्कट व अपशिष्ट नियमपूर्वक कचरा गाड़ियों के सुपुर्द करें। यदि उनके घरों, प्रतिष्ठानों से समय पर कचरा नहीं उठता तो वे निगम को सूचित करें।*

# आमदी व किल्ला मंदिर से निकाली जाएगी आज भव्य रथ यात्राएं

## दिनभर चलती रहीं तैयारियां



**दुर्ग,** 26 जून (देशबन्धु)। नगर में कल 27 जून को रथयात्रा पर विभिन्न मंदिरों से भगवान जगन्नाथ, देवी सुभद्रा एवं भगवान बलभद्र की भव्य रथयात्रा निकाली जायेगी। ये रथयात्राएं आमदी मंदिर किल्ला मंदिर से निकाली जायेगी। इसके अलावा इस्कान प्रचार केन्द्र अग्रवाल धर्मशाला से 29 जून को रथयात्रा निकाली जायेगी। इन तीनों स्थानों में आज दिनभर रथयात्रा की तैयारियां चलती रहीं।

**आमदी मंदिर धर्मशाला :** कल दोपहर 3 बजे से आमदी मंदिर रेल्वे स्टेशन के सामने से भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा निकाली जायेगी। यह आमदी मंदिर से रथयात्रा निकाले जाने का 58 वां वर्ष है।

दाऊ माधोप्रसाद गजरा बाई चंद्राकर ट्रस्ट द्वारा प्रतिवर्ष यह आयोजन किया जाता है। रथयात्रा आमदी मंदिर से निकलकर विभिन्न मार्गो से होते हुए वापस आमदी मंदिर आयेगी। रथयात्रा में भगवान की रथ रस्सी खींचने में सांसद विजय बघेल, विधायक गजेन्द्र यादव, विधआयक ललित चंद्राकर, ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. बी.एल.चंद्राकर, डॉ. विशाल चंद्राकर, दामोदर चंद्राकर, हिरामणी चंद्राकर, लक्ष्मण चंद्राकर, बलदाऊ चंद्राकर, योगी चंद्राकर, सतीश चंद्राकर, अरविंद चंद्राकर, प्रताप चंद्राकर, क्षितिज चंद्राकर, अजय चंद्राकर, संजय चंद्राकर, अमित लाली एवं प्रियंका चंद्राकर शामिल रहेगें। इसके अलावा इस जुलूस में महिलाएं भी बड़ी संख्या में शामिल रहेगी।

■ **इस्कान द्वारा 29 जून को निकाली जायेगी रथयात्रा**

**किल्ला मंदिर :** शहर के पुरातत्व महत्व के प्राचीन किल्ला मंदिर से विगत लगभग 175 वर्षो से निकल रही रथयात्रा कल किल्ला मंदिर से भगवान जगन्नाथ, देवी सुभद्रा एवं भगवान बलभद्र की मूर्तियों के साथ शाम 4 बजे से निकाली जायेगी। रथयात्रा तमेरपारा से बरई पारा, हटरी बाजार, जवाहर चौक, गांधी चौक, सदर बाजार कोष्ठा पारा, ब्राम्हण पारा, चंडी चौक, मठ मंदिर होते हुए शिवपारा, गवलीपारा, ढीमर पारा, बनिया पारा होते हुए वापस किल्ला मंदिर वापस किल्ला मंदिर वापस होगी।

श्री किल्ला मंजिर लोक न्यास के सचिव शंकरलाल ताम्रकार ने बताया कि किल्ला मंदिर परिसर में बलदेव ताम्रकार, बबला, अनिल, द्रोणा, विनायक, आनंद, जयनारायण, कल्याण, एनेन्द्र, रोहित, अजय, अंबर द्वारा रथनिर्माण का कार्य किया जा रहा है। इनके साथ ही तमेरपारा के उत्साही युवाओं आशीष, धीरेन्द्र, बृजेश, राहूल, अतुल एवं अन्य श्रद्धालु विभिन्न तैयारियों में भिड़े हुए है। उक्त दोनों ही मदिरों से बाजा गाजा से रथयात्रा निकाले जाने की तैयारियां की जा रही है।

**इस्कान की रथयात्रा 29 को :** इस्कान प्रचार केन्द्र अग्रवाल धर्मशाला से 29 जून को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा, अनंत श्याम दास प्रभु के संयोजन में निकाली जायेगी।

रथयात्रा पर भगवान को 56 भोग लगाये जायेगं। इस अवसर पर महाआरती, नृत्य एवं कीर्तन का भव्य आयोजन किया जायेगा।

# दुर्ग शहर में भाजपा सरकार के कागजी विकास को बेनकाब करेगी कांग्रेस



■ **कांग्रेस की समीक्षा बैठक में निर्णय**

**दुर्ग**, 26 जून (देशबन्धु)। शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा राजीव भवन में आयोजित बैठक में शहर में विगत 18 महिनों से भाजपा शासनकाल में अधूरे पड़े विकास कार्यो को लेकर समीक्षा करते हुए वक्ताओं ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा सिर्फ विकास की कागजी घोषणाएं की गई है। कांग्रेस ने भाजपा सरकार की इस नीतियों को बेनकाब करने का निर्णय आज की बैठक में लिया। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष गया पटेल की अध्यक्षता में हुई बैठक में पूर्व विधायक अरूण वोरा एवं अन्य वक्ताओं ने भाजपा सरकार के रवैये की तीखी आलोचना की। बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के 7 जुलाई को रायपुर प्रवास को लेकर भी चर्चा की गई।

बैठक को पूर्व महापौर शंकरलाल ताम्रकार, आर.एन.वर्मा, धीरज बाकलीवाल, कमलाकांत शुक्ला, अलताफ अहमद, राजकुमार पाली, व राजकुमार साहू ने संबोधित किया। बैठक में पूर्व विधायक अरूण वोरा एवं अन्य वक्ताओं ने कांग्रेस के पिछले शासनकाल में शुरू की गई करोड़ों रूपयों की योजनाओं के अधूरे पड़े होने व कुछ योजनाओं की स्वीकृति के बाद भी शुरू न होने की चर्चा करते हुए शासन पर गहरी नींद में होने का आरोप लगाया।

वक्ताओं ने अधूरी पड़ी योजनाओं में जिला अस्पताल दुर्ग में क्रिटिकल केयर यूनिट (24 करोड़) हेमचंद विश्वविद्यालय की नई इमारत का निर्माण कार्य अधूरा होने (लागत 24 करोड़), साइंस कालेज का आडिटोरियम (18 करोड़) ठगड़ा बांध पर्यटन स्थल (21 करोड़) के अधूरा पड़ा होने तथा शिवनाथ रिवर फ्रंट 11 करोड़ की योजना का कार्य अभी तक शुरू न होने की चर्चा की गई।

बैठक में नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, रत्ना नारमदेव, परमजीत भुई, भोला महोबिया, राजकुमार नारायणी, ज्ञानू बांगड़े, सुमित घोष, राजकुमार साहू, राजकुमार पाली सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# निगम कर्मचारियों-अधिकारियों की सुरक्षा की मांग को लेकर कांग्रेस ने सौंपा आयुक्त को ज्ञापन

**दुर्ग।** कांग्रेस पार्षद दल ने आज नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपा और नगर निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों की सुरक्षा की मांग की। नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, उपनेता प्रतिपक्ष विजयंत पटेल, पूर्व महापौर और वरिष्ठ पार्षद आर.एन.वर्मा के नेतृत्व में सौंपे गये ज्ञापन में कांग्रेस पार्षदों ने आरोप लगाया है कि जब से नगर निगम में भाजपा की सत्ता काबिज हुई है तब से पार्षदों व कार्यकर्ताओं की मनमानी बढ़ गई है। कर्मचारियों, अधिकारियों के साथ मारपीट व दुर्व्यवहार की घटनाएं होने लगी है।



ज्ञापन में पिछले दिनों नगर निगम के राजस्व विभाग के भीतर घुसकर एक ठेकेदार के भाई द्वारा राजस्व अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ किये गये गाली गलौच दुर्व्यवहार, एक भाजपा पार्षद द्वारा विद्युत विभाग के कर्मचारी के साथ मारपीट, वार्ड 5 में स्थित सामुदायिक भवन का ताला तोड़कर कब्जा करने के प्रयास का उल्लेख किया गया है। इसके अलावा ज्ञापन में बताया गया है कि बगैर किसी पूर्व सूचना तथा किसी भी अप्रिय स्थिति का आशंका को ध्यान दिये बगैर शक्ति नगर तालाब में खरपतवार नाशक दवाई डलवा ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने किया केन्द्रीय जेल का निरीक्षण



**दुर्ग**, 26 जून (देशबन्धु)। दुर्ग मुख्यालय स्थित केन्द्रीय जेल दुर्ग का प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जिला दुर्ग द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में उन्होंने बंदियों के परिजनों से मिलने हेतु बनाये गये मुलाकात कक्ष, जेल में संचालित लीगल एड क्लीनिक, प्रशासनिक प्रबंधन, बंदी कक्षों की स्थिति, उन्हें मिलने वाली सुविधाओं की गुणवत्ता, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष, पाकशाला और भोजन की गुणवत्ता का अवलोकन किया। उनके द्वारा नए आपराधिक विधियों के तहत बंदियों की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से कराने पर जोर। जेल पैरालीगल वालेंटियर से किए जाने वाले कार्यों एवं नव आगंतुक बंदियों को दिए जाने वाले विधिक जानकारी के संबंध में जानकारी ली गई। उन्होंने बंदियों से सीधे बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना और उनकी दैनिक दिनचर्या से संबंधित जानकारी प्राप्त की। नव आगंतुक बंदियों को उनके प्रकरण से संबंधित जानकारी प्राप्त करने के विषय में बताया गया तथा जो बंदी निजी अधिवक्ता नियुक्त नहीं कर सकते हैं, उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता सलाह प्रदान कर उनकी पैरवी हेतु निःशुल्क अधिवक्ता की नियुक्ति किए जाने की जानकारी दी गई। जेल प्रशासन को ऐसे बंदी जिन्हें परिहार का लाभ दिया जा सकता हैए उनके आवेदन के लंबित रहने के कारणों सहित जानकारी प्राधिकरण को प्रेषित ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# ऑपरेशन तलाश : उत्कृष्ट कार्य करने वाले थाना प्रभारियों को किया गया सम्मानित



**दुर्ग**, 26 जून (देशबन्धु)। पुलिस कार्यालय दुर्ग में ऑपरेशन तलाश के तहत गुम इंसानों की तलाशी की समीक्षा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग विजय अग्रवाल व्दारा की गयी। गुम इंसानों की दस्तयाबी हेतु चलाए जा रहे ऑपरेशन तलाश अभियान के तहत 1 जून से 24 जून तक की अवधि में कुल 541 गुम इंसानों को दस्तयाब किया गया है। इसमे थाना जामुल व्दारा 80 से अधिकए थाना दुर्ग व्दारा 47 से अधिक तथा थाना सुपेला व्दारा 35 से अधिक गुम इंसानों को दस्तयाब किया गया है। उक्त कार्यवाही के लिए उप पुलिस अधीक्षक थाना प्रभारी दुर्ग ममता अली शर्मा निरीक्षक विजय यादव थाना प्रभारी सुपेला एवं निरीक्षक राजेश मिश्रा थाना प्रभारी जामुल को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# महापौर व सभापति आज करेंगे जिला शतरंज चैंपियनशिप का शुभारंभ

**दुर्ग**, 26 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के निर्देशन में जिला शतरंज संघ दुर्ग द्वारा नगर निगम दुर्ग के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय दुर्ग जिला सीनियर, महिला एवं सब जूनियर अंडर 15 शतरंज चैंपियनशिप का शुभारम्भ कल 27 जून को स्वामी विवेकानंद भवन पदमनाभपुर में सुबह 10 बजे महापौर अल्का बाघमार के मुख्य आतिथ्य एवं सभापति श्याम शर्मा की अध्यक्षता में किया जाएगा। विशेष अतिथि के रूप में समाजसेवी कैलाश जैन बरमेचा, साहित्यकार डॉ रौनक जमाल, पार्षद एवं एम आई सी प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकार, जितेन्द्र सिंह राजपूत एवं इंटरनेशनल आर्बिटर अलंकार भिवगड़े उपस्थित रहेंगे। जिला शतरंज संघ दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत सचिव तुलसी सोनी ने बताया कि उक्त चैंपियनशिप में समाजसेवी कैलाश जैन ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

■ **शतरंज की बिसात में जिले के 120 खिलाड़ियों के बीच मुकाबला**

# उद्यमिता को बढ़ावा देने बनाया गया डिस्ट्रिक्ट इन्क्यूबेशन हब : कलेक्टर



**दुर्ग**, 26 जून (देशबन्धु)। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कहा कि डिस्ट्रिक्ट इन्क्यूबेशन हब की स्थापना दुर्ग जिले व यहां निवासरत् लोगों के विकास पर ध्यान केन्द्रित करते हुए सभी प्रकार के स्टार्टअप्स का समर्थन करने के लिए किया गया है। हब का उद्देश्य स्थानीय नवाचार को बढ़ावा देना, रोजगार सृजन को बढ़ावा देना और महिलाओं के समूहों को सशक्त बनाना है। साथ ही स्टार्टअप्स हब हस्त शिल्प प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में व्यवसायों के लिए सलाह और बुनियादी ढॉचा प्रदान करना है। यह एक ऐसा मंच है जो नवाचार और उद्यमिता को बढ़ाने के लिए एक मजबूत परिस्थितिकी तंत्र बनाने में मदद करता है। कलेक्टर अभिजीत सिंह आज साइंस कॉलेज के टैगोर हॉल में आयोजित एग्रीटेक उद्यमी एवं किसान सम्मेलन को

# सामाजिक कार्यक्रमों में सक्रियता, सेवा हेतु अनुरूप साहू का सम्मान



**दुर्ग**, 26 जून (देशबन्धु)। श्री सदगुरू कबीर साहेब समिति जिला दुर्ग के तत्वावधान में विगत दिवस सदगुरू कबीर प्राकट्य महोत्सव का आयोजन गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग में सम्पन्न हुआ।

आयोजन समिति के उपाध्यक्ष एवं छ.ग.सर्व समाज संगठन के उपाध्यक्ष अनुरूप साहू को समिति के विकास एवं प्रत्येक सामाजिक कार्यक्रमों में बहुमूल्य योगदान देने के साथ ही सदगुरू कबीर साहेब के बताए पदचिन्हों पर चलते हुए अंचल के कबीरपंथ के विभिन्न आश्रमों में सक्रियता, सेवा एवं समर्पण के लिए कबीर मठ नादिया से पधारे आचार्य मंगल साहेब के करकमलों द्वारा प्रशस्ति.पत्र प्रदान कर शाल, श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

उक्त अवसर पर पूर्व केबिनेट मंत्री जागेश्वर साहू प्रदेश साहू संघ के प्रामुख सलाहकार रमेश साहू, वरिष्ठ समाज सेवी कबीर साहू, लेखराम साहू, नामदास साहू, ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# जिले में अब तक 62.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**दुर्ग,** 26 जून (देशबन्धु)। जिले में 1 जून से 26 जून तक 62.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सार्वाधिक वर्षा 167.2 मिमी पाटन तहसील में तथा न्यूनतम 24.2 मिमी.धमधा तहसील में दर्ज की गई है। इसके अलावा तहसील बोरी में 17.8 मिमी, तहसील अहिवारा में 44.2 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 52.2 मिमी और तहसील दुर्ग में 66.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 26 जून को तहसील दुर्ग में 6.7 मिमी, तहसील धमधा में 6.2 मिमी, तहसील पाटन में 83.2 मिमी, तहसील बोरी में 3.0 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 1.6 मिमी और तहसील अहिवारा में 0.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

# पुलगांव मेन रोड में पाईप लाईन के लिकेज की मरम्मत की गई

**दुर्ग,** 26 जून (देशबन्धु)। रायपुर नाका फिल्टर प्लांट से पुलगांव टंकी में पानी भरने वाली राइजिंग लाईन पर हुई बड़े लिकेज को नगर निगम की तकनीकी विशेषज्ञ टीम द्वारा मरम्मत कर दिया गया। इसी पाईप लाईन में कुछ और स्थान पर लिकेज है जिन्हें भी शीघ्र ठीक करा लिया जायेगा। नगर निगम जनसंपर्क विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार महापौर अलका बाघमार के निर्देश एवं जलकार्य प्रभारी लीना दिनेश देवांगन के मार्गदर्शन में अन्य टंकियों से जुड़ी पाईप लाइनों की लिकेज के मरम्मत के लिये बड़ी तैयारी की जा रही है।



उल्लेखनीय है कि पुलगांव पानी टंकी के पास मुख्य मार्ग पर पाईप लिकेज होने के कारण सड़क पर पानी बह रहा था। इससे दुर्घटना की आशंका बन गई थी। जिसे देखते हुए जल गृह विभाग द्वारा शट डाउन कर उक्त 4 सौ एमएल की बड़ी पाईप लाईन की मरम्मत का कार्य किया गया। आगामी दिनों में बघेरा, बोरसी, पोटिया जैसी टंकियों से जुड़ी पाईप लाईन की मरम्मत के निर्देश भी दिये गये है।

इस कार्य के दौरान कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, जलकार्य निरीक्षक नारायण सिंह ठाकुर भी उपस्थित रहें।

# कलेक्टर और लोकसेवा आयोग सदस्य ने किया पीएससी परीक्षा केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण



**दुर्ग**, 26 जून (देशबन्धु)। कलेक्टर अभिजीत सिंह और छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के सदस्य प्रवीण वर्मा ने आज शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग स्थित परीक्षा केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने केन्द्राध्यक्ष और जिले के परीक्षा प्रभारी से परीक्षा के संबंध में जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा.निर्देश दिये। ज्ञात हो कि राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2024 के ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# दुर्ग जिले में अवैध रूप से रह रहे अप्रवासियों की सूचना देने जारी टोल फ्री नंबर

**दुर्ग**, 26 जून (देशबन्धु)। दुर्ग जिले में अवैध रूप से रह रहे अप्रवासियों, बांग्लादेशी नागरिक व रोग्हिंयाओं की तलाश तेजते कर दी गई है। पुलिस की टीमें लगातार बस्तियों में में दबिश दे रही हैं। अवैध रूप से रहे अप्रवासियों की पहचान पतासाजी के लिए दुर्ग पुलिस द्वारा नई पहल करते हुए पुलिस वाहनों पर टोल फ्री नंबर चस्पा किया गया है। आम नागरिकों द्वारा चौबीस घंटे में कभी भी टोल फ्री नंबर पर काल कर संदिग्ध अप्रवासियों की सूचना दिया जा सकता है।

छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार राज्य में अवैधवै रूप से घुसपैठ कर रहने वाले अप्रवासी नागरिकों की तलाश, पतासाजी के लिए व्यापक अभियान छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा चलाया जा रहा है। उक्त अभियान में अवैध अप्रवासियों के संबंध में सूचसू ना प्रदान करने पुलिस मुख्यालय रायपुर द्वारा टोल फ्री नंबर जारी किया गया है। आम नागरिकों द्वारा अवैध रूप से नागरिक की पहचान करने एवं उनके संबंध में सूचना प्रदान करने दुर्ग पुलिस द्वारा एक नई पहल की शुरूवात की गयी है।

वरिष्ठ पुलिपु स अधीक्षक दुर्ग विजय अग्रवाल के निर्देशानुसार दुर्ग पुलिस ने अपने सभी पेट्रोलिंग वाहन पर अवैध अप्रवासी हेल्प लाईन नंबर 18002331905 का स्टिकर चस्पा किया जा रहा है। आम लोगों तक पहुंच सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है ताकि अवैध रूप से रह रहे अप्रवासी नागरिकों के संबंध में पुलिस को अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त हो सके। अवैधवै रूप से रह रहे अप्रवासियों की संदिग्ध एवं देश विरोधी गतिविधियों को देखते हुए उनकी पहचान कर उनके विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने एवं उन्हें निर्वासित करने हेतु पुलिस मुख्यालय रायपुरपु द्वारा प्रत्येक जिले में एसटीएफ का गठन किया गया है एवं व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। टोल फ्री नंबर का मुख्य उद्देश्य नागरिकों के बीच लुकछिपकर निवास कर रहे अवैधवै रोग्हिंया एवं बांग्लादेशी नागरिकों के संबंध में जानकारी प्राप्त करना है, जिससे अवैध अप्रवासियों को चिन्हित कर उनके निर्वासन की कार्यवाही की जा सके।



आम नागरिकों से अपील है कि आपके आसपास अवैधवै रूप से रह रहे संदिग्ध अप्रवासी नागरिकों के संबंध में सूचना त्वरित रूप से टोल फ्री नंबर 18002331905 पर प्रदाय करें जिससे ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## सीटू ने घटना में घायल के ईलाज पर उठाये प्रश्न

**भिलाईनगर,** 26 जून (देशबन्धु)। एच एल एल कर्मी के सड़क दुर्घटना के मुद्दे पर सीटू ने प्रबंधन एवं डिप्टी डायरेक्टर स्वास्थ्य एवं चिकित्सा को पत्र ड्यूटी आते समय एच एल एल इंटर्न की सड़क दुघर्टना होने पर सेक्टर 9 अस्पताल में इलाज से वंचित किए जाने एवं सड़क दुर्घटना इंज्यूरी फार्म ना भरने की शिकायत करते हुए सीटू ने कार्यपालक निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं तथा डिप्टी डायरेक्टर स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को पत्र देकर इस विषय पर संज्ञान लेने को कहा, जिस पर बीएसपी प्रबंधन एवं तथा डिप्टी डायरेक्टर ने उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। सीटू का मानना है कि मुख्य नियोक्त होने के नाते यह सब देखना बीएसपी की जिम्मेदारी हैं। विदित हो कि एक एच एल एल इंटर्न का 6 जून 2025 को सुबह 8 बजे सेक्टर 9 अस्पताल ड्यूटी आने के दौरान सड़क दुघर्टना हो गया जिसमे वो गम्भीर रूप से घायल हो गई। घायल इंटर्न को जब सेक्टर 9 अस्पताल कैज्युल्टी में लाया गया। सीटू ने बताया कि घायल के सिर में सात टांके लगा कर डिस्चार्ज करते हुए ई एस आई अस्पताल भेज दिए। इंटर्न को ई एस आई अस्पताल से शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज जुनवानी भेज दिया गया। जहां मरीज का आयुष्मान कार्ड से इलाज किया गया। डाक्टरों से इंटर्न द्वारा पीठ में चोट लगने की बात कहने पर डाक्टरों नें कहा कि पीठ में मसल पेन है ठीक हो जायेगा। परंतु बाहर एक्स रे करवानें से ज्ञात हुआ कि पीठ की हड्डी फ्रैक्चर हुआ है। इससे ज्ञात होता है कि अस्पताल में मरीजों के इलाज में लापरवाही बढ़ गई है। इस कंपनी नें सेक्टर 9 अस्पताल में स्वास्थ्य कर्मियों को देने के संबंध में ठेका लिया है। जिसके माध्यम से स्वास्थ्य कर्मियों को सप्लाई दिया है। इसीलिए एच एल एल के वास्ते टी एंड एम सर्विस कंसलटिंग प्राइवेट लिमिटेड नें कर्मियों को अपॉइंटमेंट लेटर दिया जिसमें टर्म्स एंड कंडीशन के तहत बिंदु क्रमांक 12 में कहा गया कि कर्मी स्वयं का इलाज सेल के अस्पताल में करवा सकेंगे किंतु रेफर नहीं किया जाएगा। अस्पताल प्रबंधन ने कहा कि बीएसपी प्रबंधन ने अनुबंध में ऐसी कोई शर्त नहीं लिखा है जिसमें सप्लाई किए गए स्वास्थ्य कर्मियों का मुफ्त इलाज हो, बल्कि इस बात को स्पष्ट रूप से लिखा गया है कि सप्लाई किए गए स्वास्थ्य कर्मी के ओपीडी में इलाज होने पर उसका पैसा एच एल एल कंपनी द्वारा दिया जाना है साथ में यह भी स्पष्ट कर दिया था कि प्रत्येक कर्मी का 15 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा करवाना है एवं ई एस आई का पैसा जमा करवाना है। संतोष कुमार उपाध्यक्ष सीटू भिलाई ने यह जानकारी लिखित में दी है।

# अवैध अप्रवासियों की तलाश अभियान तेज

**भिलाईनगर,** 26 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार राज्य में अवैध रूप से घुसपैठ कर रहने वाले अप्रवासी नागरिकों की तलाश, पतासाजी के लिए व्यापक अभियान छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा चलाया जा रहा है। उक्त अभियान में अवैध अप्रवासियों के संबंध में सूचना प्रदान करने पुलिस मुख्यालय रायपुर द्वारा टोल फी नंबर जारी किया गया है। आम नागरिकों द्वारा अवैध रूप से नागरिक की पहचान करने एवं उनके संबंध में सूचना प्रदान करने दुर्ग पुलिस द्वारा एक नई पहल की शुरूवात किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के निर्देशानुसार पुलिस ने अपने सभी पेट्रोलिंग वाहन पर अवैध अप्रवासी हेल्प लाईन नंबर 18002331905 का स्टिकर चस्पा किया जाकर आम लोगों तक पहुंच सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है ताकि अवैध रूप से रह रहे अप्रवासी नागरिकों के संबंध में पुलिस को अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त हो सके। ज्ञात हो कि अवैध अप्रवासियों की संदिग्ध एवं देश विरोधी गतिविधियों को देखते हुए उनकी पहचान कर उनके विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने एवं उन्हें निर्वासित करने हेतु पुलिस मुख्यालय रायपुर द्वारा प्रत्येक जिले में एसटीएफ का गठन किया गया है एवं व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। टोल फ्री नंबर का मुख्य उद्देश्य नागरिकों के बीच लुक छिपकर निवास कर रहे अवैध रोहिंग्या एवं बांग्लादेशी नागरिकों के संबंध में जानकारी प्राप्त करना है। जिससे अवैध अप्रवासियों को चिन्हित कर उनके निर्वासन की कार्यवाही की जा सके। आम नागरिकों से अपील है कि आपके आसपास अवैध रूप से रह रहे संदिग्ध अप्रवासी नागरिकों के संबंध में सूचना त्वरित रूप से टोल फ्री नंबर 18002331905 पर प्रदाय करें। जिससे सूचना की तस्दीकी एवं वैधानिक कार्यवाही एसटीएफ एवं पुलिस द्वारा किया जा सके। टोल फ्री नंबर के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु विभिन्न सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र के औद्योगिक प्रतिष्ठानों एवं शैक्षणिक संस्थानों में भी पोस्टरए स्टिकर एवं बैनर लगाए गए हैं। उपरोक्त कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर सुखनंदन राठौर, नगर पुलिस अधीक्षक भिलाईनगर एवं एसटीएफ प्रभारी सत्य प्रकाश तिवारी, रक्षित निरीक्षक नीलकंठ वर्मा एवं जिले के पेट्रोलिंग कर्मचारी उपस्थित रहे।




### दीपक के विरुद्ध जारी किया इनाम उद्घोषणा

भिलाईनगर। प्राणघातक हमला कर फरार आरोपी दीपक नेपाली की गिरफ्तारी हेतु 3000 रुपये ईनाम की घोषणा की है।ज्ञात हो कि प्रार्थिया स्नेहा चौबे 35 वर्ष साकिन वैशाली नगर ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि 21 मई 2025 को रात्रि में प्रार्थिया के पति के साथ आरोपी दीपक नेपाली, रोशन सिंह, राम प्यारे, शुभम यादव द्वारा गाली गलौज कर हाथ मुक्का लात से मारपीट कर जान से मारने की नियत से गले को दबाया गया और सिर को जोर जोर से दीवार में पटका गया। रिपोर्ट पर थाना वैशाली नगर ने धारा 296, 115 (2), 351(3), 109, 3(5) विवेचना के दौरान आरोपी शुभम,रोशन , रामप्यारे यादव को गिरफ्तार किया। प्रकरण में आरोपी दीपक नेपाली जो घटना दिनांक से लगातार फरार है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल द्वारा 3000 रुपये का ईनाम उद्घोषणा आदेश जारी किया गया है। साथ ही आरोपी की पता तलाश हेतु जिला ईश्तहार भी जारी किया गया है।

## जून माह की अवधि में 541 गुम इंसानों को दस्तयाब किया



भिलाईनगर, 26 जून (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक दुर्ग विजय अग्रवाल व्दारा किया गया 1 से 30 जून तक गुम इंसानों की दस्तयाबी हेतु चलाए जा रहे ऑपरेशन तलाश अभियान के तहत 1 जून से 24 जून तक की अवधि में कुल 541 गुम इंसानों को दस्तयाब किया गया है। जिसमे थाना जामुल व्दारा 80 से अधिक, थाना दुर्ग व्दारा 47 से अधिक तथा थाना सुपेला व्दारा 35 से अधिक गुम इंसानों को दस्तयाब किया गया है। उक्त कार्यवाही के लिए उप पुलिस अधीक्षक थाना प्रभारी दुर्ग श्रीमती ममता अली शर्मा, निरीक्षक विजय यादव थाना प्रभारी सुपेला एवं निरीक्षक राजेश मिश्रा थाना प्रभारी जामुल को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समीक्षा बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर सुखनंदन राठौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती पद्मश्री तंवर, नगर पुलिस अधीक्षक दुर्ग चिराग जैन, नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर सत्यप्रकाश तिवारी, नगर पुलिस अधीक्षक छावनी हरीश पाटिल उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय एलेक्जेंडर कीरो एवं समस्त थाना एवं चौकी प्रभारी एव उनका स्टाफ उपस्थित रहे।

## समय पर आगननी में काबू कर बड़ी घटना टली

**भिलाई।** छावनी क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र स्थित शिवम हाइटैक कंपनी मे रखे रॉ मटेरियल पर आग भड़क गई। अचानक लगी आग से हड़कंप मच गया। घटना की सूचना अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा दुर्ग को दी गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों को भेजा गया। मौके पर पहुंची गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। समय पर पहुंचे फायर ब्रिगेड ने बड़ा हादसा होने से बचा लिया। मिली जानकारी के अनुसार इन्डस्ट्रील एरिया में स्थित शिवम हाइटैक कंपनी मे रखे रॉ मटेरियल पर आग लगने की सूचना अग्निशमन कार्यालय दुर्ग को मिली। सूचना मिलते ही अग्निशमन के 3 टीमों को मौके पर तत्काल रवाना किया गयाए और वहां पहुंचकर अग्निशमन कर्मियों ने फैक्ट्री में लगी आग को बड़े बहादुरी से कंट्रोल किया और आग को आस पास के यूनिट तक बढ़ने से रोक लिया। जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया। आग लगने का कारण सामने नहीं आया है। फिलहाल पुलिस इसकी जांच कर रही है। जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि इस पूरी कार्रवाई में अग्निशमन दल प्रभारी धन्नू राम यादव, भगवती बंजारे, प्रवीण बारा अग्निशमन कर्मी संतोष मढ़रिया, नरोत्तम टंडन, राजू लाल, रमेश हीरामन योगेश्वर, नीतिन, कुलेश, उमाशंकर, पराग, केशव यादव की विशेष भूमिका रही। सभी ने एक अच्छी टीम बनाकर घटना स्थान पर समय पर पहुंच कर बड़ी घटना होने से पहले आग पर काबू पा लिया। बताया जा रहा है कि आग कैसी लगी और इस आगजनी में कितने रुपये का नुकसान हुआ है, इसका जांच को बाद ही खुलासा हो सकेगा।

## महापौर परिषद की बैठक में विभिन्न कार्यों को स्वीकृति



**भिलाईनगर,** 26 जून (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम भिलाई में महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता एवं आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय की उपस्थिति में आहूत की गई। बैठक में महापौर इंदौर दौरा से प्रभावित होकर अपने अनुभवों का खुलकर साझा किये और पार्षदों को प्रशिक्षित कराने हेतु चर्चा किये। स्वयं का कार्ययोजना बनाते हुए कार्य करने का सलाह दिये। विकास कार्य हेतु विभिन्न संसाधनों की वृद्वि हेतु शासन से मांग के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की नियुक्ति हेतु महापौर परिषद से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पालना कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की नियुक्ति किये जाने सर्व सम्मति से पारित किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से 18 एजेण्डा एवं अतिरिक्त 2 एजेण्डा पर विस्तृत चर्चा हुई। राधिका नगर में पूर्व निर्मित स्लाटर हाउस के संचालन के लिए नियम शर्तो में संशोधन करते हुए निविदा आमंत्रण किये जाने हेतु स्वीकृति प्राप्त हुई है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की नियुक्ति हेतु महापौर परिषद से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पालना कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की नियुक्ति किये जाने सर्व सम्मति से पारित किया गया। वित्त आयोग से बैक हो लोडर 4 नग, डम्पर 4 नग, मिनी टिप्पर 30 नग, ट्रक माउंटेन सक्सन कम जेटिंग मशीन 6 नग एवं अन्य वाहन क्रय किये जाने के संबंध में प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने हेतु प्रस्ताव शासन को प्रेषित किये जाने महापौर परिषद से सर्व सम्मति से पारित किया गया। राजस्व आय की वृद्वि हेतु निगम क्षेत्र के मुख्य मार्गो में स्थित विद्युत पोल एवं ट्यूबलर पोल में विज्ञापन बोर्ड लगाने के नियम शर्तो के अनुमोदन एवं निविदा आमंत्रण को सलाहकार समिति की बैठक में विचार कर आगामी महापौर परिषद की बैठक में प्रस्तुत करने कहा गया। निगम के जलकार्य विभाग में 15 कुशल, 28 अर्द्वकुशल एवं 39 अकुशल प्लेसमेंट श्रमिक रखा जाना है। जिससे शहर में जलप्रदाय व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित किया जा सके। इस प्रस्ताव को सभी ने अपनी विचार रखते हुए सहमति प्रदान की। श्रीमती सरस्वती साहू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आंगनबाड़ी केन्द्र मुरूमखदान को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद से पृथक किये जाने के प्रस्ताव पर चर्चा हुआ। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत वायु सुधार हेतु 15वें वित्त आयोग मद से जी.व्ही.पी. स्थल के सौंदर्यीकरण कार्य कराने को मंजुदी दी गई। बैठक में महापौर परिषद सदस्य सीजू एन्थोनी द्वारा संपत्तिकर वसूली हेतु अधिकृत एजेंसी पब्लिकेशन एण्ड स्टेशनर्स प्राईवेट लिमिटेड के कार्य प्रणाली पर सवाल उठाए। संपत्तिकर वसूली हेतु नियमित या प्लेसमेंट कर्मचारी के माध्यम से वसूली का कार्य कराने के संबंध में चर्चा किया गया। बैठक में महापौर परिषद के सदस्य सीजू एन्थोनी, लक्ष्मीपति राजू, संदीप निरंकारी, लालचंद वर्मा, केशव चौबे, चंद्रशेखर गंवई, आदित्य सिंह, रीता सिंह गेरा, नेहा साहू, उपायुक्त सह निगम सचिव नरेन्द्र कुमार बंजारे, जोन आयुक्त अजय राजपूत, येशा लहरेए अमरनाथ दुबेए कुलदीप गुप्ता, सतीश यादव, लेखाधिकारी चंद्रभूषण साहू, कार्यपालन अभियंता रवि सिन्हा, विनीता वर्मा, अरविंद शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, बी.एल.असाटी, देवव्रत राजपूत आदि उपस्थित रहे।

## कर्मा चौराहे से इंदिरा चौक तक सड़क का होगा डामरीकरण

**भिलाईनगर,** 26 जून (देशबन्धु)। सुपेला स्थित एक और व्यस्ततम मार्ग को वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन के प्रयास से लगभग 78 लाख की स्वीकृति मिल गई है। विधायक रिकेश सेन ने जानकारी देते हुए बताया कि सुपेला के कर्मा चौक से इंदिरा चौक तक सड़क को बेहतर बनाने लंबे समय से क्षेत्रवासियों की मांग थी। इस हेतु उन्होंने नगरीय निकाय मंत्री अरूण साय से चर्चा की। नतीजतन मंत्री श्री साव ने तत्काल स्वीकृति दी । जिसके लिए विधायक रिकेश सेन ने उनका आभार जताया। विधायक श्री सेन ने बताया कि संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास ने अनटाईड ग्राण्ट (निर्माण कार्य) अंतर्गत निर्माण कार्य हेतु 15वें वित्त आयोग मद से कर्मा चौक से इंदिरा चौक सुपेला तक डामरीकृत मार्ग का नवीनीकरण कार्य के लिए 77 लाख 59 हजार रूपये की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसकी प्रक्रिया जल्द पूरी करते हुए प्रयास होगा कि 15 अक्टूबर तक डामरीकरण कार्य प्रारंभ हो जाएगा। विधायक श्री सेन ने कहा कि इस मार्ग से इस मार्ग पर आने-जाने लोगों को काफी राहत मिलेगी।



## वीरांगना रानी दुर्गावती बलिदान दिवस एवं सम्मान समारोह



**भिलाईनगर,** 26 जून (देशबन्धु)। वीरांगना रानी दुर्गावती बलिदान दिवस एवं सम्मान समारोह का आयोजन बैकुंठ धाम मड़ोदा नेवई भिलाई में किया गया। आयोजन में छत्तीसगढ़ के 15 ख्याति प्राप्त कलाकारों को पुरोधा सम्मान दिया गया। 30 महिला स्व सहायता समूह को रानी दुर्गावती नारी शक्ति सम्मान और 32 उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को रानी दुर्गावती नारी शक्ति सम्मान दिया गया। आयोजन में आदिवासी लोकनृत्यों ने समा बांध दिया। संयोजक पद्मश्री डॉ राधेश्याम बारले ने स्वागत भाषण दिया। मुख्य अतिथि समाजसेवी तिमिरेंद्र शेखर सिंह कंवर ने कहा कि गोंडवाना साम्राज्य की राज्य की स्वतंत्रता और अस्मिता की रक्षा के लिए वीरांगना रानी दुर्गावती ने कभी समझौता नहीं किया और हमेशा संघर्ष का मार्ग चुना। श्री कंवर ने कहा कि वीरांगना दुर्गावती ने 24 जून 1564 को अपनी कटार स्वयं अपने सीने में भोंककर आत्म बलिदान दिया था और स्वतंत्रता की खातिर दिया उनका यह आत्मबलिदान हम सबको नई राह दिखाता है। विशिष्ट अतिथि केश शिल्प कल्याण बोर्ड छत्तीसगढ़ की अध्यक्ष मोना सेन ने बताया कि गोंडवाना साम्राज्य की शासिका के तौर पर वीरांगना दुर्गावती ने गढ़ा पचमठा में महिलाओं के लिए गुरुकुल की स्थापना की थी। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी गीतांजलि तेता पाटन तहसील अध्यक्ष संतलाल कडप्पा, जामगांव मुंडा अध्यक्ष पवन ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि रिसाली दीपक चंद्राकर, राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित रामजी ठाकुर, डबरा पारा भिलाई पार्षद तुलसी ध्रुव, बीआरपी कॉलोनी वार्ड 16 पार्षद विजय निगम और ग्राम बिरेभाट सरपंच ज्ञान दास नवरंग ने भी संबोधित किया। इस दौरान चंपा निषाद, ननकी राम ठाकुर, निर्मला बेलचंदन, तुषान्त बारले, चंद्रिका आर्या, खुमेश मानिकपुरी, पुष्पा शंकर साहू, विनीता ढीमर, शगुन चक्रधारी, तबला मास्टर ढाल सिंह चक्रधारी, बासुरी बादक शंकर साहू, तबला मास्टर संतोष ढीमर, रिसाली पूर्व मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शैली, परमेश्वर नाग, गणेश विश्वकर्मा, भोज राज बारले पार्षद, तुलसी ध्रुव चंदू देवांगन और नवीन सिन्हा उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन राजू लाल नेताम ने दिया। पुरोधा सम्मान के अंतर्गत रानी दुर्गावती स्मृति सम्मान डॉ. विनीत ध्रुवे जिला अस्पताल दुग, चंद्रिका आर्या लोक गायिका बालोद और सुशील साहू समाजसेवी नंदकट्ठी को दिया गया। अहिल्याबाई होल्कर सम्मान कविता वासनिक वरिष्ठ लोकगायिका राजनांदगांव, बहादुर कलारिन स्मृति सम्मान हिरेश सिन्हा प्रसिद्ध लोक गायक चारामा, जितेश्वरी सिन्हा प्रसिद्ध लोक गायिका चारामा, कौशल्या माता सम्मान चंपा निषाद प्रख्यात लोक गायिका रायपुर, डॉ. गार्गी पाण्डेय समाजसेवी रायपुर, मिनीमाता स्मृति सम्मान कल्याणी बांधे समाजसेवी भिलाई, गीता कोठारी शिक्षाविद खोला पाटन को दिया गया।

## ईडी वर्क्स के साथ भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स की बैठक



**भिलाईनगर,** 26 जून (देशबन्धु)। संयंत्र के ईडी वर्क्स के आमंत्रण पर भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक संयंत्र भवन में सम्पन्न हुई। बैठक में ट्रांसपोर्ट व्यवस्था से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा संयंत्र के भीतर परिवहन को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए। बैठक में संयंत्र के ईडी वक्र्स राकेश कुमार एवं जीएम सर्विसेस तुषार कांत उपस्थित रहे। वहीं भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन से कार्यकारी अध्यक्ष अनिल चौधरी, कोषाध्यक्ष जोगा राव, मुन्ना सिंह, ललित मोहन, संतोष सिंह, शहनवाज कुरैशी, प्रेम सिंह,, सुनील यादव, मनोज अग्रवाल, पंकज शर्मा, रोशन वर्मा, जगजीत सिंह शामिल हुए। इस बैठक में संयंत्र के भीतर ट्रांसपोर्ट व्यवस्था को और अधिक सुरक्षित, व्यवस्थित एवं नियमबद्ध तरीके से संचालित करने पर सहमति बनी। संयंत्र प्रबंधन द्वारा ट्रांसपोर्ट संचालन में नियमों का सख्ती से पालन करने की बात कही गईए वहीं एसोसिएशन ने पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## छत्तीसगढ़ मातृशक्ति संगठन की बैठक



**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में फूड व्यवसाय करने वाले वेंडरो की कार्यशाला निगम सभागार में आयोजित की गई। जिसमें प्रमुख रूप से ऐसे व्यवसायी हैंए जो रोड के किनारे खाद्य सामग्रीयों का ठेला या गुमटी लगाकर व्यवसाय करते है। मुख्य व्यवसाय जैसे. चाटए इडलीए गुपचुपए दोसाए समोसाए मोमोजए चाउमिनए चायए भजियाए सैन्डविचए बर्गरए बड़ाए भेलए बर्फ का गोलाए अंडा एगरोलए कुल्फीए आईसक्रीमए मैंगोसेकए गन्ना रस इत्यादि। ऐसे व्यवसायियो को बुलाकर प्रथम एजुकेशन फांउडेशन के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। इसका मुख्य उददेश्य था कि सभी वेंडर्स को शासन द्वारा दी जा रही स्वनिधि योजना का लाभ मिले एवं वेंडिंग जोन में स्वच्छता बनाए रखने की अपील की गई है। इस प्रशिक्षण में लगभग 40 से अधिक संख्या में स्ट्रीट फूड वेंडर शामिल हुए।

प्रशिक्षण के दौरान वेंडरो को बताया गया कि खादय सामग्री बनाते समय एवं ग्राहको को परोसते समय साफसफाई का ध्यान रखेए कचरा इधर उधर न फेकेए हाथो में ग्लब्स पहनेए नाखून साफ रखेए बनाते समय पोछने वाले कपड़ो को स्वच्छ रखेए पीने का पानी एवं धोने के पानी में दुरी रखेए पाउच एवं तम्बाखू खाकर व्यवसाय न करेंए स्वच्छ कपड़ा पहनकर व्यवसाय करेंए जहां बनाते है वहां गंदगी न रखेए पकाने वाले तेल का एक्सपायरी तिथि को ध्यान में रखे और उसी तेल को बार बार न उपयोग में लायें। कार्यशाला के दौरान निगम से प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के प्रोग्राम हेड अंकित राठौरए कलस्टर लीडर पवन साहूए प्रोग्राम कार्डिनेटर भोजराम साहूए राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन मैनेजर नलनी तनेजाए सेक्टर हेड सुभाष डोंगरेए टीकाराम साहूए योगेन्द्र साहू आदि उपस्थित रहे।
संलग्न.फोटो

## ऑपरेशन सुरक्षा अभियान के तहत ऑटो चालको पर कार्यवाही

**भिलाईनगर,** 26 जून (देशबन्धु)। यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा जिले की यातायात व्यवस्था को सुगम और सुरक्षित बनाने हेतु ऑपरेशन सुरक्षा अभियान चलाकर सडक के चार प्रमुख बिन्दुओं पर कार्य किया जा रहा है जिसमें सडको एवं चौक चौराहो की अभियात्रिकी त्रुटि को दूर करना, सडको से अतिक्रमण एवं अवैध कब्जा को हटाना, वाहन चालको को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना एवं सडक दुर्घटना में होने वाली मौत के कारण एवं लापरवाह चालको पर सख्त कार्यवाही किया जा रहा है। यातायात पुलिस दुर्ग द्वार 1 दिवस पूर्व ई रिक्शा एवं ऑटो चालको को समझाईस दी गई थी कि बिना वर्दी, क्षमता से अधिक सवारी न बैठाने, बिना लाससेंस के वाहन ना चलाने, नो पार्किग में वाहन खडा ना करने, नशे के हालत में वाहन ना चलाये एवं वाहन चलाते समय यातायात नियमो का पालन करने निर्देश दिये गये थे परंतु ऐसे लापरवाह वाहन चालक जो बिना वर्दी, नो पार्किग में वाहन खडा करने वाले कार्यवाही की गई यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा 1 जनवरी से आज दिनांक तक कुल 569 ई रिक्शा एवं ऑटो चालको पर कार्यवाही की गई है। यह कार्यवाही आगे निरंतर जारी रहेगी।



## संयंत्र के भीतर से 11 मवेशियों को पकड़ा गया



भिलाईनगर, 26 जून (देशबन्धु)। भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग द्वारा संयंत्र परिसर के भीतर सुरक्षा और स्वच्छता बनाए रखने के लिए मवेशियों को पकड़ने हेतु विशेष अभियान चलाया। जिसके तहत संयंत्र के यूआरएमए, सीएचएम तथा बोरिया गेट क्षेत्रों से कुल 11 मवेशियों को पकड़ कर भिलाई नगर पालिक निगम द्वारा संचालित गौठान को सौंपा गया। संयंत्र परिसर के भीतर मवेशियों की उपस्थिति से परिचालन सुरक्षा, कर्मचारियों की आवाजाही और स्वच्छता प्रभावित होती है तथा दुर्घटनाओं का जोखिम भी बढ़ जाता है। विदित हो कि पूर्व में भी भिलाई टाउनशिप तथा संयंत्र परिसर से आवारा मवेशियों को पकड़कर शहर की स्वच्छता व नागरिकों की सुरक्षा के लिए अभियान चलाया जाता रहा है। भिलाई इस्पात संयंत्र के भीतर हरियाली और खुले स्थानों के कारण आवारा मवेशी परिसर में प्रवेश कर विभिन्न सड़क मार्गों पर बैठकर शिफ्टों में ड्यूटी पर आने.जाने वाले कर्मचारियों के आवागमन में कठिनाई उत्पन्न करते है। इस समस्या के समाधान हेतु प्रवर्तन विभाग द्वारा प्लांट क्षेत्र एवं टाउनशिप दोनों में आवारा मवेशियों को पकड़ने का अभियान निरंतर रूप से चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत पकड़े गए मवेशियों को भिलाई नगर पालिक निगम द्वारा संचालित गौठान में सुरक्षित रूप से भेजा जा रहा है। संयंत्र परिसर से आवारा मवेशियों को पकड़ने हेतु विशेष अभियान चलाया गया। वही टाउनशिप में भी मवेशियों को पकड़कर गौठान भेजा जा रहा है। बारिश के मौसम में मवेशी सड़क पर बैठ जाते है। रात्रि के समय सड़क पर अंधेरा होने के कारण वहां कुछ दिखाई नही देता है, जिसके कारण सड़क दुर्घटना होती है। ऐसी स्थिति में टाउनशिप की सड़कों से मवेशियों को पकड़ने का कार्य किया जा रहा है। वही यातायात पुलिस द्वारा ऐसे मेविशयों के सिंह पर रेड़ियम भी लगाया जा रहा है।

**खैरागढ़ ने धूमधाम से निकलेगी भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा**

खैरागढ़, 26 जून (देशबन्धु)। खैरागढ़ में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नगर में धूमधाम से भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकलेगी। वार्ड क्र. 4 स्थित गेंद बिहारी जगन्नाथ मंदिर राजफैमली खैरागढ़ में भगवान जगन्नाथ का प्रात:काल षोडश उपचार पुजन एवं महा आरती संपन्न होगी। इसके पश्चात मध्यान्ह



# प्रदेश कांग्रेस सह प्रभारी विजय जांगिड़ ने बेमेतरा में बैठक ली



## 30 जून को जिला कांग्रेस करेगी सेवा सहकारी समितियां के सामने धरना प्रदर्शन

*जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के निर्णय अनुसार प्रदेश में किसानों को हो रहे दिक्कतों को देखते हुए प्रदेश के सभी सहकारी समितियों के समक्ष संगठन के माध्यम से धरना प्रदर्शन एवं घेराव का जो निर्णय लिया गया है उसे परिपेक्ष में विगत दिनों बेमेतरा जिला कांग्रेस कमेटी के राजीव भवन स्थित बैठक में पूर्व कैबिनेट मंत्री रविंद्र चौबे के सानिध्य में निर्णय लिया गया है बेमेतरा जिले में भी संगठन के माध्यम से सेवा सहकारी समितियों में रासायनिक खाद एवं बीज की कमी को लेकर धरना प्रदर्शन एवं घेराव किया जाए जिस पर से जिला अध्यक्ष ने बेमेतरा जिले के ब्लॉक अध्यक्षों को निर्देशित किया है कि 30 जून को बेमेतरा जिले में हो रहे रासायनिक खाद एवं डीएपी तथा धान की बीज की समस्या को लेकर सभी जिले भर के सहकारी समितियों के समक्ष धरना प्रदर्शन किया जाए जिससे कुंभकर्णी निद्रा से भाजपा सरकार बाहर आए किसानों की समस्याओं को समझे जिन्हें वह सिर्फ एक वोट बैंक मानती आई है बेमेतरा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ने सभी ब्लॉक अध्यक्षों को ब्लॉक में धरना प्रदर्शन अनिवार्य रूप से किए जाने की हिदायत दी है साथ ही साथ कार्यकर्ताओं से जनहित के लिए किया जा रहे इस धरना प्रदर्शन में बड़ी से बड़ी संख्या में शामिल होकर धरना प्रदर्शन को सफल बनाने तथा जनहित की आवाज को भाजपा की बहेरी सरकार सुन सके ।*

**बेमेतरा**, 26 जून (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस कमेटी के राजीव भवन में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सच सचिव एवं छत्तीसगढ़ के सह प्रभारी विजय जांगिड़ ने बेमेतरा जिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं से राजीव भवन में आत्मीय मुलाकात कर जिले में कांग्रेस के संगठन आत्मक मजबूती पर चर्चा की उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से आवाहन किया कि हमें बेमेतरा जिले के एक-एक घर-घर जाकर लोगों को भाजपा की जन विरोधी नीतियों को अवगत कराना है तथा लोगों को कांग्रेस की रीति नीति से भी परिचय करना है इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा की उपस्थित रहे जहां उन्होंने कार्यकर्ताओं का परिचय छत्तीसगढ़ सह प्रभारी से एक-एक कर करायाछत्तीसगढ़ सह प्रभारी ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से 7 जुलाई को रायपुर में होने वाले किसान जवान संविधान जनसभा को अधिक से अधिक सफल बनाने के संबंध में विचार विमर्श किया तथा कार्यकर्ताओं से सुझाव भी मांगे उन्होंने इस कार्यक्रम को जनता के हित में एक आवश्यक जनसभा कहा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि अधिक से अधिक आम जनता को इस जनसभा के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें जनसभा स्थल पर आने के लिए प्रेरित करें ताकि इस जनसभा को ऐतिहासिक बनाया जा सके ज्ञात हो कि 7 जुलाई को होने वाली इस सभा को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी महासचिव संगठन केसी वेणुगोपाल के अगुवाई में होने जा रही है यह जनसभा रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में किए जाने का निर्णय हुआ है जिसके लिए कांग्रेस के एक-एक कार्यकर्ताओं को जी जान से मेहनत करने के लिए जुट जाने को छत्तीसगढ़ सह प्रभारी विजय जांगिड़ ने कार्यकर्ताओं से कहा सुमन गोस्वामी अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी बेमेतरा दिनेश पटेल अध्यक्ष सेवादल जोगेंद्र छाबड़ा मनोज शर्मा हरीश साहू सदस्य जिला पंचायत बेमेतरा चंद्र प्रकाश साहू अध्यक्ष नगर पंचायत कुसमी श्रीमती रीता पांडे पार्षद श्रीमती रश्मि मिश्रा पार्षद सनत धर दीवान सदस्य जनपद पंचायत बेमेतरा श्रीमती रूबी सलूजा श्रीमती योगिता साहू सुनील नामदेव सीताराम यदु बलवंत साहू अनिल दुबे किशुन वर्मा सिद्धांत दीवान संस्कार शर्मा घनश्याम देवांगन सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# वनकर्मियों पर हमला करने वाले 6 आरोपी गिरफ्तार

**बालोद**, 26 जून (देशबन्धु)। वनकर्मियों पर हमला करने वाले पेवारी ग्राम के 06 आरोपी सोमनाथ, बेदूराम, अर्जुन, तुलसीराम, तुलाराम और भोलाराम को मंगलवार शाम को गिरफ्तार कर जिला जेल भेज दिया गया है। उन पर अपराध दर्ज किया गया था। वहीं मजदूरों पर हमला करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी अभी नहीं हुई है। इस मामले में मंगलवार को घायल कर्मियों के साथ बालोद जिले के समस्त वन कर्मियों ने डीएफओ के साथ बैठक लेकर कार्यवाही के अभाव में उग्र आंदोलन की रणनीति बनाई गई लेकिन छह आरोपी ग्रामीणों की गिरफ्तारी बाद इस ओर वन विभाग अगला रुख पर प्रशासनिक निगाहे टिक गई है।

बता दें कि चार दिन पहले वन विभाग की टीम पर हुए हमले के आरोपियों को बचाने के लिए राजनीतिक दबाव शुरू हो गया है। इसी दबाव के चलते अब तक सिर्फ छह लोगों की गिरफ्तारी हुई है। जबकि घायल कर्मियों ने हमले में 50 से 60 लोग शामिल होना बताए थे। बताया जा रहा है कि भाजपा के एक पदाधिकारी आरोपियों को बचाने में लगे हुए हैं। इससे वन विभाग के कर्मचारियों में असुरक्षा की भावना बढ़ गई है। घटना ग्राम पेवारी की है। चार दिन पहले वन विभाग की टीम वाटरशेड स्थल पेवारी का निरीक्षण करने पहुंची थी। टीम में रेंजर और अन्य कर्मचारी शामिल थे। तभी वहां 50 से 60 ग्रामीण लाठी-डंडों से लैस होकर पहुंचे। इन लोगों ने अचानक हमला कर दिया। वनकर्मियों की बेरहमी से पिटाई की गई। हमले में रेंजर और कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। लेकिन पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। वन कर्मचारी संघ के दबाव के बाद ही पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार किया। बाकी आरोपियों के खिलाफ न तो रिपोर्ट दर्ज हुई और न ही कोई गिरफ्तारी हुई। इससे साफ है कि पूरा मामला अब राजनीतिक रंग ले चुका है। वन विभाग के कर्मचारियों का कहना है कि वे शासन का काम कर रहे थे। ऐसे में विभाग को उनकी सुरक्षा और न्याय की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। लेकिन विभाग के उच्च अधिकारी भी चुप हैं। कोई खुलकर कर्मचारियों के साथ खड़ा नहीं हो रहा। वन कर्मचारी संघ के प्रदेश स्तर के पदाधिकारी ने दिन पहले डीएफओ से मिले। उन्होंने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की।

# आशा यूनिट सदस्यों के साथ मासिक बैठक कर की गई चर्चा



**बेमेतरा**, 26 जून (देशबन्धु)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार (जागरूकता, समर्थन, सहायता और कार्यवाही) बाल विवाह उन्मूलन की दिशा में मानक संचालन प्रक्रिया, 2025 हेतु गठित आशा यूनिट के सदस्यों की बैठक अध्यक्ष / प्रधान जिला न्यायाधीश, श्री बृजेन्द्र कुमार शास्त्री द्वारा आशा यूनिट की बैठक ली गई। उक्त बैठक में श्रीमती नीलिमा सिंह बघेल, परिवार न्यायालय बेमेतरा, श्रीमती निधि शर्मा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा एवं श्री अनिल बाजपेयी अपर कलेक्टर की उपस्थिति में प्रधान जिला न्यायाधीश ने बताया कि बाल विवाह अपराध को समाप्त करने के उद्देश्य से आशा यूनिट का गठन किया गया है, जिसके तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बाल विवाह रोकने हेतु आशा यूनिट द्वारा विधिक जागरूक्ता शिविर का आयोजन करके आमजनों तक जागरूक्ता फैलाने की आवश्यक्ता है। प्रशासनिक इकाई के द्वारा तहसील स्तर एवं थाना क्षेत्रों में ग्राम कोटवार का बैठक आयोजित कर गांवों में होने वाले बाल विवाह की सूचना, ग्राम कोटवारों के माध्यम से सरपंच, पंच व ग्रामीणों से पता कर बाल विवाह पर प्रतिबंध किये जाने के संबंध में चर्चा किया गया। स्कूल, कॉलेजों व अन्य शिक्षा संस्थानों में छात्र-छात्राओं को बाल विवाह निवारण के संबंध में जानकारी बता करके, अपने आस-पास होने वाले बाल विवाह रोकने में आशा यूनिट से सहायता प्राप्त कर सकते है।

# बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान हेतु उपमुख्यमंत्री शर्मा के निर्देश पर टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर जारी

**बालोद,** 26 जून (देशबन्धु)। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने नागरिकों से अपील की है कि अवैध बांग्लादेशी संदिग्ध व्यक्ति की गतिविधि अथवा पहचान पर संदेह हो तो वे तुरंत टोल फ्री नम्बर पर संपर्क करें। छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश में आंतरिक सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान हेतु उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर पुलिस विभाग द्वारा टोल फ्री हेल्पलाइन नम्बर 18002331905 जारी किया गया है। जो 24 घंटे और सप्ताह के सभी दिनों में सक्रिय रहेगा। इस हेल्पलाइन के माध्यम से राज्य का कोई भी नागरिक अपने क्षेत्र में मौजूद संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों अथवा उनकी गतिविधियों के संबंध में सूचना सीधे पुलिस प्रशासन को दे सकता है। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी ताकि लोग बिना किसी भय के राष्ट्रहित में सहयोग कर सकें। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि देश की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सुशासन की सरकार राज्य को घुसपैठियों और अवैध गतिविधियों से मुक्त रखने के लिए प्रतिबद्ध है। जब तक ऐसी ताकतों को जड़ से नहीं उखाड़ा जाएगा तब तक हमारे नागरिकों की सुरक्षा और शांति खतरे में रहेगी। यह हेल्पलाइन आम जनता को एक सीधा, सुरक्षित और प्रभावी माध्यम प्रदान करती है जिससे वे देशहित में अपनी भागीदारी निभा सकें। राज्य में अवैध बांग्लादेशी नागरिको की सूचना पर पूरी ताकत के साथ जांच और पहचान कर रही है। उपमुख्यमंत्री ने पुलिस विभाग को निर्देश दिए हैं कि वे इस हेल्पलाइन पर प्राप्त हर सूचना को गंभीरता से लें आवश्यक सतर्कता बरतें और जल्द से जल्द आवश्यक कार्रवाई करें।

# प्राथमिक शाला सिकोसा में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

**गुण्डरदेही,** 26 जून (देशबन्धु)। शासकीय प्राथमिक शाला सिकोसा में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया जिसमें ग्राम सिकोसा के जनप्रतिनिधि सरपंच प्रीतम ठाकुर उपसरपंच संजय बारले पंच श्रीमती उमा चौरे, पालक महेश महिलकर, मधु महादेवा चित्ररेखा पटेल पूर्णिमा यादव टिकेश्वरी साहू व शाला परिवार के प्रधानपठिका चन्द्रकान्ता ठाकुर शिक्षिका ज्योति दिल्लीवार गीता चंद्राकर भूमिका देवांगन मनीषा पटेल मनीषा मेश्राम व नोमिस कुमार साहू आदि की उपस्थिति रही शाला प्रवेश उत्सव में नवप्रवेशी बच्चों को चॉकलेट बिस्किट पैकेट के साथ पाठ्यपुस्तक गणवेश प्रदान किया गया। उपसरपंच संजय बारले ने पहली के बच्चों को व्यक्तिगत स्तर पर स्लेट व पेंसिल प्रदान कर उनको शुभकामनाएं दी कार्यक्रम पश्चात एक पेड़ मां के नाम पर सभी सदस्य एवं शाला परिवार द्वारा पौधारोपण शाला प्रांगण में किया गया ।



# फरमानिया ट्रस्ट ने बांटे 300 बच्चों को स्टेशनरी



**धमधा**, 26 जून (देशबन्धु)। आज दिनांक 23ण्06ण2025 को शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला के 300 बच्चों को सरस्वती देवी बनारसी दास फरमानिया चैरिटेबल ट्रस्ट पेंड्रा के संचालक सुरेश फरमानिया के द्वारा स्टेशनरी सामग्री का वितरण किया गया जिसमें कक्षा 1 से लेकर के कक्षा 8 तक के बच्चों को पेनए कॉपीए पहाड़ाए कंपास बॉक्स और बैग वितरित किए गए । इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुरेश फरमानिया की प्रमाण समिति अध्यक्ष श्रीमती सुनीता सिंह ललित वर्मा विक्रम सिंह जी एवं स्कूल के सभी शिक्षक उपस्थित रहे। बच्चे स्टेशनरी सामग्री पाकर बहुत ही उत्साहित और खुश हुए और सभी ने सुरेश फरमानिया जी को धन्यवाद दिया।

## बर्तन बैंक का शुभारंभ



**धमधा**, 26 जून (देशबन्धु)। नगर मे धनलक्ष्मी स्वसहायता समूह द्वारा बर्तन बैंक स्थापित किया गया जिसका शुंभारभ नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमति श्वेताप्रंशात अग्रवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम मे डिस्पोजल के दुष्प्रभाव के बारे मे अध्यक्ष द्वारा बताया गया एंव पार्षद श्रीमति शशी यादव,संगीता साहु,कुमारी बाई टोन्ड्रो , कीर्ति ताम्रकार, श्वेता शर्मा, कोयल मरकाम एंव अन्य गणमान्य महिलाए सहायता समूह के अध्यक्ष कु. विघा वर्मा, कु. मंजू अवसरिया एंव समूह की महिलाएं उपस्थित थी।

डिस्पोजल मुक्ति के लिए एक छोटा सा प्रयास बर्तन बैंक से बर्तन ले जाएं।

## मुड़िया में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम



**डोंगरगढ**, 26 जून (देशबन्धु)। क्षेत्र की विधायक हर्षिता स्वामी बघेल शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुईं। यह उत्सव नवीन शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ और विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन के लिए आयोजित किया गया था। विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने और उज्ज्वल भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज और देश के विकास का आधार है। इस दौरानए विधायक ने नए प्रवेश लेने वाले बच्चों को पाठ्यपुस्तकें और शिक्षण सामग्री भी वितरित कीं। उन्होंने स्कूल में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। शाला प्रवेश उत्सव में बड़ी संख्या में छात्र.छात्राएंए अभिभावक और स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित थेए जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

# आपातकाल,काले अध्याय का 50 वर्ष पूर्ण होने पर डौण्डी में संगोष्ठी कार्यक्रम



**डौण्डी,**26 जून (देशबन्धु)। कांग्रेस द्वारा 25 जून 1975 को देश भर में थोपे गये आपातकाल कांग्रेस पार्टी के तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के द्वारा लोकतंत्र को कुचलकर आपातकाल के काले अध्याय को देशवासियों पर थोपा गया था ,इस विषय पर गुरुवार को पुलिस ग्राउंड सामुदायिक भवन में 26 जून 2025 दिन गुरुवार को मंडल स्तरीय आपातकाल की त्रासदी व संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह आयोजन के मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा नेता श्याम जायसवाल की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रमुख वक्ता श्याम जायसवाल ने कहा कि25 जून 1975 को इंदिरा गांधी के द्वारा लगाए गए आपातकाल लागू कर देश भर में डर का माहौल बना कर जो भी आपातकाल का विरोध किया उनको जेलों में डालकर नजर बंद करने का काम किया गया था जिसमें देश विपक्षी पार्टी के नेताओं, पत्रकारों को नजर बंद , जबरदस्ती नसबंदी कराया जिसका विरोध विपक्षी नेताओं ने किया । प्रेस समाचार के बिजली काट दी गई एवं कांग्रेस की षड्यंत्र कारी राजनीति के खिलाफ कुछ भी छापने से दबाव बनाकर मना कर दिया गया। श्याम जायसवाल ने यह भी कहा की जो लोग आज संविधान बचाओं का नारा दे रहे हैं वहीं इतिहास में संविधान को सबसे ज्यादा बार कुचल चुके हैं।आपातकाल काल संगोष्ठी कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष डॉ. रुपेश कुमार नायक ने भी अपने स्वागत भाषण में आपातकाल की 50 वर्ष पूर्ण होने पर कठोर प्रहार करते हुए अपने विचार रखते हुए कहा की आपात काल एक कठिन दौर था जिसमें समाज के सभी वर्गों को दबाया गया एवं बोलने की आजादी के अधिकार को भी कुचल दिया गया।

## छत्तीसगढ़ विधानसभा के षष्टम् सत्र के दौरान अवकाश पर प्रतिबंध

**बालोद**, 26 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ षष्टम विधानसभा का षष्टम सत्र 14 जुलाई 2025 से 18 जुलाई 2025 तक आहूत किया गया है। जिसके अंतर्गत विधानसभा पंचम सत्र के दौरान अधिकारी.कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिंबध रहेगा। अपर कलेक्टर ने बताया कि विधानसभा के षष्टम सत्र के दौरान वांछित जानकारी शासन को यथा शीघ्र समयावधि में भेजने हेतु अधिकारी.कर्मचारियों को मुख्यालय में उपस्थित रहना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि विधानसभा षष्टम सत्र 2025 के दौरान कलेक्टर के बिना पूर्व अनुमति के अवकाश पर प्रस्थान नहीं करंगे और न ही मुख्यालय से बाहर रहेंगे।

# पीएमश्री सेजेस की प्रतिभाशाली छात्रा खुशी कुर्रे का चयन श्रेष्ठा में

**कुम्हारी,** 26 जून (देशबन्धु)। पीएमश्री सेजस कुम्हारी की कक्षा 8 वीं की प्रतिभाशाली छात्रा खुशी कुर्रे, ने अपने कठिन परिश्रम, दृढ़ निश्चय और उच्च लक्ष्य से शिक्षा के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। खुशी ने न केवल अपने विद्यालय, बल्कि पूरे जिले का गौरव बढ़ाया है।



खुशी कुर्रे ने वर्ष 2024-25 में आयोजित विभिन्न राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है उसने कक्षा 8 वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार 93.89त्न अंक प्राप्त किए, प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में राज्य स्तर पर 38 वाँ रैंक प्राप्त कर चयनित हुईं, श्रेष्ठा योजना (SRESHTA - राष्ट्रीय सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा संचालित आवासीय योजना) में अखिल भारतीय स्तर पर 57 वाँ रैंक प्राप्त कर चयन में सफलता अर्जित की, राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा (हस्स्स्ध्) में 129 अंक अर्जित कर जिले में पाँचवाँ स्थान प्राप्त किया। इन सभी उपलब्धियों ने खुशी को जिले की सर्वश्रेष्ठ छात्राओं में स्थान दिलाया है। उसकी यह सफलता सामाजिक पृष्ठभूमि की सीमाओं को पार कर, शिक्षा के प्रति समर्पण और लगन का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करती है।

विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती लता रघुकुमार ने खुशी को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं और कहा कि च्खुशी की सफलता विद्यालय के समर्पित शिक्षकों, अभिभावकों के सहयोग, और सबसे बढ़कर छात्रा की अथक मेहनत का ही परिणाम है। वह अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्रोत बन गई है। विद्यालय के स्टाफ, अभिभावक संघ और सहपाठियों ने भी खुशी को इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाइयाँ दीं। मिडिल स्कूल की प्रधान पाठिका श्रीमती शीतल नैय्यर तथा सभी शिक्षकों सुजीत सी. आर, लीना सिंग,ऋतु राव, समीरा पाण्डे, संतोष प्रिय, मनीष मेश्राम और डुप्ले सिन्हा को प्राचार्य द्वारा बधाई दि गई और कहा की इन सबके निरंतर मार्गदर्शन और समर्पण से ही खुशी के लिए यह सफलता संभव हुई। प्राचार्य ने आशा व्यक्त की है कि खुशी जैसी छात्राएं आने वाले समय में राज्य और देश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी रोशन करेंगी।

## प्रादेशिकी का शेष...

**निगम कर्मचारियों, अधिकारियों की ...**

दी गई। इससे तालाब की सारी मछलियां मर गई और वार्ड क्रमांक 17 औद्योगिक नगर उत्तर पूर्व एवं औद्योगिक नगर दक्षिण में बदबू फैल रही है।

ज्ञापन सौंपने वालों में पार्षदगण दीपक साहू, भास्कर कुंडले, मनीष बघेल, अश्वनी निषाद, रूबीना हमीद खोखर, मनीषा सोनी, नीरा खिचरिया, पायल पाटिल, रेखा बंजारे शामिल थे।

**जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने किया ...**

किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने स्वच्छता का विशेष ध्यान देने पर जोर देते हुए जेल अधीक्षक को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि बंदियों को प्रदान की जाने वाली सभी मौलिक सुविधाएं, जिनमें स्वच्छ वातावरण, पौष्टिक भोजन, नियमित चिकित्सा जाँच और शिक्षा के अवसर भी सम्मिलित हैं को बिना किसी व्यवधान के प्रदान किया जाना सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव, जेल अधीक्षक, जेल के अधिकारी एवं कर्मचारीगण तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरालीगल वालेंटियर उपस्थित रहे।

**ऑपरेशन तलाश ...**

किया गया। समीक्षा बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) सुखनंदन राठौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पद्मश्री तंवर, नगर पुलिस अधीक्षक दुर्ग चिराग जैन, नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर सत्यप्रकाश तिवारी, नगर पुलिस अधीक्षक छावनी हरीश पाटिल उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय एलेक्जेंडर कीरो एवं समस्त थाना एवं चौकी प्रभारी एव उनका स्टाफ उपस्थित रहे।

**महापौर व सभापति आज करेंगे ...**

बरमेचा का भी विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है । स्पर्धा में अब तक 120 खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। सभी वर्गों से चार चार खिलाडियों का चयन राज्य शतरंज चैंपियनशिप के लिए किया जाएगा जो कि आगामी माह में भिलाई में आयोजित है। स्पर्धा में सीनियर वर्ग महिला वर्ग एवं अंडर 15 बालक एवं बालिका वर्ग में प्रथम से चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं अंडर 7, 9, 11एवं अंडर 13 बालक एवं बालिका वर्ग में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को मोमेंटो प्रदान किया जाएगा। इंटरनेशनल आर्बिटर अलंकार भिवगड़े स्पर्धा के चीफआर्बिटर एवं फिड़े आर्बिटर रॉकी देवांगन डिप्टी चीफ आर्बिटर व सहायक आर्बिटर के रूप में सीनियर नेशनल आर्बिटर अनिल शर्मा होंगे। आयोजन में दिनेश जैन, ललित वर्मा, मोरध्वज चंद्राकर, दिनेश नलोडे, अजय राय, गुलाब चौहान, संजय खंडेलवाल, त्रिलोक सोनी, हरीश सोनी, शेख लतीफ विक्रम सिंह, चंदन विश्वकर्मा सहित अन्य लोगों का सहयोग मिल रहा है।

**उद्यमिता को बढ़ावा देने ...**

हुए उक्त आशय के विचार व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि दुर्ग इन्क्यूबेशन हब, जिला प्रशासन और टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस के संयुक्त प्रयास से आयोजित इस सम्मेलन में विशेषज्ञों द्वारा कृषि के क्षेत्र में स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने अच्छी जानकारियां दी गई। जिससे कृषि उत्पादकों के मार्केटिंग में आसानी होगी। सम्मेलन में विषय विशेषज्ञ उद्यमियों द्वारा आधुनिक धनवान और कुशल भारत, क्लाइमेट स्मार्ट खाद, पशुपालन सेवाएं, नवीनतम मत्स्य पालन एवं पैकेजिंग, ड्रोन आधारित प्रशिक्षण व महिलाओं को ड्रोन संचालन की पहल की जानकारी दी गई। इस दौरान स्टार्टअप्स के साथ खुली चर्चा में प्रतिभागी किसानों ने अपनी शंकाओं का समाधान किये। सम्मेलन में उद्यमिता विशेषज्ञ राहुल धीगरा, प्रोफेसर सत्यजीत मजूमदार, सी.जी.घोष और मिथलेश मुखर्जी के अलावा कृषि वैज्ञानिक डॉ.रोशनी वर्मा व डॉ.सियाराम सहित बड़ी संख्या में जिले के महिला एवं पुरूष कृषक सम्मिलित हुए।

**सामाजिक कार्यक्रमों में ...**

रामाधार साहू, चन्द्रहास साव, तीरथ साहू, सीतादेवी साहू, संत कुमार साहू, प्रीतमदास साहू, समाज सेवी शेखर साहू, राजाराम साहू दीवान, कौशल साहू, थानूराम साहू समाज सेवक आदि भारी संख्या में कबीर पंथ समाज के अनुयायी एवं भक्तजन उपस्थित थे ।

**कलेक्टर और लोकसेवा आयोग सदस्य ने ...**

अंतर्गत आज परीक्षा केन्द्र में 362 परीक्षार्थी उपस्थित थेए वहीं 33 परीक्षार्थी अनुपस्थित होना बताया गया। राज्य सेवा मुख्य परीक्षा.2024 अंतर्गत 26 जून से 29 जून तक दो पालियों में परीक्षा आयोजित की जा रही है। इस अवसर पर जिले के परीक्षा प्रभारी डिप्टी कलेक्टर हितेश पिस्दा एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

**दुर्ग जिले में अवैध रूप से ...**

सूचना की तस्दीकी एवं वैधानिक कार्यवाही एसटीएफ एव पुलिस द्वारा किया जा सके। टोल फ्री नंबर के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु विभिन्न सार्वजर्व निक एवंनिजी क्षेत्र के औद्योगिक प्रतिष्ठानों एवं शैक्षणिक संस्थानों में भी पोस्टर, स्टिकर एवं बैनर लगाए गए हैं। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) सुखनंदन राठौर, नगर पुलिस अधीक्षक भिलाईनगर एवं एसटीएफ प्रभारी सत्य प्रकाश तिवारी, रक्षित निरीक्षक नीलकंठ वर्मा एवं जिले के पेट्रोलिंग कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पिछले 11 वर्षों से देश अघोषित आपातकाल के दौर से गुजर रहा है:विधायक अनिला

**दल्लीराजहरा,** 26 जून(देशबंधु)। पूर्व मंत्री व डौण्डीलोहारा विधानसभा की विधायक अनिला भेड़िया ने कहा की देश में 25जून 1975 में लगे आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा ने देश भर में आपात काल का कार्यक्रम मना कर भाजपा इसे काला अध्याय बता कर जनता को देश की बदहाल राजनीतिक आर्थिक परिस्थतियों से भटकाने का प्रमास कर रही है। अनिला भेड़िया ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा की पूरे संविधान को बदलने के लिए भाजपा ने जनता से चार सौ पार का जनादेश मांगा था लेकिन जनता ने उनकी मंशा को भांप कर उन्हें एकछत्र सत्ता संचालन से दूर रखा। आज जनता जाग चुकी है,भाजपा की राजनीतिक सच्चाइयों से अवगत हो गई है ,भाजपा की नीतियों से लगातार जनता के साथ भाजपा के कार्यकर्ता भी खुद को दूर कर रहे। देश का छात्र युवा किसान अपने मुददों पर आंदोलित है, लेकिन भाजपा को यह दिखाई नहीं देता है। विधायक अनिला भेड़िया ने आगे कहा की पिछले 11 वर्षों से देश अघोषित आपातकाल के दौर से गुजर रहा है। भाजपा के शासनकाल में शासन से सवाल पुछना अपराध बन गया है। सवाल पुछने पर विपक्ष के सांसदों को निलंबित किया जा रहा है। भाजपा की पूंजीवाद व राजनीतिक गठजोड़ ने देश के आम नागरिकों के मौलिक अधिकारों पर चरणबद्ध तरीके से हमला किया है,यह आपातकाल नहीं तो और क्या है। 50 साल पूर्व के आपातकाल पर भाजपा कांग्रेस पर आरोप लगा कर अपने राजनीतिक चरित्र को साफ दिखाने की कोशिश कर रही है। नैतिकता की दुहाई देने वाले और कांग्रेस शासन काल की निंदा करने वाले भाजपा नेताओं को अपने दामन के दाग नहीं दिखाई नही देते जिन्होंने आंदोलित किसानों को खालिस्तानी जातिगत जनगणना की मांग करने वालों को अर्बन नक्सल कहा, आज सीधे सीधे नजर आ रहा की देश की सत्ता का संचालन बैगर आपातकाल लगाए अघोषित रूप से तानशाही फरमान के माध्याम से चलाया जा रहा है।



## निधन

**श्रीमती निराशा बाई ध्रुव**



महासमुंद 26 जून (देशबंधु)। ग्राम खैराभाठा निवासी श्रीमती निराशा बाई धुव 75 वर्षीय का बुधवार को निधन हो गया। वे फिरंता धुव की धर्मपत्नी, पुनीत धुव, पुनारद धुव की भाभी एवं विश्वनाथ राजू धुव, ईश्वर धुव, वीरेंद्र ध्रुव, गजेंद्र ध्रुव की माता, दिव्यांश, होमेश की दादी थी। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को किया गया।

# आपातकाल के 50 वर्ष: बेमेतरा में लोकतंत्र प्रहरी हुए सम्मानित

- संविधान दिवस पर जनप्रतिनिधियों का संदेश :लोकतंत्र सर्वोपरि
- आपातकाल की विभीषिका, जनप्रतिरोध और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए हुए संघर्षों को याद किया गया



**बेमेतरा,** 25 जून (देशबन्धु)। भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में काले अध्याय के रूप में दर्ज आपातकाल लगाए जाने के 50 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर च्संविधान हत्या दिवस-2025ज्के अंतर्गत आज कृषि मंडी प्रांगण बेमेतरा में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर आपातकाल की विभीषिका, जनप्रतिरोध और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए हुए संघर्षों को याद किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य मंत्री दयालदास बघेल थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक दीपेश साहू, विधायक ईश्वर साहू, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ रजकर बोर्ड प्रह्लाद राजकर, नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, जनपद अध्यक्ष श्रीमती हेमा दिवाकर, अजय साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, एनसीसी, स्काउट-गाइड्स के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

मंत्री बघेल ने अपने संबोधन में कहा कि आपातकाल भारतीय लोकतंत्र पर गहरा आघात था। संविधान और मौलिक अधिकारों को कुचलने वाली यह घटना लोकतंत्र की चेतावनी है। यह नई पीढ़ी के लिए एक सबक है कि लोकतंत्र की रक्षा सतत जागरूकता और संघर्ष से ही संभव है। यह हमारा दायित्व है कि हम लोकतंत्र की मर्यादा बनाए रखें और ऐसे किसी भी प्रयास का विरोध करें जो संविधान और नागरिक स्वतंत्रताओं को कमजोर करे।

इस अवसर पर मंत्री बघेल द्वारा आपातकाल के दौरान जेल गए मिसाबंदी भुवनेश्वर प्रसाद तिवारी, हरदयनारायण निर्वाणी, स्व. महेश कुमार तिवारी (पूर्व विधायक) की धर्मपत्नी श्रीमती शारदा तिवारी, स्व. बीरेन्द्र कुमार दानी के पुत्र आशीष दानी तथा स्व. मुखी राम साहू के पुत्र सुरेश कुमार साहू को शॉल व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

विधायक दीपेश साहू ने कहा कि आपातकाल का दौर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और नागरिक अधिकारों पर सबसे बड़ा प्रहार था। यह लोकतंत्र की परीक्षा की घड़ी थी। विधायक ईश्वर साहू ने कहा आपातकाल के समय किए गए संघर्ष हमें संविधान की रक्षा हेतु सदैव प्रेरित करते हैं। लोकतंत्र को सशक्त बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है7 पूर्व विधायक अवधेश चंदेल और प्रह्लाद राजकर भी संबोधित किया । आपातकाल से जुड़ी जानकारी दी ।

कार्यक्रम में आयोजित छायाचित्र प्रदर्शनी में आपातकाल से जुड़ी घटनाओं, संघर्षों और जनआंदोलनों की झलक प्रस्तुत की गई, जिसे सभी उपस्थितजनों ने गहरी रुचि से देखा। इस अवसर पर एक रैली भी निकाली गई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने लोकतंत्र और संविधान की रक्षा का संदेश देते हुए भाग लिया।

# भूपेन्द्र सवन्नी का भाजपा ने किया स्वागत

**बेमेतरा,** 25 जून (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं दुर्ग संभाग के प्रभारी भूपेन्द्र सवन्नी के अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण क्रेडा के अध्यक्ष बनने के बाद बेमेतरा प्रथम आगमन पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजेन्द्र शर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रताप चौक में स्वागत किया इस अवसर पर खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल विधायक दीपेश साहू विधायक ईश्वर साहू का भी स्वागत भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया ।

अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी ने उपस्थित कार्यकर्ताओं के प्रति आभार प्रगट किया एवं क्रेडा उद्देश्य के बारे में बताया कि सोलर एनर्जी को अब वैकल्पिक ऊर्जा के रुप में शामिल किया जा रहा है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार की प्राथमिकता में सोलर एनर्जी शामिल है छत्तीसगढ़ राज्य। क्रेडा के द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका उद्देश्य अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देना और ऊर्जा दक्षता में सुधार करना एवं बढ़ावा देना जैसे किसानों को सोलर पंप गांव में सोलर लाइट देना ।भूपेन्द्र सवन्नी जिला भाजपा द्वारा आयोजित आपातकाल के 50 साल पूरे होने के कार्यक्रम में एवं जिला भाजपा के कोर ग्रुप की बैठक में शामिल होने बेमेतरा पहुंचे थे। क्रेडा अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी के स्वागत में जिलाध्यक्ष अजय साहू रजक बोर्ड अध्यक्ष प्रहलाद रजक पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी पूर्व विधायक अवधेश चंदेल पूर्व विधायक लाभचंद बाफना पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा जनपद अध्यक्ष हेमा दिवाकर जिला महामंत्री नरेन्द्र वर्मा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष परमेश्वर वर्मा मंडल अध्यक्ष युगल देवांगन नथमल कोठारी प्रदीप तिवारी अनिल माहेश्वरी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष गुरुदयाल चावला बलराम पटेल अंजू बघेल राहुल टिकहरिया प्रीतम चंदेल टारजन साहू निखिल साहू नीतू कोठारी ललिता साहू निशा चौबे पंचू साहू ज्वाला सिंह ठाकुर अकीब मलकानी रोशन दता लक्की साहू आदर्श जोशी गोपी देवांगन मोहन वर्मा हेवेन्द्र वैष्णव गुड्डा संतोष पूरी भरत साहू शिवनंदन पटेल सुदामा पटेल मुनेश पटेल अश्वनी पटेल राजेश साहू विकास घरडे विकास तंबोली महेश साहू नारद साहू श्यामलाल साहू पंचू वर्मा मोहन वर्मा युगल साहू ओमेश्वर बंजारे परमेश्वर साहू परमेश्वर गायकवाड लाला साहू रामवतार साहू उपस्थित थे।



**बेमेतरा, 25 जून ( देशबन्धु )। बेमेतरा,वार्ड 16 स्थित शासकीय नवीन पूर्व माध्यमिक शाला में मनाया प्रवेशोत्सव इस अवसर पर पार्षद नीतू कोठारी और पार्षद रश्मि फणेनद्र मिश्रा अतिथि के रूप में उपस्थित थीं।**

# आत्मानंद स्कूल की अव्यवस्था से विद्यार्थी विद्यालय छोड़ने हो रहे मजबूर

## मैं कलेक्टर से नहीं डरता अपने हिसाब से काम करता हूं शैलेंद्र बारमाते

**थानखम्हरिया,** 26 जून (देशबन्धु)। स्थानीय आत्मानंद स्कूल सहित अनेक शासकीय विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था का बुरा हाल है। शिक्षा सत्र की शुरूआत हो गयी है लेकिन पुस्तक सहित अन्य संसाधन नदारत है।






स्कूल मैदान गंदे पानी एवं कीचड़ से लबालब है। पानी निकासी की समुचित व्यवस्था न होने से शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है यह समस्या वर्षों से यथावत बनी हुयी है। प्रशासन ऑख मूंद कर सोया हुआ है। पिछले 6 सालों में समग्र शिक्षा के तहत करोड़ों रू. स्वीकृत हुआ उसके बावजूद स्कूलों में मरम्मत कार्य अधूरा है। कई स्कूल बिल्डिंग में दरार पड़ चुकी है। एक तरफ सरकार स्वच्छता अभियान को तेज करने में लगी हुई है वहीं आत्मानंद विद्यालय, भारतमाता कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सामने मवेशियों का जमघट लगा रहता है और गंदगी फैली रहती है। साफ - सफाई व्यवस्था तो छोड़ दीजिए टॉयलेट, बाथरूम का बुरा हाल है। आत्मानंद स्कूल दो शिफ्ट में संचालित होता है। दूसरे शिफ्ट में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। देशबंधु प्रतिनिधि द्वारा विद्यालय का अवलोकन किया गया तो कालखण्ड के समय सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं बैठक रूम में मोबाइल चलाते मिले। प्राचार्य मनीष चौबे अनुपस्थित मिले। कॉल करने पर उनके द्वारा कॉल रिसीव्ह नहीं किया गया है। वही शैलेंद्र बारमाते (शिक्षक) का मोबाइल बंद बताया गया स्कूल जाने पर उन्होंने कहा मैं कलेक्टर से भी नहीं डरता अपने हिसाब से काम करता हूं। विद्यालय में जिला शिक्षा अधिकारी कमल कपूर बंजारे का भी अंकुश नहीं है। सिर्फ खाना पूर्ति करके चले जाते हैं। सूत्रों से पता चला है कि अनेक विद्यार्थी यहॉ की अव्यवस्था को देखकर और शिक्षकों के अध्यापन कार्य में रुचि नहीं लेने के कारण मजबूरीवश अपना टी सी लेकर अन्यत्र विद्यालय में प्रवेश ले रहे हैं। पूर्व सरकार की आत्मानंद स्कूल खोलने की पीछे अच्छी सोच थी लेकिन नौकरशाहों व शिक्षकों द्वारा ईमानदारी से काम नहीं करने के कारण योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। आत्मानंद स्कूल की स्वयं की बिल्डिंग नहीं है इसका निर्माणधीन भवन अधूरा पड़ा है। लंबे समय से काम चल रहा है लेकिन भवन अपूर्ण है। जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा ने दो दिन तक कॉल रिसीव नहीं किया तीसरे दिन बात होने पर अपनी व्यवस्तता बतायी। न जाने शासन, प्रशासन का ध्यान इस ओर कब जाएगा। बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ का नारा कब सार्थक होगा।

# पुलिस की नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी करने वाला भर्ती दलाल गिरफ्तार

**कवर्धा,** 26 जून (देशबन्धु)। पुलिस ने नौकरी लगाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने वाले एक फर्जी दलाल को गिरफ्तार कर एक बड़े जालसाजी मामले का पर्दाफाश किया है।



ग्राम शीतलपानी निवासी आरोपी परदेशी टेकाम पिता प्रताप सिंह टेकाम द्वारा खुद को पुलिसकर्मी बताकर सहायक आरक्षक अथवा एसआई पद पर भर्ती कराने का झांसा दिया जा रहा था। आरोपी ने ग्राम घोठिया निवासी राम बघेल से तीन लाख तीन हजार छह सौ रुपये की ठगी की। इसमें से एक लाख तिरासी हजार छह सौ रुपये खातों के माध्यम से तथा शेष नगद राशि कवर्धा के सिग्नल चौक स्थित एक लॉज के पास आरोपी को दी गई, जिसकी पुष्टि दो गवाहों द्वारा की गई है।

जब पीड़ित द्वारा राशि वापसी या नियुक्ति की मांग की गई, तो आरोपी द्वारा लगातार टालमटोल किया गया। अंततः मामला थाना कोतवाली में रिपोर्ट किया गया, जिस पर थाना कोतवाली में अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

प्रारंभिक पूछताछ में यह संकेत भी मिले हैं कि आरोपी द्वारा अन्य लोगों से भी इसी प्रकार की ठगी की गई हो सकती है, जिसकी जांच की जा रही है।

# मुख्यन्यायाधिपति द्वारा जिला न्यायालय बेमेतरा में डिजिटलाइजेशन सेंटर का किया वर्चुअल उद्धाटन

**बेमेतरा,** 25 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्यन्यायाधिपति रमेश सिन्हा द्वारा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय



बेमेतरा, रायगढ़, जांजगीर-चांपा व कोरबा मे डिजिटलाइजेशन सेंटर का वर्चुअल उद्धाटन किया गया। उक्त वर्चुअल उ?द्घाटन में डिजिटल ई-समंस का भी शुभांरभ किया गया जिसके माध्यम से पक्षकारों को तुरंत ही अपने प्रकरण में पेशी तिथि पर उपस्थित होने हेतु ऑनलाईन जानकारी प्राप्त हो सकेगी। इसके साथ ही प्रदेश के 23 जिलो के जिला अस्पतालों में विडियों कान्फ्रेसिंग सुविधा भी उपलब्ध कराई गई जिसके चलते डॉक्टर, पीड़ित पक्षकार हॉस्पिटल से न्यायालय में विडियों कान्फ्रेसिंग के माध्यम से अपना बयान व उपस्थिति दर्ज करा सकेंगें। मुख्य न्यायाधिपति द्वारा कहा गया कि डिजिटलाइजेशन का उद्देश्य फाइलों में डिजिटल रूप से काम करने के कई फायदे होतें हैं, जैसे दक्षता में वृद्धि, लागत में कमी, बेहतर पहुंच, सुरक्षा में सुधार और पर्यावरण संरक्षण भी शामिल है। प्रदेश के समस्त न्यायालयों के न्यायालयीन दस्तावेजों को डिजिटल फार्मेट में संग्रहित कर पेपर लेस कोर्ट बनाये जाने की ओर एक सुखद कदम है। कार्यकम में स्वागत उद्बोधन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि एक सुदृढ़ न्याय व्यवस्था के लिए हमारे मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा के द्वारा हमेशा एक से बढ़कर एक कदम उठाये गये हैं। इसी विजन के तहत आज प्रदेश के अंतिम चार जिलों के साथ संपूर्ण छत्तीसगढ़ में डिजिटलाइजेशन का कार्य का प्रारंभसाकार रूप लेने जा रहा है।

# पद्मश्री डॉ. सुरेन्द्र दुबे के निधन पर किसान नेता योगेश तिवारी ने व्यक्त किया शोक

**बेमेतरा,** 25 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के गौरव, प्रसिद्ध हास्य कवि



एवं पद्मश्री सम्मान से अलंकृत डॉ. सुरेन्द्र दुबे के निधन का समाचार अत्यंत दु:खद है। उनकी साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक सेवाएं सदैव लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी रहेंगी।

भाजपा किसान मोर्चा के वरिष्ठ नेता योगेश तिवारी ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि, डॉ. सुरेन्द्र दुबे का जन्म बेमेतरा की पावन माटी में हुआ और उन्होंने अपनी हास्य कविताओं के माध्यम से न केवल बेमेतरा, बल्कि पूरे देश और विश्व में इस क्षेत्र का नाम रोशन किया। वह अपने आप में एक संस्था थे, जिन्होंने हास्य साहित्य को नई ऊंचाइयों तक पहुँचाया।

योगेश तिवारी ने आगे कहा कि पिछले पाँच वर्षों से बेमेतरा के बाज़ार चौक में शरद पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित होने वाले कवि सम्मेलन की मुख्य प्रेरणा डॉ. दुबे ही थे। च्उनकी कविताएं आज भी बेमेतरा की जनता की जुबान पर जीवित हैं और रहेंगी।

योगेश तिवारी ने डॉ. दुबे को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा, ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिवार को इस अपार दु:ख को सहने की शक्ति प्रदान करें। ओम् शांति!

भविष्य में, भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने कहाँ कि प्रतिवर्ष शरद पूर्णिमा के अवसर पर च्एक शाम पद्मश्री कवि डॉ. सुरेन्द्र दुबे के नामज्ज से कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, ताकि उनकी स्मृति सदा बनी रहे और आने वाली पीढ़ियां उनकी कविताओं और रचनाओं से प्रेरणा ले सकें।

# स्कूलों में नया शिक्षा सत्र शुरू अब तक पुस्तकें उपलब्ध नहीं

**थानखम्हरिया,** 26 जून (देशबन्धु)। नये शैक्षणिक सत्र को शुरू हुए 10 दिन हो चुके हैं लेकिन अब तक पहली से दसवीं तक के विद्यार्थियों



को शासन की ओर से निशुल्क दी जाने वाली किताबें नहीं मिल पाई है। विद्यार्थी बिना किताबों के क्या पढ़ायी करें।

छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम को बच्चों के भविष्य की चिंता नहीं है इसकी वजह से बच्चों की पढ़ाई लगातार प्रभावित हो रही है। प्रदेश में शासकीय, अशासकीय स्कूलों को हर साल पाठ्यपुस्तक निगम निशुल्क पुस्तक उपलब्ध कराता है। स्थानीय बालक शा. उ. मा. शा. के प्रभारी प्राचार्य रविन्द्र यादव ने बताया कि निगम की ओर से भ्रष्टाचार रोकने किताबों में प्रकाशित होने वाले क्यू आर कोड के कारण देरी हो रही है। सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की बात तो राज्य सरकार कर रही है लेकिन जो सुविधा बच्चों को मिलनी चाहिए वह नहीं मिल पा रही है। एक ओर जहॉ प्राइवेट स्कूल के बच्चे सत्र शुरू होने से पहले ही किताब खरीद चुके हैं वहीं दूसरी ओर सरकारी विद्यालयों में बच्चों को अब तक नई किताबें नहीं मिली हैं। कुछ विद्यालयों के शिक्षकों ने बताया नया सत्र शुरू हो चुका है लेकिन नई किताबें उपलब्ध नहीं होने के कारण पुरानी किताबों से ही बच्चों को पठन-पाठन कराया जा रहा है।

# राज्यपाल ने गोद ग्राम सोनपुरी के विकास कार्यों की समीक्षा

**खैरागढ़,** 26 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका दो दिवसीय दौरे के पहले दिन आज खैरागढ़ पहुंचे। अपने प्रवास के दौरान उन्होंने इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के गेस्टहाउस स्थित सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक लेकर गोदग्राम सोनपुरी के विकास कार्यों की गहन समीक्षा की। राज्यपाल ने शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, जल जीवन मिशन जैसे बुनियादी योजनाओं की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि सभी योजनाओं का लाभ प्रत्येक ग्रामीण तक पहुँचना चाहिए यह सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।



### खेती और प्रोसेसिंग पर बल

राज्यपाल श्री डेका ने ग्राम सोनपुरी में टमाटर की खेती की संभावनाओं को देखते हुए बाड़ी में टमाटर उत्पादन करने कहा। उन्होंने कहा कि टमाटर के अधिक उत्पादन को देखते हुए उसकी प्रोसेसिंग को बढ़ावा देना जरूरी है ताकि किसानों को बेहतर मूल्य मिले और फसल की बर्बादी न हो।

### शत-प्रतिशत योजना लाभ का निर्देश

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत शत-प्रतिशत कार्ड बनाए जाएं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से वंचित किसानों को शीघ्र लाभान्वित किया जाए।

### जल जीवन मिशन के तहत नल-जल पहुंच सुनिश्चित करें

जल जीवन मिशन की प्रगति पर चर्चा करते हुए राज्यपाल ने सोनपुरी में प्रत्येक घर तक नल से शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल स्त्रोतों की सततता बनाए रखने के लिए वर्षा जल संग्रहण, सोखता गड्ढे और पारंपरिक जल स्त्रोतों के संरक्षण जैसे उपायों को प्राथमिकता देने को कहा।

### 'एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण का किया आह्वान

राज्यपाल ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत सभी शासकीय भवनों जैसे स्कूल, आंगनबाड़ी, पंचायत भवन और स्वास्थ्य केंद्रों में अधिकाधिक वृक्ष लगाने का आग्रह किया। उन्होंने इसे पर्यावरण और मातृत्व दोनों से जुड़ी एक संवेदनशील पहल बताया।

### शिक्षा में ड्रॉपआउट रोकने निर्देश

शिक्षा विभाग से स्कूल छोड़ चुके बच्चों की जानकारी लेते हुए राज्यपाल ने ऐसे बच्चों को दोबारा विद्यालय से जोड़ने के लिए ठोस पहल करने को कहा। उन्होंने ग्रामीणों को साक्षर बनाने की भी अपील की ताकि वे कम से कम अपना नाम लिख सकें।

### दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए दिए निर्देश

राज्यपाल रमेन डेका ने पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए समुचित उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने खासकर मोटरसाइकिल दुर्घटनाओं की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताई और जागरूकता अभियान चलाने पर बल दिया। उन्होंने शहर में भारी वाहनों की गति को नियंत्रित करने के लिए वाहन मालिकों को अपने चालकों को समझाइश देने कहा साथ ही दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की पहचान कर वहां सुरक्षा उपाय जैसे स्पीड ब्रेकर, चेतावनी बोर्ड आदि लगाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पर संयुक्त सचिव हिना अनिमेष नेताम, कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, पुलिस अधीक्षक लक्ष्य शर्मा, वनमण्डलाधिकारी अधिकारी पंकज राजपूत, जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल, अपर कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर सहित संबंधित जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

# आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर कलेक्ट्रेट में हुआ संविधान हत्या दिवस का आयोजन

**खैरागढ़,** 26 जून (देशबन्धु)। आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति विभाग के निर्देशानुसार संविधान हत्या दिवस का आयोजन जिला प्रशासन द्वारा कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में किया गया। इस कार्यक्रम में मीसा कानून के तहत जेल गए लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित कर उनके संघर्ष को याद किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्मन ताम्रकार, उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष गिरिजा चंद्राकर, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, सांसद प्रतिनिधि खम्मन ताम्रकार व भागवत शरण सिंह, कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल, जिला पंचायत के सीईओ प्रेम कुमार पटेल सहित अनेक जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर मीसाबंदियों ठाकुर सुभाष सिंह व स्व. राम कृष्ण तिवारी के सुपुत्र चैतन्य तिवारी को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आपातकाल के दौर की घटनाओं पर आधारित फोटो प्रदर्शनी, वृत्तचित्र प्रदर्शन तथा परिचर्चा का आयोजन भी किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार, उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह एवं पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने आपातकाल के काले अध्याय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 25 जून 1975 को तत्कालीन केंद्र सरकार ने राजनीतिक लाभ के लिए संविधान को कुचलते हुए आपातकाल घोषित किया था। इससे नागरिकों के मौलिक अधिकार छिन गए। प्रेस की स्वतंत्रता समाप्त हुई और लोकतंत्र को गहरा आघात पहुँचा। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल ने



कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य उस भयावह दौर को स्मरण कर लोकतंत्र के प्रति जागरूकता और प्रतिबद्धता को पुन: मजबूत करना है। मीसाबंदी ठाकुर राम सिंह ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि आपातकाल के दौरान लोकतंत्र रक्षकों को भारी यातनाएं दी गईं। नागरिक अधिकार पहले ही समाप्त कर दिए गए थे और 'सुरक्षा' के नाम पर जनता को जेलों में बंद कर प्रताड़ित किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सुरेन्द्र ठाकुर, एसडीएम खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं स्कूली विद्यार्थियों द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। फोटो प्रदर्शनी के माध्यम से उपस्थित लोगों ने उस कालखंड की घटनाओं को गहराई से देखा और लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# भगवान जगन्नाथ महाप्रभु की रथयात्रा आज

- भंडारा प्रसादी दोपहर 11 बजे से
- सुप्रसिद्ध गजा मूंग का प्रसाद मिलेगा भक्तो को
- भव्य रथ को अपने हाथों से खींचेंगे भक्त
- श्री राम जानकी मंदिर में एकादशी तक विराजेंगे भगवान जगन्नाथ



**राजनांदगांव,** 26 जून (देशबन्धु)। भगवान जगन्नाथ महाप्रभु की भव्य रथयात्रा आषाढ़ शुक्ल द्वितीया, 27 जून शुक्रवार को बड़ी श्रद्धा-भक्ति के साथ धूमधाम से निकाली जाएगी। संस्कारधानी नगरी के गांधी चौक स्थित प्राचीन भगवान जगन्नाथ महाप्रभु के मंदिर से 87 वीं रथयात्रा निकाली जाएगी। पारंपरिक रथ को भव्यता प्रदान की गई है।

श्री जगन्नाथ मंदिर रथयात्रा आयोजन समिति के प्रमुख महेश शर्मा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 27 जून शुक्रवार को गांधी चौक स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में सुबह 8:00 बजे से भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा का विशेष श्रृंगार पूजन किया जायेगा। श्री शर्मा ने बताया कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धालु भक्तों के लिए भंडारा प्रसादी सुबह 11 बजे से दोपहर 02 बजे तक आयोजित है। शोभायात्रा के संदर्भ में बताया गया कि शोभयात्रा प्रारंभ होने के पूर्व दोपहर 2:00 बजे भगवान जगन्नाथ बड़े भाई बलभद्र बहन सुभद्रा एवम सुदर्शन चक्र को भव्य रथ में विराजित किया जाएगा। पूजा, आरती के पश्चात दोपहर 2:30 बजे रथ की रस्सी को सैकड़ों भक्त माता-बहनों एवम बंधुओं द्वारा अपने हाथो से खींचा जाएगा एवं रथयात्रा प्रारंभ होगी। इस दौरान संस्कारधानी की विभिन्न भजन मंडलियों के द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। ढोल नगाड़े की थाप भी रथयात्रा की शोभा बढ़ाएगी।

### रथ यात्रा मार्ग इस प्रकार होगा

रथयात्रा नगर के गांधी चौक से दुर्गा चौक, बालगोविंद चौक, बसंतपुर थाना से सदर बाजार, भारत माता चौक, तिरंगा चौक, रामाधीन मार्ग से श्री श्याम मंदिर गली से कामठी लाइन, भारत माता चौक, आजाद चौक, महाकाल चौक से जयस्तंभ चौक से भ्रमण करते हुए जूनी हटरी स्थित श्री राम जानकी मंदिर पहुंचेगी। यहां जगत के नाथ का स्वागत पारंपरिक सनातन संस्कृति के अनुसार किया जावेगा। भगवान जगन्नाथ बड़े भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा के साथ आषाढ़ शुक्ल एकादशी तक श्रीराम जानकी मंदिर में ही विराजेंगे एवम भक्तो को दर्शन देंगे

रथयात्रा के दौरान सुप्रसिद्ध गजा मूंग का प्रसाद भक्तो को प्राप्त होगा। आषाढ़ शुक्ल एकादशी तक भगवान का रथ इसी मंदिर के द्वार पर खड़ा रहेगा। एकादशी के दिन भगवान पुन: अपने रथ पर विराजमान होकर बाजे गाजे के साथ अपने गांधी चौक स्थित मंदिर में पधारेंगे। इस प्रकार भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा पूर्ण होगी।

श्री जगन्नाथ रथ यात्रा आयोजन समिति ने नगर के धर्म प्रेमी माताओं-बहनों एवं बंधुओं से आग्रह किया है कि वे रथ यात्रा में शामिल हो अपने हाथों से जगन्नाथ महाप्रभु के रथ को खींचकर अपनी मनोकामनाएं पूर्ण करें। जिन मार्गो से रथ निकलेगा उन मार्गो में निवासरत धर्म प्रेमी माता, बहने एवम बंधु अपने अपने द्वार पर जगन्नाथ महाप्रभु का दर्शन पूजन कर प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ प्राप्त कर सकते हैं।

### श्री सत्यनारायण मंदिर समिति द्वारा दूध कोल्डड्रिंक वितरण

आषाढ़ शुक्ल द्वितीया भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा आज गांधी चौक स्थित प्राचीन श्री जगन्नाथ मंदिर से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए जब कामठी लाइन पहुंचेगी तब श्री सत्यनारायण मंदिर समिति द्वारा श्री सत्यनारायण धर्मशाला के सामने भगवान श्री जगन्नाथ एवं रथ यात्रा में शामिल भक्तों का भव्य स्वागत शीतल दूध कोल्ड ड्रिंक से किया जावेगा। मंदिर समिति द्वारा अनेक वर्षों से रथ यात्रा में शामिल भक्तों को शीतल पेय का वितरण किया जा रहा है।

# निर्माण कार्यों में रेत की अनुपलब्धता कलेक्टर, आयुक्त व महापौर को सौंपा ज्ञापन



**राजनांदगांव,** 26 जून (देशबन्धु)। विकास निर्माण कार्यों में रेत की अनुउपलब्धता को लेकर छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक बिंदल व कॉन्टैक्टर संगठन के जिला अध्यक्ष संजय सिंघी ने ठेकेदारों के साथ मिलकर कलेक्टर, आयुक्त और महापौर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा है कि रेत की अनुउपलब्धता के चलते विकास निर्माण कार्यों में विलंब हो रहा है।

श्री बिंदल ने बताया कि नगर पालिक राजनांदगांव में वर्तमान में चल रहे निर्माण कार्य एवं निकट समय में जारी किये गये कार्यादेशो के संबंध में लेख है कि शासन द्वारा रेती खनन 16 जून 15 अक्टूबर तक प्रतिबंधित किया गया है। ऐसे में चल रहे निर्माण कार्यो व चालू किये जाने वाल निर्माण कार्यों में रेटी की अनुउपलब्धता होगी। निर्माण एजेन्सीयो के द्वारा रेती की व्यवस्था कर पाना असंभव है। जिसके कारण निर्माण कार्यो में विलंब होना स्वाभाविक है। शासन के द्वारा जारी निर्देशों के परिपेक्ष में नियमो का पालन करते हुए निर्माण कार्यो को प्रतिवधित समय में स्थागत करना होगा । एवम् पुन: रेत खदान प्रारंभ होने पर ही निर्माण कार्य चालू किया जाना संभव होगा। उन्होंने मांग की है कि शासन के दिशा निर्देशो के परिपालान में समस्त जारी कार्यादेशो में 4 माह का अतिरिक्त समयावधी प्रदान की जावे। इस दौरान मुख्य रूप से कॉन्टैक्टर संगठन के जिला अध्यक्ष संजय सिंघी, जिला सचिव आलोक बिंदल, नरेन्द्र यादव, निखिल दास, किसुन यदु, संजय सोनी, शरद अग्रवाल, शीतल साहू, विकेश शर्मा, रविराज, सूरज कन्नौजे, अब्दुल रहीम, हेमराज साहू, हिमांशु सोनवाने, अमन यादव, आशीष चोपड़ा, सूरज कन्नौजे, हरीश शर्मा, सुरेश सिन्हा, नोहर सिन्हा, प्रवीण चक्रधारी, मनोज सिन्हा, योगेंद्र पांडे, कैलाश अहिरवार, गौरव खंडेलवाल, उत्तम जैन, अरुण शुक्ला, अतुल अग्रवाल, दिनेश जेवरानी, कमल सिन्हा, पीयूष शर्मा, समीर श्रीवास्तव, निक्कू सिंह अंकित सिंह, उज्जवल कसेर आदि उपस्थित थे।

# नशा मुक्ति केंद्र में जन-जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

## नशा से बचने चिकित्सा परामर्श व वैज्ञानिक उपायों की दी गई जानकारी



**राजनांदगांव,** 26 जून (देशबन्धु)। शहर के एकीकृत पुनर्वास केंद्र (नशामुक्ति केंद्र), में 26 जून गुरुवार को विश्व नशामुक्ति दिवस के अवसर पर एकीकृत नशामुक्ति केन्द्र में नशा पान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया साथ ही केंद्र में भर्ती पुराने मरीजो ने भी भारत माता की पूजा माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। इस दौरान अथितियो का स्वागत पुष्प गच्छ एवं तिलक लगाकर करने के पश्चात केंद्र समन्वयक अरविंद मेरावी द्वारा केंद्र की गतिविधियों से सभी को अवगत कराया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. योगेश कन्नौजे थे। इसके अलावा संस्था के अध्यक्ष शिशुपाल खोब्रागड़े संस्था के वरिष्ट स्टाफ नागेश मुंजारे सहित केंद्र के पुराने हितग्राही भी हिस्सा रहे जिन्होंने अपने अनुभवों को उपस्थितो के साथ साझा किया।

नशा से बचने की दी गई जानकारी

उपस्थित अतिथियों से अपने वक्तव्य में नशे से बचने के लिए चिकित्सा परामर्श एवं वैज्ञानिक उपायों की जानकारी दी। उन्होंने बताया आज हम एक अत्यंत संवेदनशील और गंभीर विषय पर एकत्रित हुए है। नशा चाहे शराब का हो, तम्बाकू का हो, गांजा, अफीम, ड्रग्स या कोई अन्य पदार्थ — यह धीरे-धीरे शरीर, मन और आत्मा को अंदर से खोखला कर देता है। इससे न केवल व्यक्ति का स्वास्थ्य प्रभावित होता है, बल्कि पूरा परिवार, समाज और राष्ट्र भी इसकी चपेट में आ जाता है।

संस्था अध्यक्ष शिशुपाल खोबगड़े ने समाज में नशे की वर्तमान स्थिति पर प्रकाश डालते हुए इसके उन्मूलन के लिए आवश्यक सामूहिक प्रयासों पर बल दिया और कहा की –

नशा कोई भी हो — शराब, सिगरेट, गांजा, अफीम, ब्राउन शुगर, या सिंथेटिक ड्रग्स — यह शरीर को खोखला और आत्मा को अंधकार में धकेलने वाला धीमा ज़हर है।

आज का यथार्थ यह है जिस देश की युवा पीढ़ी को नव निर्माण की नींव बनना था, वह पीढ़ी आज नशे की गिरफ्त में फँसती जा रही है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना और एक नशामुक्त समाज की दिशा में योगदान देना था। अंत में सभी ने नशा न करने और दूसरों को भी इससे बचाने का संकल्प लिया गया।

# बारिश का पानी भू-गर्भ में जाने घर एवं भवन में वाटर हारवेस्टिंग लगाने नागरिकों से महापौर ने की अपील

**राजनांदगांव,** 26 जून (देशबन्धु)। भू-जल स्तर बढ़ाने एवं वर्षा का पानी भूमि में जाने महापौर श्री मधुसूदन यादव ने नागरिकों से अपने घरों प्रतिष्ठानों एवं भवनों में रेन वाटर हारवेस्टिंग सिस्टम लगाने की अपील की है।

महापौर श्री यादव ने कहा कि हमारे जीवन में जल का विशेष महत्व है। आज पेड़ो की अंधाधुन कटाई एवं शहर व गांव में सीमेंट कांक्रिटिंग रोड निर्माण होने से जमीन के अंदर पानी नहीं पहुच पाता जिससे भूगर्भ में जल की कमी हो गई है। जिससे नदी, तालाबों, कुँओं, हैण्ड पंपों का जल स्तर कम होता जा रहा है और यही स्थिति रही तो भविष्य में पानी की किल्लत एक विकराल रूप ले लेगी। इस समस्या से निपटने के लिये भूमि में जल स्तर बढ़ाने प्रयास करना होगा। इसके लिये हमे घरों व भवनों में रैन वाटर हारवेस्टिंग लगाना चाहिये। जिससे बरसात का पानी छत व आंगन के माध्यम से नीचे जमीन में जाता है, जो जल स्तर को बढाता है। हैण्ड पंप के पास सोक्ता पीठ का निर्माण करना चाहिये,जिससे भी जल स्तर बढता है। उन्होने कहा कि वर्तमान में वर्षा ऋतु चल रही है, वर्षा का पानी भूमि में जल स्तर बढ़ाने का अच्छा माध्यम है, इसलिये वर्षा का पानी भूमि में जाने रैन वाटर हारवेस्टिंग जरूर करावे।

महापौर श्री यादव ने कहा कि रैन वाटर हारवेस्टिंग के लिये नगर निगम द्वारा भवन निर्माण के समय निगम में राशि जमा कराई जाती है और भवन पूर्णता के पहले हारवेस्टिंग सिस्टम लगने की जॉच कर पूर्णता दी जाती है, यदि हारवेस्टिंग सिस्टम नहीं लगाया जाता तो उनकी राशि राजसात कर निगम द्वारा हारवेस्टिंग सिस्टम लगाने नोटिस दिया जाता है, नही लगाने की स्थिति में निगम में जमा एफडीआर राजसात कर उसी राशि से निगम द्वारा संबंधित के घर या भवन में हारवेस्टिंग सिस्टम लगाया जाता है।

महापौर श्री यादव ने सभी घरों व भवनों के मालिको से अपील करते हुये कहा कि इस बरसात वे अपने घरों व भवनों में रैन वाटर हारवेस्टिंग सिस्टम लगावें, जिससे बारिश का पानी जमीन में जा सके, ताकि जल स्तर बढ़ सके। उन्होंने बताया कि निजी के साथ साथ शासकीय भवनों समाजिक भवनों मे भी रैन वाटर हारवेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य रूप से लगानी चाहियें, जिससे बारिश का पानी भूगर्भ मे जा सके।

# गौरव पथ स्थित मेजर ध्यानचंद जी मूर्ति के बाजू छोटी मूर्ति को अज्ञात व्यक्ति द्वारा क्षतिग्रस्त करने पर निगम ने कराई एफ.आई.आर दर्ज

**राजनांदगांव,** 26 जून (देशबन्धु)। नगर निगम द्वारा मूलभूत सुविधा के अलावा चौक चौराहो का सौदर्यीकरण भी किया जाता है। इसी कडी में गौरव पथ रोड में मेजर ध्यान चंद जी के साथ दो अन्य हाकी खिलाडियों की मूर्ति स्थापित की गयी है। जिसमें से मेजर ध्यानचंद जी के बाजू छोटी मूर्ति को अज्ञात व्यक्ति द्वारा क्षतिग्रस्त किया गया है। जिससे शहर के खिलाडियों में आक्रोश है।

मूर्ति क्षतिग्रस्त होने पर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकार्म ने थाना प्रभारी बसंतपुर थाना को अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध कार्यवाही करने एफ.आई.आर. दर्ज करने पत्र प्रेषित किया है। उन्होने कहा है कि संबंधित का यह कृत्य न केवल सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुचाने वाला है बल्कि नगर की समाजिक, सांस्कृतिक एवं खेल भावनााओ को ठेस पहुचाने वाला है। इस घटना से आम नागरिको में आक्रोश एवं असंतोष की भावना उत्पन्न हुई है। उन्होंने कहा है कि ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध कडी कार्यवाही होनी चाहिए जिससे इस प्रकार के अपराध में अंकुश लग सके।

# रेत की कीमतों पर शासन प्रशासन का नियंत्रण नहीं: भागवत साहू

## डंप रेत पर मुनाफाखोर काट रहे चांदी विकास निर्माण कार्यों पर लग सकता है ग्रहण



**राजनांदगांव,** 26 जून (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू ने प्रेस को जारी एक बयान में कहा है कि जिले में रेत की कीमतों पर शासन प्रशासन का नियंत्रण नहीं होने से निजी अर्ध शासकीय व शासकीय निर्माण कार्यों में अड़चने आ रही है उन्होंने कहा कि पुल, पुलिया, गली कंक्रीट कारण, प्रधानमंत्री आवास, निजी आवास आदि के कार्यों में रेत की कीमतें दुगनी होने से काम रुकने लगे हैं अथवा काम शुरू नहीं हो पा रहा है चलते हुए काम रुकने लगे हैं।

श्री साहू ने आगे कहा कि कुछ समय पहले गर्मी के दिनों तक जिले में रेत की आपूर्ति धमतरी और चाराआमा से हो रही थी। अब बरसात लग जाने के कारण वहां की रेत खदाने बंद हो गई है। इधर राजनांदगांव जिले में 5 साल पहले तक दर्जन भर रेत खदान चल रही थी। लेकिन चार-पांच साल से बंद है इस वजह से चोरी छुपे रेत का उत्खनन परिवहन करने वालों ने भारी मात्रा में रेत डंप करके जहां-तहां रखा है अब इस डंप रेट को भारी मुनाफाखोरी करके बेची जा रही है। चार-पांच साल पहले तक 12 हजार व 14 हजार प्रति हाईवे मिलने वाली रेत अब 25 हजार से 26 हजार रुपए प्रति हाईवे बिक रही है। यदि शासन ने रेत की कीमतों पर लगाम नहीं कसा तो शासकीय अर्ध शासकीय व निजी कार्यों के गति पकड़ने पर विराम लग सकता है जिले में बड़ी संख्या में प्रधानमंत्री आवास बनाए जाने हैं। गरीबों के प्रधानमंत्री आवास निर्माण पर रेत के कीमतें बढ़ी होने से ठेकेदार हाथ खींच सकते हैं इस तरह निर्माण कार्यों में बाधा खड़ी होने की आशंका बलवती हो गई है।

रेत गोलीकांड मामला

# एबीवीपी नेता संजय सिंह कभी भी हो सकता है गिरफ्तार, ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापामारी



**राजनांदगांव,** 26 जून (देशबन्धु)। शहर के इतिहास में रेत निकालने पर पिस्तौल चलाने वाली घटना पहली बार हुई है। वीवीआईपी जिले में बिना राजनीतिक संरक्षण के जिस तरह योजना तैयार किया गया था उसका मास्टर माइंड आखिर कौन है। अब पुलिस जिस शख्स संजय सिंह को लेकर लगातार मध्य प्रदेश से लेकर राजधानी तक जिन ठिकानों पर पुलिस दबिश दे रही है उसके मनोबल कभी भी टूट जायेगा या फिर पुलिस पकड़ने में कामयाब हो जाएगी। संगठन ने जिसे छात्रों को शिष्टाचार, ईमानदारी, अपराध मुक्त और त्याग बलिदान की भावना के गुर रहस्य सिखाने जिस संजय सिंह नाम का शख्स है जिसे पुलिस लगातार ढूंढ रही है वो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का विस्तारक के पद और दायित्वों का निर्वहन करने छत्तीसगढ़ आया हुआ था जिस पर गोलीकांड, रेती चोरी जैसे गंभीर आरोपों में पता तलाश जारी है। बताया जा रहा है कि जिस संजय सिंह की तलाश पुलिस को है उसे पकड़ने लगातार टीम लगी हुई हैं और कभी भी या तो सरेंडर या फिर पुलिस पकड़ने में कामयाब हो सकती हैं।

# मनगटा पर्यटन स्थल में कॉम्बिंग गस्त , रिसार्ट, हॉटल, गार्डन और संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश जारी




**राजनांदगांव,** 26 जून (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) मुकेश ठाकुर के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के नेतृत्व में आसामाजिक तत्वों की पहचान करने, चोरी, लूट, झपटमारी, चाकूबाजी, नशीले पदाथों की तस्करी आदि की घटना की रोकथाम के लिए दिनांक 26.06.2025 को थाना सोमनी क्षेत्र के मनगटा पर्यटन स्थल में राजनांदगांव पुलिस द्वारा कॉम्बिंग गस्त किया गया इस अभियान में नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक, प्रभारी अधिकारी थाना सोमनी उनि प्रमोद श्रीवास्तव, थाना प्रभारी घुमका निरीक्षक बसंत बघेल, प्रभारी ओ.पी. सुरगी निरीक्षक संकरगिरी गोस्वामी एवं ओ.पी.तुमड़ीबोड प्रभारी निरीक्षक दिलीप पटेल द्वारा अपने-अपने दलबल के साथ लगभग 40 पुलिस अधिकारी एवं जवानों द्वारा मनगटा स्थित रिसार्ट, हॉटल, गार्डन आदि को चेक कर संदिग्ध व्यक्तियों की पतासाजी की गई, इस दौरान वाहां के होटल एवं रिसार्ट संचालकों के रजिस्टर चेक किये गये, होटल में ठहरने वाले टूरिस्टों की जानकारी संधारण करने एवं अन्य आवश्यक दिशानिर्देश उन्हें दिये गये, होटल एवं रिसार्ट संचालकों को अपने संस्थानों में सीसीटीव्ही कैमरा आवश्यक रूप से लगाने हेतु कहा गया, अभियान के दौरान वहां रूके पर्यटकों व घुमने आये लोगों के आधार कार्ड, पेनकार्ड, ड्राईविंग लायसेंस, पासपोर्ट आदि चेक कर तस्दीक किया गया। किसी प्रकार के संदिग्ध व्यक्ति मिलने पर उनके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। इस प्रकार जिले के अन्य संदिग्ध इलाकों में भी कॉबिंग गस्त एवं चेकिंग आगे भी जारी रहेगी।

# नकबजनी के दो प्रकरण में 2 आरोपी सहित 2 अपचारी बालक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया जेल



**राजनांदगांव,** 26 जून (देशबन्धु)। घटना का संक्षिप्त विवरण- प्रार्थी मोह0 शाहरूख खान पिता स्व0 कदीर खान उम्र 32 वर्ष निवासी तुलसीपुर बख्तावर चाल राजनांदगांव का दिनांक 11.06.2025 को थाना उपस्थित आकर लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि यह दिनांक घटना 07.06.2025 की रात्रि करीब 8.00 बजे अपने पूरे परिवार के साथ घर में ताला लगाकर बांधाबाजार अं0 चौकी अपने ननिहाल गया था। दिनांक 08.06.2025 की रात्रि करीब 10.30 बजे वापस अपने घर बख्तावर थाल राजनांदगाव आया देखा घर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था घर के भीतर जाकर देखा आलमारियों का लॉक भी टूटा हुआ था सामान विखरा पड़ा था। आलमारी में रखे नगदी रकम 30,000 रूपये सोने के विभिन्न जेवरात किमती 2,00000 रूपये जुमला किमती लगभग 2,30,000/- रूपये किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले जाना बताया कि रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलॉफ अप0क्र0 285/25 धारा 331(4), 305 (ए), 3(5) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। एवं प्रार्थी बेला प्रसाद पिता स्व0 एम0आर0 प्रसाद उम्र 72 वर्ष साकिन राज डेन्टल क्लीनिक के बाजू वाली गली टांकापारा वेसलियन स्कूल के पास राजनांदगांव द्वारा दिनांक 13.06.2025 को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 07.05.2025 को घर में ताला लगाकर अपने परिवार सहित कोयम्बटुर (तमिलनाडु) गये थे। दिनांक 10.06.2025 को इसके पड़ोसी भाइ अनुराग शैमुअल फोन कर घर एवं आलमारी का ताला को टुटा होंने व घर का समान बिखरा पड़े होने की जानकारी दिया गया। दिनांक 12.06.2025 को कोयम्बटुर (तमिलनाडु) से वापस राजनांदगांव आकर देखे तो घर के दरवाजा एंव अंदर के आलमारी टुटा हुआ था, आलमारी में रखे सोने के विभन्न जेवरात किमती 43,000 यपये एवं नगदी रकम 15,000 रूपये जुमला किमती 58,000 रूपये नहीं था, किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले जाना बताया कि रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलॉफ अप0क्र0 286/25 धारा 331(4), 305 (ए), 3(5) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। दोनों धटना की जानकारी से वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल अवगत कराया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रामेन्द्र सिंह के नेतृत्व में तत्काल टीम गठित कर दोनों घटना स्थल में रवाना किया गया, धटना स्थल एवं उसके आसपास लगे सीसीटीव्ही कैमरे के फुटेज को खंगाला गया, एवं मुखबीरों से संपर्क पता उठाया गया, फुटेज में मिले क्लु के आधार पर घटना स्थल से खैरागढ़ की ओर टीम रवाना कर रास्ते में लगे सीसीटीव्ही कैमरे को चेक कराया गया। सीसीटीव्ही कैमरे फुटेज में मिले क्लु के आधार पर आरोपी 01. दीपक बघेल पिता चंदू बधेल उम्र 25 वर्ष साकिन पिपरिया थाना खैरागढ़ जिला केसीजी हाल पता विजय नगर पुराना बाजार चौक फेमस बिल्डिंग के पास गली नं. 08 नागपुर थाना कलमना जिला नागपुर (महाराष्ट्र) 02. लालचंद उर्फ चंद्रकुमार वर्मा पिता सुदर्शन वर्मा उम्र 20 वर्ष साकिन पिपरिया थाना खैरागढ़ जिला केसीजी (छ0ग0) एवं 02 अपचारी बालक को धेराबंदी कर पकड़ा गया, चारों को राजनांदगांव लाकर घटना के संबंध में पूछताछ करने दोनों धटना में सोने चांदी के जेवरात एवं नगदी रकम को चोरी करना स्वीकार किया गया, आरोपियों के कब्जे से चोरी गया जेवरात जुमला किमती 2,43,000 रूपये एवं घटना में प्रयुक्त स्कुटी क्रमांक सीजी 08/ए.जेंड. 5216, लोहे का राड़, पेचकस एवं एक मोबाईल को जप्त किया गया। नगदी रकम को खाने पीने में खर्च कर लेना बताये। आरोपियों के खिलॉफ प्रर्याप्त अपराध सबूत पाये जाने आज दिनांक 26.06.2025 को विधिवत गिरफ्तार न्यायिक अभिरक्षा में न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने पर दो आरोपियों को जिला जेल में एवं 02 अपचारी बालकों को बाल संप्रेक्षण गृह राजनांदगांव में दाखिल किया गया।उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रामेन्द्र सिंह, सायबर सेल प्रभार निरीक्षक विनय पंम्मार, सउनि सुमन कर्ष, उप निरीक्षक राधेश्याम जूर्री, सउनि0 इसराफिल खान, प्र0आर0 चालक मिलन साहू, आरक्षक प्रदुमन पैकरा, अवध साहु, परिवेश वर्मा, प्रख्यात जैन, जोगेश राठौर एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

संपादकीय

## अधिकारी दें स्वच्छता को प्राथमिकता

रायपुर नगर निगम के कमिश्नर विश्वदीप ने जोन अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे सुबह 6.30 बजे अपने इलाकों में जाकर सफाई सम्बन्धी सभी कामों का प्रत्यक्ष निरीक्षण करें। उन्होंने स्वच्छता को सर्वोच्च वरीयता देने को भी कहा है। निश्चित रूप से यदि जोन अधिकारी सुबह पहुंचते हैं तो इसका बड़ा फर्क पड़ेगा। सफाई का काम ठेकेदारों द्वारा सुबह-सुबह शुरू किया जाता है। यदि जोन के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर उपस्थित रहते हैं तो काम न केवल वक्त पर प्रारम्भ होगा बल्कि निर्धारित संख्या के अनुरूप सफाईकर्मियों की मौजूदगी तथा उनके द्वारा काम को ठीक से अंजाम दिया जाना भी सुनिश्चित हो सकेगा। घरों से कचरा उठाने का काम भी सही तरीके से हो सकेगा। यदि जोन अधिकारी इस निर्देश का ठीक से पालन करें तो निश्चित रूप से शहर का परिदृश्य बदल सकता है।

रायपुर नगर निगम ही नहीं, कुछेक नगरीय इलाकों को छोड़कर छत्तीसगढ़ के तकरीबन सारे ही शहर और कस्बे गंदगी से अटे पड़े हैं। सभी में साफ-सफाई एक बड़ी चुनौती है। कूड़ों का निपटान कहीं भी संतोषजनक दिखाई नहीं देता। अंबिकापुर ही सुखद एहसास देता है जो तकरीबन हर वर्ष केन्द्रीय शहर विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित स्वच्छता स्पर्धा में पुरस्कार प्राप्त करता है। बाकी किसी भी शहर की उल्लेखनीय रैंकिंग नहीं रहती। इससे ज्ञात होता है कि राज्य के नगरीय निकाय इस दिशा में कितने असफल साबित हुए हैं। राज्य के अन्य छोटे-बड़े शहर कम से कम अंबिकापुर से ही कूड़ा निपटान की प्रक्रिया को सीखकर उसे अमल में ले आयें तो स्थिति काफी बेहतर हो सकती है।

बहरहाल, रायपुर की बात करें तो राजधानी होने के नाते उसे इस दिशा में जो प्रदर्शन करना चाहिये था वह करने में पूरी असफलता मिली है। जब से अलग राज्य के रूप में छग बना और रायपुर राजधानी बना है, उसके कुछ इलाकों को छोड़कर गंदगी एक बड़ी समस्या है। ऐसे में यदि कमिश्नर जोन अधिकारियों को सुबह से ही मैदान में उतरने के लिये कहते हैं तो वह अच्छा कदम होगा। निश्चित ही इसका असर होना चाहिये।

वैसे निगम देखे कि आम तौर पर लालफीताशाही में जिस प्रकार से कष्टप्रद जिम्मेदारियां शनैः शनैः निचले अधिकारियों तथा मातहतों को देने की प्रवृत्ति है, वैसा इस मामले में न होने पाये। ऐसा न हो कि कुछ दिनों तक जोनल या वरिष्ठ अधिकारी निर्देशित वक्त पर प्रत्यक्ष निरीक्षण करने जायें परन्तु बाद में वे ये काम अपने से नीचे के अधिकारियों के जिम्मे करते जायें। इससे वह उद्देश्य कतई पूरा नहीं हो सकेगा जिसके लिये निगम कमिश्नर ने यह निर्देश जारी किया है।

नागरिकों को भी चाहिये कि स्वच्छता बरतें। घरों का कूड़ा-कर्कट व अपशिष्ट नियमपूर्वक कचरा गाड़ियों के सुपुर्द करें। यदि उनके घरों, प्रतिष्ठानों से समय पर कचरा नहीं उठता तो वे निगम को सूचित करें।

उल्टा पुल्टा

## पद्मश्री सुरेंद्र दुबे के निधन पर कवियों ने जताया गहरा दु:ख



**राजिम,** 26 जून (देशबन्धु)। पद्मश्री हास्य कवि डॉ. सुरेंद्र दुबे के निधन की खबर सुनते ही राजिम में शोक की लहर फैल गई। हर कोई एक दूसरे से फोन लगाकर कंफर्म करते रहे कि यह खबर सही है कि नहीं। मिली जानकारी के मुताबिक उनका निधन हार्ट अटैक से हो गया है। रायपुर के एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट में इलाज चल रहा था जहां उन्होंने अंतिम सांस ली है। उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए बड़ी संख्या में लोग व्हाट्सएप ग्रुप तथा अन्य माध्यम से गहरा दुख जताया है।

उनके साथ ही लंबे समय तक मंच साझा करने वाले हास्य व्यंग्य के कवि काशीपुरी कुंदन ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि यह मेरे लिए व्यक्तिगत क्षति है मैं दीर्घकालिक उनके साथ में रहा हूं। साहित्य मंच में एक साथ चले हैं। सुरेंद्र दुबे जी का जाना एक युग का समाप्त होना है। मंच में लोकप्रिय कवि रहे हैं यह साहित्य के लिए अपूर्णीय क्षति है।

हास्य कवि संतोष कुमार सोनकर मंडल ने कहा है कि अपनी कविताओं के माध्यम से छत्तीसगढ़ का नाम देश-विदेश में रोशन किया है। मंच में उनके आते ही ठहाके शुरू हो जाते थे। पहली बार निमोरा के मंच में उनके साथ में कविता पढ़ने का सौभाग्य मिला था। कवि नूतन लाल साहू ने कहा कि भगवान उनके परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें और ईश्वर उन्हें अपने चरणों में स्थान प्रदान करें। रत्नांचल जिला साहित्य समिति के अध्यक्ष जितेंद्र सुकुमार साहिर, प्रयाग साहित्य समिति के अध्यक्ष टीकमचंद सेन, हास्य कवि गोकुल सेन, व्यंग्यकार संतोष सेन, कवयित्री सरोज कंसारी इत्यादि ने मौन श्रद्धांजलि दी है। पुणे श्रद्धांजलि देने वालों में प्रमुख रूप से राजिम विधायक रोहित सहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय क्या पूर्व सांसद पूर्वससद चंदू लाल सहू पूर्व विधायक अमितेश शुक्ल पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय गोयल जितेन्द्र सोनकर राजीव नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर मंडल अध्यक्ष विकेश साहू शाहिद अनेकों लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

**सुरेंद्र दुबे भारतीय व्यंग वादी और लेखक थे**

इन कवियों ने बताया कि सुरेंद्र दुबे कविताओं के एक भारतीय व्यंगवादी और लेखक थे छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध हास्य कवियों में सुमार थे अपनी पंक्तियों के जरिए लोगों को खुश कर देते थे उन्होंने कोरोना काल में उदासी के माहौल को दूर करने के लिए कविता भी लिखी थी।

## विलम्ब से आने वाले शिक्षकों को नोटिस जारी



**बलौदाबाजार,** 26 जून (देशबन्धु)। विकासखंड शिक्षा अधिकारी बलौदाबाजार राजेंद्र टंडन एवं सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी बलौदाबाजार कैलाश कुमार साहू के द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला मुंडा, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मुंडा, शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला भालुकोना एवं शासकीय प्राथमिक शाला डोंगरीडीह का औचक निरीक्षण किया गया। शासकीय प्राथमिक शाला मुंडा का निरीक्षण प्रात: 10.15 बजे किया गया। जिसमें कुंदन प्रसाद गायकवाड़, श्रीमती चंद्रावली गेंदले, श्रीमती अनिता बंजारे, रंजीत कुमार सहायक शिक्षक एल बी विलंब से शाला पहुंचे। इसी तरह श्रीमती गायत्री जायसवाल प्रधानपाठक और श्रीमती सुकृता चौहान सहायक शिक्षक विगत दिवस से अनुपस्थित पाए गए। जिसपर सभी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

शासकीय प्राथमिक शाला भालुकोना और शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मुंडा में किचन कक्ष में मध्याह्न भोजन मीनू लेखन नहीं पाए जाने पर संबंधित संस्था प्रमुख को स्पष्टीकरण जारी कर जवाब मांगा गया है। किचन कक्ष में सफाई नहीं पाए जाने पर शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला भालुकोना था शासकीय प्राथमिक शाला डोंगरीडीह के संचालनकर्ता समूह को स्पष्टीकरण जारी कर व्यवस्था सुधारने हेतु निर्देश दिया गया। सभी शिक्षकों के शिक्षक दैनंदिनी का अवलोकन किया गया। बुक स्कैनिंग के कार्य को दो दिवस में पूर्ण कर सभी बच्चों को पाठयपुस्तक वितरण करने का निर्देश दिया गया है। शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला मुंडा एवं डोंगरीडीह में स्वयं बुक स्कैनिंग कर देखा गया। समस्त शिक्षकों को बुक स्कैनिंग के कार्य को मिशन मोड में करते हुए बच्चों को वितरण करने का निर्देश दिया गया। सभी शालाओं में निर्धारित समय में शिक्षक उपस्थिति के साथ-साथ प्रतिदिवस शिक्षक डायरी बनाने का निर्देश दिया गया। मध्याह्न भोजन कक्ष का अवलोकन कर रसोइयों को साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने गुणवत्तायुक्त भोजन बनाने का निर्देश दिया गया। सभी शिक्षकों को अवगत कराया गया कि शालाओं का निरीक्षण सतत रूप से जारी रहेगा अत: सभी अपने दायित्वों का निर्वहन निष्ठापूर्वक करना सुनिश्चित करेंगे।

## आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ: नवापारा में जिला स्तरीय कार्यक्रम



**छायाचित्र प्रदर्शनी और मीसाबंदियों का हुआ सम्मान**

**नवापारा राजिम,** 26 जून (देशबन्धु)। नगर के ऋषि दास वैष्णव सामुदायिक भवन विधायक कार्यालय में आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर छायाचित्र- प्रदर्शनी, सभा एवं मीसाबंदियों का सम्मान कर इस दिन को, संविधान हत्या दिवस, के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम के बाद प्रेस वार्ता का भी आयोजन किया गया।

अभनपुर विधायक इंद्र कुमार साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सन 1975 में आपातकाल का दर्द पूरे भारत देश ने सहा है, देश के इतिहास में यह काला अध्याय है। उस समय न्यायपालिका और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का पूर्ण रूप से दमन किया गया। उन्होंने इसे काला दिवस कहा, कहा कि उस काला दिन को हमारी भावी पीढ़ी भी जाने और समझे। देश की भावी पीढ़ी इस दिन को कभी नहीं भूल सके और इस के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आपातकाल को संविधान की हत्या दिवस के रूप में घोषित किया।

भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम नारंग ने कहा कि आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का एक काला अध्याय था जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। यह दिवस हमें लोकतांत्रिक मूल्यों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की महत्ता का पुन: स्मरण कराता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे संविधान की रक्षा और लोकतंत्र की मजबूती के लिए सदैव सजग रहे।

**मिशाबंधियों का हुआ सम्मान:** नगर पालिका अध्यक्ष ओम कुमारी साहू ने कहा कि आपातकाल में हमारे बड़े-बड़े नेता अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, राजनाथ सिंह जैसे राष्ट्रीय नेताओं को जेल में डाल दिया गया। वरिष्ठ भाजपा नेता अंजय शुक्ला ने कहा कि आपातकाल में दी गई यातनाएं का बदला आम जनता ने अपने वोटो की ताकत से दिया और 1977 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस सरकार को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा दिया।

इस अवसर पर डॉ संदीप जैन, मंडल अध्यक्ष नवापारा नागेन्द्र वर्मा, अभनपुर भरत बैस, खोरपा तोषण साहू, चंपारण तोषण साहू, शिव शंकर बघमार, पार्षद गण रवि साहू, लोमश्वरी साहू, निर्मला धीरज साहू, जग्गू यादव, जीना बाई निषाद, तनु मिश्रा, साधना स्वराज, पूजा कंसारी डॉ. निमाई विश्वास, परदेसीराम साहू, सिंटू जैन, राजू रजक, अशोक नागवानी, मुकुंद मेश्राम, फेकनू साहू, चेतन साहू, रवि साहू, धनमती साहू, सरोज साहू सहित बड़ी संख्या में महिला मोर्चा एवं युवा मोर्चा व सभी प्रकोष्ठों के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पूर्व विधायक स्व. अग्नि चंद्राकर की प्रथम पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की



**महासमुंद,** 26 जून (देशबन्धु)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं महासमुंद विधानसभा से तीन बार विधायक निर्वाचित होने वाले नेता एवं बीज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष स्व. अग्नि चंद्राकर की बुधवार को प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी महासमुंद द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कांग्रेस भवन महासमुंद में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व विधायक स्व.अग्नि चंद्राकर को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। उनके दौर को याद करते हुए जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने उनके राजनीतिक सफर के बारे में बतलाया कि कैसे एक गांव का युवा किसान गांव का सरपंच बना और आगे चलकर महासमुंद विधानसभा क्षेत्र से तीन बार विधायक बनकर क्षेत्र की उन्नति के लिए काम किया। ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यंत लोकप्रिय रहे पूर्व विधायक स्व. अग्नि चंद्राकर का जाना न सिर्फ महासमुंद विधानसभा के लोगों के लिए अपितु महासमुंद जिले के लोगों के लिए दुखद है क्योंकि महासमुंद जिला के निर्माण में उनके संघर्षों को भुलाया नहीं जा सकता। इन सबके अलावा डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि स्व. अग्नि चंद्राकर के जाने से कांग्रेस ने एक अत्यंत सरल, गंभीर एवं जनता के लिए समर्पित नेता खोया है जिसकी भरपाई निकट भविष्य में कोई नहीं कर सकता ऐसे नेता को हम श्रद्धांजलि देते हैं। स्व.अग्नि चंद्राकर को श्रद्धांजलि देने के लिए पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू भी महासमुंद पहुंचे थे। कांग्रेस भवन में श्रद्धांजलि देने के पश्चात ग्राम खट्टी में आयोजित स्व.अग्नि चंद्राकर के वार्षिक श्राद्ध के कार्यक्रम में पहुंचकर पुन: श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेस भवन महासमुंद में श्रद्धांजलि देने प्रमुख रूप से पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष मनोजकांत साहू, दाऊलाल चंद्राकर, अरुण चंद्राकर, नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, संजय शर्मा, ढेलू निषाद, हीरा बंजारे, भारत ठाकुर, श्रीमती ब्रिजेन बंजारे, श्रीमती ममता चंद्राकर, सोमेश दवे, निर्मल जैन, अमर चंद्राकर, तुलसी साहू, रवि साहू, प्रदीप चंद्राकर, राजू साहू, मिंदर चावला, कपिल साहू, अरिन चंद्राकर, शाहबाज रजवानी, टोमन कगजी, राजेंद्र साहू, केके साहू आदि उपस्थित थे।

## आपातकाल देश की तत्कालीन परिस्थितियों के अनुसार उठाया गया संवैधानिक कदम था: रश्मि



**महासमुंद,** 26 जून (देशबन्धु)। भाजपा नेताओं द्वारा अपातकाल के संदर्भ में दिये गये बयान पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि दरअसल समूची भाजपा इस समय खुद मोदी और शाह की तानाशाही के सामने डरी और सहमी हुई है। इसीलिये भाजपा नेताओं को देश की असली हकीकत नहीं दिख रही हैं। छत्तीसगढ़ के भाजपा नेता बिना मोदी.शाह की सहमति से एक शब्द नहीं बोल सकते। छत्तीसगढ़ के निर्वाचित सांसद छत्तीसगढ़ के जनप्रतिनिधि अपने राज्य की जनता किसानों के हित में एक शब्द बोलने की हिम्मत नहीं रखते। धान की कीमत राज्य को खाद की आपूर्ति जैसे मसलों पर छत्तीसगढ़ के भाजपा नेता कुछ नहीं बोल पाते, उन्हें डर रहता है मोदी.शाह नाराज हो जायेंगे। राज्य सरकार बिना मोदी, शाह की सहमति से एक भी निर्णय नहीं ले सकती है। जनता द्वारा चुनी गयी सरकारों और जनादेश को धन बल के सहारे तथा राजभवनों से हस्तक्षेप करवा कर सरकारों को हड़पने की भाजपा और उसकी केन्द्र सरकार के अघोषित आपातकाल के सबसे बड़े उदाहरण है। आपातकाल देश की तत्कालीन परिस्थितियों के अनुसार उठाया गया संवैधानिक कदम था। संविधान के अनुच्छेद 352 के तहत तत्कालीन केंद्र सरकार ने आपातकाल लगाया था। आपातकाल को देश की संसद की मंजूरी के बाद केंद्रीय मंत्रिमंडल की सलाह पर राष्ट्रपति के द्वारा लगाया >> शेष पृष्ठ 9 पर>

## पितईबंद स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया



**जिला पंचायत सदस्य नंदिनी कोमल ढीढी ने की तीन लाख की घोषणा**

**राजिम,** 26 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशन में सभी विद्यालयों में शाला प्रवेशोत्सव मनाया जा रहा है इसी कड़ी में शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय पितईबंद के संयुक्त तत्वावधान में 25 जून को कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नंदनी कोमल ढीढी जिला पंचायत सदस्य, अध्यक्षता पूजा मुकेश भारती,विशिष्ट अतिथि गोदावरी सहदेव बंजारे सरपंच,शेखर बंजारे उपसरपंच नरेश कुमार बया प्रतिमा सेन अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति,चोवाराम बंजारे सेवानिवृत्त प्रधान पाठक, पुनारद बंजारे पूर्व सरपंच किरण कुमार साहू संकुल समन्वयक,प्रधान पाठक द्वय सुनील कुमार पाण्डेय आशा ध्रुव द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर माता सरस्वती की पूजन अर्चन की गई।उसके बाद राज्य गीत अरपा पैरी के धार की प्रस्तुति की गई।

प्रधान पाठक सुनील कुमार पाण्डेय ने का शिक्षा जीवन का आधार है जो बच्चे 6 साल के हो चुके है उन्हें जल्द ही दर्ज करावे।हमारे विद्यालय में सभी प्रकार की गतिविधियां कराई जाती है।विद्यालय के सभी शिक्षक बहुत मेहनत >> शेष पृष्ठ 9 पर>

## विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव छेरकापुर में संपन्न



**अमेरा/बलौदाबाजार/पलारी,** 26 जून (देशबन्धु)। विकासखंड पलारी के ग्राम छेरकापुर मे विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप मे पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने नवप्रवेशी छात्र छात्राओं का तिलक लगा कर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया और उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष जनपद पंचायत पलारी सविता भीम यादव ने बच्चों को प्रवेश उत्सव की बधाई दिया एवं कहा कि स्कूल सिर्फपढ़ाई की ही जगह नही यह बच्चों कि ज्ञान एवं बौद्धिक विचार संस्कार में ढालने की जगह है। इस अवसर पर छात्राओं को नि:शुल्क पुस्तकें, गणवेश और अन्य शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया और सरस्वती सायकल योजना के तहत 9वीं के छात्राओं को नि:शुल्क सरस्वती सायकल योजना के तहत सायकल वितरण किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए गौरीशंकर अग्रवाल ने कहा कि बच्चे देश और प्रदेश का भविष्य है बच्चे अच्छे से पढ़ लिखकर अपने भविष्य को सुधारेंगे अपने आप को मजबूत करेंगे तो देश व प्रदेश स्वालंबी बने और हमारे प्रधानमंत्री जी का सोच है कि 2047 तक देश को विकसित भारत बनाएंगे। यहां जीतने भी अध्यापक है वह ड्यूटी के हिसाब से नही बल्कि एक अभिभावक बनकर बच्चों को पढ़ाये तो निश्चित ही हर विद्यालय में बच्चे अच्छे शिक्षा के साथ ही विचारवान बनेंगे। इन्होने बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना भी की। कार्यक्रम के पश्चात शाला प्रांगण मे वृक्षारोपण किया गया। उक्त कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से पूर्व विधायक बिलाईगढ़ डॉ सनम जांगड़े, वरिष्ठ नेता विपिन बिहारी वर्मा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ अजय राव, प्रदेश उपाध्यक्ष अजा मोर्चा दुर्गा माहेश्वर, जिला उपाध्यक्ष तेजराम वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष सेवक वर्मा, मण्डल अध्यक्ष पलारी पवन वर्मा, मण्डल अध्यक्ष रोहांसी विजय कोशले, पूर्व जनपद अध्यक्ष पिलाराम साहू, महामंत्री पलारी संतोष वर्मा डॉ केजू साहू मोहन साहू, मण्डल कोषाध्यक्ष संकेत वर्मा, मण्डल मीडिया प्रभारी गौतम यादव, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि भीम यादव, जनपद उपाध्यक्ष अघनी (मनोज आडिल), जनपद सदस्य सरोज विनय साहू, अनुसूईया मोकेश चंद्राकर, राम बाबू पटेल, सरपंच कुमुदनी साहू, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष पृथ्वी साहू, युवा मोर्चा कोषाध्यक्ष रवि श्रीवास्तव, युमो मीडिया प्रभारी योगेश योगी वर्मा, भाजपा नेतागण दीपक साहू, जानदत्त वर्मा, ओम साहू, मोतीराम कनौजे, गोपाल कनौजे, मनहरण घृतलहरे, तहसीलदार लीलाधर कंवर, बी ओ नरेश वर्मा बी आर सी जोशी, प्राचार्य जितेन्द्र साहू, सहित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कुल के शिक्षकगण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## विधायक रोहित ने लाया विष्णु देव सरकार से बड़ी सौगात



**जिले के छात्रों को मिलेगी 11.42 करोड़ की 500 सिटर सेन्ट्रल लाइब्रेरी**

**राजिम/गरियाबंद,** 26 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के युवाओं के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। प्रदेश के 17 शहरी क्षेत्रों में अब सेंट्रल लाइब्रेरी और रीडिंग ज़ोन बनाए जाएंगे। इसके लिए सरकार ने 114.5 करोड़ की स्वीकृति प्रदान कर दी यह परियोजना युवाओं को पढ़ाई, प्रतियोगी परीक्षाओं और कैरियर की तैयारी में मदद करेगी। वही जिला गरियाबंद को भी विष्णु देव सरकार की ओर से 11.42 करोड़ की 500 सिटर सेन्ट्रल लाइब्रेरी की सौगात मिला, जहाँ क्षेत्र के उर्जावान विधायक रोहित साहू ने मुख्यमंत्री, नगरीय निकाय प्रशासन मंत्री, वित्तमंत्री का आभार व्यक्त किया ।

विधायक रोहित ने कहा- स्वर्णिम भविष्य की गारंटी भाजपा सरकार, युवा साथियों को नए अवसर देने एवं उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। नालंदा परिसर की तर्ज पर अनेक प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों के लिए गरियाबंद जिले में 500 सीटर सेन्ट्रल लाइब्रेरी की सौगात प्रदेश सरकार ने दी है। यह पहल युवाओं को डिजिटल और शैक्षणिक संसाधनों से जोड़ने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। हम चाहते हैं कि गांव-कस्बे के छात्र भी पै-प्फै जैसे सपनों को पूरा कर सकें।

इस महत्वपूर्ण सौगात के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी का समस्त जिले वासियों की ओर से हार्दिक आभार एवं सभी छात्र छात्रों को बधाई दी ।

**इन शहरों में बनेगी लाइब्रेरी:** इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत जिन शहरों में सेंट्रल लाइब्रेरी स्थापित की जाएगी, उनमें प्रमुख हैं - सुकमा ,दंतेवाड़ा ,सूरजपुर, बैकुंठपुर, चिरमिर राजनांदगांव , कोंडागांव ,बिलासपुर ,महासमुंद , गरियाबंद सहित और अन्य 7 शहर शामिल हैं। विकसित भारत के लक्ष्य में युवाओं की भागीदारी ज्यादा से ज्यादा हो, इसके लिए सरकार उन्हें सुनहरा अवसर प्रदान कर रही है।

**उद्देश्य क्या है:** राज्य सरकार का उद्देश्य है कि हर जिले के युवाओं को समान शैक्षणिक संसाधन मिलें, ये सेंट्रल लाइब्रेरी न केवल किताबों का भंडार होंगी, बल्कि यहां इंटरनेट, डिजिटल रिसोर्स, अध्ययन कक्ष और ग्रुप डिस्कशन स्पेस भी उपलब्ध होंगे।

**युवाओं में उत्साह:** इस घोषणा के बाद छात्रों और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं में उत्साह है। उन्हें उम्मीद है कि अब उन्हें शहरों या निजी संस्थानों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। यह योजना छत्तीसगढ़ के शिक्षा पर केंद्रित विकास मॉडल की झलक है।

आने वाले समय में ये लाइब्रेरीज़ लाखों युवाओं के भविष्य को आकार देने में मददगार साबित होंगी।

## पीटियाझर स्कूल में नपाध्यक्ष ने किया बच्चों को गणवेश वितरण



**महासमुंद,** 26 जून (देशबन्धु)। स्थानीय पिटियाझर वार्ड 12 स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में बच्चों को गणवेश वितरण किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। श्री साहू ने बच्चों को यूनिफार्म वितरण कर प्रतिदिन स्कूल आने प्रेरित किया। साथ ही खेल कूद के साथ पढ़ाई भी मन लगाकर करने की बात कही। इस अवसर पर वार्ड 12 की पार्षद श्रीमती कल्पना सूर्यवंशी एवं वार्ड 23 की पार्षद श्रीमती भारती राजेंद्र चंद्राकर, शिक्षक, शिक्षिका गण व बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# योजनाओं को जनता से जोड़ना हमारा दायित्व: सांसद चौधरी

## जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति की बैठक




**महासमुंद** 26 जून (देशबंधु)। जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति दिशा की बैठक बुधवार को जिला पंचायत महासमुंद के सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने की। बैठक में जिले में संचालित केंद्र प्रायोजित योजनाओं की प्रगति, उनके क्रियान्वयन की स्थिति एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की व्यापक समीक्षा की गई। सांसद श्रीमती चौधरी ने विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत प्रगति प्रतिवेदनों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि विकास कार्यों को गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ पूरा किया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मोगरा पटेल, जनपद प्रतिनिधि, सदस्य, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, वन मंडलाधिकारी मयंक पांडेय, सीईओ जिला पंचायत एस आलोक सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि हम सभी का मुख्य उद्देश्य यह होना चाहिए कि अधिक से अधिक नागरिकों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को पहुंचा, ताकि अधिकतम लाभ प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि विकास कार्य केवल शहरी क्षेत्रों तक सीमित न रहें, बल्कि दूरस्थ ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्रों तक भी इसकी पहुंच सुनिश्चित होनी चाहिए। सांसद ने यह भी कहा कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं और अनेक योजनाएं चल रही हैं, लेकिन इनका उद्देश्य तभी पूरा होगा जब जनप्रतिनिधि और अधिकारी मिलकर इन्हें धरातल पर उतारें। उन्होंने जोर देकर कहा कि जनप्रतिनिधियों को आम जनता तक योजनाओं की जानकारी पहुँचाने के साथ.साथ पात्र लोगों को इनका लाभ दिलाने के लिए व्यक्तिगत रूप से पहल करनी चाहिए। सांसद ने ग्रामीण विकास, पंचायती राज, पशुपालन, महिला एवं बाल विकास, पेयजल आदि की विस्तृत समीक्षा की। दिशा समिति की अध्यक्ष के रूप में सांसद श्रीमती चौधरी ने जिले में संचालित केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश भी प्रदान किए। योजनाओं की समीक्षा में कृषि विभाग अंतर्गत खाद बीज की समीक्षा, उपलब्धता और वितरण की समीक्षा की गई। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण केंद्र की योजनाओं को जनप्रतिनिधि को अवगत कराने तथा व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए गए। जल संवर्धन के लिए मनरेगा अंतर्गत तालाब कुंआ आदि के निर्माण के लिए प्रस्ताव देने के निर्देश दिए गए। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने विकास के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कहा कि प्रधानमंत्री फसल योजना में किसी तरह की कमीशन नहीं चलेगी। ऐसे लोगों के विरुद्ध एफआई आर करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। उन्होंने कहा कि शासन की किसी भी योजना में किसी भी नागरिक, हितग्राही को अतिरिक्त राशि देने की आवश्यकता नहीं है। प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि पुराने स्वीकृत आवास अंतर्गत 70 हजार 400 आवास पूर्ण हो चुके हैं। जबकि नए स्वीकृत आवास में 14 हजार 300 आवास पूर्ण हो चुके है। पीएम जनमन योजना अंतर्गत 380 आवास पूर्ण हो गए हैं। बैठक में महिला बाल विकास अंतर्गत स्पांसरशिप प्रोग्राम के लिए ऐसे बच्चों को लाभ दिलाने कहा गया जिनके मां बाप दोनों नहीं है। जिले में अभी तक 157 बच्चों को लाभ मिल रहा है। इसी तरह अन्य योजनाओं की भी समीक्षा की गई।

### सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में हेलमेट पहनने और सीट बेल्ट लगाने की अपील

इस दौरान जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह ने जिले में इस वर्ष हुए विभिन्न दुर्घटनाओं का ब्यौरा दिया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में अभी तक 184 लोग दुर्घटना के शिकार हुए हैं। इसमें से 89 लोग बिना हेलमेट के वाहन चला रहे थे। उन्होंने अपील किया कि सड़क दुर्घटना से बचने के लिए दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का एवं चार पहिया में सीट बेल्ट का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें। सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने भी अपील की है कि वाहन चलाते समय नशा न करें साथ ही हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करें।

# वीरांगना महारानी दुर्गावती के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बलिदान दिवस मनाया गया

**महासमुंद** 26 जून (देशबंधु)। वीरांगना महारानी दुर्गावती के बलिदान दिवस के अवसर पर मंगलवार को छग अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ जिला इकाई महासमुंद एवं जनजातीय शासकीय सेवक संघ जिला इकाई महासमुंद के संयुक्त तत्वाधान में रानी दुर्गावती चौक पर स्थापित आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शहादत दिवस पर नमन किया गया। साथ ही संक्षिप्त कार्यक्रम का आयोजन कर उनके गौरवशाली महान कार्यो को स्मरण करते हुए बताए कि रानी दुर्गावती का जन्म 1524 में हुआ था। महारानी दुर्गावती गोंडवाना राज्य के राजा दलपत शाह से उनका विवाह हुआ था। दुर्भाग्यवश विवाह के 4 वर्ष बाद ही राजा दलपतशाह का निधन हो गया। उस समय दुर्गावती का पुत्र नारायण 3 वर्ष का ही था अतः रानी ने स्वयं ही गढ़मंडला का शासन संभाल लिया। वर्तमान जबलपुर उनके राज्य का केंद्र था। दुर्गावती के वीरतापूर्ण चरित्र को भारतीय इतिहास से इसलिए काटकर रखा गया, क्योंकि उन्होंने मुस्लिम शासकों के विरुद्ध कड़ा संघर्ष किया था और उनको अनेक बार पराजित किया था। महारानी ने 16 वर्ष तक राज संभाला। इस दौरान उन्होंने सोने के सिक्का का मुद्रा भी बनवाये प्रजा हितैसी शासिका थी उन्होंने अनेक मंदिर, मठ, कुएं, बावड़ी तथा धर्मशालाएं बनवाईं। अनेक बार मुगलों को परास्त किया। रानी दुर्गावती का पराक्रम कि उसने अकबर के जुल्म के आगे झुकने से इंकार कर स्वतंत्रता और अस्मिता के लिए युद्ध भूमि को चुना और अनेक बार शत्रुओं को पराजित करते करते 24 जून 1564 को स्वयं बलिदान हो गईं। ऐसे महान विभूति हमारे समाज के प्रेरणा स्त्रोत हैं। उनके अमर कृति हम कभी नही भूल सकते। ऐसे महान पराक्रमी शूरवीर महारानी को शत शत नमन है। इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिक येतराम साहू जिलाध्यक्ष, देवीचंद राठी उपाध्यक्ष नपा, आनंद साहू उपाध्यक्ष, राजेन्द्र चन्द्राकर, अरविन्द प्रहरे, कमलेश ध्रुव प्रांतीय उपाध्यक्ष, देवेंद्र मेश्राम जिलाध्यक्ष, एस पी ध्रुव प्रांतीय सचिव, अनिल ढीढी उपाध्यक्ष, एम एल ध्रुव जिलाध्यक्ष, तुलेन्द्र सागर, महेश ध्रुव, राजेश राये, रामानन्द ध्रुव, शिव कुमार ध्रुव, टोमन सिंह कागजी, कौशलेश सिंह, डमरूधर मांझी बड़ी संख्या में अजाक्स एवं जनजातीय शासकीय सेवक संघ के सदस्य के साथ अजा एवं अजजा समाज के लोग व गणमान्य नागरिक गण उपस्थित होकर वीरांगना महारानी दुर्गावती की प्रतिमा पर पुष्पांजली अर्पित कर सहादत दिवस मनाए।



# बागबाहरा नगर पालिका द्वारा विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**बागबाहरा**, 26 जून (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद बागबाहरा स्थित टाउनहाल मे विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे व्यवहार न्यायालय के प्रथम श्रेणी न्यायाधीश अविनाश कुमार टोप्पो थे।



इस शिविर मे उनके द्वारा कानूनी सम्बन्धी अनेक जानकारियां विस्तारपूर्वक दी गई। शिविर मे मुख्य रूप से नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल सहित देवेश साहू उपाध्यक्ष, वार्ड 1 पार्षद सविता दीवान, वार्ड 5 पार्षद श्रीमती प्रीती महेन्द्र गुप्ता, वार्ड 6 पार्षद रमेश ठाकुर, वार्ड वार्ड 7 पार्षद मनता राम यादव, वार्ड 8 पार्षद श्रीमती मेनका पोखराज साहू, वार्ड पार्षद मिथुन आमिर, वार्ड पार्षद थानूराम पांडे, वार्ड पार्षद 11 रुपेश साहू, वार्ड पार्षद 14 शिवा जगत, एवं सुश्री डॉली ध्रुव शहर मंडल अध्यक्ष भाजपा, राजेश कौशिक एवं नगरपालिका परिषद के उप अभियंता शशिप्रताप सिंह, स्वच्छता दीदी एवं समस्त कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# देश पर आपातकाल कभी न भूलने वाला घाव: प्रदीप चंद्राकर

**बागबाहरा**, 26 जून (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे देश भर में 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर बागबाहरा शहर मंडल में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जो मंडल अध्यक्ष सुश्री डिंपल डाली ध्रुव के नेतृत्व में सरस्वती शिशु मंदिर बागबाहरा में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर ने आपातकाल के दौरान हुए अत्याचारों और दमन की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आपातकाल के दौरान कांग्रेस की सत्ता की लालसा और इंदिरा गांधी के नेतृत्व में किए गए अत्याचारों ने देश को बर्बादी की ओर धकेल दिया। प्रदीप चंद्राकर ने बताया कि आपातकाल के दौरान देशभक्त नेताओं और कार्यकर्ताओं को जेल में भरकर यातनाएं दी गईं। और प्रेस की स्वतंत्रता को भी छीन लिया गया था। सरकार ने प्रेस पर सेंसरशिप लगा दी थी। जिससे अखबारों और पत्रिकाओं को सरकार की नीतियों के अनुसार ही समाचार प्रकाशित करने पड़ते थे। मीडिया प्रभारी डेविड कुमार साहू ने बताया कि कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने आपातकाल के दौरान हुए अत्याचारों की निंदा की। और संविधान की रक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। प्रदीप चंद्राकर ने कहा कि हमें संविधान के मूल्यों और सिद्धांतों की रक्षा के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। और लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए काम करना चाहिए।




इस कार्यक्रम में भाजपा नेता नरेश चंद्राकर, दुबेलाल साहू, भीखम सिंह ठाकुर, बाला चंद्राकर, संजय मालवे, प्रेम साहू, अतुल गंडेचा हरमीत बग्गा, चंद्रशेखर ध्रुव, काजल साहू, अरविंद छाबड़ा, अशोक दीप, तुलसी यादव, दिनेश रूपरेला, मदन देवांगन, मोतीलाल पुजारा, पार्षद सविता दीवान, श्यामा चंद्राकर, योगेश चिन्दा, अजीत तांडी, सुरेंद्र श्रीवास्तव, भावेश बघेल, लोकेश कुमार नायक, राजा देवांगन, नंदू निर्मलकर, लोकु चंद्राकर, तिलेश्वर साहू, मोहन सागर, हितेंद्र देवांगन, दिनेश विशाल, दुलारी चंद्राकर, भारती साहू सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का संचालन मंडल उपाध्यक्ष चंद्रशेखर ध्रुव ने किया। तो वहीं अंत में कार्यक्रम की सफलता के लिए हरमीत बग्गा ने उपस्थित भाजपाजनों और सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय परिवार का आभार प्रदर्शन किया।

# न्यायालय में रक्तदान शिविर का आयोजन

**महासमुंद** 26 जून (देशबंधु)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के तत्वधान बुधवार को जिला न्यायालय परिसर स्थित वैकल्पिक विवाद समाधान केन्द्र एडीआर भवन में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती आफरीन बानों ने बताया कि आर्शीर्वाद जन कल्याण सेवा समिति आशीर्वाद ब्लड सेंटर दुर्ग द्वारा ज्ञापन प्रस्तुत कर रक्तदान शिविर लगाए जाने का अनुरोध किया है जिस पर प्रधान जिला न्यायाधीश श्रीमती अनिता डहरिया के मार्गदर्शन पर बुधवार 25 जून को यह रक्तदान शिविर का आयोजन संपन्न किया गया। जिसमें न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, न्यायिक कर्मचारीगणों सहित आरक्षी केन्द्रो में पदस्थ अधिकार मित्रों द्वारा स्वेच्छा से बढचढ़ कर रक्तदान शिविर में प्रतिभागी बने। उक्त आयोजन को सफल बनाने में अधिवक्ता गौरव शर्मा का अभुतपूर्व योगदान रहा। प्राधिकरण द्वारा रक्तदान करने वाले रक्तवीरों को प्रशस्ति पत्र सहित उपहार प्रदान कर सम्मान किया गया।



# राज्य स्तरीय ओपन जूनियर रग्बी चैंपियनशिप में आरंग के खिलाड़ियों का जलवा



**आरंग**, 26 जून (देशबन्धु)। बिलासपुर में अयोजित 8वी राज्य स्तरीय ओपन जूनियर बालक/बालिका रग्बी फुटबॉल चैंपियनशिप में आरंग रग्बी फुटबॉल क्लब के खिलाड़ियों ने रायपुर जिले का नेतृत्व करते हुए बालिका वर्ग में तुलसी सोनवानी,गुंजन वर्मा,शोभा लोधी,धनेश्वरी पाल,ज्योति यादव,जया केवट,खिलेश्वरी साहू,धनेश्वरी साहू,अंकिता केवट,एतेश्वरी पाल,स्निधा निषाद,होमेश्वरी ढ़िढ़ी,मीनाक्षी देवांगन,महेश्वरी यादव ने विजेता ट्रॉफी पर कब्जा किया.बालक वर्ग में रायपुर जिले का नेतृत्व करते हुए वैभव निषाद,पवन साहू,श्रीयंश गुप्ता,गोपी पाल,गुलशन धुरंधर ने शानदार प्रदर्शन किया.खिलाड़ियों कि इस उपलब्धि पर आरंग युवा एवं खेल संगठन संरक्षक योगेन्द्र चन्द्राकार,अध्यक्ष अमन साहू,सचिव मनीष सोनकर,सोमनाथ लोधी,दीपा अजगरा,हिमांशु लोधी ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# नशीले पदार्थ, डीजे पर कार्यवाही, घुमंतू पशुओं को गौशाला में भेजने, पशु तस्करी पर रोक विषयों पर हुई संयुक्त चर्चा

**बिलाईगढ़**, 26 जून(देशबंधु)। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ संजय कन्नौजे एवं पुलिस अधीक्षक आञ्जनेय वार्ष्णेय ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के कानून व्यवस्था एवं सड़क सुरक्षा का समीक्षा किया।

कलेक्टर डॉ कन्नौजे ने नेशनल हाईवे, लोक निर्माण विभाग, सीएमओ को संयुक्त रूप से सड़क में जर्जर पुल, नाला, नाली निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने घुमंतू पशुओं को गौसेवक के गौशाला में भेजने के निर्देश दिए। इसी प्रकार सभी दुर्घटनाजनित स्थान को चिन्हित कर साइन बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने ऐसे स्थानों का संयुक्त रूप से निरीक्षण करने कहा। सड़क दुर्घटना के कारणों की जानकारी लें और उसका तकनीकी रूप से निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में हेलमेट जागरूकता, यातायात नियमों की जानकारी देने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई व्यक्ति अच्छा कार्य कर रहा है, तो उसको प्रोत्साहित करें। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों और थाना प्रभारी को कहा कि भगवान श्री गणेश और माता दुर्गाजी के उत्सव के पहले ही कानून व्यवस्था, डीजे, ध्वनि प्रदूषण आदि को लेकर आम जनता के साथ बैठक कर उन्हें समझाइश दें ताकि डीजे बुकिंग से कानून का पालन करने पहले से सतर्क रहे। ध्वनि प्रदूषण मामले में कानून का उल्लंघन करने वाले का वीडियोग्राफी कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक बहिष्कार जैसे प्रकरण बहुत आते है। इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में जनजागरूकता लाना बहुत जरूरी है। उन्होंने ऐसे प्रकरणों की कानूनी जानकारी देते हुए उसका निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कोई व्यक्ति अवैध शराब, गांजा आदि नशे का कारोबार करता है, तो उस पर कड़ी कार्रवाई करें, जिससे अन्य आपराधिक घटनाओं पर रोक लग सके। कलेक्टर ने जिले में अवैध शराब, गांजा और पशु तस्कर के खिलाफ कार्यवाही कर एफआईआर करने के निर्देश दिए।



पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने के निर्देश दिए। इसके साथ अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को भी ट्रैफिक नियमों का उपयोग करने के लिए निर्देशित करें। उन्होंने सभी नागरिकों को वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने और सीट बेल्ट अनिवार्य रूप से बांधने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने अपने-अपने क्षेत्र में चालानी कार्रवाई करते हुए उन्हें जनभागीदारी से मिले हेलमेट का वितरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही हेलमेट लगाने, सीट बेल्ट लगाने और यातायात नियमों के पालन करने के संबंध में जागरूक करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पुलिस अधिकारियों को नशे के विरूद्ध जागरूकता, साईबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरों से आपराधिक घटनाओं का समाधान करने में सहयोग मिला है। इसी तरह अपने-अपने क्षेत्र में जनजागरूकता लाते हुए सीसीटीवी लगाने के लिए लोगों को जागरूक करने कहा, जिससे आपराधिक घटनाओं में कमी लाई जा सके। उन्होंने अवैध शराब, गांजा आदि नशे के पदार्थों के विक्रय पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

इस दौरान अपर कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार, एएसपी, डीएसपी, एसडीओपी, थाना प्रभारी, आबकारी, नेशनल हाईवे, पशुधन, आरटीओ और नगरीय निकाय, विधिक सेवा, अभियोजन अधिकारी, पास्को एक्ट के वकील, सीईओ जनपद पंचायत के अधिकारी उपस्थित थे।

# आरंग पुलिस नेअवैध शराब के साथ युवक को किया गिरफ्तार

**आरंग**, 26 जून (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवा रायपुर एवं नगर पुलिस अधीक्षक माना रायपुर द्वारा क्षेत्र में लगातार अवैध शराब, गांजा, जुआ, सट्टा के खिलाफ अभियान चलाकर कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देश प्राप्त हुआ है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देश व मार्गदर्शन में आरंग पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है।आरंग थाना प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि मुखबीर सूचना पर घटना स्थल ग्राम लखौली डामर प्लांट के पास से आरोपी करण ध्रुव पिता गब्बर ध्रुव उम्र 20 वर्ष सा0 भाठापारा पलौद थाना मंदिरहसौद जिला रायपुर को डिस्कवर मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 के 6362 में अवैध रूप से बिक्री करने हेतु शराब रखकर परिवहन कर ले जाने वाला है कि सूचना पर घटना स्थल पहुंचकर रेड कार्यवाही किया, जो करण ध्रुव के कब्जे से एक प्लास्टिक बोरी में 55 पौवा देशी मदिरा मसाला शराब मात्रा 9.900 बल्क लीटर किमती 5500 रू0 का बरामद कर जप्त किया गया। आरोपी करण ध्रुव के विरूद्ध अप0क्र0 363/2025 धारा 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर दिनांक 24.06.2025 को गिरफ्तार कर प्रकरण अजमानतीय होने से माननीय न्यायालय पेश कर न्यायिक हिरासत में केंद्रीय जेल रायपुर रवाना किया गया है।



# फैंसी स्टोर से सजे वेदकुमारी के सपने

## आत्मनिर्भरता से घर की आर्थिक स्थिति हुई मजबूत

**धमतरी**, 26 जून (देशबन्धु)। आत्मनिर्भर भारत में महिलाएं आज हर क्षेत्र में पुरूषों से कंधे से कंधा मिलाकर चल रहीं हैं और आत्मनिर्भर बन रहीं हैं। ऐसी ही आत्मनिर्भरता से अपने घर की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाईं हैं, धमतरी विकासखंड के ग्राम पंचायत सोरम की वेदकुमारी साहू ने। वेदकुमारी कहतीं हैं कि ''सपनों की दुकान जब हिम्मत से सजे, तो जिंदगी खुद ब खुद खूबसूरत हो जाती है। वे बतातीं हैं कि वे एम.ए. तक पढ़ीं हैं और अपने पति के साथ मनरेगा मजदूरी का काम कर रहीं थीं। मजदूरी करते-करते ही उनके मन में व्यवसाय करने की इच्छा हुई। तब वेदकुमारी को छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ''बिहान'' की जानकारी मिली और वे जय मां दुर्गा महिला स्व-सहायता समूह से जुड़ गईं। इसके बाद सार्थक महिला क्लस्टर संगठन रुद्री के माध्यम से फैंसी स्टोर संचालन के लिए व्यक्तिगत ऋण के तौर पर ढाई लाख रुपए और बैंक लिंकेज ऋण आठ लाख रुपए भी लिया। इस राशि से उन्होंने गांव में नवजागरण चौक के पास फैंसी स्टोर शुरू किया। इस फैंसी स्टोर में चूड़ियां, बिंदी, क्रीम, पाउडर, मेंहदी, सिंदूर, हेयर क्लिप, आर्टिफिशियल गहने, पर्स, उपहार सामग्री आदि बेचने लगीं। वेदकुमारी त्यौहारों के समय में फैंसी सामग्रियों में विशेष छूट देती हैं और त्यौहार के अनुरूप सजावट के साथ बेचतीं हैं, जिससे उनकी बिक्री दोगुनी हो जाती है। अब उनकी फैंसी दुकान स्थानीय महिलाओं की पहली पसंद बन चुकी है। इससे वेदकुमारी को हर महीने 10 से 12 हजार रूपए की शुद्ध आमदनी मिलने लगीं। इतना ही नहीं गांव और आसपास के गांवों में वेदकुमारी ठेले के जरिए भी फैंसी सामग्रियां बेचतीं हैं, जिसमें उनके पति सहायता करते हैं। इससे उनके घर की ज़रूरतें तो पूरी हो ही रहीं हैं, इसके साथ ही बच्चों की पढ़ाई और अन्य आवश्यकताओं के लिए राशि का बचत भी हो जाता है।



वेदकुमारी का फैंसी स्टोर गांव की अन्य महिलाओं के प्रेरणास्त्रोत बन गया है। वेदकुमारी गांव की अन्य महिलाओं और युवतियों को भी अपने व्यवसाय की पहचान और मार्केटिंग के बारे में जानकारी देती रहतीं हैं और उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करतीं हैं। अब वह गांव की महिला उद्यमी के रूप में जानी जाती हैं। वेदकुमारी यह भी बताती है कि स्थानीय पंचायत और महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मेलों और प्रदर्शनी में स्टॉल लगाने के लिए प्रोत्साहन मिला। समूह के माध्यम से बाजार से जोड़े रखने में भी सहयोग मिलता है। वेदकुमारी ने यह सिद्ध कर दिया कि व्यवसाय का आकार नहीं, सोच और समर्पण मायने रखता है। एक छोटे से फैंसी स्टोर से उन्होंने न केवल अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत किया, बल्कि अपने आत्मविश्वास और पहचान को भी सजाया-संवारा।

# धरती आबा अभियान- जबर्रा में लगा संतृप्तिकरण शिविर

## हितग्राहियों को मिला शासकीय योजनाओं का लाभ




**धमतरी**, 25 जून (देशबन्धु)। धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत आज नगरी विकासखण्ड के जबर्रा में संतृप्तिकरण शिविर लगाया गया। इस शिविर में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में केन्द्र और राज्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जनजातीय समुदाय के हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। शिविर में जनजातीय हितग्राहियों को जरूरी सेवाएं भी उपलब्ध कराईं गईं। इस शिविर में हितग्राहियों को सीधे लाभ देते हुए नये राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड बनाए गए। शिविर में ही जनजातीय लोगों के आधार कार्ड बनाने के लिए ऑनलाईन पंजीयन कराया गया। जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र आदि दस्तावेज बनाने के लिए भी पोर्टल पर पंजीयन किया गया। जनजातीय वर्ग के आवासहीन परिवारों का चिन्हांकन कर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जरूरी सर्वे करने के लिए सूची भी तैयार की गई। इसके साथ ही आसपास के जनजाति लोगों के जनधन खाते खोले गए। उन्हें वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांगता पेंशन सहित अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशनों से लाभान्वित करने के लिए पंजीयन किया गया। शिविर मे स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों ने सिकलसेल, एनीमिया, रक्तचाप, ब्लड शुगर आदि की जांच की। इस दौरान बच्चों का टीकाकरण और सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।

# कुरुद में 450 युवाओ को दी गई भारतीय वायुसेना में अग्निवीर भर्ती और प्रक्रिया कि जानकारी




**धमतरी**, 26 जून (देशबन्धु)। जिला प्रशासन, जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र धमतरी एवं विंग कमांडर, कमांडिंग ऑफिसर एयर फोर्स भोपाल द्वारा संयुक्त रूप से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कुरूद एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश मिडियम स्कूल में अग्निवीर वायु सेना भर्ती प्रक्रिया के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला सुशांत सिंग एवं डी. एस. राणा, भोपाल द्वारा अग्निवीर वायुसेना भर्ती की विस्तृत जानकारी आवेदकों को निम्नानुसार दी गई। उन्होंने बताया कि अग्निवीर वायुसेना की भर्ती, विज्ञापन या ओपन रैली के माध्यम से होता है। साथ ही शैक्षणिक योग्यता, आयु एवं वेतनमान भत्ता एवं अन्य सुविधओं के बारे में जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि अग्निवीर वायुसेना हेतु 4 वर्ष की सेवा पश्चात् उत्कृष्ठ 25 प्रतिशत आवेदकों को वानुसेना में नियमित किया जाता है।

चयन प्रक्रिया के तीन चरणों में आयोजित कि जाती है। प्रथम चरण में ऑनलाईन लिखित परीक्षा, द्वितीय शारीरिक दस्ता परीक्षा अनुकूलन परीक्षा एवं अंतिम चरणों में चिकित्सा परीक्षण किया जाता है। चयन उपरांत 06 माह का प्रशिक्षण तथा सर्टिफिकेट प्रदान किया जाता है। 04 वर्ष की सेवा उपरांत केन्द्र एवं राज्य शासन के विभिन्न विभागों में भर्ती में 10 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलता है। कार्यशाला में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के 200 आवेदकों ने हिस्सा लिया। वहीं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश मिडियम स्कूल कुरुद के 250 छात्र एवं छात्राओं ने उपस्थित रहे। वायुसेना वक्ताओं ने प्रश्नावली के माध्यम से दोनों ही संस्थाओं में प्रतिभागियों के शंकाओं का समाधान किया उक्त कार्यशाला में वायुसेना अधिकारियों के साथ पुष्पा चौधरी, उपसंचालक, रोजगार औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्राचार्य योगेश देवांगन एवं स्वामी आत्मानंद विद्यालय के प्राचार्य मनीष कुम्मार सिंग एवं प्रार्चाय कन्या शाला डी.पी. देवांगन भी उपस्थित रहे।

### शिक्षित समाज ही विकास की ओर अग्रसर हो सकता है

# खल्लारी हायर सेकेंडरी स्कूल में धूमधाम से मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव



**बागबाहरा**, 26 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल एवं प्राचीन देवी स्थल में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खल्लारी में नए शिक्षा सत्र 2025-26 के शुभारंभ के अवसर पर 'शाला प्रवेश उत्सव' का कार्यक्रम बड़े ही उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत करना, शिक्षा के प्रति समुदाय और अभिभावकों में जागरूकता लाना तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भीखम सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष जिला पंचायत महासमुंद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता लोकेश पनुरिया मंडल अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी खल्लारी मंडल ने की। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत एवं दीप प्रज्वलन से हुई। विद्यार्थियों ने अतिथियों का तिलक लगाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर ने अपने संबोधन में शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि 'एक शिक्षित समाज ही एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकता है।' उन्होंने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजें। और उनकी पढ़ाई में सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने सरकार द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु चलाई जा रही योजनाओं की भी जानकारी दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे लोकेश पनुरिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि शाला प्रवेश उत्सव केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह बच्चों के जीवन में शिक्षा की नींव रखने का प्रथम दिन होता है। उन्होंने बताया कि सरकार की 'सर्व शिक्षा अभियान', 'नि:शुल्क पाठ्य सामग्री', 'मिड-डे मील योजना' जैसी योजनाएं बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सहायक है। उन्होंने विद्यालय के प्रबंधन एवं शिक्षकों की प्रतिबद्धता की भी सराहना की। कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशी बच्चों का पारंपरिक तिलक वंदन कर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। इससे बच्चों के चेहरों पर प्रसन्नता और आत्मविश्वास की झलक देखने को मिली। शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल खल्लारी की प्रभारी प्राचार्य सविता चंद्राकर ने विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि बोर्ड परीक्षाओं में विद्यालय के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और सहशैक्षिक गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने सभी अतिथियों, अभिभावकों और ग्रामीणजनों का धन्यवाद करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही शिक्षा को जन आंदोलन का रूप दिया जा सकता है। इस कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता लक्ष्मीधर चंद्राकर द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत प्रतिनिधि, अभिभावकगण, शिक्षकगण, जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सभी ने विद्यालय की इस पहल की भूरी-भूरी प्रशंसा की। शाला प्रवेश उत्सव न केवल बच्चों के जीवन में शिक्षा के प्रति नई शुरुआत की। बल्कि पूरे क्षेत्र में शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए सामाजिक जागरूकता का संदेश भी दिया। यह आयोजन निश्चित ही शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रेरणादायी पहल के रूप में याद किया जाएगा।

उपरोक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से खल्लारी सरपंच पुष्पेंद्र साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता नंद कुमार निषाद, स्कूल अध्यक्ष रमन दास वैष्णव, समिति सदस्य कुबेर यदु, रामचरण यादव, सेवाराम साहू, लोमेश दीवान,योगेश साहू, पूरन सबर, हीरा साहू सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# ठेठवार सभा मुख्यमंत्री निवास करेगा घेराव यादव समाज

◆ **पद्म विभूषण फूलबासन यादव के नेतृत्व मे सर्व यादव समाज करेगा मुख्यमंत्री निवास का घेराव 10 जुलाई को**



**फिंगेश्वर**, 26 जून (देशबन्धु)। गरियाबंद जिलाअध्यक्ष. अग्रसेन यादव प्रेस विज्ञप्ति में जानकारी दी प्रकाश पचपेड़ी नाका मे सर्व यादव समाज के बैनर तले आवश्यक बैठक रखा गया था जिसमे छत्तीसगढ़ मे जनसख्या मे दूसरे नम्बर यादव समाज आते हे उसके बाद भी निरंतर शासन यादव समाज के साथ छल करते आ रहा हे जिस यादव समाज के लिए गौ सेवा आयोग का गठन हुवा उसी यादव समाज को इस आयोग से दूरी रखा गया इससे यादव समाज मे बहुत हि आक्रोश हे यादव समाज इस आयोग को भंग करने व मंत्रिमंडल,नगर निगम मे भी यादव समाज को उचित स्थान दिलाने 10 जुलाई को समस्त छत्तीसगढ़ यादव समाज मुख्यमंत्री के निवास का घेराव करने आज के इस बैठक मे सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया संयोजक के रूप में श्रीमती फुलबासन यादव जी उप संयोजक के रूप में गुलेन्द्र यादव को नियुक्त किया गया 10जुलाई 2025 को मुख्यमंत्री घेराव की जानकारी गरियाबंद ज़िला अध्यक्ष उग्रसेन यादव ने दिया आज के इस बैठक मे प्रमुख रूप से उपस्थित पद्म विभूषण श्रीमती फुलबासन यादव, छत्तीसगढ़ यादव ठेठवार समाज प्रदेश अध्यक्ष गुलेन्द्र यादव ,रायपुर नगर निगम पूर्व जोन अध्यक्ष प्रतिनिधि देवेंद्र यादव छत्तीसगढ़ अखिल भारतीय यादव प्रदेश अध्यक्ष माधव यादव महिला प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी यादव पाटन राज संरक्षक खेमराज यादव पिंटा यादव प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव,उमाशंकर यादव ,रामा यादव प्रदेश कार्यालय सचिव खेम सिंह यादव प्रदेश सचिव विजय यादव, प्रदेश संगठन मंत्री दशरथ यादव अशोक यादव तेजेश यादव प्रदेश प्रचार प्रसार मंत्री लव कुमार यादव ठाकुर राम यादव पीलू राम यादव, प्रदेश प्रवक्ता रोम शंकर यादव रायपुर राज अध्यक्ष संतोष यादव पाटन राज अध्यक्ष ईश्वर यादव ,दुर्ग राज अध्यक्ष राजकुमार यादव, छत्तीसगढ़ कोसरिया अहीर यादव सेवा समाज प्रदेश सचिव राजेश यादव छत्तीसगढ़ कोसरिया अहीर यादव सेवा समाज युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष राकेश यादव प्रदेश सह सचिव मनीराम यादव अमृत लाल यादव खड़क राम यादव सुरेंद्र कुमार यादव ,अशोक यादव रमन यादव गिरीश यादव दीनबंधु यादव, व बड़ी संख्या मे यादव समाज उपस्थित हुवे।

## बदमाश रवि नायक उर्फ भूरी को पुलिस ने किया 'सामाजिक गुंडा' घोषित



**धमतरी**, 26 जून (देशबन्धु)। थाना सिटी कोतवाली धमतरी क्षेत्रांतर्गत रहने वाला कुख्यात बदमाश रवि नायक उर्फ भूरी पिता सुदेश नायक उम्र 23 वर्ष निवासी ईतवारी बाजार के पास, पोस्ट ऑफिस वार्ड, धमतरी को पुलिस अधीक्षक जिला धमतरी द्वारा छत्तीसगढ़ पुलिस रेगुलेशन पैरा क्रमांक 656 के अंतर्गत 'सामाजिक गुंडा' घोषित किया गया है।

उक्त बदमाश वर्ष 2018 से लगातार गंभीर आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहा है। थाना सिटी कोतवाली में इसके विरुद्ध अब तक हत्या, हत्या का प्रयास, चाकूबाजी, मारपीट, गाली-गलौज एवं आर्म्स एक्ट सहित कुल 04 गंभीर आपराधिक प्रकरण एवं प्रतिबंधात्मक धाराओं के अंतर्गत 01 प्रकरण पंजीबद्ध है। बदमाश के विरुद्ध धारा 302, 201 भादवि, 25/27 आर्म्स एक्ट, 294, 323, 506, 34, 324, 307 भादवि प्रतिबंधात्मक कार्यवाही धारा 151/107, 116(3) द.प्र.सं. अपराध दर्ज है। थाना सिटी कोतवाली से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार रवि नायक के खिलाफ लगातार कार्यवाही के बावजूद उसके आपराधिक आचरण में कोई सुधार नहीं आया है और उसके भविष्य में सुधार की संभावना भी दृष्टिगोचर नहीं हो रही थी। उक्त स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा उप पुलिस अधीक्षक (नगर) के माध्यम से प्रस्ताव भेजा गया, जिसके आधार पर पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार द्वारा बदमाश रवि नायक को सामाजिक गुंडा सूची में शामिल करने की स्वीकृति प्रदान की गई।

## आज निकलेगी श्रीजगन्नाथ की रथ यात्रा



**गरियाबंद**, 26 जून (देशबन्धु)। नगर में 27 जून शुक्रवार को श्रीजगन्नाथ भगवान की पारंपरिक रथ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा श्रीजगन्नाथ परिवार युवा बल गरियाबंद द्वारा पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली जाएगी। यात्रा की तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं। नगर का माहौल धार्मिक रंग में रंग चुका है। इस वर्ष रथ को पारंपरिक तरीके से ग्राम आमंदी में काष्ठ और बांस की सहायता से निर्मित किया गया है। रथ को आकर्षक रूप से सजाया गया है और इसमें भगवान श्रीजगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा जी की मूर्तियाँ विराजमान होंगी। रथ यात्रा की शुरुआत 27 जून को दोपहर 4 बजे सिविल लाइन स्थित श्रीजगन्नाथ मंदिर से होगी। यह यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों भूतेश्वरनाथ चौक, तिरंगा चौक, बस स्टैंड, सुभाष चौक होते हुए नगर भ्रमण करेगी। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर स्वागत मंच बनाए गए हैं जहाँ स्वागत के साथ ही श्रद्धालुओं के लिए जलपान और विश्राम की व्यवस्था की गई है।

इस अवसर पर नगर में धार्मिक झांकियाँ, छ्छ्र और भक्ति संगीत, लोकनृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस विभाग और जिला प्रशासन द्वारा विशेष इंतजाम किए गए हैं। ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए रूट डायवर्जन और वैकल्पिक मार्ग भी तय किए गए हैं। 26 जून को भगवान श्रीजगन्नाथ को च्नवयौवन वेशज् में सजाया गया। मान्यता है कि स्नान पूर्णिमा के बाद भगवान स्वास्थ्य लाभ के पश्चात इस स्वरूप में भक्तों को दर्शन देते हैं। इस रथ यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, सामाजिक संगठनों, गणमान्य नागरिकों और जनप्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। आयोजन समिति ने नगरवासियों से अनुरोध किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में सहभागी बनकर आयोजन को सफल बनाएं।

## पुलिस ने भैंस से भरे वाहन के साथ युवक को किया गिरफ्तार



**आरंग**, 26 जून (देशबन्धु)। आरंग पुलिस द्वारा पशु तस्करी को रोकने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में लगातार कार्रवाई कर रही है ।इसी के तहत आरंग पुलिस ने समोदा में 10 नग भैंस से भरे माजदा वाहन के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है ।आरंग थाना प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि मुखबिर कि सूचना पर आरंग पुलिस ने समोदा में नाकाबंदी की थी,इस दौरान माजदा वाहन क्रमांक छ्त्र 04 त्त्ख्न 8158 से 10 नग भैंस बरामद हुआ ।वही वाहन चालक बाराडेरा (धनसुली) निवासी जयप्रकाश जोशी पिता हीराराम जोशी(उम्र 28 वर्ष) को गिरफ्तार किया है ।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छग कृषक पशु परीक्षण अधिनियम 04,06,10 के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

## सड़क दुघर्टना में घायल व्यक्ति को एसडीएम ने पहुंचाया अस्पताल



**सिमगा**, 26 जून (देशबन्धु)। मिली जानकारी के अनुसार बिलासपुर की ओर से आ रही ट्रेलर वाहन क्रमांक सी जी 10 बी टी 2510 का अचानक गो हाईवे रेस्टोरेंट के समीप अचानक सड़क दुघर्टना का शिकार हो गया । जिससे वाहन चालक घायल हो गया । हाईकोर्ट से वापस आ रहे सिमगा एसडीएम अंशुल वर्मा एवं पटवारी सिकेश ध्रुव की नजर अचानक सड़क दुघर्टना में पर पड़ी तो उन्होंने अपनी कार रूकवाकर घायल वाहन चालक कृष्णा यादव को तुरंत ही अपने कार में बिठाकर ईलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिमगा में भर्ती कराया ।

## पिथौरा में रथयात्रा आज



*पिथौरा, 26 जून (देशबन्धु)। नगर में आज रथयात्रा का पर्व धूमधाम से मनाया जायेगा । इस अवसर पर मंदिर चौक प्रभु जगन्नाथ मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा तैयारी की जा चुकी है । मंदिर समिति की जानकारी के अनुसार प्रातः विशेष पूजा अर्चना के साथ दोपहर महाआरती की जावेगी पश्चात भगवान जगन्नाथ , भ्राता बलभद्र बहन सुभद्रा की रथयात्रा निकाली जायेगी जो मुख्य मार्गो से होते हुये जनक मंदिर रानी महल पहुँचेगी जहां द्वारचार बाद जनक मंदिर में भी पूजा अर्चना की जावेगी । इस अवसर पर श्रद्धालुओं से उपस्थिति की अपील की गई ।*

# शाला प्रवेशोत्सव में शामिल हुए विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा



**खरोरा**, 26 जून (देशबन्धु)। आज धरसींवा विधानसभा के ग्राम टोर के शासकीय प्राथमीक एवं पूर्व माध्यमिक शाला व ग्राम बरबंदा के स्वामी आत्मानंद शास. उत्कृष्ट अंग्रेजी / हिन्दी माध्यम विद्यालय में आयोजित शाला प्रवेशोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में धरसींवा विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा शामिल हुए।

इस अवसर पर छात्र-छात्राओं का स्वागत कर उन्हें किताबें, साइकल भेंट कर नए सत्र के शुरुआत की शुभकामनाएं दीं गईं व विधायक शर्मा ने बच्चों के साथ मिल कर वृक्षारोपण भी किया गया और एक छात्र को अपने प्रतिनिधि के रूप में उस वृक्ष कि देखभाल कि ज़िम्मेदारी दी और साथ ही सेवानिवृत्त शिक्षकों को श्रीफल व शाल देकर सम्मानित किया।

विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा नें कहा कि शाला प्रवेश उत्सव का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। हर बच्चा स्कूल जाए, यह संकल्प हमारे विष्णु देव साय सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी से ही हम एक शिक्षित और आत्मनिर्भर राज्य का निर्माण कर सकते हैं। अभी के आधुनिक युग में शिक्षा बहुत ज़रूरी हैं मैं सभी बच्चों से कहना चाहता हूँ कि आप सभी बहुत अच्छे से पढ़ाई करे क्योंकि आपके जीवन के सफ़र का नींव यही हैं इसे जितना मज़बूत करोगे आपका सफ़र उतना ही अच्छा होगा और आपको सफलता अवश्य मिलेगी, शिक्षा वह अनमोल धन हैं जिसे आपसे कोई छीन नहीं सकता, आप सभी में एक अलग अलग टैलेंट होगा उसे आप पहचानिए और मेहनत कीजिए।

## थाना बोराई द्वारा स्कूली बच्चों व ग्रामीण महिलाओं के साथ मिलकर निकाली नशा मुक्ति रैली



**नगरी**, 26 जून (देशबन्धु)। धमतरी जिला के थाना बोराई पुलिस के द्वारा समाज में व्याप्त नशे की बुराई के विरुद्ध प्रभावी संदेश देने हेतु स्कूली बच्चों एवं ग्रामीण महिलाओं के सहयोग से एक सशक्त नशा मुक्ति रैली का आयोजन किया गया।

इस अभियान का नेतृत्व थाना प्रभारी बोराई एवं उनकी टीम द्वारा किया गया, जिसमें क्षेत्र के स्कूलों के बच्चों ने हाथों में नशा विरोधी नारों वाली तख्तियां लेकर पूरे बोराई क्षेत्र में जागरूकता रैली निकाली। रैली में विशेष रूप से बोराई गांव की महिलाओं ने भी भागीदारी निभाते हुए जनजागरूकता में अहम भूमिका निभाई। महिलाओं ने च्नशा छोड़ो ङ्क जीवन संवारोज्, च्नशा मुक्त गांव ङ्क खुशहाल समाजज् जैसे प्रेरणादायक नारों के माध्यम से आमजन को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना ,ग्रामीण समाज में सकारात्मक माहौल तैयार करना, जनभागीदारी से अपराध एवं नशे पर नियंत्रण पाना।

इस अवसर पर थाना प्रभारी बोराई निरी.चक्रधर बाघ ने उपस्थित जनसमूह को नशा मुक्त भारत के उद्देश्य को समझाते हुए सभी को नशे से दूर रहने और दूसरों को भी जागरूक करने की शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि धमतरी पुलिस अधीक्षक श्री सूरज सिंह परिहार के निर्देशन में जिले भर में नशा विरोधी अभियान चलाया जा रहा है।

## दुर्घटना ग्रस्त गाय गौशाला में



**पिथौरा**, 26 जून (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजमार्ग पोटा पारा के पास अज्ञात वाहन की ठोकर से दुर्घटना ग्रस्त गाय को गौ सेवकों के माध्यम से मरहम पट्टी की गई जिससे दुर्घटना ग्रस्त गाय को स्वास्थ्य लाभ मिला । जानकारी के अनुसार गाय सड़क के आस पास थी जिसे अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी थी गौ सेवक कीर्ती , गीतेश पंडा ने कमला गौ शाला संचालक मनीष अग्रवाल को जानकारी देकर उनकी टीम व पशु चिकित्सक की मदद से गाय का ईलाज किया गया और गौशाला में लाया गया । इस सहयोग में आस पास के ग्रामीण जन उपस्थित थे ।

### प्रादेशिकी का शेष...

**आपातकाल देश की तत्कालीन...**

गया था। वर्तमान में भाजपा की केन्द्र सरकार तो पूरे देश में अघोषित आपातकाल लगा कर रखी है। असहमति के स्वर को दबाने के लिये केंद्रीय जांच एजेंसियों सीबीआई और ईडी का धौंस विपक्ष के नेताओं को दिखाया जाता है। देश की महत्वपूर्ण संवैधानिक संस्थाओं की स्वात्यता को नष्ट कर दिया गया है। स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार हुआ है कि देश की सर्वोच्च न्यायालय के चार न्यायधीशों को अपनी बात कहने मीडिया और देश की जनता के सामने आना पड़ा। चुनाव आयोग की निष्पक्षता संदिग्ध हो गयी। मोदी सरकार की मंशा और समाचार चैनलों पर जबरिया थोपा गया एजेंडा बन गया है। देश के किसानों को 8 महिने से अधिक समय तक आंदोलन करना पड़ा, सरकार उनकी बात सुनने को तैयार नहीं थी। इससे बड़ा अलोकतांत्रिक कदम और आपातकाल क्या हो सकता है कि प्रजातंत्र की सबसे बड़ी पंचायत संसद के उच्च सदन में बिना बहस विधेयक पारित करवा दिया जाता है।

**पितईबंद स्कूल में शाला...**

करते है ।अतिथियों द्वारा नवप्रवेशी कक्षा पहली एवं छठवीं के छात्र छात्राओं को गणवेश वितरण कर तिलक लगाकर स्वागत करते हुए मिठाई खिलाया गया। आगे कहा कि ग्राम पंचायत के द्वारा अहाता की ऊंचाई बढ़ाने के लिए मांग पत्र दिए है मै उसके लिए तीन लाख रुपए की घोषणा की । अंत में आभार प्रदर्शन आशा ध्रुव प्रधान पाठक द्वारा किया गया।

# लटूरिया मंदिर से आज निकलेगी भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा, मंदिर का है अद्भुत



**भाटापारा**, 26 जून (देशबन्धु)। भाटापारा को धर्म आयोजनों के चलते धर्मनगरी के नाम से जाना जाता है क्योंकि यहां लगभग जितने भी धर्म आयोजन हैं जिसमें भाटापारा की रामलीला का आयोजन 106 वर्ष प्राचीन हो चुकी है, अखंड रामनाम सप्ताह का आयोजन लगभग 90 वर्ष से चला आ रहा है उसी कड़ी में इससे भी प्राचीनतम एक आयोजन जो है वह है भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा लगभग पिछले 122 वर्षों से अनवरत निकली जा रही है भाटापारा के राम सप्ताह चौक के पास में स्थित जगन्नाथ मंदिर जहां भगवान जगन्नाथ के साथ बलभद्र महाराज और सुभद्रा देवी की मूर्ति स्थापित मंदिर है, जिस मंदिर को लटूरिया मंदिर के नाम से भी जाना जाता है जहां प्रतिवर्ष के आषाढ़ मास के द्वितीया के दिन रथ यात्रा का आयोजन किया जाता है इसमें भाटापारा के निवासियों के साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ो लोग भी रथ यात्रा में शामिल होते हैं और बड़ी ही धूमधाम से रथ यात्रा लटूरिया मंदिर से निकलकर भाटापारा के बहुत सारे प्रमुख चौक चौराहो से होते हुए 10 से 15 किलोमीटर की यात्रा करते हुए वापस लटूरिया मंदिर में भगवान की स्थापना होती है। कहा जाता है इस दिन रथ यात्रा के माध्यम से भगवान जगन्नाथ सभी भक्तों के घर में पहुंचकर दर्शन देते हैं। जिसका आयोजन इस वर्ष 27 जून 2025 दिन शुक्रवार को होगा जहां दोपहर 12ः00 बजे भगवान की महाआरती और गजामूंग व महाप्रसाद का भोग लगाने के पश्चात दोपहर 1ः00 से रथ यात्रा निकाली जाएगी ।

### इस मंदिर की अद्भुत प्रचलित है कहानियां

भाटापारा के लटूरिया मंदिर जो की जगन्नाथ भगवान का एक मात्र मंदिर है । वहां के वर्तमान पुजारी जगदीश वैष्णव हैं जो की चौथी पीढ़ी के हैं। बताया जाता है की प्राचीनतम समय 122 वर्ष से भी पहले लटूरिया महाराज के द्वारा इस मंदिर की स्थापना की गई थी इस मंदिर में जो भगवान जगन्नाथ जी बलभद्र जी एवं सुभद्रा देवी की जो मूर्ति है वह चंदन काठ की लकड़ी से निर्माणित मूर्ति है, जिसे लटूरिया दास जी महाराज ने भाटापारा से लगभग 610 किलोमीटर की दूरी पर स्थित उड़ीसा राज्य के च्पूरीज् जहां भगवान जगन्नाथ का मंदिर है जो चारों धाम में से एक धाम है, वहां से लाया गया है लटूरिया दास जी महाराज जी के द्वारा भाटापारा से पैदल उड़ीसा राज्य के पूरी पहुंचे और वहां से अपने मित्र मंडली के साथ भगवान जगन्नाथजी, सुभद्रा देवी एवं बलभद्र जी महाराज की मूर्ति को लेकर वापस पैदल भाटापारा आए और इस मंदिर की स्थापना की ।

## सीएमएचओ गार्गी यदु का तबादला, डॉ यूएस नवरत्न होंगे नए सीएमएचओ

**गरियाबंद**, 26 जून (देशबन्धु)। स्वास्थ्य विभाग में बीती रात हुए प्रशासनिक सर्वे में गरियाबंद जिले के प्रभारी जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गार्गी यदु का तबादला हो गया है। उनके जगह अब डॉ यूएस नवरत्न नए सीएमएचओ होंगे। डॉ गार्गी यदु को जिला चिकित्सालय धमतरी भेजा गया है। इसके अलावा नए सिविल सर्जन की भी पोस्टिंग हुई है। डॉ वाय के ध्रुव सर्जरी विशेषज्ञ को सिविल सर्जन की अस्पताल अधीक्षक की जिम्मेदारी दी गई है। जिला अस्पताल में डॉक्टर अजय कुमार खांडेकर की वापसी हुई है। वे पहले भी गरियाबंद में रह चुके है।

### निधन

**श्रीमती निराशा बाई धुव**



**महासमुंद** 26 जून (देशबंधु)। ग्राम खैराभाठा निवासी श्रीमती निराशा बाई धुव 75 वर्षीय का बुधवार को निधन हो गया। वे फ्रिंता धुव की धर्मपत्नी, पुनीत धुव, पुनारद धुव की भाभी एवं विश्वनाथ राजू धुव, ईश्वर धुव, वीरेंद्र ध्रुव, गजेंद्र धुव की माता, दिव्यांश, होमेश की दादी थी। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को किया गया।

# कार्यकर्ताओं के साथ सोसायटी का निरीक्षण किया, इस दौरान सोसायटी में कोई भी खाद उपलब्ध नहीं था : धनेन्द्र साहू

**नवापारा राजिम,** 26 जून (देशबन्धु)। प्रदेश सहित अंचल में खरीफ फसल की तैयारी जोर पकड़ने लगी है, लेकिन खरीफ सीजन शुरू होते ही किसानों को खाद और बीज की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर पूर्व विधायक धनेंद्र साहू के नेतृत्व में नवापारा ब्लॉक कांग्रेस ने नवापारा सोसायटी के सामने विरोध जताते हुए ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में कांग्रेसियों ने कहा है कि छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है और यहां की मुख्य फसल धान है। छत्तीसगढ़ का पूरा व्यापार और अर्थव्यवस्था धान के उत्पादन पर आधारित है। ऐसी स्थिति में किसान को समय पर खाद नहीं मिलने से कृषि कार्य पिछड़ सकता है। कांग्रेसियों ने सोसायटी प्रबंधक से मांग की है कि किसानों की समस्याओं से शासन-प्रशासन को अवगत कराया जाए और सोसायटियों में समुचित खाद की व्यवस्था की जाए।

**भाजपा राज में किसानों के साथ अन्याय:** पूर्व विधायक श्री साहू ने आगे कहा कि उन्हानें अपने कार्यकर्ताओं के साथ सोसायटी का निरीक्षण किया। इस



पूर्व विधायक धनेंद्र साहू के नेतृत्व में नवापारा ब्लॉक कांग्रेस ने नवापारा सोसायटी के सामने विरोध जताते हुए ज्ञापन सौंपा

दौरान सोसायटी में कोई भी खाद उपलब्ध नहीं है। यही स्थिति पूरे प्रदेश में देखने को मिल रही है। कहीं खाद की बोरियां खत्म हो गई हैं तो कहीं एक बोरी के लिए किसानों को लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में किसानों के साथ अन्याय हो रहा है। भाजपा सरकार किसानों का अहित करने का काम कर रही है। किसानों के साथ खड़ी है कांगेस,किसानों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

आगे श्रीसाहू ने कहा कि सहकारी समितियों में खाद उपलब्ध न होने के कारण किसान बाजार से महंगे दामों पर डीएपी व अन्य खाद खरीदने को मजबूर हैं। वहीं निजी खाद विक्रेता मनमाने दामों पर किसानों को खाद बेच रहे हैं। जिससे किसानों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा किसानों के साथ खड़ी है और उनकी आवाज उठा रही है। किसानों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने मांग की कि सरकार किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए समस्याओं का तत्काल समाधान करे और कालाबाजारी पर रोक लगाए ।

**श्री साहू के साथ इनकी रही मौजूदगी:** ज्ञापन सौंपने के दौरान पूर्व विधायक धनेंद्र साहू, के साथ नवापारा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष धनराज मध्यानी, नपा नेता प्रतिपक्ष श्रीमती संध्या राव, नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंह, शेखर बाफना, नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष चतुर जगत, पार्षद अजय साहू, अर्जुन साहू, हेमंत साहनी, तरूण कंसारी, टिकेश्वर गिलहरे, दीपाली राजपूत, रेखा तिवारी, रामकुमार शर्मा, रामा यादव, शाहिद रजा आदि उपस्थित थे।

# चंद्रशेखर साहू एवं अशोक बजाज ने पत्रकार वार्ता के दौरान आपातकाल की अपनी पीड़ा रखी और आज के युवाओं को संदेश पहुंचाने की बात कही



**नवापारा राजिम,** 26 जून (देशबन्धु)।आजादी के बाद देश ने जो सबसे कठिन समय देखा, वह आपातकाल था। उस समय की पीड़ा को जानना और समझना आज की पीढ़ी के लिए आवश्यक है।च्आपातकाल में जिन स्वतंत्रता सेनानियों और मिशा बंदियों ने अन्याय के खिलाफआवाज उठाई, उनका सम्मान करना हमारा दायित्व है और संविधान की रक्षा ही सच्चा राष्ट्रधर्म है।ज्ज जैसे अनेक उदाहरण देते हुए पूर्व मंत्री चंद्रशेखरसहू एवं अपेक्स बैंक के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज ने पत्रकार वार्ता के दौरान अपनी पीड़ा राखी और प्रेस के माध्यम से आज केयवाओं को पहुंचने की बात कही उन्होंने पत्रकार वार्ता के दौरान अपने-अपने विचार रखें जिसमें प्रमुख रूप से पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू ने आपातकाल के उस दौर को याद करते भावुक होते हुए कहा कि वह कालखंड मेरे जीवन की गहराई से जुड़ा हुआ है।उन्होंने बताया कि उस समय तत्कालीन केंद्र सरकार के खिलाफमें बोलना या नारे लगाना मतलब सीधा जेल जाना होता था। उन्होंने उस दिन को याद करते हुए कहा कि राजिम के बस स्टैंड में केशव सिंह ठाकुर ने जनता पार्टी जिंदाबाद कह दिया तो उसे तत्कालीन केंद्र सरकार सरकार ने गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया, इस तरह अनेक लोगों ने यातनाएं झेली है।

अपेक्स बैंक के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज ने कहा कि आपातकाल का दर्द पूरे देश झेला है।उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता का पूर्ण रूप से दमन किया गया है। प्रेस पर नियंत्रण के साथ संविधान संशोधन, जबरदस्ती नसबंदी जैसे कानून लागू कर मानवीय संवेदनाओ के साथ खिलवाड़ किया है, उन्होंने बताया कि तत्कालीन केंद्र सरकार का इतना दबाव था कि चुनाव के समय हमारे पार्टी कार्यालय के लिए जगह तक नहीं मिल रहा था, उन्होंने बताया कि उस समय अभनपुर स्थित अपने पुराने निवास में चुनावी कार्यालय खोला था।

# भारतीय स्टेट बैंक के राष्ट्रव्यापी रक्तदान अभियान का शुभारम्भ



**बलौदाबाजार,** 26 जून (देशबन्धु)।बुधवार 25 जून को जिला अस्पताल के ब्लड बैंक प्रकोष्ठ में भारतीय स्टेट बैंक की बलौदाबाजार शाखा ने रक्तदान अभियान का शुभारम्भ किया।नरेन्द्र मित्तल क्षेत्रीय प्रबंधक रीजन 5 के मार्गदर्शन में नरेन्द्र बोरकर मुख्य प्रबंधक ए एम सी सी, अमित पोरवाल चीफ मैनेजर होम लोन सेंटर, आई पी सिंघल मुख्य प्रबंधक एस बी आई गार्डन चौक, सोनम कुमारी शाखा प्रबंधक अम्बेडकर चौक के सहयोग से रक्तदान शिविर आयोजित हुआ।जॉन गुलशन बारला वरिष्ठ सहायक होमलोन सेंटर ने इस अभियान का नेतृत्व किया। सामाजिक सरोकार के इस महा अभियान में स्टेट बैंक के लगभग सभी अधिकारी और कर्मचारियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। गुलशन बारला ने एक यूनिट रक्तदान कर अभियान का शुभारम्भ किया।

इस रक्तदान अभियान में 30 यूनिट रक्तदान का लक्ष्य रखा गया था जिसमे 22 यूनिट रक्त जिला अस्पताल के ब्लडबैंक को दान किया गया।सिविल सर्जन व ब्लड बैंक प्रभारी डॉ अशोक वर्मा ने बैंक कर्मियों के इस अमूल्य योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति का रक्तदान तीन लोगों की जान बचा सकता है।प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को अपने जीवन में रक्तदान का पुण्य अर्जित करना चाहिए।इस अवसर पर एस बी आई मैं ब्रांच, एच एल सी ब्रांच, ए एम सी सी, अम्बेडकर चौक ब्राँच व होम लोन सेंटर के हितेश पैकरा, चंद्र देव साहू, सौरभ कर्महे, योगेश सिंह, पुराण निर्मलकर, सोनम कुमारी, राज शेखर, दिनेश कुमार, शुभम सिंह राजपूत, गोपाल प्रसाद साहू, आई पी सिंघल, डिगेश साहू, टिकेश्वर ध्रुव, मनोहर दास मानिकपुरी, अमित कुमार, हिमांशु, हेमंत पवार, क्रांति कुमार प्रभाकर, ओलिन टॉपनो व जी श्रीनिवास राव ने रक्तदान कर सार्थक सहयोग किया।

# भाजपा सरकार बनने पर ही विकास की गंगा बहती है : गौरीशंकर

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 26 जून (देशबन्धु)।छ.ग. में भाजपा सरकार सभी वर्गो के लिए विभिन्न योजनाऐं संचालित की जा रही है।वहीं विकास व निर्माण कार्य के अलावा लोगों को उनके अधिकार के तहत लाभांवित किया जा रहा है। इसी के तहत आज चरण पादुका वितरण का कार्य किया जा रहा है। उक्त बाते छ.ग. के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने कही। वे कसडोल के ग्राम बोरसी में वन विभाग द्वारा आयोजित चरण पादुका वितरण कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने तेंदूपत्ता संग्राहकों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार बनने पर विकास की गंगा बहती है।

श्री अग्रवाल ने कहा कि क्षेत्र में पहाड़ी से बहकर बेकार जाने वाले पानी को स्टॉप डेम और डायवर्सन बनवाकर उपयोग में लाया गया। पाकर डेम बनवाया गया ताकि सिंचाई सुविधा बढ़े। आगे का काम रुका हुआ है। किसानों को सिंचाई के लिए पानी और उपज का सही मूल्य मिल रहा है। छत्तीसगढ़ एकमात्र राज्य है जहां किसानों को प्रति क्विंटल 3100 रुपए मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसानों और गरीबों की चिंता करती है। वनवासियों को खोज-खोजकर पट्टा दिया जा रहा है। पिछले चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी वाली सभी घोषणाएं पूरी की जा रही हैं। किसानों को दो वर्ष का रुका हुआ बोनस तुरंत दिया गया। तेंदूपत्ता संग्राहकों को पहले



प्रति हजार 2500 रुपए मिलते थे, भाजपा सरकार ने इसे बढ़ाकर पहले 4000 और अब 5500 रुपए कर दिया है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े ने भी सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। इसके पूर्व डीएफओ गणवीर धमशील ने कार्यक्रम एवं योजनाओं संबंधित प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं को चरण पादुका और एक-एक पेड़ वितरित किए गए। जंगल क्षेत्र के युवाओं को ड्राइविंग लाइसेंस भी दिए गए। कार्यक्रम का संचालन के.एस. तिवारी एवं आभार प्रदर्शन गजेन्द्र वर्मा ने किया। कार्यक्रम में गणवीर धमशील डीएफओ, अनिल वर्मा एसडीओ फॉरेस्ट, भाजपा नेता डॉ. अजय राव, जनपद अध्यक्ष कसडोल कुसुम पैकरा, जनपद अध्यक्ष बलौदाबाजार सुलोचना यादव, प्रदेश मंत्री श्याम बाई साहू, भाजपा पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल, भाजपा जिला महामंत्री कृष्णा अवस्थी, जिला पंचायत वन स्थायी समिति के सभापति श्रीमती डोमन वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू, मंडल अध्यक्ष कसडोल सुदीप मानिकपुरी, मंडल अध्यक्ष कटगी अजीव जायसवाल, मेला राम साहू, सरपंच बोरसी सुनीता पैकरा सहित कई लोग मौजूद रहे।

**हम होंगे कामयाब के तहत 30 युवाओं को मिला ड्राइविंग लाइसेंस व प्रमाण पत्र:** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर अमल करते हुए जिला प्रशासन द्वारा हम होंगे कामयाब के तहत बल्दाकछार एवं आस-पास के 30 ग्रामीण युवाओं को ड्राइविंग का प्रशिक्षण प्रमाण पत्र दिया गया। प्रशिक्षण पूरा होने पर गुरुवार को विकासखंड कसडोल के ग्राम बोरसी में आयोजित चरण पादुका वितरण कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व विधायक डा. सनम जांगडे, डा अजय राव, जनपद पंचायत कसडोल एवं बलौदाबाजार के अध्यक्ष सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने सभी 30 युवाओ को लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस व प्रमाण पत्र प्रदान किया।

कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में जिला कौशल विकास प्राधिकरण बलौदाबाजार द्वारा सुशासन तिहार अंतर्गत हम होंगे कामयाब के तहत जय अंबे ड्राइविंग स्कूल बलौदाबाजार के द्वारा इन युवाओं को ट्रेनिंग दिया गया। जिला कौशल विकास प्राधिकरण के प्रभारी अधिकारी सुमित मेरावी ने बताया कि कोर्स के तहत 30 युवाओ का चयन कर प्रशिक्षण दिया गया।अभी लर्निंग लाइसेंस दिया गया है। एक माह पश्चात परमानेंट लाइसेंस बनाया जाएगा। यह पूरा प्रशिक्षण एवं लाइसेंस पंजीयन प्रक्रिया निःशुल्क है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सुशासन तिहार अंतर्गत 9 मई 2025 को आकस्मिक निरीक्षण में विशेष पिछडी जनजाति बाहुल्य गांव बल्दाकछार पहुंचे थे। उन्होंने वन विभाग द्वारा बार नावापारा में जंगल सफारी के लिए वाहन चलाने हेतु स्थानीय युवाओं को ड्राइविंग ट्रेनिंग देने के निर्देश दिये थे ताकि स्थानीय युवाओं को रोजगार मिल सके।

# साहू समाज प्राचीनकाल से अग्रसर होकर समाज को नई दिशा प्रदान कर रही: द्वारिकाधीश यादव

**बागबाहरा,** 26 जून (देशबन्धु)। बागबाहरा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत खुटेरी (तुसदा) में साहू समाज के अहाता निर्माण कार्य का भूमि पूजन समारोह छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव व खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम साहू समाज के वार्षिक अधिवेशन एवं सम्मान समारोह के अवसर पर आयोजित किया गया था।

कार्यक्रम की शुरुआत मां कर्मा माता की पूजा-अर्चना और आरती के साथ की गई। माता कर्मा की जयघोषों से वातावरण आध्यात्मिकता से भर उठा। इसके पश्चात समाज का वार्षिक अधिवेशन शुरु हुआ। जिसमें समाज की भावी योजनाओं और संगठन की मजबूती पर व्यापक चर्चा की गई। इस अवसर पर साहू संघ के तहसील अध्यक्ष भेखलाल साहू विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। भूमिपूजन के उपरांत भोजन प्रसादी हुआ। जिसमें समाज के सैकड़ों सदस्यों ने प्रसाद ग्रहण किया।

**समाज की एकता ही सबसे बड़ी शक्तिः विधायक द्वारिकाधीश-** मुख्य



अतिथि की आसंदी से विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि - 'साहू समाज एक कर्मठ, अनुशासित और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध समाज है। समाज की एकता ही उसकी सबसे बड़ी पूंजी है। आज के इस भूमिपूजन के साथ एक नई परंपरा का श्रीगणेश हुआ है। जो आने वाली पीढ़ियों को संगठन, शिक्षा और स्वाभिमान की प्रेरणा देगी। मैं आश्वस्त करता हूँ कि समाज के हर सकारात्मक प्रयास में साथ रहूंगा। श्री यादव ने आगे कहा कि - मां कर्मा की आराधना और सामूहिक आयोजन सामाजिक चेतना और धर्म-संस्कार का परिचायक है। साहू समाज ने हर समय प्रदेश की सामाजिक प्रगति में भागीदारी निभाई है। इस भवन के निर्माण से सामाजिक आयोजन और सामूहिक विमर्श को नई ऊर्जा मिलेगी।'

**समाज की प्रतिभाएँ हुई सम्मानित**

इस आयोजन के अंतर्गत सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया। जिसमें समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं, प्रशासनिक सेवा में चयनित युवाओं, शिक्षकों एवं समाजसेवियों को मंच पर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने उन्हे प्रशस्ति-पत्र एवं प्रतीक चिह्न भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया।

इस भव्य समारोह में मुख्य रूप से जनपद सदस्य श्रीमती चंद्रकला साहू, सेवाराम साहू, श्रीमती उषा सदा राम साहू, श्रीमती सावित्री शांत साहू, ममता संजय साहू, भारतीय बेनु साहू, सुशीला अलख साहू, हेमलता पदुम साहू, प्रमोद साहू, पुष्पेंद्र साहू, खेमराज साहू, धर्मेंद्र साहू सहित साहू समाज के खल्लारी परिक्षेत्र के पदाधिकारी व सदस्य तथा ग्रामीण अध्यक्ष गण, महिला एवं युवा संगठन पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में सदस्यगण उपस्थित थे।

# दक्षिण में मीठा हुआ नीम का बाजार, 1700 रुपए क्विंटल

**भाटापारा,** 26 जून (देशबन्धु)। था 1500 रुपए क्विंटल। है 1700 रुपए क्विंटल। दक्षिण भारत की खरीदी नीम फल में जिस तरह निकली हुई है, उसे देखते हुए प्रदेश के वनोपज बाजार ने पड़ोसी राज्य झारखंड से खरीदी चालू कर दी है।



दक्षिण भारत की खरीदी ने जिस तरह गति बढ़ाई हुई है, उसके बाद छत्तीसगढ़ का नीम फल अब समाप्त होने की स्थिति में पहुंच चुका है। इसलिए झारखंड से नई फसल में सौदे किए जा रहे हैं। इसके अलावा उड़ीसा और उत्तर प्रदेश से भी संपर्क बढ़ाया जा रहा है।

**डिमांड ने बढ़ाई कीमत:** बीते बरस 1500 रुपए क्विंटल पर अंतिम सौदा हुआ था नीम फल में लेकिन इस बार 200 रुपए की तेजी के बाद सीजन की शुरुआत में 1700 रुपए क्विंटल पर सौदे हो रहे हैं। वृद्धि की धारणा को इसलिए भी बल मिल रहा है क्योंकि मांग के अनुरूप उपलब्धता नहीं है। इसलिए दीगर राज्यों से वनोपज बाजार संपर्क साध रहा है।

**खरीदी इनकी भी:** उर्वरक बनाने वाली ईकाइयां नीम फल की पहली मांग क्षेत्र रहीं हैं। अब इसमें कीटनाशक दवाई बनाने वाली ईकाइयां भी खरीदी को लेकर रुझान दिखा रहीं हैं। इसलिए नीम फल में पहली बार प्रतिस्पर्धी खरीदी का दौर देखा जा रहा है। ऐसे में प्रति चिंटल भाव और बढ़ने की धारणा बनती नजर आ रही है।

**इसलिए पड़ोसी राज्यों से संपर्क:** छत्तीसगढ़ में नीम के वृक्ष साल-दर-साल कम हो रहे हैं जबकि नीम फल का बाजार बढ़ रहा है। इसलिए वनोपज बाजार झारखंड जैसे नीम वृक्ष बाहुल्य प्रांत से संपर्क बढ़ा रहा है ताकि मांग के अनुरूप नीम फल की उपलब्धता तय की जा सके ?।इसके अलावा उड़ीसा और गुजरात में भी नीम फल की उपलब्धता वाले क्षेत्र की खोज की जा रही है।

इस वर्ष दक्षिण भारत की डिमांड नीम फल में ज्यादा है लेकिन सौदे की मात्रा अधिक है। इसलिए तेजी की धारणा बनी हुई है। झारखंड से संपर्क साधा जा रहा है।

**- सुभाष अग्रवाल**
**एसपी इंडस्ट्रीज, रायपुर**

# डॉ. केके नायक का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया



**भरूवाडीह/बलौदाबाजार,** 26 जून (देशबन्धु)।ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिमगा के अध्यक्ष व छ.ग.मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय संरक्षक डॉ. के.के.नायक का जन्म दिवस जिला कांग्रेस कमेटी बलौदा बाजार द्वारा धुमधाम से मनाया गया। जहां छग प्रदेश के सह प्रभारी विजय जांगिर ने केक काटकर मुंह मीठा कराकर बधाई एवं शुभकामनाएं दिए। साथ में कसडोल विधायक संदीप साहू और भाटापारा विधायक इन्द्र साव, राम खिलावन शर्मा, जिलाध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे, शैलेश नितिन त्रिवेदी तथा समस्त ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षगण और जिला कांग्रेस बलौदाबाजार के प्रमुख नेता गण भारी संख्या में उपस्थित थे। वहीं छ.ग. पाठ्यपुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी के निवास मे भी उक्त अतिथियों की उपस्थिति में कांग्रेस नेता डा. के.के. नायक के जन्म दिवस पर केक काटकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

# प्रतिभावान बच्चों के सम्मान के साथ मनाए शाला प्रवेशोत्सव

**नवापारा** राजिम, 26 जून (देशबन्धु)। शा उ मा वि हसदा 2 के प्रांगण में दिनांक 25 जून बुधवार को ग्राम पंचायत हसदा 2 के तत्वाधान में तीनों प्राथमिक , पूर्व माध्यमिक, हायर सेकेंडरी स्कूल के नव प्रवेशी बच्चों का प्रवेशोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कक्षा 1ली 6वी व 9वी के नवप्रवेशी बच्चों को मंचासीन समस्त अतिथियों द्वारा गणवेश, पुस्तक, मिठाई खिलाकर व तिलक लगाकर स्वागत किया गया।इस अवसर पर ग्राम पँचायत के द्वारा तीनो प्राथमिक शाला के 5 वी , 8वी 10वी और 12 वी के प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को और मिडिल स्कूल के राष्ट्रीय छात्रवृत्ति परीक्षा में चयनित बच्चों को प्रतीक चिन्ह व पदक देकर सम्मानित किया गया। सभी स्कूलों से एक एक पढ़ाई के महत्व से सम्बंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम



प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर शा उ मा वि में संचालित कल्पतरु मिनी साइंस सेन्टर का शुभारंभ भी किया गया। कार्यक्रम में आमंत्रित विशेष अतिथि श्री लोकमणी कोसले जिला पंचायत प्रतिनिधि द्वारा आगामी शिक्षा सत्र से 10वी व 12 वी के प्रथम तीन स्थान आने वाले बच्चों को 12000 रु की सम्मान राशि की घोषणा किया गया।इस कार्यक्रम में सभी जनप्रतिनिधि,गांव के गणमान्य नागरिक, सभी स्कूल के शिक्षक, पालक और अत्यधिक संख्या में महिलाओं की उपस्थिति कार्यक्रम को सफल बना दिये।सबके लिए पंचायत द्वारा न्योता भोज के रूप में खीर पूरी और भोजन की व्यवस्था रखा गया था। स्वादिष्ट भोजन व्यवस्था में श्री रामसिंह साहू का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।कार्यक्रम में सरपंच शशिप्रकाश साहू एवम सभी पंच की सक्रिय भागीदारी रही। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री शशिप्रकाश साहू सरपँच अध्यक्षता श्री आर के निषाद प्राचार्य, विशेष अतिथि श्री लोकमणी कोसले जी जिला पंचायत प्रतिनिधि, श्री मति सविता ताराचंद साहू जनपद सदस्य,पूर्व जनपद उपाध्यक्ष श्री चंद्रहास साहू, शाला विकास समिति के अध्यक्ष रामानंद साहू , विजय साहू, लेखराज साहू, चंद्रहास हिरवानी और रेशमा बेगम, ग्राम पंचायत से पंच सजेंद्र जांगड़े, श्रीमती लेमिन चेलक, श्रीमती रीना रात्रे, रेवाराम साहू, श्रीमती डिगेश्वरी तारक, श्रीमती टिकेश्वरी साहू, श्रीमती जाम बाई साहू, यशवंत यादव, तोरण लाल साहू, रेखराज साहू, जितेंद्र साहू, श्रीमती महेश्वरी साहू, टीकाराम साहू, श्रीमती पुष्पा निर्मलकर, श्रीमती बिंदेश्वरी साहू, श्रीमती संगीता साहू, श्रीमती फूल बाई ध्रुव, श्रीमती मीना साहू, चंद्रहास हिरवानी, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष श्री गंगाराम सेन , सचिव श्री लोकेश साहू एवम सभी सदस्य, सभी स्कूल के प्रधान पाठक और शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्तिथ रहे। इस कार्यक्रम में विशेष कल्पतरु फाउंडेशन के असिस्टेंट वाईस प्रेसिडेंट श्री केतन निर्मल जी और सीनियर मैनेजर श्री वैभव हरिहरनो जी की गरिमामयी उपस्तिथि रही।